# भारतीय इतिहास

# प्राचीन इतिहास

## ❑ प्रागैतिहासिक काल और हड़प्पा सभ्यता

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ भीमबेटका के रॉक शेल्टर्स किसकी तलहटी में स्थित है?
**— विंध्य रेंज की**

☞ मध्य प्रदेश में _______ की गुफाएं पूर्व ऐतिहासिक गुफा चित्रों तथा भित्ति चित्रों का बेहतरीन उदाहरण हैं।
**- भीमबेटका**

☞ भीमबेटका _______ के लिए प्रसिद्ध है। **- गुफा शैलचित्र**

☞ किस हड़प्पाकालीन स्थल के भवन निर्माण के लिए कच्ची ईंटों का प्रयोग बहुतायत में किया गया था? **- कालीबंगा**

☞ किस नवपाषाणिक स्थल से गर्त निवास के प्रमाण मिलते हैं? **- बुर्जहोम से**

☞ पुरातात्विक अवशेष के रूप में काले रंग की चूड़ियां, अग्नि कुंड, हल से जुते खेत, युगल शवाधान में से कौन-से तत्व कालीबंगा से नहीं पाए गए? **- युगल शवाधान**

☞ लोथल, दैमाबाद, सुरकोटदा, धौलावीरा में से कौन-सा हड़प्पाकालीन स्थल गुजरात में स्थित नहीं था?
**- दैमाबाद**

☞ लंघनाज, गणेश्वर, बागोर, आदमगढ़ में से कौन-सा स्थल मध्य पाषाणकालीन नहीं है? **- गणेश्वर**

☞ सिंधु घाटी सभ्यता का कौन-सा प्राचीन शहर अपने बंदरगाह के लिए प्रसिद्ध था? **— लोथल**

☞ लोथल नगर किस नदी के उपनदी के किनारे पर बसा था?
**- साबरमती**

☞ हड़प्पाकालीन स्थलों में अभी तक किस धातु की प्राप्ति नहीं हुई है? **- लोहा**

☞ सिंधु घाटी सभ्यता का कौन-सा एक स्थान रावी नदी के किनारे पर स्थित था? **- हड़प्पा**

☞ सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि है/थी _______ ।
**- यह अभी भी अपठित है।**

☞ लघुपाषाण क्या होते हैं? **- पत्थर के औजार**

☞ हड़प्पाकालीन स्थल रोपड़ किस नदी के किनारे स्थित था? **- सतलज**

☞ हड़प्पा, मोहनजोदड़ो तथा लोथल में सिंधु सभ्यता का कौन-सा स्थान भारत में स्थित है? **- लोथल**

☞ कौन-सी एक विशेषता सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख शहरों की एक सामान्य विशेषता नहीं थी? **- सिंचाई की नहरें**

☞ हड़प्पा सभ्यता के लोग ....... थे। **- शहरी**

☞ सिंधु घाटी सभ्यता में धौलावीरा स्थल, भारत के किस राज्य में स्थित है? **— गुजरात (कच्छ का रण)**

☞ सिंधु घाटी सभ्यता के स्थानों (धौलावीरा, मोहनजोदड़ो, चन्हुदड़ो तथा हड़प्पा) में से किसे 'सिंध का मरुस्थल' के रूप में जाना जाता था? **— मोहनजोदड़ो को**

☞ सिंधु घाटी सभ्यता का कौन-सा एक स्थान लूनी नदी के किनारे पर स्थित था? **— धौलावीरा**

☞ युगल शवाधान, फारस की मुहरें, बंदरगाह एवं उत्तम किस्म के जौ में से कौन-सा तत्व पुरातात्विक अवशेष के रूप में लोथल से नहीं पाए गए? **- उत्तम किस्म के जौ**

☞ चिरांद, मेहरगढ़, बुर्जहोम तथा दैमाबाद में से कौन-सा स्थल नवपाषाण युग का प्राचीनतम प्रमाण प्रस्तुत करता है?
**- मेहरगढ़**

☞ **सही सुमेलित हैं—**

| | |
|---|---|
| मोहनजोदड़ो | ग्रेट बाथ |
| हड़प्पा | स्टैच्यू ऑफ प्रीस्ट |
| कालीबंगा | हल के चिह्न |
| लोथल | पत्तन |

☞ मोहनजोदड़ो में सबसे बड़ी इमारत कौन-सी है?
**— ग्रेट ग्रेनरी**

☞ सिंधु घाटी की सभ्यता के लोग किसकी पूजा करते थे?
**— पशुपति**

☞ पुरालेख शास्त्र किसका अध्ययन है? **— शिलालेख**

☞ ऐतिहासिक लेखों का संरक्षण विज्ञान की किस शाखा के अंतर्गत आता है? **— म्यूजियोलॉजी**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. इतिहास के आरंभिक काल को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है?**

(a) पुरापाषाण काल (b) मध्यपाषाण काल

(c) लघुपाषाण काल (d) नवपाषाण काल

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

जिस काल का कोई लिखित साक्ष्य नहीं मिलता है, उसे 'प्रागैतिहासिक काल' कहते हैं। प्रागैतिहासिक काल के अंतर्गत पाषाणकालीन सभ्यता आती है। उपकरणों की भिन्नता के आधार पर संपूर्ण पाषाणयुगीन संस्कृति को तीन मुख्य चरणों में विभाजित किया गया है। ये हैं- पुरापाषाण काल, मध्यपाषाण काल और नवपाषाण काल।

**2. 'भीमबेटका गुफा' किस राज्य में है?**

(a) तेलंगाना (b) कर्नाटक

(c) ओडिशा (d) मध्य प्रदेश

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध भीमबेटका की गुफाएं भोपाल से 45 किमी. दक्षिण में स्थित हैं। यह प्रागैतिहासिक कला का प्रहरी होने के साथ ही भारतीय स्थापत्य कला का अनुपम खजाना है।

**3. किस काल/युग में पत्थर के औजार सबसे पहले पाए गए थे?**

(a) नवपाषाण (b) पुरापाषाण काल

(c) लघुपाषाण (d) मध्यपाषाण युग

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

उपकरणों की भिन्नता के आधार पर पुरापाषाण को तीन कालों में विभाजित किया गया है- 1. पूर्व पुरापाषाण काल- कोड उपकरण (हस्तकुठार खंडक विदारिणी), 2. मध्य पुरापाषाण काल - फलक उपकरण तथा 3. उच्च पुरापाषाण काल - तक्षिणी एवं खुरचनी उपकरण। अतः स्पष्ट है कि प्रश्न में पत्थर के औजार के संबंध में पूछा गया है, जो सर्वप्रथम पुरापाषाण काल में ही प्रदर्शित होता है। कर्मचारी चयन आयोग ने अपने प्रारंभिक उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर नवपाषाण काल माना था लेकिन संशोधित उत्तर-पत्रक में इस प्रश्न का उत्तर पुरापाषण काल माना है जो कि सत्य है।

**4. सिंधु घाटी सभ्यता के शहरों की गलियां थीं-**

(a) चौड़ी और सीधी (b) तंग और मैली

(c) फिसलन वाली (d) तंग और टेढ़ी

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

सिंधु घाटी सभ्यता में शहरों की गलियां चौड़ी और सीधी होती थीं। यहां की सड़कें पूर्व से पश्चिम एवं उत्तर से दक्षिण की ओर जाती हुई, एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सी सभ्यता अपने नगर नियोजन के लिए प्रसिद्ध है?**

(a) सिंधु घाटी सभ्यता (b) मेसोपोटामियाई सभ्यता

(c) फारस सभ्यता (d) मिस्र सभ्यता

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

सिंधु घाटी सभ्यता की प्रमुख विशेषता नगर नियोजन को माना जाता है। यहां नगर और कस्बे एक निश्चित योजना के अनुसार बसाए जाते थे। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो, सिंधु घाटी सभ्यता के दो प्रमुख नगर थे। हड़प्पा नामक पुरास्थल सर्वप्रथम ज्ञात होने के कारण इसको 'हड़प्पा सभ्यता' के नाम से भी जाना जाता है।

**6. हड़प्पा और मोहनजोदड़ो के खंडहर निम्नांकित में से किस नदी के तट पर पाए जाते हैं?**

(a) रावी (b) झेलम

(c) व्यास (d) सतलज

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'डी') परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(*)**

हड़प्पा, रावी नदी के किनारे, जबकि मोहनजोदड़ो सिंधु नदी के किनारे पर अवस्थित है।

**7. सिंधु घाटी सभ्यता के निम्नलिखित स्थानों में से कौन-सा स्थान सिंधु नदी के किनारे पर स्थित था?**

(a) लोथल (b) मोहनजोदड़ो

(c) कालीबंगा (d) हड़प्पा

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

मोहनजोदड़ो के ध्वंसावशेष पाकिस्तान के सिंध प्रांत के लरकाना जिले में सिंधु नदी के दाहिने तट पर स्थित है। यहां लगभग प्रत्येक घर में निजी कुएं एवं स्नानागार होते थे और पानी के लिए नालियों की व्यवस्था थी। अनेक घरों में शौचालय भी बने हुए थे।

**8. सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि कौन-सी है?**

(a) तमिल (b) खरोष्ठी

(c) अज्ञात (d) ब्राह्मी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

सिंधु लिपि में लगभग 64 मूल चिह्न, 250 से 400 तक अक्षर हैं, जो सेलखड़ी की आयताकार मुहरों, तांबे की गुटिकाओं आदि पर मिलते हैं। यह लिपि चित्रात्मक थी। यह लिपि अभी तक पढ़ी नहीं जा सकी है।

**9. मोहनजोदड़ो का स्थानीय नाम ........ था।**

(a) रेगिस्तान का टीला (b) नदीमुख-भूमि का टीला

(c) मृतकों का टीला (d) जीवन का टीला

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

मोहनजोदड़ो जिसका सिंधी भाषा में अर्थ '**मृतकों का टीला**' होता है। इसकी खोज सर्वप्रथम वर्ष 1922 में राखालदास बनर्जी ने की तथा इसके पुरातात्विक महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया।

**10. मोहनजोदड़ो में सबसे बड़ा भवन कौन-सा है?**

(a) विशाल स्नानागार (b) धान्यागार

(c) सस्तंभ हॉल (d) दो मंजिला मकान

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

मोहनजोदड़ो का धान्यागार 45.72 मीटर लंबा तथा 22.86 मीटर चौड़ा था, जो कि वहां का सबसे बड़ा भवन था। मोहनजोदड़ो के विशाल स्नानागार की उत्तर से दक्षिण की ओर लंबाई 11.88 मीटर तथा पूर्व से पश्चिम की ओर चौड़ाई 7.01 मीटर थी।

**11. विशाल स्नानागार (ग्रेट बाथ) कहां मिला था?**

(a) हड़प्पा (b) लोथल

(c) चन्हूदड़ो (d) मोहनजोदड़ो

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. सिंधु घाटी के लोगों की एक महत्वपूर्ण रचना निम्नलिखित में से किसकी मूर्ति थी?**

(a) नटराज (b) नृत्य करती हुई बालिका

(c) बुद्ध (d) नरसिम्हा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

सिंधु घाटी के लोगों की एक महत्वपूर्ण रचना नृत्य करती हुई बालिका की मूर्ति है, जो कांसे से निर्मित है। यह मूर्ति मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुई है।

**13. देवी माता की पूजा संबंधित थी—**

(a) आर्य सभ्यता के साथ

(b) भूमध्य सागरीय सभ्यता के साथ

(c) सिंधु घाटी सभ्यता के साथ

(d) उत्तर वैदिक सभ्यता के साथ

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

देवी माता या मातृदेवी की पूजा सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित थी। पुरातात्विक साक्ष्यों से प्राप्त मातृदेवी की मृण्मूर्तियों से इस बात का ज्ञान होता है।

**14. सिंधु घाटी सभ्यता का पत्तन नगर (बंदरगाह) कौन-सा है?**

(a) कालीबंगन (b) लोथल

(c) रोपड़ (d) मोहनजोदड़ो

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

लोथल, अहमदाबाद (गुजरात) जिले में भोगवा नदी के किनारे स्थित है। वर्ष 1955 तथा 1962 के मध्य यहां एस.आर. राव के निर्देशन में खुदाई की गई, जहां दो मील के घेरे में बसे हुए एक नगर के अवशेष प्राप्त हुए। यहां की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पकी ईंटों का बना हुआ विशाल आकार (214×36 मीटर) का एक घेरा है, जिसे राव महोदय ने 'जहाजों की गोदी' बताया है। इस प्रकार लोथल एक पत्तन नगर था। लोथल में दो भिन्न-भिन्न टीले नहीं मिलते। पूरी की पूरी बस्ती एक ही दीवार से घिरी थी।

**15. लोथल नामक स्थान पर निम्नोक्त सभ्यताओं में से किसका जहाजी मालघाट था?**

(a) सिंधु घाटी (b) मेसोपोटामिया

(c) मिस्र (d) फारसी

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. निम्न में से कौन-सा सिंधु घाटी सभ्यता का एक बंदरगाह शहर माना जाता है?**

(a) हड़प्पा (b) लोथल

(c) रोपड़ (d) बनावली

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. सिंधु घाटी सभ्यता में, कालीबंगा निम्नलिखित में से किसके लिए प्रसिद्ध है?**

(a) चट्टान कटौती की वास्तुकला

(b) बंदरगाह

(c) कपास की खेती

(d) मिट्टी के पात्र

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

| |
|---|
| कालीबंगा सैंधवकालीन सभ्यता का एक पुरास्थल है। यह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में विद्यमान है। कालीबंगा से मिट्टी के पात्र प्राप्त हुए हैं। |

**18. सिंधु अर्थव्यवस्था की ताकत थी-**

(a) कृषि

(b) व्यापार

(c) चाक पर बनाए गए मिट्टी के बर्तन

(d) बढ़ईगिरी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

| |
|---|
| सिंधु सभ्यता एक व्यापारिक एवं नगरीय सभ्यता थी। यह व्यापार प्रधान थी। अतः सिंधु अर्थव्यवस्था की ताकत व्यापार ही था। इसके अलावा अर्थव्यवस्था में कृषि एवं पशुपालन का भी महत्वपूर्ण योगदान था। |

**19. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु हड़प्पन सभ्यता में नहीं पाई गई थी?**

(a) सोना (b) तांबा

(c) चांदी (d) लोहा

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

| |
|---|
| हड़प्पा सभ्यता एक कांस्ययुगीन सभ्यता थी। यहां से तांबा, कांसा, स्वर्ण और चांदी आदि धातुएं तो मिली हैं परंतु लोहे की प्राप्ति नहीं हुई है। वस्तुतः हड़प्पाकालीन लोग लोहे से परिचित नहीं थे। भारत में लौह युग का प्रारंभ उत्तर वैदिक काल (लगभग 1000 ई.पू.) से माना जाता है। |

**20. शोर्तुगुई (सिंधु घाटी सभ्यता) किस देश में है?**

(a) भारत (b) पाकिस्तान

(c) अफगानिस्तान (d) तिब्बत

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

| |
|---|
| शोर्तुगुई एवं मुंडीगाक सिंधु घाटी से संबंधित पुरास्थल क्षेत्र है, जो अफगानिस्तान में स्थित है। |

## ❑ वैदिक सभ्यता

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

- ☞ 'ऋग्वेद' में सबसे प्रमुख देवता कौन हैं? **— इंद्र**
- ☞ उपनिषद पुस्तकें हैं ______ । **— दर्शन पर**
- ☞ चार जाने माने वर्णों में से पहले स्थान पर कौन-सा वर्ण था? **— ब्राह्मण**
- ☞ श्रीमद्‌भगवदगीता किस ग्रंथ का भाग है? **- महाभारत का**
- ☞ भारतीय संगीत का आदिग्रंथ कहा जाता है ______ । **— सामवेद को**
- ☞ किस वेद में वैदिक युग की प्राचीनतम संस्कृति के बारे में सूचना दी गई है? **— ऋग्वेद में**
- ☞ जौ, गेहूं, चावल तथा तंबाकू में से किस फसल का ज्ञान वैदिक काल के लोगों को नहीं था? **— तंबाकू का**
- ☞ मानवजाति की सबसे पुराना साहित्यिक विरासत कौन-सी है? **— ऋग्वेद**
- ☞ चार वेदों में से सबसे पुराना वेद कौन-सा है? **— ऋग्वेद**
- ☞ प्राचीन भारत में लोगों को कितने वर्णों में विभाजित किया गया था? **— 4**
- ☞ नचिकेता और यम के बीच सुप्रसिद्ध संवाद किस उपनिषद् में उल्लिखित है? **— कठोपनिषद्**
- ☞ आयुर्वेद, यजुर्वेद, गंधर्ववेद तथा शिल्प वेद में से कौन उपवेद के अंतर्गत नहीं गिना जाता है? **— यजुर्वेद**
- ☞ वेद, उपनिषद, पुराण और धर्मसूत्र किस भाषा में लिखे गए हैं? **— संस्कृत**
- ☞ कौन-सा वेद धार्मिक अनुष्ठानों से संबंध रखता है? **— यजुर्वेद**
- ☞ उपनिषद् क्या है? **— हिंदू दर्शन का स्रोत**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. वैदिक आर्यों का प्रमुख भोजन था–**

(a) जौ और चावल

(b) दूध और इसके उत्पाद

(c) चावल और दालें

(d) सब्जियां और फल

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

वैदिक आर्यों के भोजन में दूध, घी, दही आदि का प्रमुख महत्व था। ऋग्वेद में दूध में यव (जौ) डालकर क्षीर पकोदन तथा दही में बनने वाले पनीर का उल्लेख मिलता है। जौ के सत्तू को दही में डालकर करंभ नामक भोज्य पदार्थ तैयार किया जाता था। ऋग्वेद में चावल और नमक का उल्लेख नहीं है।

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा अन्न मनुष्य द्वारा सबसे पहले प्रयोग होने वालों में से था?**

(a) जौ (यव) (b) जई (ओट)

(c) राई (d) गेहूं

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(a)**

मनुष्य द्वारा सर्वप्रथम जौ (यव) का प्रयोग करने के साक्ष्य प्राप्त होते हैं।

**3. वैदिक लोगों द्वारा किस धातु का प्रयोग पहले किया गया था?**

(a) चांदी (b) सोना

(c) लोहा (d) तांबा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(d)**

ऋग्वैदिक लोगों द्वारा सर्वप्रथम 'तांबे' का प्रयोग किया गया था। ऋग्वेद में अयस नामक धातु का उल्लेख है, किंतु इसकी पहचान संदिग्ध है। कुछ विद्वान इसे तांबा, कांसा या लोहा बताते हैं। किंतु ऋग्वैदिक आर्य, लोहे से परिचित नहीं थे।

**4. 'वेद' शब्द का अर्थ है–**

(a) ज्ञान (b) बुद्धिमत्ता

(c) कुशलता (d) शक्ति

**S.S.C. Tax Asst.परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(a)**

'वेद' शब्द का अर्थ ज्ञान होता है।

**5. किन तीन वेदों को संयुक्त रूप से 'वेदत्रयी' कहा गया है?**

(a) ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद

(b) ऋग्वेद, सामवेद, अथर्ववेद

(c) ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद

(d) यजुर्वेद, साम्वेद, अथर्ववेद

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा साम्वेद को 'वेदत्रयी' या त्रयी कहा जाता है।

**6. आर्य सभ्यता में मनुष्य के जीवन के आयु के आरोही क्रमानुसार निम्नलिखित चरणों में से कौन-सा विकल्प सही है?**

(a) ब्रह्मचर्य-गृहस्थ-वानप्रस्थ-संन्यास

(b) गृहस्थ-ब्रह्मचर्य-वानप्रस्थ-संन्यास

(c) ब्रह्मचर्य-वानप्रस्थ-संन्यास-गृहस्थ

(d) गृहस्थ-संन्यास-वानप्रस्थ-ब्रह्मचर्य

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(a)**

हिंदू धर्म में मानव जीवन को चार अवस्थाओं में विभाजित कर आश्रम व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। हिंदू धर्मशास्त्र मनुष्य की आयु सौ वर्ष मानकर प्रत्येक आश्रम के निमित्त 25-25 वर्ष की अवधि निर्धारित किया गया है। यथा-ब्रह्मचर्य के लिए आरंभिक अवस्था से 25 वर्ष तक, गृहस्थ के लिए 25 वर्ष से 50 वर्ष, वानप्रस्थ के लिए 50 वर्ष से 75 वर्ष तथा संन्यास के लिए 75 वर्ष से 100 वर्ष तक। जाबालोपनिषद् में सर्वप्रथम चारों आश्रमों का उल्लेख मिलता है।

**7. आर्य, आर्य-पूर्वों के साथ अपने संघर्षों में सफल रहे, क्योंकि–**

(a) उन्होंने बड़े पैमाने पर हाथियों का प्रयोग किया

(b) वे अधिक लंबे और अधिक बलवान थे

(c) वे एक उन्नत शहरी संस्कृति से थे

(d) उन्होंने घोड़ों द्वारा चलाए जा रहे रथों का प्रयोग किया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(d)**

आर्य, आर्य-पूर्वों के साथ अपने संघर्षों में सफल रहे, इसका प्रमुख कारण उन्होंने घोड़ों द्वारा चलाए जा रहे रथों का प्रयोग किया।

**8. आरंभिक वैदिक काल में वर्ण-व्यवस्था आधारित थी-**

(a) शिक्षा पर (b) जन्म पर

(c) व्यवसाय पर (d) प्रतिभा पर

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

आरंभिक वैदिक काल में वर्णव्यवस्था व्यवसाय पर आधारित थी। एक ही परिवार के लोग अलग-अलग व्यवसाय से जुड़े हुए थे। ऋग्वेद के नवें मंडल में एक स्थान पर उल्लेख मिलता है, कि मेरे पिता वृषज (वैद्य) हैं, मेरी माता चक्की चलाने वाली और मैं कवि हूं।

**9. ऋग्वैदिक आर्य पशुचारी लोग थे, यह इस तथ्य से पुष्ट होता है, कि–**

(a) ऋग्वेद में गाय के अनेक संदर्भ हैं
(b) अधिकांश युद्ध गायों के लिए लड़े गए थे
(c) पुरोहितों को दिए जाने वाला उपहार प्रायः गायें होती थीं, न कि जमीन
(d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(d)**

ऋग्वेद में गाय की इतनी चर्चा है कि ऋग्वैदिक आर्यों को मुख्य रूप से पशुचारक कहा जा सकता है। गाय का 176 बार उल्लेख मिलता है। उनके अधिकांश युद्ध गाय को लेकर ही हुए हैं। ऋग्वेद में युद्ध का पर्याय गविष्टि है। गाय सबसे उत्तम धन मानी जाती थी। जहां कहीं पुरोहितों को दी जाने वाली दक्षिणा की बात आई उसमें आमतौर पर गायें ही होती थीं और भूमि कभी न होती थी। ऋग्वैदिक लोग गाय चराने, खेती करने और बसने के लिए जमीन पर कब्जा करते होंगे परंतु भूमि निजी संपत्ति नहीं होती थी।

**10. 'आर्यों' को एक जाति कहने वाला पहला यूरोपियन कौन था?**

(a) सर विलियम जोन्स (b) एच.एच. विल्सन
(c) मैक्समूलर (d) जनरल कनिंघम

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

मैक्समूलर महोदय, आर्यों का आदि देश, मध्य एशिया, रोड्स, बैक्ट्रिया को मानते हैं। मूलर के अनुसार, पामीर के पठार से ही इंडो-ईरानी जाति पूर्व में पंजाब तथा पश्चिम में मेसोपोटामिया की ओर गई।

**11. आर्यन जनजातियों की प्राचीनतम बस्ती कहां है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बंगाल
(c) सप्त सिंधु (d) दिल्ली

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

आर्यन जनजातियों की प्राचीनतम बस्ती सप्त सिंधु क्षेत्र में स्थापित हुई थी, जो सिंधु नदी से लेकर गंगा नदी तक विस्तृत थी।

**12. निम्नलिखित में से कौन-सी जनजातीय सभा सामान्य रूप से जनजातीय सरदार (मुखिया) के चुनाव में शामिल होती थी?**

(a) समिति (b) सभा
(c) गण (d) विदाता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

ऋग्वेद में 'समिति' का 9 बार उल्लेख मिलता है। समिति को 'विश्व अथवा जनसाधारण की आवाज अभिव्यक्त करने वाली संस्था' कहा गया है। राजा (जनजातीय सरदार के मुखिया) के निर्वाचन एवं पुनर्निर्वाचन में इसका महत्वपूर्ण योगदान था।

**13. राज्याभिषेक समारोह का विवरण निम्नलिखित में से किसमें किया गया है?**

(a) केनोपनिषद (b) विष्णु पुराण
(c) ऐतरेय ब्राह्मण (d) अथर्ववेद

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

ऐतरेय ब्राह्मण ऋग्वेद के शाकल शाखा से संबद्ध है। ऐतरेय ब्राह्मण में राज्याभिषेक समारोह का विवरण प्राप्त होता है।

**14. वैदिक युग में राजा अपनी जनता से जो कर वसूल करते थे, उसे क्या कहते थे?**

(a) बलि (b) विदथ
(c) वर्मन (d) कर

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

वैदिक युग में राजा अपनी जनता से जो कर वसूल करते थे, उसे 'बलि' कहा जाता था, 'बलि' को संग्रहीत करने वाला अधिकारी भागदुध या भागदुग कहलाता था, जबकि 'संग्रहीता' कोषाध्यक्ष का कार्य संभालते थे।

**15. प्रसिद्ध 'गायत्री मंत्र' कहां से लिया गया है?**

(a) यजुर्वेद (b) अथर्ववेद
(c) ऋग्वेद (d) सामवेद

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

प्रसिद्ध 'गायत्री मंत्र' ऋग्वेद के तृतीय मंडल से लिया गया है। यह मंत्र सूर्य देव को समर्पित है।

**16. भारतीय प्रतीक पर उत्कीर्ण 'सत्यमेव जयते' लिया गया है—**

(a) ऋग्वेद से (b) मत्स्य पुराण से
(c) भगवद्गीता से (d) मुण्डकोपनिषद् से

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

भारतीय प्रतीक (राज चिह्न) पर उत्कीर्ण 'सत्यमेव जयते' मुण्डकोपनिषद् से लिया गया है। इसका अर्थ है, 'सत्य की ही विजय होती है'।

**17. निम्न में से किस विदुषी ने, वाद-विवाद में अजेय याज्ञवल्क्य को चुनौती दी थी?**

(a) घोषा (b) अपाला
(c) मैत्रेयी (d) गार्गी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

याज्ञवल्क्य को गार्गी द्वारा चुनौती दी गई थी। याज्ञवल्क्य-गार्गी संवाद का उल्लेख वृहदारण्यकोपनिषद् में मिलता है।

**18. प्राचीन भारत में निम्नलिखित में किस विवाह को विधि सम्मत नहीं माना जाता था?**

(a) दैव विवाह (b) आर्ष विवाह
(c) गंधर्व विवाह (d) ब्रह्म विवाह

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 14 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

हिंदू धर्म में विवाह को सोलह संस्कारों में से एक संस्कार माना गया है। प्राचीन भारत में विवाह के 8 प्रकार बताएं गए है- 1. ब्रह्म विवाह, 2. दैव विवाह, 3. आर्ष विवाह, 4. प्रजापत्यविवाह, 5. गंधर्व विवाह, 6. असुर विवाह, 7. राक्षस विवाह और 8. पैशाच विवाह। इन विवाहों में ब्रह्म विवाह, दैव विवाह एवं आर्ष विवाह को ही विधि सम्मत माना गया है, बाकी 5 प्रकार के विवाह को विधि सम्मत नहीं माना जाता।

## ❑ बौद्ध एवं जैन धर्म

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ किस भारतीय धर्म में 24 तीर्थंकर हुए थे? **— जैन धर्म में**
☞ बुद्ध के उपदेश किस भाषा में हैं? **— पाली**
☞ गौतम बुद्ध की मृत्यु के तत्काल बाद किस बौद्ध परिषद को आयोजित किया गया था? **— पहली**
☞ त्रिपिटक______की पवित्र पुस्तकें हैं। **— बौद्ध धर्म**
☞ भरहुत______ से संबंधित है। **— बौद्ध धर्म**
☞ जैन तत्वज्ञान सिखाने के लिए संपूर्ण दक्षिण एशिया की यात्रा किसने की थी? **— महावीर ने**
☞ जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक किसे माना जाता है? **— महावीर स्वामी को**
☞ 'अणुव्रत' शब्द किस धर्म से जुड़ा है? **— जैन धर्म से**
☞ जैन साहित्य को ______ भी कहा जाता है। **— आगम**
☞ स्यादवाद किस धर्म का मूल आधार था? **— जैन धर्म का**
☞ बुद्ध का जन्म_______ में हुआ था। **— लुम्बिनी**
☞ 'धमेख स्तूप' किस स्थान पर स्थित है? **— सारनाथ में**
☞ जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथ द्वारा प्रतिपादित चार महाव्रतों में महावीर स्वामी ने पांचवें व्रत के रूप में क्या जोड़ा? **— ब्रह्मचर्य को**
☞ जैन धर्म का सबसे महत्वपूर्ण आधारभूत सिद्धांत क्या माना जाता है? **— अहिंसा**
☞ किस प्रदेश में 'सांची का महान स्तूप' स्थित है? **— मध्य प्रदेश में**
☞ वर्धमान महावीर ने कौन-सी भाषा में अपनी शिक्षा दी? **— प्राकृत भाषा में**
☞ अजंता की चित्रकारियां _______ की कहानियों को दर्शाती हैं। **— जातक**
☞ भगवान बुद्ध द्वारा गृहत्याग की घटना को क्या कहा गया है? **- महाभिनिष्क्रमण**
☞ महावीर का मूल नाम _______ था। **— वर्धमान**
☞ बौद्ध साहित्य किस भाषा में लिखी गई थी? **— पाली में**
☞ प्रथम जैन महासभा का उपयोजन कहां हुआ था? **— पाटलिपुत्र में**
☞ 'धम्म' संस्कृत शब्द धर्म का ________ रूप है। **— पाली**
☞ किस स्थान पर गौतम बुद्ध की मृत्यु हुई थी? **— कुशीनगर**
☞ महायान पाठ किससे संबंधित है? **— बौद्ध धर्म से**
☞ हीनयान स्कूल का सबसे महत्वपूर्ण काम कौन-सा है? **— महावस्तु**
☞ तीर्थंकर शब्द किस धर्म से संबंधित है? **- जैन धर्म से**
☞ गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम था- **- सिद्धार्थ**
☞ 'कैवल्य' कौन-से धर्म से संबंधित है? **— जैन**
☞ जैनियों द्वारा अपने पवित्र ग्रंथों के लिए सामूहिक रूप से किस शब्द का प्रयोग किया जाता है? **— अंग**
☞ माउंट आबू स्थित मशहूर दिलवाड़ा मंदिर निम्नलिखित में से किस समुदाय का पवित्र तीर्थस्थल है? **— जैन**
☞ दिलवाड़ा के चालुक्य मंदिर (जैन मंदिर) कहां स्थित है? **— राजस्थान**
☞ प्रथम बौद्ध परिषद कहां आयोजित हुई थी? **— राजगृह**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. गौतम बुद्ध का जन्म स्थान किसके द्वारा अंकित किया जाता है?**

(a) अशोक मौर्य का ''रूम्मिनदेई स्तंभ''

(b) मूर्ति

(c) पीपल वृक्ष

(d) बौद्धमठ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

अशोक के रूम्मिनदेई लघु स्तंभ लेख से पता चलता है कि वह अपने राज्याभिषेक के 20वें वर्ष लुम्बिनी ग्राम में गया। उसने वहां पत्थर की दीवार बनवाई और शिला स्तंभ खड़ा किया। वहां भगवान बुद्ध का जन्म (563 ई.पू.) हुआ था, अतः लुम्बिनी ग्राम का भूमिकर घटाकर 1/8 भाग कर दिया गया।

**2. बुद्ध किस वंश (Clan) से संबंधित थे?**

(a) ज्ञातृक (b) मौर्य

(c) शाक्य (d) कुरु

**S.S.C. स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

बौद्ध धर्म के प्रवर्तक महात्मा बुद्ध शाक्य वंश से संबंधित थे। इनका जन्म कपिलवस्तु के लुम्बिनी में शाक्य मुखिया शुद्धोधन के यहां हुआ था।

**3. प्रथम बौद्ध परिषद् कहां आयोजित की गई?**

(a) वैशाली (b) कश्मीर

(c) राजगृह (d) पाटलिपुत्र

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

प्रथम बौद्ध परिषद् का आयोजन मगध सम्राट अजातशत्रु के समय में राजगृह की सप्तपर्णी गुफा में किया गया था। इस बौद्ध परिषद् की अध्यक्षता महाकस्सप ने की थी।

**4. पांचवीं बौद्ध परिषद् का आयोजन किसने किया था?**

(a) अशोक (b) कनिष्क

(c) हर्ष (d) बिंदुसार

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(*)**

पांचवीं बौद्ध परिषद् का आयोजन राजा मिंडन के संरक्षण में वर्ष 1871 में मांडले, वर्मा (आधुनिक म्यांमार) में किया गया था। इसकी अध्यक्षता जगराभीवाम्सा, नरींधाभी धाजा और सुमंगलसामी द्वारा की गई थी। जबकि हर्ष के समय में कन्नौज में विभिन्न धर्मों की विशाल सभा आयोजित किया गया था, जबकि अशोक के समय तीसरी और कनिष्क के समय में चौथी बौद्ध परिषद् का आयोजन किया गया था।

**5. 'बुद्ध' का अर्थ है—**

(a) ज्ञान प्राप्ति (b) धर्म-प्रचारक

(c) प्रतिभाशाली (d) शक्तिशाली

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

छः वर्षों की साधना के पश्चात् 35 वर्ष की आयु में वैशाख पूर्णिमा की रात को एक पीपल के वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को ज्ञान प्राप्त हुआ, इसके बाद वह 'बुद्ध' के नाम से विख्यात हुए। अतः 'बुद्ध' का अर्थ 'ज्ञान प्राप्ति' से है।

**6. निम्न में से बौद्ध साहित्य की पहचान कीजिए—**

(a) त्रिपिटक (b) उपनिषद्

(c) अंग (d) आरण्यक

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

त्रिपिटक, बौद्ध धर्म के साहित्य का अंग है। ये हैं- सुत्तपिटक, विनयपिटक एवं अभिधम्मपिटक। उपनिषद् एवं आरण्यक, वैदिक/ब्राह्मण धर्म से तथा अंग, जैन धर्म से संबंधित हैं।

**7. बौद्ध धर्म ने समाज के दो वर्गों को अपने साथ जोड़कर एक महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा। ये वर्ग थे—**

(a) वणिक एवं पुरोहित

(b) साहूकार एवं दास

(c) योद्धा एवं व्यापारी

(d) स्त्रियां एवं शूद्र

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

बौद्ध धर्म ने स्त्रियों और शूद्रों के लिए अपने द्वार खोलकर समाज पर गहरा प्रभाव जमाया। ब्राह्मण धर्म ने स्त्रियों और शूद्रों को एक ही दर्जे में रखा और उनके लिए न यज्ञोपवीत संस्कार का विधान किया और न वेदाध्ययन का। बौद्ध धर्म ग्रहण करने पर उन्हें इस अधिकार-हीनता से मुक्ति मिल गई।

**8. बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन कहां दिया था?**

(a) गया (b) सारनाथ
(c) पाटलिपुत्र (d) वैशाली

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

बुद्ध ने अपना प्रथम प्रवचन (उपदेश) सारनाथ (ऋषिपत्तनम्) में दिया, जिसे बौद्ध ग्रंथों में धर्मचक्रप्रवर्तन कहा गया है। बुद्ध ने अपने उपदेश जनसाधारण की भाषा पालि में दिए।

**9. बौद्ध धर्म निम्न में से किन मतों पर विश्वास करता है?**

**(A) दुनिया दुःखों से भरी है।**
**(B) लोगों को दुःख उनकी इच्छाओं के कारण होते हैं।**
**(C) यदि इच्छाओं पर काबू पा लिया जाए, तो निर्वाण मिल जाएगा।**
**(D) ईश्वर और आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार करना चाहिए।**

**कूट :**

(a) A, B, C तथा D (b) B तथा C
(c) A, B तथा C (d) B, C तथा D

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

बौद्ध धर्म अनीश्वरवादी और अनात्मवादी है। इसके अनुसार, दुनिया दुःखों से भरी है, लोगों को दुःख उनकी इच्छाओं (तृष्णा) के कारण होते हैं, यदि इच्छाओं पर काबू पा लिया जाए, तो निर्वाण मिल जाएगा।

**10. धातु से बने सिक्के सबसे पहले प्रकट हुए थे—**

(a) हड़प्पा काल में (b) उत्तर वैदिक काल में
(c) बुद्ध के काल में (d) मौर्यों के काल में

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

भारत के प्राचीनतम धातु के सिक्कों को जो पांचवीं अथवा छठीं शताब्दी ईसा पूर्व (बुद्ध काल) के हैं, 'पंचमार्क' अथवा 'आहत' सिक्के कहा जाता है। ये अधिकांशतः चांदी के हैं, परंतु कुछ तांबे के आहत सिक्के भी प्राप्त हुए हैं, इन्हें आहत इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन पर अलग से ठप्पा मारकर विभिन्न प्रतीक अंकित किए गए हैं। ऐसे सिक्के समूचे देश में तक्षशिला से मगध तक और मगध से मैसूर तक मिले हैं।

**11. प्रारंभिक बौद्ध धर्म ग्रंथों की रचना किसमें की गई थी?**

(a) प्राकृत पाठ (b) पालि पाठ
(c) संस्कृत पाठ (d) चित्रलेखीय पाठ

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

प्रारंभिक बौद्ध धर्म ग्रंथों की रचना पालि पाठ में की गई थी। पालि उस समय आमजनों की भाषा थी। बाद में बौद्ध धर्म ग्रंथ संस्कृत में भी लिखे गए।

**12. आरंभिक बौद्ध साहित्य किस भाषा में रचे गए?**

(a) पालि (b) संस्कृत
(c) अरेमेइक (d) प्राकृत

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. निम्न में से कौन-सा एक भारत में उत्पन्न सबसे बाद वाला बौद्ध धर्म का ग्रंथ है?**

(a) दिव्य वंदना (b) दोहाकोसा
(c) वज्रछेदिका (d) वामसाथपाकसिनी

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त विकल्पों में से भारत में रचित सबसे बाद में बौद्ध धर्म ग्रंथ, वामसाथपाकसिनी था। इसकी रचना दसवीं शताब्दी में हुई थी।

**14. बौद्ध धर्म में 'बुल' का संबंध बुद्ध के जीवन की किस घटना के साथ है?**

(a) जन्म (b) महाभिनिष्क्रमण
(c) प्रबोध (d) महापरिनिर्वाण

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

कमल व सांड़ का संबंध बुद्ध के जन्म से, घोड़ा-गृह त्याग से, पीपल (बोधिवृक्ष)-ज्ञान से, पद चिह्न-निर्वाण से एवं स्तूप का संबंध मृत्यु से है।

**15. बुद्ध को प्रबोध कहां प्राप्त हुआ था?**

(a) सारनाथ (b) बोध गया
(c) कपिलवस्तु (d) राजगृह

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

बुद्ध को ज्ञान (प्रबोध) बोध गया में प्राप्त हुआ था।

16. बुद्ध, धम्म और संघ मिलकर कहलाते हैं-

(a) त्रिरत्न (b) त्रिवर्ग

(c) त्रिसर्ग (d) त्रिमूर्ति

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

उत्तर—(a)

बौद्ध धर्म के त्रिरत्न हैं-बुद्ध, धम्म एवं संघ। बौद्ध धर्म में संघ का महत्वपूर्ण स्थान है। यह त्रिरत्न का एक अनिवार्य अंग है। सारनाथ में अपना प्रथम उपदेश देने के बाद बुद्ध ने पांच ब्राह्मण शिष्यों के साथ संघ की स्थापना की। यही त्रिरत्न, बौद्ध शिष्यों का प्रमुख श्लोक हो गया था-

बुद्धं शरणं गच्छामि।
धम्मं शरणं गच्छामि।
संघं शरणं गच्छामि।

17. ''इच्छा सब कष्टों का कारण है'' इसका प्रचार करने वाला धर्म कौन-सा है?

(a) बौद्ध धर्म (b) जैन धर्म

(c) सिख धर्म (d) हिंदू धर्म

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

उत्तर—(a)

''इच्छा अर्थात तृष्णा सब कष्टों का कारण है'' इसका प्रचार करने वाला धर्म, बौद्ध धर्म है। बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य - (1) दुःख, (2) दुःखा समुदाय, (3) दुःखा निरोध तथा (4) दुःख निरोध गामिनी हैं।

18. बौद्धों के पवित्र अवशेषों पर निर्मित गुम्बदाकार छत वाली अर्ध-गोलाकार संरचना को क्या कहते हैं?

(a) स्तूप (b) धर्मादेश

(c) स्तंभ (d) एकाश्मक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

उत्तर—(a)

बौद्धों के पवित्र अवशेषों पर निर्मित गुम्बदाकार छत वाली अर्ध-गोलाकार संरचना को 'स्तूप' कहते हैं।

19. निम्न में कौन-सा शासक, बुद्ध का समकालीन था?

(a) उदयन (b) बिंबिसार

(c) अजातशत्रु (d) महापद्मनंद

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

उत्तर—(*)

बुद्ध के समकालीन शासकों में से मगधराज बिंबिसार और अजातशत्रु, कोशल नरेश प्रसेनजित तथा वत्सराज उदयन थे। महापद्मनंद बुद्ध का समकालीन शासक नहीं था।

20. बुद्ध की मृत्यु किस वर्ष में हुई-

(a) 483 ईसापूर्व (b) 438 ईसापूर्व

(c) 453 ईसापूर्व (d) 468 ईसापूर्व

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

उत्तर—(a)

गौतम बुद्ध की मृत्यु 483 ई. पू. में 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर में हुई थी। इसे बौद्ध ग्रंथों में 'महापरिनिर्वाण' कहा गया है।

21. कौन-सा स्थान गौतम बुद्ध से संबद्ध नहीं है?

(a) सारनाथ (b) बोधगया

(c) कुशीनगर (d) पावापुरी

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

उत्तर—(d)

महात्मा बुद्ध का जन्म 563 ई.पू. में कपिलवस्तु के समीप लुम्बिनी में हुआ था। बोधगया में वैशाख पूर्णिमा की रात को उन्हें ज्ञान प्राप्त हुआ। काशी के ऋषिपत्तन (सारनाथ) में उन्होंने प्रथम उपदेश (धर्मचक्रप्रवर्तन) दिया एवं कुशीनारा में उनका निधन हुआ। जबकि 527 ई.पू. के लगभग 72 वर्ष की आयु में राजगृह (राजगीर) के समीप स्थित पावापुरी में महावीर स्वामी की मृत्यु हुई।

22. भारतीय इतिहास के निम्नलिखित युगों में से किसके दौरान क्षत्रिय एक विशिष्ट पहचान रखते थे?

(a) बुद्ध के युग में (b) मौर्य काल में

(c) पश्च-मौर्य काल में (d) गुप्त काल में

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

उत्तर—(a)

बुद्ध युग में क्षत्रिय एक विशिष्ट पहचान रखते थे। महात्मा बुद्ध एवं महावीर स्वामी स्वयं क्षत्रिय कुल से संबंधित थे। बौद्धकालीन ग्रंथ 'अंगुत्तरनिकाय' में महाजनपदों की सूची प्राप्त होती है, जिसके अधिकतर शासक क्षत्रिय कुल से संबंधित थे।

23. महावीर कौन थे?

(a) 21वें तीर्थंकर (b) 24वें तीर्थंकर

(c) 23वें तीर्थंकर (d) 22वें तीर्थंकर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

उत्तर—(b)

महावीर जैनियों के 24वें तीर्थंकर एवं जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक माने जाते हैं। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ थे।

24. भारत में जैन धर्म का संस्थापक कौन है?
(a) गौतम (b) महावीर
(c) चंद्रगुप्त (d) अशोक

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

भारत में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव या आदिनाथ को माना जाता है और इनका प्रथम उल्लेख ऋग्वेद में 22वें तीर्थंकर अरिष्टनेमि के साथ मिलता है। जैन धर्म का वास्तविक संस्थापक 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी को माना जाता है।

25. जैन धर्म का पहला तीर्थंकर किसे माना जाता है?
(a) पार्श्वनाथ (b) महावीर स्वामी
(c) ऋषभदेव (d) अजितनाथ

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

26. वर्धमान महावीर ने परिनिर्वाण कहां प्राप्त किया?
(a) पावा (b) सारनाथ
(c) वैशाली (d) श्रवणबेलगोला

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

वर्धमान महावीर ने मल्ल महाजनपद की राजधानी पावा या पावापुरी में परिनिर्वाण प्राप्त किया था। पावापुरी बिहार राज्य के नालंदा जिले में स्थित है।

27. जैन साहित्य को क्या कहते हैं?
(a) त्रिपिटक (b) वेद
(c) आर्यसूत्र (d) अंग

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

जैन साहित्य को 'आगम' (सिद्धांत) कहा जाता है। इसके अंतर्गत 12 अंग, 12 उपांग, 10 प्रकीर्ण, 6 छेदसूत्र, 4 मूलसूत्र एवं अनुयोग सूत्र आते हैं। बौद्ध साहित्य को 'त्रिपिटक' कहा जाता है।

28. प्राचीन भारत का प्रसिद्ध वह शासक कौन था, जिसने अपने जीवन के अंतिम दिनों में जैन धर्म अपना लिया था?
(a) समुद्रगुप्त (b) बिंदुसार
(c) चंद्रगुप्त (d) अशोक

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में जैन धर्म अपना लिया था। उसने जैन साधु भद्रबाहु से जैन धर्म की दीक्षा लेकर श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) स्थित चंद्रगिरि पहाड़ी पर 298 ई.पू. में उपवास (सल्लेखना) द्वारा अपना शरीर त्यागा था।

29. दक्षिण भारत में प्रसिद्ध जैन केंद्र स्थित है-
(a) रामेश्वरम् (b) कांची
(c) मदुरई (d) श्रवणबेलगोला

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

दक्षिण भारत में प्रसिद्ध जैन केंद्र कर्नाटक में मैसूर स्थित श्रवणबेलगोला है, यहां गोमतेश्वर की मूर्ति चामुण्डराय ने बनवाई है।

## ❑ छठीं शताब्दी ई. पूर्व के बाद का भारत

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

- ☞ बिंबिसार किस साम्राज्य के राजा थे? **— हर्यंक**
- ☞ अजातशत्रु __________ का बेटा था। **— बिंबिसार**
- ☞ सिकंदर महान __________ में पैदा हुए थे। **— 356 ई.पू.**
- ☞ सिकंदर ने हाइडेस्पीज के युद्ध में_______को हराया था? **— पोरस**
- ☞ सबसे महत्वपूर्ण जनपद कौन-सा था? **— मगध**
- ☞ सोलह महाजनपदों में से एक गंधार की राजधानी कहां थी? **— तक्षशिला**
- ☞ प्राचीन भारत में _______ के संघों को श्रेणी कहते थे। **— व्यापारियों**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

1. भारत में सबसे पुराना लौह युग जुड़ा हुआ है—
(a) चित्रित धूसर मृद्भांडों के साथ
(b) काले और लाल मृद्भांडों के साथ
(c) गेरू रंग के मृद्भांडों के साथ (ओसीपी)
(d) उत्तरी काली पॉलिश वाले मृद्भांडों के साथ

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

लोहे की प्राचीनता संबंधी साहित्यिक उल्लेखों की पुष्टि पुरातात्विक प्रमाणों से भी हो जाती है। अहिच्छत्र, अतरंजीखेड़ा, आलमगीरपुर, मथुरा, रोपड़, श्रावस्ती आदि स्थलों से लौह-युगीन संस्कृति के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इस काल के लोग एक विशिष्ट प्रकार के बर्तन का प्रयोग करते थे, जिसे चित्रित धूसर मृद्भांड कहा जाता है।

**2. छठीं शताब्दी ईसा पूर्व मगध में किसका विशाल भंडार था?**

(a) तांबा (b) टिन

(c) लेड (d) लौह

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

छठीं शताब्दी ईसा पूर्व मगध राज्य में लौह का विशाल भंडार था।

**3. मगध के उत्थान के लिए कौन-सा प्रथम शासक उत्तरदायी था?**

(a) बिंदुसार

(b) अजातशत्रु

(c) बिंबिसार

(d) वासुदेव

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

बिंबिसार मगध की गद्दी पर 544 ई.पू. में बैठा था। इसने राजगृह का निर्माण कर उसे अपनी राजधानी बनाया। यह बौद्ध धर्म का अनुयायी था तथा इसने चण्डप्रद्योत (अवन्ति का शासक) की सेवा में अपने राजवैद्य जीवक को भेजा। बिंबिसार की हत्या उसके पुत्र अजातशत्रु ने कर दी थी। मगध के उत्थान के लिए बिंबिसार ही उत्तरदायी था।

**4. उस राज्य का नाम बताइए जिसने पहली बार युद्ध में हाथियों का इस्तेमाल किया?**

(a) कौशल (b) मगध

(c) चम्पा (d) अवन्ति

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

मगध राज्य ने पहली बार युद्ध में हाथियों का इस्तेमाल किया। मगध राज्य में पाए जाने वाले जंगलों में हाथी पर्याप्त संख्या में थे जिनका प्रयोग मगध सेना में किया गया।

**5. प्राचीन काल में स्रोत सामग्री लिखने के लिए प्रयुक्त भाषा थी—**

(a) संस्कृत (b) पालि

(c) ब्राह्मी (d) खरोष्ठी

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

प्राचीन काल में स्रोत सामग्री लिखने के लिए अधिकांशतः संस्कृत भाषा प्रयुक्त होती थी।

**6. हेरोडोटस को माना जाता है—**

(a) इतिहास का जनक

(b) भूगोल का जनक

(c) राजनीतिशास्त्र का जनक

(d) दर्शनशास्त्र का जनक

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

हेरोडोटस को इतिहास का जनक माना जाता है।

**7. अलेक्जेंडर (सिकंदर) और पोरस ने लड़ाई लड़ी थी -**

(a) हाइडेस्पीज में (b) झेलम में

(c) पानीपत में (d) तराइन में

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(*)**

यूनानी स्रोतों के अनुसार, पौरव राजा पोरस के साथ सिकंदर का प्रसिद्ध युद्ध हाइडेस्पीज (Hydaspes) नदी के किनारे हुआ था। इस युद्ध में पोरस की हार हुई परंतु सिकंदर ने पोरस की बहादुरी से प्रभावित होकर उसके राज्य को वापस कर उससे मित्रता कर ली। झेलम नदी को ही यूनानी भाषा में हाइडेस्पीज कहा जाता था। इस प्रकार विकल्प (a) और (b) दोनों सही हैं।

**8. किसकी सेना ने ग्रीक शासक सिकंदर के साथ झेलम नदी के तट पर मुकाबला किया?**

(a) ऐम्बी (b) चंद्रगुप्त मौर्य

(c) पोरस (d) घनानंद

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. यहूदियों के धार्मिक पाठ का नाम है-**

(a) सूक्ति संग्रह (b) मूसा संहिता

(c) त्रिपिटक (d) जेंद-अवेस्ता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

यहूदियों के धार्मिक पाठ का नाम मूसा संहिता (Torah) है और इनका पूजा स्थल सिनागौश के नाम से जाना जाता है। त्रिपिटक बौद्धों का और जेंद-अवेस्ता पारसियों का पवित्र ग्रंथ है।

10. निम्नलिखित मगध के राजवंशों को कालक्रमानुसार लिखिए।

I. नंद II. शिशुनाग

III. मौर्य IV. हर्यक

(a) IV, II, III तथा I

(b) II, I, IV तथा III

(c) IV, II, I तथा III

(d) III, I, IV तथा II

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

दिए गए मगध के राजवंशों का कालक्रमानुसार क्रम इस प्रकार हैं-हर्यक वंश (544 ई. पू.- 412 ई.पू.), शिशुनाग वंश (412 ई.पू. - 345 ई.पू.), नंद वंश (345 ई.पू. - 322 ई.पू.), मौर्य वंश (322 ई.पू. - 184 ई.पू.)। इस प्रकार अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) होगा।

11. महाभाष्य लिखा था-

(a) गार्गी ने (b) मनु ने

(c) बाण ने (d) पतंजलि ने

**S.S.C.F.C.I परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

महाभाष्य के रचनाकार पतंजलि थे। इस ग्रंथ से यह जानकारी मिलती है, कि मौर्य शासकों ने आर्थिक संकट से उबरने के लिए देव प्रतिमाएं बनवाकर बिकवायी थीं।

12. निम्नलिखित नामों से प्राचीन भारत के चिकित्सकीय त्रय की पहचान करिए—

(a) चरक, सुश्रुत और भरत

(b) चरक, सुश्रुत और पतंजलि

(c) चरक, सुश्रुत और वागभट्ट

(d) चरक, वात्स्यायन और वागभट्ट

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

चरक, सुश्रुत और वागभट्ट को चिकित्सकीय त्रय के नाम से जाना जाता है। ये तीनों ही चिकित्सक आयुर्वेद में सिद्धस्थ थे।

## ❑ मौर्य काल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ चंद्रगुप्त मौर्य ________ में पैदा हुए थे। **— 340 ई.पू.**

☞ चंद्रगुप्त (322-298 ई.पू.) किस वंश का शासक था? **— मौर्य वंश का**

☞ चंद्रगुप्त मौर्य ________ के प्रबल अनुयायी थे। **— जैन धर्म**

☞ बिंदुसार किसका पुत्र था? **— चंद्रगुप्त का**

☞ महान अशोक (273-232 ई.पू.) किस वंश के शासक थे? **— मौर्य**

☞ अशोक किस राजवंश के राजा थे? **— मौर्य वंश के**

☞ कलिंग का युद्ध वर्ष ________ में हुआ था। **— 261 ई.पू.**

☞ अर्थशास्त्र ________ ने लिखा था। **— चाणक्य**

☞ चाणक्य को ________नाम से भी जाना जाता था। **— कौटिल्य**

☞ चट्टानों को काटकर बनाई गई सबसे पुरानी वास्तुकला ________ में पाई जाती है। **— बिहार**

☞ सांची में स्थित बौद्ध स्मारकों का निर्माण किसने किया था? **— मौर्य राजवंश ने**

☞ सांची के बौद्ध स्मारक ________ में है। **— मध्य प्रदेश**

☞ कलिंग, धौली, भाब्रू, जौगड़ में से अशोक के किस अभिलेख में बौद्ध ग्रंथों का उल्लेख किया गया है? **— भाब्रू में**

☞ सम्राट अशोक के समकालीन श्रीलंका के शासक कौन थे? **— तिस्स**

☞ मौर्य काल में भूमि, खान, चरागाह,वाणिज्य में से किस विषय पर सिर्फ राज्य का ही अधिकार था? **— खान**

☞ कौटिल्य प्रधानमंत्री थे- **— चंद्रगुप्त मौर्य के**

☞ मौर्य वंश के सबसे प्रसिद्ध शासक कौन थे? **— अशोक**

☞ अशोक के अधिकांश अभिलेख किस भाषा व लिपि में हैं? **— प्राकृत व ब्राह्मी**

☞ चाणक्य का एक दूसरा नाम क्या था? **— विष्णुगुप्त**

☞ 'अर्थशास्त्र' किस विषय पर लिखी गई पुस्तक है? **— राजनीति पर**

☞ विश्व के इतिहास में एकमात्र राजा कौन था जिसने कलिंग युद्ध जीतने के बाद विजय त्याग दिया था? **— अशोक**

☞ सारनाथ स्तंभ का चक्र किसे इंगित करता है? **— प्रगति को**

☞ सारनाथ स्तंभ के ऊपर रखे हुए शेर जिन्हें हम अपने नोटों पर देखते हैं, वास्तविकता में किस पदार्थ पर नक्काशित हैं? **— पत्थर**

☞ मौर्य वंश के ऐसे कौन-से शासक थे जिन्होंने अभिलेखों द्वारा जनता तक अपने संदेश पहुचाने का प्रयास किया था? **— अशोक**

☞ मौर्य साम्राज्य की राजधानी कहां स्थित थी? **— पाटलिपुत्र**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. यूनानियों को भारत से बाहर किसने निकाला था?**

(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य
(c) अशोक (d) बिंदुसार

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

यूनानियों को भारत से बाहर निकालने का श्रेय चंद्रगुप्त मौर्य को जाता है। 305 ई. पू. में यूनानी शासक सेल्यूकस और चंद्रगुप्त मौर्य के मध्य हुए युद्ध के उपरांत हुई संधि के फलस्वरूप सेल्यूकस ने चंद्रगुप्त मौर्य के साथ अपनी पुत्री के विवाह में दहेज के रूप में एरिया, अराकोसिया, जेड्रोसिया और पेरीपेमिसदाई के क्षेत्रों को दिया था।

**2. चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने अंतिम दिन यहां गुजारे-**

(a) काशी (b) पाटलिपुत्र
(c) उज्जैन (d) श्रवणबेलगोला

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

जैन लेखों के अनुसार, चंद्रगुप्त मौर्य ने अपने जीवन के अंतिम चरण में अपने पुत्र के पक्ष में सिंहासन छोड़कर जैन साधु भद्रबाहु के साथ श्रवणबेलगोला (मैसूर) चाले गए और यहीं इसने कायाक्लेश द्वारा शरीर त्याग दिया था। इसे जैन धर्म में 'सल्लेखना' कहा गया है।

**3. चंद्रगुप्त मौर्य का पुत्र कौन था?**

(a) बिंदुसार (b) चंद्रगुप्त द्वितीय
(c) अशोक (d) बिंबिसार

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(a)**

बिंदुसार सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य का पुत्र था। बिंदुसार को 'अमित्रघात' भी कहा जाता है। यूनानी इतिहासकार उसे 'अमित्रोचेट्स' के नाम से पुकारते हैं।

**4. बिंदुसार का पुत्र कौन था?**

(a) अशोक (b) चंद्रगुप्त
(c) बिंबसार (d) अजातशत्रु

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

अशोक मौर्य राजवंश का महान सम्राट था। यह बिंदुसार का पुत्र था।

**5. बिंदुसार के शासन के दौरान अशांति कहां थी?**

(a) उज्जयनी (b) पुष्कलावती
(c) तक्षशिला (d) राजगृह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

चंद्रगुप्त मौर्य के उत्तराधिकारी एवं उसके पुत्र 'बिंदुसार' के शासनकाल में 'तक्षशिला' में विद्रोह हुआ। उसने अशोक को कुमारामात्य बनाकर वहां का विद्रोह दबाने के लिए भेजा। अशोक ने न केवल विद्रोह को शांत किया, बल्कि वहां की प्रजा का प्रेम और विश्वास भी जीत लिया।

**6. अशोक के अधीन मौर्य राजतंत्र का सबसे सही वर्णन निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?**

(a) प्रबुद्ध स्वेच्छाचारी शासन (b) केंद्रीकृत एकाधिपत्य
(c) प्राच्य स्वेच्छाचारी शासन (d) निर्देशित लोकतंत्र

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

अशोक के अधीन मौर्य राजतंत्र प्रबुद्ध स्वेच्छाचारी शासन पर आधारित था।

**7. अशोक की प्रशासनिक नीति में भारी परिवर्तन किस घटना से आया?**

(a) तीसरी बौद्ध परिषद्
(b) कलिंग युद्ध
(c) बौद्ध धर्म को अपनाना
(d) मिशनरी को सीलोन भेजना

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

अशोक की प्रशासनिक नीति में भारी परिवर्तन 'कलिंग युद्ध' की घटना के बाद आया। कलिंग युद्ध के बाद ही अशोक द्वारा 'भेरी घोष' की नीति का त्याग कर 'धम्म घोष' की नीति को अपनाया गया।

**8. निम्नलिखित में से वह व्यक्ति कौन है, जिसका नाम 'देवानाम प्रियदर्शी' था?**

(a) मौर्य राजा अशोक (b) मौर्य राजा चंद्रगुप्त मौर्य
(c) गौतम बुद्ध (d) भगवान महावीर

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

मौर्य सम्राट अशोक के अभिलेखों में उसे 'देवानाम्प्रिय, देवानाम्प्रियदर्शी तथा राजा' आदि की उपाधियों से संबोधित किया गया है। मास्की, गुर्जरा, निट्टूर तथा उदेगोलम लेखों में उसका नाम 'अशोक' मिलता है तथा पुराणों में उसे 'अशोक वर्धन' कहा गया है।

**9. देवानाम्प्रिय के नाम से कौन विख्यात है?**

(a) चंद्रगुप्त मौर्य (b) अशोक
(c) समुद्रगुप्त (d) हर्षवर्धन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. निम्नलिखित में से किसकी जानकारी अशोक के शिलालेखों से मिलती है?**

(a) जीवन वृत्त (b) आंतरिक नीति
(c) विदेश नीति (d) सभी विकल्प सही हैं

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

अशोक का इतिहास हमें मुख्यतः उसके अभिलेखों से ही ज्ञात होता है। उसके अभिलेखों का विभाजन 3 वर्गों में किया जा सकता है- 1. शिलालेख, 2. स्तंभलेख एवं 3. गुहालेख। शिलालेख 14 विभिन्न लेखों का एक समूह है, जो आठ भिन्न-भिन्न स्थानों से प्राप्त किए गए हैं इनमें अशोककालीन विदेश नीति, आंतरिक नीति एवं जीवन वृत्त की जानकारी प्राप्त होती है। अशोक के अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा एवं ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं, केवल दो अभिलेखों शाहबाजगढ़ी एवं मानसेहरा की लिपि ब्राह्मी न होकर खरोष्ठी है।

**11. कलिंग युद्ध के बाद निम्न में से किसने महाराज अशोक के रूपांतरण को दर्ज किया?**

(a) रॉक एडिक्ट II (b) रॉक एडिक्ट IV
(c) रॉक एडिक्ट VI (d) रॉक एडिक्ट XIII

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

13वें शिलालेख से कलिंग युद्ध के संदर्भ में स्पष्ट साक्ष्य मिलते हैं। यह घटना अशोक के अभिषेक के 8वें वर्ष अर्थात 261 ई.पू. में घटित हुई। इस शिलालेख में उसने कलिंग युद्ध से हुई पीड़ा पर दुःख और पश्चाताप व्यक्त किया है और युद्ध त्याग की घोषणा की है।

**12. कलिंग युद्ध किस वर्ष में हुआ था?**

(a) 261 BC (b) 263 BC
(c) 232 BC (d) 240 BC

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. अशोक पर कलिंग युद्ध का प्रभाव कहां दिखाई देता है?**

(a) स्तंभों पर उत्कीर्ण राज्यादेश
(b) शिलाओं पर उत्कीर्ण 13वें राज्यादेश
(c) खुदाई
(d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**14. किस शिला राजादेश में अशोक ने कलिंग युद्ध के हताहतों का उल्लेख किया है और युद्ध त्याग की घोषणा की है?**

(a) मास्की राजादेश (b) शिला राजादेश XIII
(c) शिला राजादेश XI (d) शिला राजादेश X

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में भेजा गया यूनानी राजदूत था -**

(a) कौटिल्य (b) सेल्यूकस निकेटर
(c) मेगस्थनीज (d) जस्टिन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

मेगस्थनीज यूनानी (ग्रीस) शासक **सेल्यूकस निकेटर** का राजदूत था, जो चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आया था। इसने अपनी पुस्तक 'इंडिका' में मौर्य युगीन समाज एवं प्रशासन के विषय में लिखा है।

**16. मौर्य दरबार में ग्रीस के राजदूत का क्या नाम था?**

(a) सिकंदर (b) मेगस्थनीज
(c) प्लेटो (d) अरस्तू

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**17. 'इंडिका' किसने लिखी?**

(a) आई-त्सिंग (b) मेगस्थनीज
(c) फाह्यान (d) ह्वेनसांग

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. अशोक ने किस बौद्ध साधु से प्रभावित होकर बौद्ध धर्म अपनाया?**

(a) विष्णुगुप्त (b) उपगुप्त
(c) ब्रह्मगुप्त (d) बृहद्रथ

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

सिंहली अनुश्रुतियों, दीपवंश एवं महावंश के अनुसार, अशोक को उसके शासन के चौथे वर्ष निग्रोध नामक भिक्षु ने बौद्ध धर्म में दीक्षित किया। दिव्यावदान अशोक को बौद्ध धर्म में दीक्षित करने का श्रेय उपगुप्त नामक बौद्ध भिक्षु को देता है।

**19. चंद्रगुप्त मौर्य का प्रसिद्ध गुरु चाणक्य निम्नलिखित में से किस विद्या केंद्र से संबंधित था?**

(a) तक्षशिला (b) नालंदा
(c) विक्रमशिला (d) वैशाली

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

चंद्रगुप्त मौर्य का प्रसिद्ध गुरु चाणक्य, तक्षशिला विद्या केंद्र से संबंधित था।

**20. मौर्य काल के दौरान शिक्षा का सबसे प्रसिद्ध केंद्र निम्न में से कौन-सा था?**

(a) उज्जैन (b) वल्लभी
(c) नालंदा (d) तक्षशिला

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

मौर्य काल में शिक्षा का सर्वाधिक प्रसिद्ध केंद्र तक्षशिला था। यहां विश्व भर से लोग पढ़ने आते थे। यह वर्तमान इस्लामाबाद (पाकिस्तान की राजधानी) से कुछ ही दूरी पर पश्चिम में स्थित है। चंद्रगुप्त मौर्य ने सैनिक शिक्षा, तक्षशिला से प्राप्त किया था। चाणक्य यहां का प्रसिद्ध आचार्य भी था।

**21. 'अर्थशास्त्र' के लेखक किसके समकालीन थे?**

(a) अशोक (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) समुद्रगुप्त (d) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य या कौटिल्य की सहायता से अंतिम नंदवंशीय शासक धनानंद को पराजित कर 322 ई.पू. में मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी। 'अर्थशास्त्र' का लेखक कौटिल्य, चंद्रगुप्त मौर्य का प्रधानमंत्री था।

**22. 'अर्थशास्त्र' की रचना किसने की थी?**

(a) घनानंद (b) कौटिल्य
(c) बिंबिसार (d) पुष्यमित्र

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**23. अशोक के शिलालेख किस लिपि में खुदे हुए हैं?**

(a) मगधी (b) ब्राह्मी
(c) पालि (d) देवनागरी लिपि

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

अशोक के अभिलेखों में शाहबाजगढ़ी एवं मानसेहरा के अभिलेख खरोष्ठी लिपि में, तक्षशिला एवं लघमान अभिलेख आरमेइक लिपि में, शरेकुना अभिलेख आरमेइक एवं ग्रीक लिपि में उत्कीर्ण हैं। इसके अलावा सभी शिलालेख, लघु शिलालेख, स्तंभ लेख एवं लघु स्तंभ लेख, ब्राह्मी लिपि में उत्कीर्ण हैं।

24. **निम्न में किसने और कब, पहली बार अशोक के शिलालेखों का अर्थ स्पष्ट किया था?**

(a) 1810 - हैरी स्मिथ (b) 1787 - जॉन टावर
(c) 1825 - चार्ल्स मेटकॉफ (d) 1837 - जेम्स प्रिंसिप

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

सर्वप्रथम 1837 ई. में जेम्स प्रिंसिप नामक विद्वान ने अशोक के शिलालेखों को पढ़ा था, जबकि सबसे पहले 1750 ई. में टीफेन थेलर महोदय द्वारा खोजा गया अभिलेख दिल्ली-मेरठ अभिलेख था। प्रसिद्ध इतिहासकार डी.आर. भंडारकर महोदय ने तो मात्र अभिलेखों के आधार पर अशोक का इतिहास लिखने का प्रयास किया है।

25. **किस प्रसिद्ध शासक को 'शिलालेखों का जनक' कहा जाता था?**

(a) समुद्रगुप्त (b) चंद्रगुप्त मौर्य
(c) अशोक (d) कनिष्क

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

मौर्य वंश के शासक अशोक को 'शिलालेखों का जनक' कहा जाता है।

26. **निम्न में से कौन-सा तत्व धम्म में वर्णित नहीं था?**

(a) माता-पिता का आज्ञा पालन
(b) दान-पुण्य
(c) भातृ-भाव
(d) संघ के प्रति आस्था

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

धम्म में वर्णित है कि पक्षी-प्राणियों की हत्या न करना, प्राणियों को क्षति न पहुंचाना, माता-पिता की सेवा करना, भातृ-भाव, दान-पुण्य, अल्प व्यय, अल्प संचय इत्यादि। धम्म में संघ के प्रति आस्था संबंधित कोई तत्व वर्णित नहीं है।

27. **मौर्य वंश के शासन के दौरान 'स्थानिक' कौन था?**

(a) जिला प्रशासक (b) प्रांतीय प्रशासक
(c) ग्राम प्रशासक (d) नगर प्रशासक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

मौर्य वंश के शासन के दौरान 'स्थानिक' जिला प्रशासक होता था। मेगस्थनीज ने नगर के प्रमुख अधिकारी को 'एस्ट्रोनोमाई' कहा है। उसके अनुसार, जिले का अधिकारी 'एग्रोनोमोई' था।

28. **मौर्य वंश के तत्काल बाद किस वंश ने आकर मगध राज्य पर शासन किया?**

(a) सातवाहन (b) शुंग
(c) नंद (d) कण्व

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या करके पुष्यमित्र शुंग द्वारा 184 ई. पू. में शुंग वंश की स्थापना की गई।

29. **मौर्य वंश का अंतिम शासक कौन था?**

(a) कुणाल (b) बृहद्रथ
(c) सुसीम (d) सम्प्रति

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## ❑ मौर्योत्तर काल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

- ☞ तक्षशिला विश्वविद्यालय किन दो नदियों के बीच स्थित थी? **— सिंधु तथा झेलम**
- ☞ जूनागढ़ शिलालेख किस भाषा का पहला शिलालेख माना जाता है? **- संस्कृत का**
- ☞ 'अष्टाध्यायी' किसकी रचना है? **- पाणिनि की**
- ☞ अमरावती कला विद्यालय किस क्षेत्र में सातवाहनों के संरक्षण में विकसित हुई थी? **— आंध्र**
- ☞ गांधार कला शैली के अंतर्गत किसकी जीवन की तरह मूर्तियां बनाई जाती थीं? **— बुद्ध**
- ☞ मथुरा कला विद्यालय की आकृतियां ________ की बनी होती थी। **— धब्बेदार लाल पत्थर**
- ☞ योग दर्शन के प्रतिपादक कौन थे? **- पतंजलि**
- ☞ पूर्व गुप्तकाल में लोहा, सोना, टिन एवं चांदी में से कौन-सी वस्तु निर्यात की सामग्री नहीं थी? **- टिन**
- ☞ कल्हण, मैत्रेयी, कालिदास एवं पाणिनी में से कौन संस्कृत का प्रथम व्याकरणविद था? **— पाणिनी**
- ☞ गांधार कला किन दो कलाओं का संयोजन है? **— हिंद-यूनानी**
- ☞ भारतीय कला का वह कौन-सा स्कूल है जो, 'ग्रेको-रोमन, बौद्ध आर्ट' के नाम से भी जाना जाता है? **—गंधार**

☞ सलवार, कुर्ता, टोपी आदि जैसे सिले हुए कपड़े किसके द्वारा लाए गए? **—कुषाण, शक तथा पार्थियन द्वारा**

☞ सातवाहन साम्राज्य के संस्थापक कौन थे? **— सिमुक**

☞ **सही सुमेलित हैं—**

| | | |
|---|---|---|
| महाकाल मंदिर | - | उज्जैन |
| श्रृंगेरीमठ | - | चिकमंगलूर जिला |
| सूर्य मंदिर | - | कोणार्क |
| जैन मंदिर | - | खजुराहो |

**नोट—** खजुराहो के मंदिर वैष्णव, शैव, शाक्त एवं जैन धर्म से संबंधित हैं।

☞ पाणिनि द्वारा रचित पुस्तक का क्या नाम है? **— अष्टाध्यायी**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. मिलिंदपान्हो क्या है?**

(a) बौद्ध स्थल (b) बुद्ध का एक नाम

(c) कला का बौद्ध नाम (d) बौद्ध पाठ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

मिलिंदपान्हो एक बौद्ध पाठ या ग्रंथ है, जो इंडो-ग्रीक शासक मिनेण्डर एवं बौद्ध भिक्षु नागसेन के संवाद के रूप में रचित है।

**2. चरक किसके राजचिकित्सक थे?**

(a) हर्ष (b) चंद्रगुप्त मौर्य

(c) अशोक (d) कनिष्क

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

चरक, कनिष्क के राजचिकित्सक थे। इन्हें 'चिकित्सा का जनक' कहा जाता है। इन्हें चिकित्सा की प्रत्येक विधा पर समान अधिकार था। इन्होंने चिकित्साशास्त्रीय ग्रंथ 'चरक संहिता' की रचना की।

**3. कुषाण काल में भारतीय और ग्रीक शैली के मिश्रण से विकसित कला विद्यालय को किस नाम से जाना जाता है?**

(a) कुषाण कला (b) फारसी कला

(c) गांधार कला (d) मुगल कला

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

गांधार कला, कुषाण काल में विकसित हुई थी। गांधार कला की विषय-वस्तु भारतीय थी परंतु कला शैली यूनानी और रोमन थी। इसलिए गांधार कला को ग्रीको-रोमन, ग्रीको-बुद्धिस्ट या हिंदू-यूनानी कला भी कहा जाता है। सर्वप्रथम गांधार नामक स्थान पर इसके प्रकट होने के कारण इसे गांधार कला कहा जाता है।

**4. कौन-सी कला ग्रीको-बौद्ध कला के नाम से भी जानी जाती है?**

(a) गांधार कला (b) मथुरा कला

(c) शुंग कला (d) मधुबनी कला

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

गांधार शैली भारतीय और यूनानी कला की सम्मिश्रण शैली है। इस कला शैली के प्रमुख संरक्षक शक एवं कुषाण थे। इस कला का विषय मात्र बौद्ध होने के कारण इसे 'यूनानी बौद्ध' (Greeco-Buddhist), इंडो-ग्रीक (Indo-Greek) या ग्रीको रोमन (Greeco-Roman) भी कहा जाता है।

**5. कुषाण वंश के प्रसिद्ध राजा का नाम बताइए?**

(a) कनिष्क (b) पुलकेशिन

(c) हर्ष (d) विक्रमादित्य

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

कुषाण वंश का प्रसिद्ध शासक कनिष्क था। इसके राज्यारोहण की तिथि 78 ई. भारत में शक संवत् की सूचक है।

**6. कनिष्क किस वर्ष में राज्य सिंहासन पर आरूढ़ हुए?**

(a) 108 ई. (b) 78 ई.

(c) 58 ई. (d) 128 ई.

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. शक संवत् किसने और कब शुरू किया था?**

(a) कादफिसिस ने 58 ई. पू. में

(b) रूद्रदामन प्रथम ने 78 ईस्वी में

(c) विक्रमादित्य ने 58 ई.पू. में

(d) कनिष्क ने 78 ईस्वी में

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

शक संवत् का संस्थापक कनिष्क था। कनिष्क द्वारा इसे 78 ई. में प्रारंभ किया गया था।

**8. बौद्ध धर्म का संरक्षक कुषाण शासक कौन था?**

(a) कौटिल्य (b) अशोक

(c) विक्रमादित्य (d) कनिष्क

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

बौद्ध धर्म का संरक्षक कुषाण शासक कनिष्क था। उसके शासन काल में कश्मीर के कुण्डल वन नामक स्थान पर चतुर्थ बौद्ध संगीति का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रसिद्ध बौद्ध विद्वान वसुमित्र ने की थी तथा अश्वघोष इसके उपाध्यक्ष बनाए गए। कनिष्क के समय बौद्ध धर्म दो संप्रदायों में बंट गया- हीनयान तथा महायान।

**9. निम्नलिखित साहित्यिक कृतियों का उनके लेखकों के साथ मिलान करिए—**

| | |
|---|---|
| **A. कविराजमार्ग** | **1.महावीराचार्य** |
| **B. आदिपुराण** | **2.सकटायन** |
| **C. गणितसारास्मगृह** | **3. अमोघवर्ष** |
| **D.अमोघव्रिथी** | **4. जिनसेन** |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

सही सुमेलित हैं—

| साहित्य | | लेखक |
|---|---|---|
| कविराजमार्ग | — | अमोघवर्ष |
| आदिपुराण | — | जिनसेन |
| गणितसारास्मगृह | — | महावीराचार्य |
| अमोघव्रिथी | — | सकटायन |

**10. निम्न के जोड़े बनाइए—**

| | | |
|---|---|---|
| **(A) विक्रम संवत्** | **—** | **1. 248 A. D.** |
| **(B) शक संवत्** | **—** | **2. 320A. D.** |
| **(C) कलचुरी संवत्** | **—** | **3. 58B. C.** |
| **(D) गुप्त संवत्** | **—** | **4. 78 A. D.** |

(a) A1, B2, C3, D4

(b) A3, B4, C1, D2

(c) A4, B3, C2, D1

(d) A2, B1, C4, D3

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

सही सुमेलित हैं—

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | — | 58 B. C. (वास्तव में यह 57 ई.पू. है) |
| शक संवत् | — | 78A. D. |
| कलचुरी संवत् | — | 248A. D. |
| गुप्त संवत् | — | 320A. D. (319 ई.) |

**11. कला की गांधार शैली किसके शासनकाल में पनपी थी?**

(a) हर्ष (b) अशोक

(c) कनिष्क (d) चंद्रगुप्त द्वितीय

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

कुषाण काल (मुख्यतः कनिष्क के समय) के दौरान मूर्तिकला की गांधार शैली, भारत-ग्रीक (यूनानी) शैली का मिश्रण है। इसका केंद्र बिंदु गांधार था। अतः इसे गांधार कला शैली भी कहा जाता है। इसमें बुद्ध एवं बोधिसत्वों की मूर्तियां काले स्लेटी पाषाण से बनाई गई हैं।

**12. प्राचीन काल में निम्नलिखित में से कौन कलिंग का एक महान शासक था?**

(a) अजातशत्रु (b) बिंदुसार

(c) खारवेल (d) मयूरशर्मन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

प्राचीन काल में खारवेल कलिंग का एक महान शासक था। इसके बारे में हमारी जानकारी का मुख्य स्रोत हाथीगुम्फा अभिलेख है। यह द्वितीय सदी ई.पू. में शासक हुआ था तथा इसका संबंध कलिंग के चेदि वंश से था। इसने अनेक विजयें प्राप्त कीं, जिनमें मगध के शासक बृहस्पति मित्र तथा दक्षिण के सातवाहन शासक शातकर्णी पर विजयें प्रमुख हैं। यह जैन तीर्थंकर की मूर्ति को मगध से कलिंग ले जाने में सफल रहा। इसने कृषि हेतु नहरों का निर्माण करवाया तथा प्राची नदी के दोनों तटों पर महाविजय प्रसाद नामक महल बनवाया। यह जैन धर्म का अनुयायी था। इसने ऐरा, महाराज, मेघवाहन, कलिंगाधिपति आदि उपाधियां भी धारण की थीं।

**13. राजा खारवेल किस चेदि वंश के महानतम शासक थे?**

(a) चोलमंडलम (b) कलिंग

(c) कन्नौज (d) पुरुषपुर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**14. कलिंग शासक खारवेल ने संरक्षण दिया—**

(a) हिंदू धर्म (वैष्णव धर्म) को (b) शैव धर्म को

(c) बौद्ध धर्म को (d) जैन धर्म को

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. सातवाहन का सबसे बड़ा शासक कौन था?**

(a) शातकर्णी I (b) गौतमीपुत्र शातकर्णी

(c) सिमुक (d) हाल

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

गौतमीपुत्र शातकर्णी, सातवाहन वंश का सर्वश्रेष्ठ शासक था। इसकी माता गौतमी बलश्री की नासिक प्रशस्ति तथा पुलुमावी के नासिक गुहालेख से इसकी सैनिक सफलताओं के विषय में सूचना मिलती है। नासिक प्रशस्ति से पता चलता है कि इसके वाहनों ने तीनों समुद्रों (इससे तात्पर्य बंगाल की खाड़ी, अरब सागर तथा हिंद महासागर) का जल पिया था।

**16. निम्नलिखित में से विद्या की सबसे पुरानी पीठ कौन-सी है?**

(a) तक्षशिला (b) नालंदा

(c) उज्जैन (d) विक्रमशिला

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

तक्षशिला विद्या की सबसे पुरानी पीठ है। यह मौर्य युग के पूर्व ही स्थापित था। नालंदा एवं उज्जैन गुप्तकालीन जबकि विक्रमशिला पाल युगीन विद्या केंद्र थे। तक्षशिला नगरी अत्यंत प्राचीन काल में गांधार जनपद की राजधानी थी। इसकी सबसे अधिक ख्याति शैक्षणिक क्षेत्र में मानी जाती है। यह उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र था।

## ❑ गुप्त काल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ 'न्यायसूत्र' किसने लिखी? **— गौतम**

☞ नालंदा (महाविहार) का निर्माण किसने शुरू करवाया था? **— कुमारगुप्त ने**

☞ घटोत्कच (जिसने 290-305 ई. में राज्य किया था) किस साम्राज्य का राजा था? **— गुप्त साम्राज्य का**

☞ प्रथम हूण आक्रमण कब हुआ था? **— लगभग 458 ई. में**

☞ भारत के इतिहास में किसके शासनकाल को भारत का स्वर्णिम युग कहा जाता है? **— गुप्त साम्राज्य**

☞ ........... प्रारंभिक 8वीं सदी के दौरान भारत के एक दार्शनिक और धर्मशास्त्री थे, जिन्होंने अद्वैत वेदांत के सिद्धांत को समेकित किया था। **— आदि शंकराचार्य**

☞ एलोरा की गुफाएं .................. में हैं। **— महाराष्ट्र**

☞ कौन-सी गुफाएं बौद्ध धर्म, हिंदू धर्म और जैन धर्म के धार्मिक कला की सांस्कृतिक मिश्रण हैं? **— एलोरा की गुफाएं**

☞ गुप्तवंश के किस शासक ने सबसे पहले महाराजाधिराज जैसी बड़ी उपाधि धारण की थी? **- चंद्रगुप्त**

☞ गुप्त चित्रों का सर्वश्रेष्ठ नमूना किस जगह पर है? **— अजंता**

☞ समुद्रगुप्त के दरबारी कवि कौन थे? **— हरिषेण**

☞ प्रसिद्ध जंग प्रतिरोधी लौह स्तंभ कहां पर स्थित है? **— दिल्ली**

☞ निम्नलिखित में से क्या अजंता गुफाओं के संबंध में सही नहीं है?

(a) वे महाराष्ट्र में स्थित हैं

(b) वे बौद्ध कला से सज्जित हैं

(c) वे प्राचीन भारत में प्रयुक्त तकनीकों को दर्शाती हैं

(d) उनमें फूल-पत्तियों के चित्र नहीं हैं

**— उनमें फूल-पत्तियों के चित्र नहीं हैं**

☞ आर्यभट्ट और कालिदास किस 'गुप्त' शासक के दरबार में थे? **— चंद्रगुप्त II**

☞ मेघदूत का लेखक कौन है? **— कालिदास**

☞ इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख, भानुगुप्त का एरण शिलालेख, पुलकेशिन II का एहोल स्थित शिलालेख तथा स्कंदगुप्त का भितरी शिलालेख में से किस अभिलेख/शिलालेख में सती प्रथा का प्राचीनतम संदर्भ मिलता है? **— भानुगुप्त का एरण शिलालेख**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. महरौली में जंग-रहित लौह-स्तंभ किसने स्थापित किया?**

(a) गुप्त (b) सातवाहन

(c) मौर्य (d) कुषाण

**S.S.C.स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

मेहरौली का लौह-स्तंभ गुप्त शासक चंद्रगुप्त द्वितीय ने बनवाया था। दक्षिण दिल्ली में मेहरौली स्थित लौह-स्तंभ में चंद्र नामक शासक की विजयों का उल्लेख है। यह स्तंभ गुप्तकालीन धातु-विज्ञान (Metallurgy) के समुन्नत होने का ज्वलंत प्रमाण है।

**2. 'गुप्त' राजा जिसने 'विक्रमादित्य' की पदवी ग्रहण की थी, वह था—**

(a) स्कंदगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) चंद्रगुप्त II (d) कुमारगुप्त

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

चंद्रगुप्त द्वितीय को विक्रमांक या 'विक्रमादित्य' कहा जाता है। इसकी माता का नाम दत्तदेवी था। इसका काल गुप्त काल का स्वर्णयुग माना जाता है।

**3. चंद्रगुप्त द्वितीय और किस नाम से जाना जाता था?**

(a) समुद्रगुप्त (b) स्कंदगुप्त
(c) विक्रमादित्य (d) राणा गुप्त

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. गुप्त काल के चांदी के सिक्कों को कहते थे—**

(a) दीनार (b) रूप्यक
(c) शतमान (d) कर्षापण

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

गुप्तकालीन सोने के सिक्कों को दीनार एवं चांदी के सिक्कों को रूप्यक कहा जाता था।

**5. हरिषेण निम्नलिखित राजाओं में से किसका राजकवि था?**

(a) अशोक (b) समुद्रगुप्त
(c) चंद्रगुप्त (d) हर्षवर्धन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

हरिषेण, समुद्रगुप्त का राज कवि था। हरिषेण ने 'इलाहाबाद-प्रशस्ति' लेख की रचना की। समुद्रगुप्त को 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है। समुद्रगुप्त ने 'अश्वमेधकर्ता' की उपाधि धारण की तथा इसे 'कविराज' भी कहा जाता था।

**6. लिच्छवी दौहित्र किसे कहते थे?**

(a) चंद्रगुप्त I को (b) स्कंदगुप्त को
(c) कुमारगुप्त को (d) समुद्रगुप्त को

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

लिच्छवी दौहित्र, समुद्रगुप्त को कहते हैं। समुद्रगुप्त के प्रयाग अभिलेख में उसे 'लिच्छवी दौहित्र' (लिच्छवी कन्या से उत्पन्न) बताया गया है। समुद्रगुप्त की माता का नाम कुमारदेवी था।

**7. रोमन साम्राज्य के साथ भारत का व्यापार रोम पर किसके द्वारा आक्रमण के साथ समाप्त हो गया?**

(a) अरबों द्वारा (b) हंगेरियाइयों द्वारा
(c) हूणों द्वारा (d) तुर्कों द्वारा

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

रोमन साम्राज्य के साथ भारत का व्यापार रोम पर हूणों द्वारा आक्रमण के साथ समाप्त हो गया।

**8. निम्न में किनके सिक्के संगीत के प्रति उनका प्रेम दर्शाते हैं?**

(a) मौर्यों के (b) नंदों के
(c) गुप्तों के (d) चोलों के

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

समुद्रगुप्त के कुछ सिक्कों पर उसे वीणावादन करते हुए दिखाया गया है। अतः गुप्तों के सिक्के संगीत के प्रति उनके प्रेम को प्रदर्शित करते हैं।

**9. निम्नलिखित में से किसको अपनी विजयों के कारण भारत का नेपोलियन कहा जाता है?**

(a) स्कंदगुप्त को (b) चंद्रगुप्त को
(c) ब्रह्मगुप्त को (d) समुद्रगुप्त को

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

समुद्रगुप्त ने अपने शासन के दौरान (350-375 ई.) कई युद्धों का सामना किया परंतु उसे किसी भी युद्ध में पराजय का सामना नहीं करना पड़ा। इसी कारण प्रसिद्ध इतिहासकार विसेंट स्मिथ ने उसे 'भारत का नेपोलियन' की संज्ञा दी है।

**10. भारतीय नेपोलियन के नाम से आमतौर पर कौन हिंदू राजा विख्यात है?**

(a) चंद्रगुप्त (b) समुद्रगुप्त
(c) बिंबिसार (d) अजातशत्रु

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

11. गुप्त काल में किस धातु के सर्वाधिक सिक्के जारी किए गए?

(a) सोना (b) चांदी

(c) तांबा (d) लोहा

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

प्राचीन भारत के गुप्त राजाओं ने सबसे अधिक स्वर्ण मुद्राएं जारी कीं, जो उनके अभिलेखों में दीनार कही गई हैं। नियंत्रित आकार और भार वाली ये स्वर्ण मुद्राएं अनेक प्रकारों और उपप्रकारों में पाई जाती हैं। यद्यपि स्वर्णांश में ये मुद्राएं उतनी शुद्ध नहीं हैं, जितनी कुषाण मुद्राएं। कुषाणों के विपरीत गुप्तों के तांबे के सिक्के बहुत ही कम मिलते हैं। इससे यह प्रकट होता है कि जनसामान्य में मुद्रा का प्रयोग जितना कुषाणों के समय होता था, उतना अब नहीं रहा।

12. प्रसिद्ध गुप्त संवत् निम्नलिखित में से किस वर्ष से शुरू किया गया था?

(a) 319 ईस्वी (b) 600 ईस्वी

(c) 78 ईस्वी (d) 57 ई.पू.

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

प्रसिद्ध गुप्त संवत् 319 ईस्वी से शुरू किया गया था। यही चंद्रगुप्त I के राज्यारोहण की तिथि भी है।

13. इलाहाबाद स्तंभ के शिलालेख में किसकी उपलब्धियां वर्णित हैं?

(a) हर्ष (b) अशोक

(c) समुद्रगुप्त (d) चंद्रगुप्त विक्रमादित्य

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

**इलाहाबाद स्तंभ के शिलालेख** में समुद्रगुप्त की उपलब्धियों का वर्णन है। इसकी रचना समुद्रगुप्त के संधिविग्रहिक हरिषेण ने की थी। इस स्तंभ लेख की प्रारंभिक पंक्तियां, पद्यात्मक तथा बाद की गद्यात्मक है। यह संस्कृत की चम्पू शैली का सुंदर उदाहरण है।

14. इलाहाबाद स्तंभ शिलालेख किसने बनवाया था?

(a) महासेन (b) वीरसेन

(c) विष्णुसेन (d) हरिषेण

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

15. फाह्यान किसके शासनकाल के दौरान भारत आया था?

(a) चंद्रगुप्त द्वितीय (b) समुद्रगुप्त

(c) रामगुप्त (d) कुमारगुप्त

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2011**

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

फाह्यान ने भारत में 399-414 ई. के बीच भ्रमण किया। इस समय उत्तर भारत में गुप्त साम्राज्य का प्रतापी राजा चंद्रगुप्त द्वितीय शासन कर रहा था।

16. 'पंचतंत्र' की कथाओं का संकलन किसने किया?

(a) वाल्मीकि (b) वेदव्यास

(c) विष्णु शर्मा (d) तुलसीदास

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

'पंचतंत्र' की कथाओं का संकलन विष्णु शर्मा द्वारा किया गया है।

17. 'मेघदूत' का लेखक कौन है?

(a) हुमायूं कबीर (b) खुशवंत सिंह

(c) बाणभट्ट (d) कालिदास

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

भारत के शेक्सपियर के नाम से प्रसिद्ध कालिदास गुप्तकालीन विभूति थे। इनकी प्रमुख कृतियां-अभिज्ञानशाकुंतलम्, ऋतुसंहार, मालविकाग्निमित्रम्, कुमारसंभव, मेघदूत और रघुवंश हैं।

18. निम्नलिखित में से वह व्यक्ति कौन है, जो चिकित्सक नहीं है?

(a) सुश्रुत (b) चरक

(c) चार्वाक (d) धन्वंतरि

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

सुश्रुत, चरक और धन्वंतरि प्राचीन भारत के आयुर्वेद के प्रमुख ज्ञाता और चिकित्सक थे। चार्वाक चिकित्सक नहीं थे, बल्कि वे अपने भौतिकवादी दर्शन के लिए जाने जाते हैं।

19. प्राचीन भारत के विख्यात चिकित्सक धन्वंतरि ने अपना परामर्श किसके दरबार में दिया था?

(a) समुद्रगुप्त (b) अशोक

(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) कनिष्क

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

धन्वंतरि, **चंद्रगुप्त II** या विक्रमादित्य के दरबार के आयुर्वेदाचार्य थे। चंद्रगुप्त II के दरबार में रहने वाले कुछ प्रमुख विद्वानों के नाम इस प्रकार थे—कालिदास, बेतालभट्ट, वराहमिहिर, वररुचि, अमरसिंह, शंकु, घटकर्पर आदि।

**20. वराहमिहिर थे—**

(a) एक ऐस्ट्रोनट (b) एक स्पेस शटल

(c) एक पावर स्टेशन (d) एक प्राचीन खगोलविद् (एस्ट्रोनॉमर)

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011, 2014**

**उत्तर—(d)**

वराहमिहिर गुप्त काल के प्रसिद्ध खगोलशास्त्री थे, इनके प्रसिद्ध ग्रंथ 'वृहत्संहिता तथा 'पंचसिद्धांतिका' हैं। वृहत्संहिता में नक्षत्र विद्या, वनस्पति शास्त्र, प्राकृतिक-इतिहास और भौतिक भूगोल जैसे विषयों का वर्णन है। इन्होंने 'वृहज्जातक' तथा 'लघुजातक' की भी रचना की थी।

**21. किसके शासनकाल के दौरान अजंता की गुफाएं निर्मित की गईं?**

(a) गुप्त (b) कुषाण

(c) मौर्य (d) चालुक्य

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

अजंता की गुफाओं का निर्माण कार्य दूसरी शताब्दी पूर्व प्रारंभ हुआ और लगभग सातवीं शताब्दी तक चला है। अजंता की 16वीं और 17वीं गुफा का संबंध गुप्त काल से है। नवीं-दसवीं गुफाओं के चित्र प्रथम शताब्दी ई.पू. के हैं। पहली-दूसरी गुफाओं के चित्र सातवीं शताब्दी ईस्वी के हैं। अजंता के गुफा चित्र बौद्ध धर्म से संबंधित है।

## ❑ दक्षिण भारत

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ मीनार, शिखर, गोपुरम में से कौन-सा द्रविड़ शैली के मंदिर वास्तुशिल्प की विशेषता है? **- सभी**

☞ चोल अभिलेखों में उल्लिखित भूमि की विभिन्न कोटियों के अनुसार —— को किसी विद्यालय के रख-रखाव की भूमि कहा जाता था। **— शालाभोग**

☞ चोल अभिलेखों में उल्लिखित भूमि की विभिन्न कोटियों के अनुसार —— को गैर-ब्राह्मण किसान स्वामी की भूमि कहा जाता था। **— वेल्लनवगाई**

☞ सही सुमेलित है-

| **स्तंभ - 1** | **स्तंभ - 2** |
|---|---|
| बृहदीश्वर मंदिर | तमिलनाडु |
| दिलवाड़ा मंदिर | राजस्थान |
| लिंगराज मंदिर | ओडिशा |
| हम्पी में स्मारकों का समूह | कर्नाटक |

☞ प्रसिद्ध बृहदीश्वर मंदिर ............ में स्थित है। **— तंजावुर**

☞ महाबलीपुरम में स्मारकों के समूह को किसने बनवाया था? **— पल्लव राजाओं ने**

☞ महाबलीपुरम ......... द्वारा स्थापित किया गया था। **— नरसिंह वर्मन**

☞ बृहदीश्वर मंदिर, तंजावुर_____ में है। **- तमिलनाडु**

☞ चोल राज्य को किस राष्ट्रकूट शासक के आक्रमण को झेलना पड़ा था? **- कृष्ण-III**

☞ किसके शासनकाल में ह्वेनसांग ने पल्लवों की राजधानी कांचीपुरम का भ्रमण किया था? **- नरसिंह वर्मन-I के**

☞ चोल राजवंश से उभरने वाला पहला महत्वपूर्ण शासक______ था। **- राजराज चोल**

☞ पल्लवों की राजधानी कहां थी? **- कांचीपुरम**

☞ संगम साहित्य में किस राजवंश का उल्लेख नहीं किया गया है? **- कदंब का**

☞ महाबलीपुरम के रथ मंदिर _________ का एक उदाहरण है। **— चट्टानों से कटे मंदिर**

☞ एलोरा में कैलाश मंदिर _________ का एक उदाहरण है। **— चट्टानों से कटे मंदिर**

☞ चोलों द्वारा विकसित दक्षिण भारत के मंदिर की वास्तुकला की विशिष्ट शैली क्या है? **— द्रविड़ शैली**

☞ भारत का कौन-सा हिस्सा मुख्य रूप से पल्लव तथा चालुक्य द्वारा शासित था? **— दक्षिणी**

☞ नेडियोन, उदयिन जेराल, नेदुनजेराल एवं नेडुम में से कौन-सा शासक संगम राज्य चेर से संबंधित नहीं था?**-नेडियोन**

☞ किस सदी के बाद से दक्षिण भारत में भूमिदान देने की प्रथा खूब चल पड़ी? **- आठवीं सदी**

☞ संगम साहित्य के संरक्षक कौन थे? **— पांड्य**

☞ महाबलीपुरम स्थित एकाश्मीय शैल मंदिरों का प्रसिद्ध नाम क्या है? **— रथ**

☞ नरसिंह वर्मन I, महेंद्र वर्मन I ,परमेश्वर वर्मन I एवं नंदी वर्मन में से कौन-से पल्लव राजा ने चालुक्य सम्राट राजा पुलकेशिन II को पराजित करके और उनका वध करके 'वातापीकोंड' का खिताब हासिल किया? **— नरसिंह वर्मन I**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. संगम काल में रोमन व्यापार का केंद्र बताइए-**

(a) मदुरै (b) अरिकामेडु

(c) पूम्पुहर (d) मुसिरि

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(b)**

अरिकामेडु एक प्रसिद्ध व्यापारिक केंद्र था, जहां देश के विभिन्न भागों से व्यापारिक वस्तुएं एकत्र की जाती थीं तथा फिर यहां से रोम को जाती थीं। अरिकामेडु (पांडिचेरी) की खुदाई से रोमन द्वीप के टुकड़े, कांच के कटोरे, रत्न, मनके तथा बर्तन प्राप्त किए गए हैं। अतः स्पष्ट है कि संगम काल में अरिकामेडु रोमन व्यापार के मुख्य केंद्रों में से एक था।

**2. गंगा को उत्तर से दक्षिण ले जाने वाला चोल राजा कौन-सा था?**

(a) राजराजा चोल (b) महेंद्र

(c) राजेंद्र चोल (d) परांतक

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

राजेंद्र चोल, गंगा को उत्तर से दक्षिण ले जाने वाला चोल राजा था।

**3. चोल राजा राजेंद्र ने निम्नलिखित में से कौन-सी पदवी धारण नहीं की थी?**

(a) त्याग समुद्र (b) गंगैकोंड

(c) मुडीकोंडा (d) पंडित चोल

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

त्याग समुद्र की उपाधि विक्रम चोल ने धारण की थी। शेष सभी उपाधियां राजेंद्र प्रथम ने अपनी विजय के विभिन्न अवसरों पर धारण की थी।

**4. अधिकांश चोलकालीन मंदिर किस देवी/देवता को समर्पित हैं?**

(a) विष्णु (b) शिव

(c) ब्रह्मा (d) दुर्गा

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

अधिकांश चोलकालीन मंदिर **शिव** को समर्पित हैं। राजराज प्रथम द्वारा निर्मित तंजावुर (तंजौर) का बृहदीश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित था।

**5. चोल अभिलेखों में उल्लिखित भूमि की विभिन्न कोटियों के अनुसार________ को जैन संस्थानों को दान में दी गई भूमि कहा जाता था।**

(a) वेल्लनवगाई (b) ब्रह्मदेय

(c) शालाभोग (d) पल्लिच्चंदम

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

चोल अभिलेखों से दान में दी जाने वाली भूमि के उल्लेख मिलते हैं जो विभिन्न धर्मों एवं सामाजिक समूहों को प्रदत्त की जाती थीं। जैन संस्थानों को दी जाने वाली भूमि को **पल्लिच्चंदम** (Pallichchandam) कहा गया।

**6. चोल वंश, भारत के किस भाग में अधिकतर शासन करते थे?**

(a) पूर्व (b) पश्चिम

(c) उत्तर (d) दक्षिण

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

चोल वंश प्राचीन भारत का एक राजवंश था। दक्षिण भारत में और पास के अन्य देशों में तमिल शासकों ने 9वीं शताब्दी से 13वीं शताब्दी के बीच एक अत्यंत शक्तिशाली हिंदू साम्राज्य का निर्माण किया।

**7. निम्नलिखित में से किस चोल राजा ने लंका (सिंहल) को पहले जीता था?**

(a) आदित्य प्रथम (b) राजराज प्रथम

(c) राजेंद्र (d) विजयालय

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

चोलों द्वारा श्रीलंका एवं दक्षिण-पूर्व एशिया को जीता गया था। चोल शासक राजराज प्रथम ने सिंहल पर आक्रमण कर उसके उत्तरी हिस्से पर अधिकार कर लिया जबकि संपूर्ण सिंहल तथा दक्षिण-पूर्व एशिया की विजय का श्रेय राजेंद्र प्रथम को दिया जाता है। दक्षिण-पूर्व एशिया के श्रीविजय (शैलेंद्र) राज्य के अंतर्गत मलय प्रायद्वीप, जावा, सुमात्रा तथा अन्य द्वीप सम्मिलित थे। मालदीव की विजय का श्रेय राजराज प्रथम को प्राप्त है।

**8. किस चोल शासक ने श्रीलंका के उत्तरी भाग को जीतकर अपने साम्राज्य का एक प्रांत बनाया था?**

(a) परांतक (b) राजेंद्र प्रथम

(c) राजराज (d) अधिराजेंद्र

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. उत्तरमेरूर शिलालेख से किसके प्रशासन से संबंधित जानकारी मिलती है?**

(a) पल्लव (b) चोल

(c) चालुक्य (d) सातवाहन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उत्तरमेरूर, तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में स्थित है। यहां से प्राप्त शिलालेखों से चोलों के ग्रामीण प्रशासन के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। ये शिलालेख 919 ई. तथा 929 ई. के समय के हैं।

**10. किस चोल शासक ने नई राजधानी 'गंगईकोंडा चोलपुरम' का निर्माण किया?**

(a) राजेंद्र I (b) विजयलाला

(c) आदित्य (d) राजराज I

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

चोलों की नई राजधानी 'गंगईकोंडा चोलपुरम' का निर्माण राजेंद्र प्रथम द्वारा करवाया गया था।

**11. चोल राजाओं का शासन था—**

(a) तमिलनाडु पर (b) आंध्र प्रदेश पर

(c) केरल पर (d) बंगाल पर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

चोल साम्राज्य के चरमोत्कर्ष के समय चोल साम्राज्य में दक्षिणी राज्यों का अधिकांश भाग सम्मिलित था परंतु चोल साम्राज्य की स्थापना एवं पतन के समय यह तमिलनाडु राज्य के अंदर ही सिमटा हुआ था।

**12. प्राचीन चोल साम्राज्य की राजधानी कहां पर थी?**

(a) उरैयुर (b) कावेरीपट्टीनम

(c) तंजावुर (d) मदुरई

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

प्राचीन चोल (संगमकालीन) साम्राज्य की राजधानी 'उरैयुर' थी। संगमकालीन इस वंश के शक्तिशाली शासक करिकाल द्वारा राजधानी को 'कावेरीपट्टनम' में स्थानांतरित किया गया। 9वीं शताब्दी में विजयालय ने 'तंजावुर' को चोल राज्य की राजधानी बनाया।

**13. राष्ट्रकूटों की प्रारंभिक राजधानी निम्नलिखित में से कौन-सी थी?**

(a) सोपारा (b) एलोरा

(c) वातापी (d) अजंता

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

राष्ट्रकूट वंश की स्थापना दंतिदुर्ग ने की थी। अतः उसके आरंभिक निवास स्थान को सामान्यतया राष्ट्रकूटों की प्रारंभिक राजधानी माना जा सकता है। दंतिदुर्ग के शुरुआती अभिलेखों के आधार पर डॉ. अल्टेकर ने राष्ट्रकूट राजधानी को एलोरा के आस-पास के क्षेत्र में बताया है जिसे सामान्यतः स्वीकार किया जाता है। कालांतर में मान्यखेद राष्ट्रकूटों की राजधानी बनी।

**14. एलोरा में कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किसने किया?**

(a) राजेंद्र I (b) महेंद्र वर्मन I

(c) कृष्ण I (d) गोविंद I

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

महाराष्ट्र के एलोरा में कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट नरेश कृष्ण प्रथम ने किया था। यह मंदिर बेसर शैली में निर्मित है।

**15. एलोरा में प्रसिद्ध शिव मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?**

(a) मौर्य सम्राट अशोक

(b) गुप्त शासक समुद्रगुप्त

(c) चालुक्य राजा पुलिकेशिन II

(d) राष्ट्रकूट शासक कृष्ण I

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. एलोरा में गुफाएं और शैलकृत मंदिर हैं—**

(a) हिंदू और बौद्ध (b) बौद्ध और जैन

(c) हिंदू और जैन (d) हिंदू, बौद्ध और जैन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

एलोरा में अवस्थित गुफाएं एवं शैलकृत मंदिरों का संबंध हिंदू, बौद्ध और जैन धर्मों के साथ है। औरंगाबाद के एलोरा में अधिकांश गुफाओं एवं शैलकृत मंदिरों का निर्माण राष्ट्रकूट शासकों द्वारा कराया गया था।

**17. निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक राष्ट्रकूट के राजा अमोघवर्ष ने लिखी थी?**

(a) आदिपुराण (b) गणितसार संग्रह

(c) साकतायन (d) कविराजमार्ग

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

गोविंद तृतीय का पुत्र अमोघवर्ष धर्म और साहित्य का अनुरागी राष्ट्रकूट शासक था और उसने स्वयं कन्नड़ भाषा में 'कविराजमार्ग' नामक ग्रंथ लिखा था। 'आदिपुराण' को जिनसेन ने, 'गणितसार संग्रह' को महावीराचार्य ने और 'अमोघवृत्ति' को साकटायन ने लिखा है।

**18. महाबलीपुरम के सप्त पैगोडा किसके द्वारा संरक्षित कला के साक्षी हैं?**

(a) पल्लवों (b) पांड्यों

(c) चोलों (d) चेरों

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

महाबलीपुरम के सप्त पैगोडा, पल्लवों द्वारा संरक्षित कला के साक्षी हैं। इसका निर्माण पल्लव नरेश नरसिंह वर्मन I ने करवाया था।

**19. निम्नलिखित में से क्या राष्ट्रकूटों का सर्वाधिक चिरस्थायी योगदान है?**

(a) कैलाश मंदिर

(b) कन्नड़ काव्य के तीन कवि पंपा, पोन्ना और रान्ना तथा कैलाश मंदिर

(c) जैनवाद का संरक्षण

(d) विजय

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

कन्नड़ काव्य के कवि पंपा, पोन्ना और रान्ना के संरक्षण सहित कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूटों का सर्वाधिक चिरस्थायी योगदान है। राष्ट्रकूट शासक कृष्ण प्रथम ने एलोरा में ठोस चट्टान कटवा कर कैलाश मंदिर बनवाया, जो वास्तुकला का आश्चर्य माना जाता है।

**20. ऐलोरा में ठोस शैल को काटकर बनाए गए प्रसिद्ध कैलाश मंदिर का निर्माण निम्नलिखित में से किनके संरक्षण में किया गया था?**

(a) चोल (b) कदम्ब

(c) पल्लव (d) राष्ट्रकूट

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

ऐलोरा के कैलाश मंदिर का निर्माण राष्ट्रकूट वंश के राजा **कृष्ण प्रथम** ने करवाया था। ऐलोरा, महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में वेरूल नामक स्थान पर स्थित है, जहां 34 शैलकृत गुफाएं बनाई गई हैं।

**21. कौन-सा प्राचीन भारतीय साम्राज्य नीचे उसकी राजधानी के साथ गलत जोड़े के रूप में अंकित है?**

(a) मौर्य-पाटलिपुत्र (b) पांड्या-मदुराई

(c) पल्लव-वेल्लौर (d) काकतीया-वारांगल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

वेल्लौर, पल्लव वंश की राजधानी नहीं थी। पल्लव वंश की राजधानी कांची थी। शेष सभी विकल्प सही हैं।

**22. किस पल्लव शासक के शासनकाल में, पल्लवों और चालुक्यों के बीच लंबा संघर्ष शुरू हो गया था?**

(a) महेंद्र वर्मन I (b) सिंहविष्णु

(c) नरसिंह वर्मन I (d) महेंद्र वर्मन II

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

महेंद्र वर्मन I (600-630 ई.) के शासनकाल में, पल्लवों और चालुक्यों के बीच लंबा संघर्ष शुरू हो गया था।

**23. किस राजवंश के दौरान महाबलीपुरम मंदिर का निर्माण किया गया था?**

(a) गुप्त राजवंश (b) पल्लव राजवंश

(c) चोल राजवंश (d) चालुक्य राजवंश

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

महाबलिपुरम में रथ मंदिरों को निर्माण पल्लव शासक द्वारा करवाया गया था। रथ मंदिर एकाश्म पत्थर से निर्मित है।

**24. महाबलीपुरम में रथ मंदिरों का निर्माण किस पल्लव शासक के शासनकाल में हुआ था?**

(a) महेंद्र वर्मन प्रथम (b) नरसिंह वर्मन प्रथम

(c) परमेश्वर वर्मन प्रथम (d) नंदी वर्मन प्रथम

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

महाबलीपुरम में रथ मंदिरों का निर्माण पल्लव शासक नरसिंह वर्मन प्रथम के शासनकाल में हुआ था। रथ मंदिरों में द्रोपदी रथ, भीम रथ तथा युधिष्ठिर रथ प्रसिद्ध थे। रथ मंदिर एकाश्म पत्थर से निर्मित है।

**25. पुलकेशिन II किसका महानतम शासक था?**

(a) कल्याणी के चालुक्य (b) कांची के पल्लव

(c) तमिलनाडु के चोल (d) वातापी के चालुक्य

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

पुलकेशिन II का चालुक्य वंश (वातापी) से संबंध था। यह इस वंश का सबसे प्रतापी राजा था। इस वंश की स्थापना जय सिंह ने की थी।

**26. निम्न में से कौन-सा शिलालेख चालुक्य सम्राट पुलकेशिन II से संबंधित है?**

(a) मासकी (b) हाथीगुम्फा

(c) एहोल (d) नासिक

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

एहोल शिलालेख, चालुक्य सम्राट पुलकेशिन द्वितीय से संबंधित है। यह लेख एक प्रशस्ति के रूप में है तथा इसकी भाषा संस्कृत है। इसकी लिपि दक्षिणी ब्राह्मी है। इस लेख की रचना रविकीर्ति ने की थी। हर्षवर्धन के साथ पुलकेशिन द्वितीय के युद्ध पर भी यह लेख प्रकाश डालता है। प्रशस्ति के अंत में लेखक ने यह दावा किया है कि उसने इसे लिखकर कालिदास तथा भारवि के समान यश प्राप्त किया है।

**27. रविकीर्ति, जो एक जैन थे और जिन्होंने एहोल प्रशस्ति की रचना की थी, को किसका संरक्षण प्राप्त था?**

(a) पुलकेशिन I (b) हर्ष

(c) पुलकेशिन II (d) खारवेल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

एहोल प्रशस्ति के रचनाकार रविकीर्ति जैन कवि था और इसको चालुक्य शासक पुलकेशिन द्वितीय का संरक्षण प्राप्त था। इसने एहोल अभिलेख में पुलकेशिन द्वितीय की विजयों का विस्तृत विवरण दिया था।

**28. पश्चिमी चालुक्य वंश का प्रसिद्ध शासक कौन था?**

(a) पुलकेशिन II (b) पुलकेशिन I

(c) रविकीर्ति (d) मंगलेश

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

पुलकेशिन II, पश्चिमी चालुक्य वंश का सबसे प्रतापी राजा था। पुलकेशिन द्वितीय ने हर्षवर्धन को पराजित किया था।

**29. प्रसिद्ध दिलवाड़ा मंदिर स्थित है—**

(a) राजस्थान में (b) उत्तर प्रदेश में

(c) मध्य प्रदेश में (d) महाराष्ट्र में

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

दिलवाड़ा का प्रसिद्ध 'जैन मंदिर' माउंट आबू (सिरोही, राजस्थान) में स्थित है। चालुक्य शासक भीमदेव प्रथम (1022–1064 ई.) के सामंत विमलशाह ने इसे बनवाया था।

**30. द्वितीय पांड्यन साम्राज्य के भूमि माप का उल्लेख किसमें किया गया है?**

(a) थलवईपुरम तांबे की प्लेटों (b) उत्तरमेरूर शिलालेख

(c) कुडुमियमलई शिलालेख (d) कसाकुडी तांबे की प्लेटों

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

द्वितीय पांड्यन साम्राज्य के भूमि माप का उल्लेख थलवईपुरम की तांबे की प्लेटों में किया गया है।

**31. पुस्तक 'कथासरितसागर' किसने लिखी थी?**

(a) सोमेश्वर III (b) कल्हण

(c) पृथ्वीराज चौहान (d) सोमदेव

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

सोमदेव ने 'कथासरितसागर' नामक पुस्तक लिखी।

**32. विक्रमांकदेवचरित के लेखक कौन थे?**

(a) बिल्हण (b) पन्ना

(c) पम्पा (d) रन्ना

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

विक्रमांकदेवचरित के लेखक बिल्हण थे।

## ❑ गुप्तोत्तर काल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ बारहवीं सदी के मध्य में तोमर राजपूतों को _______ के चौहानों ने परास्त किया। **— अजमेर**

☞ सातवीं सदी के बड़े भू-स्वामी और योद्धा - सरदार को उस समय के राजा किस रूप में मान्यता देते थे? **— सामन्त**

☞ पहियों के साथ सूर्य देवता के रथ के रूप में कौन-सा मंदिर बनाया गया है? **— कोणार्क का सूर्य मंदिर**

☞ ओडिशा का विश्व प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर _______ के द्वारा बनवाया गया था। **— नरसिंहदेव**

☞ हुमा का झुकता हुआ मंदिर _______ को समर्पित किया गया है। **— शिव**

☞ पाल साम्राज्य का प्रथम शासक कौन था? **— गोपाल**

☞ पृथ्वीराज चौहान के पिता कौन थे? **— सोमेश्वर चौहान**

☞ पृथ्वीराज चौहान ने _______ से विवाह किया था, वह उनके शत्रु जयचंद्र गहड़वाल की बेटी थी। — **संयोगिता**

☞ खजुराहो का स्मारक समूह किस राजवंश से संबंधित है? — **चंदेल**

☞ महाराष्ट्र में स्थित अजंता में चट्टानों को काटकर बनाए गए गुफा स्मारक किस धर्म के हैं? — **बौद्ध धर्म**

☞ अजंता की गुफाएं _______ में हैं। — **महाराष्ट्र**

☞ शिव गुफा कहां स्थित है? — **एलिफेंटा गुफाओं में**

☞ एलिफेंटा की गुफाएं _______ में हैं। — **महाराष्ट्र**

☞ ये गुफाएं मुंबई हार्बर में स्थित शिल्प गुफाओं का एक नेटवर्क हैं। — **एलिफेंटा**

☞ एलिफेंटा की गुफाएं किस देवता को समर्पित हैं? — **शिव को**

☞ उस कवि का नाम बताइए जिसने ''पृथ्वीराज रासो'' नामक एक कविता लिखी थी, जिसमें पृथ्वीराज चौहान के जीवन का वर्णन है। — **चंदबरदाई**

☞ पाल वंश के पतन के बाद, बंगाल में किस राजवंश ने अपना शासन स्थापित किया? - **सेन वंश**

☞ महर्षि गौतम का संबंध किस भारतीय दर्शन से है? - **न्याय दर्शन से**

☞ 'कुलीन प्रथा' पाल, प्रतिहार, राष्ट्रकूट एवं सेन में से किसके शासनकाल से संबंधित था? - **सेन के**

☞ सही सुमेलन है-

| | | |
|---|---|---|
| प्रतिहार | - | कन्नौज |
| पल्लव | - | कांची |
| सेन | - | लखनौती |
| चालुक्य | - | वातापी |

☞ बगदाद निवासी अल-मसूदी किसके शासनकाल में भारत आया था? - **महीपाल के**

☞ होयसल, पांड्य, कदंब तथा कलचुरी में से कौन-सा राजवंश दक्षिण भारत में स्थित नहीं था? - **कलचुरी**

☞ संस्कृत कवि राजशेखर_______ के दरबार में रहते थे। - **महिपाल-I**

☞ किस मंदिर को 'ब्लैक पगोडा' के नाम से भी जाना जाता है? — **सूर्य मंदिर, कोणार्क**

☞ राष्ट्रकूट वंश का संस्थापक कौन था? — **दंतिदुर्ग**

☞ राजस्थान के माउंट आबू का दिलवाड़ा मंदिर किसके लिए समर्पित है? — **जैन तीर्थंकर**

☞ कौन-से दो प्रमुख शहर चाहमानों के नियंत्रण में थे? — **दिल्ली तथा अजमेर**

☞ परमार, चालुक्य, प्रतिहार एवं चंदेल में से किस राजपूत वंश का संबंध अग्निकुल से नहीं है? - **चंदेलों का**

☞ सूर्य मंदिर कौन-से राज्य में स्थित है? — **ओडिशा**

☞ राजा हर्ष ने अपनी राजधानी_____से_____स्थानांतरित की थी। — **थानेश्वर, कन्नौज**

☞ विक्रमशिला विश्वविद्यालय के संस्थापक कौन थे? — **धर्मपाल**

☞ भारत के किस क्षेत्र में 'कामरूप' एक प्राचीन नाम है? — **असम**

☞ कंबोडिया में स्थित अंकोरवाट का सुप्रसिद्ध विष्णु मंदिर किसने बनवाया था? — **सूर्यवर्मन II**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'हर्षचरित' के लेखक कौन थे?**

(a) बाणभट्ट (b) अमर सिंह
(c) कालिदास (d) हरिसेण

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

बाणभट्ट, **हर्षवर्धन** के दरबारी कवि थे। **हर्षचरित** तथा **कादंबरी** इनकी प्रमुख कृतियां हैं। 'हर्षचरित', वर्धन इतिहास का सर्वप्रमुख स्रोत है। इसे ऐतिहासिक विषय पर गद्य काव्य लिखने का प्रथम सफल प्रयास कहा जा सकता है।

**2. एक महान रोमानी नाटक कादंबरी का लेखक था?**

(a) बाणभट्ट (b) हर्षवर्धन
(c) भास्करवर्धन (d) बिंदुसार

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही मेल नहीं खाता?**

(a) विक्रमादित्य-चैतन्य (b) हर्षवर्धन-ह्वेनसांग
(c) चाणक्य-चंद्रगुप्त (d) अकबर-टोडरमल

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासनकाल में उसकी राजधानी कन्नौज आया था। चाणक्य अथवा कौटिल्य (विष्णुगुप्त) चंद्रगुप्त मौर्य का गुरु व प्रधानमंत्री था। टोडरमल अकबर का राजस्व मंत्री/अधिकारी था जबकि चैतन्य बंगाल के शासक हुसैन शाह के समकालीन थे।

**4. 13वीं शताब्दी में राजस्थान के माउंट आबू में प्रसिद्ध दिलवाड़ा मंदिर किसने बनवाया था?**

(a) महेंद्रपाल (b) महिपाल

(c) राज्यपाल (d) तेजपाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

13वीं शताब्दी में राजस्थान के माउंट आबू में प्रसिद्ध दिलवाड़ा मंदिर गुजरात के बघेलवंशीय शासक वीरधवल के दो मंत्रियों, वास्तुपाल एवं तेजपाल ने बनवाया था। यह मंदिर जैनियों को समर्पित है।

**5. खजुराहो मंदिरों का निर्माण किसने किया था?**

(a) होल्कर (b) सिंधिया

(c) बुंदेला राजपूत (d) चंदेल राजपूत

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित 'खजुराहो' मंदिर-समूहों के लिए अति प्रसिद्ध है। इन मंदिरों का निर्माण 10वीं से 12वीं सदी में चंदेल शासकों के शासनकाल में हुआ। यहां 85 मंदिरों के निर्माण का उल्लेख मिलता है, किंतु वर्तमान में लगभग 30 मंदिर ही शेष हैं। ये मंदिर हिंदू (वैष्णव, शैव, शाक्त) एवं जैन धर्म से संबंधित हैं।

**6. मध्य प्रदेश में खजुराहो समूह के स्मारकों में किस धर्म/धर्मों के मंदिर हैं?**

(a) केवल हिंदू (b) केवल जैन

(c) हिंदू तथा जैन दोनों (d) न ही हिंदू न ही जैन

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

खजुराहो में 85 मंदिरों के निर्माण का उल्लेख मिलता है। ये मंदिर चंदेल शासकों द्वारा बनवाए गए। ये मंदिर हिंदू (वैष्णव, शैव, शाक्त) एवं जैन धर्म से संबंधित हैं।

**7. निम्न में से किस प्रतिहार राजा ने 'प्रमाण' की उपाधि ली थी?**

(a) मिहिर भोज (b) वत्सराज

(c) रामभोज (d) नागभट्ट द्वितीय

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 8 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

रामभद्र का पुत्र और उत्तराधिकारी मिहिरभोज प्रथम (836-885 ई.) प्रतिहार वंश का सर्वाधिक महत्वपूर्ण शासक हुआ। उसने लगभग 50 वर्षों तक शासन किया। भोज वैष्णव धर्मानुयायी था तथा उसने 'आदिवराह' एवं 'प्रभास' जैसी उपाधियां धारण की थीं। चूंकि प्रश्न में 'प्रमाण' शब्द पूछा गया है जो त्रुटिपूर्ण प्रतीत होता है उसका सही वाक्य 'प्रभास' ही होगा।

**8. मिहिर भोज राजपूतों के किस कुल से संबंधित है?**

(a) प्रतिहार (b) राठौर

(c) चौहान (d) परमार

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या

**9. प्रतिहार वंश का महानतम राजा कौन था?**

(a) वत्सराज (b) नागभट्ट II

(c) भोज (मिहिरभोज) (d) दंतिदुर्ग

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. ह्वेनसांग किसके शासनकाल के दौरान भारत आया था?**

(a) चंद्रगुप्त प्रथम (b) चंद्रगुप्त द्वितीय

(c) हर्षवर्धन (d) रुद्रदमन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग लगभग 630-643 ई. के मध्य हर्षवर्धन के शासनकाल के दौरान भारत आया था। ह्वेनसांग की भारत यात्रा का वृत्तांत उसकी रचना सी-यू-की तथा उसके मित्र ह्वीली द्वारा रचित ह्वेनसांग की जीवनी से प्राप्त होता है। ह्वेनसांग के विवरण से तत्कालीन भारत के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक और प्रशासकीय पक्ष की जानकारी प्राप्त होती है। ह्वेनसांग कन्नौज की धर्मसभा का अध्यक्ष था तथा उसने प्रयाग के छठें महामोक्षपरिषद में भाग लिया था।

**11. उस चीनी यात्री का नाम क्या था जो हर्षवर्धन के दरबार में आया था?**

(a) ह्वेनसांग (b) इत्सिंग

(c) फाह्यान (d) यूविली

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. किसके शासनकाल में ह्वेनसांग भारत आया था?**

(a) जलाऊद्दीन (b) हर्षवर्धन

(c) जहांगीर (d) पाण्ड्य

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. 'प्रिंस ऑफ पिलग्रिम्स' नाम किसे प्रदान किया गया था?**

(a) फाह्यान (b) इत्सिंग

(c) ह्वेनसांग (d) मेगस्थनीज

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

हर्ष के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग को 'प्रिंस ऑफ पिलग्रिम्स' (तीर्थ यात्रियों का राजकुमार) कहा जाता है।

**14. हर्षवर्धन को किसने पराजित किया था?**

(a) प्रभाकर वर्धन (b) पुलकेशिन II

(c) नरसिंह वर्मन पल्लव (d) शशांक

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

हर्षवर्धन को दक्षिण भारत के शासक पुलकेशिन II (चालुक्य वंश) ने नर्मदा नदी के किनारे हराया था।

**15. हर्षवर्धन का समकालीन दक्षिण भारतीय शासक कौन था?**

(a) कृष्णदेवराय (b) पुलकेशिन II

(c) मयूरवर्मा (d) चिक्कादेवराज वोडेयार

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

हर्षवर्धन का समकालीन दक्षिण भारतीय शासक चालुक्य वंश का पुलकेशिन द्वितीय था। इसने हर्षवर्धन को पराजित किया।

**16. हर्षवर्धन की आरंभिक राजधानी कहां थी?**

(a) प्रयाग (b) कन्नौज

(c) थानेश्वर (d) मथुरा

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

हर्षवर्धन की आरंभिक राजधानी 'थानेश्वर' में थी। 605 ई. में हर्षवर्धन के पिता प्रभाकरवर्धन की मृत्यु हो गई। हर्षवर्धन शासक बना और 606 ई. में अपनी राजधानी कन्नौज बनाई और इस उपलक्ष्य में हर्ष संवत् प्रारंभ किया। अतः अभीष्ट विकल्प (c) होगा।

**17. संस्कृत नाटक 'नागानंद' की रचना किस शासक द्वारा की गई थी?**

(a) प्रभाकरवर्धन (b) हर्षवर्धन

(c) चंद्रगुप्त द्वितीय (d) बिंदुसार

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

हर्ष को संस्कृत के तीन नाटक ग्रंथों का रचयिता माना जाता है- प्रियदर्शिका, रत्नावली तथा नागानंद। नागानंद बौद्ध धर्म से प्रभावित रचना है, इसमें पांच अंक हैं। प्रियदर्शिका चार अंकों का नाटक है, जिसमें वत्सराज उदयन के अंतःपुर की प्रणय कथा का वर्णन हुआ है। रत्नावली में भी चार अंक हैं तथा यह नाटक वत्सराज उदयन तथा उसकी रानी वासवदत्ता की परिचारिका नागरिका की प्रणय कथा का बड़ा ही रोचक वर्णन है।

**18. निम्नलिखित मध्यकालीन यात्रियों का उनके देशों के साथ मिलान करिए—**

| | |
|---|---|
| **A. मार्कोपोलो** | **1.स्पेन** |
| **B. इब्नबतूता** | **2.बल्ख** |
| **C. एन्टोनियो मोनसेरेट** | **3. इटली** |
| **D.महमूद वली बाल्खी** | **4. मोरक्को** |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

सही सुमेलित हैं—

| | | |
|---|---|---|
| मार्कोपोलो | — | इटली |
| इब्नबतूता | — | मोरक्को |
| एन्टोनियो मोनसेरेट | — | स्पेन |
| महमूद वली बाल्खी | — | बल्ख |

**19. भारत में नालंदा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?**

(a) बंगाल (b) बिहार

(c) उड़ीसा (d) उत्तर प्रदेश

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन काल में शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र था। नालंदा वर्तमान बिहार राज्य में अवस्थित है।

20. शृंगेरी, बद्रीनाथ, द्वारका और पुरी में चार 'मठ' स्थापित किए गए थे -

(a) रामानुज द्वारा (b) अशोक द्वारा

(c) आदि शंकराचार्य द्वारा (d) माधव विद्यारण्य द्वारा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

आदि शंकराचार्य ने देश की चारों दिशाओं- उत्तर में 'बद्रीनाथ', दक्षिण में 'शृंगेरी', पूर्व में 'पुरी' तथा पश्चिम में 'द्वारका' में प्रसिद्ध मठों की स्थापना की।

21. नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट करने वाला मुस्लिम आक्रमणकारी था—

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) मुहम्मद बिन तुगलक

(c) मुहम्मद बिन बख्तियार (d) मुहम्मद बिन कासिम

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

नालंदा और विक्रमशिला के विश्वविद्यालयों को मुस्लिम आक्रमणकारी, मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी द्वारा नष्ट किया गया था।

22. 738 ईस्वी में अरबों को पराजित किया था—

(a) प्रतिहारों ने (b) राष्ट्रकूटों ने

(c) पालों ने (d) चालुक्यों ने

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

738 ई. में 'राजस्थान का युद्ध' हुआ था। इस युद्ध में प्रतिहार राजा नागभट्ट प्रथम के नेतृत्व में राजपूतों का एक संघ बना था। राजपूतों के इस संघ ने जुनैद इब्न अब्दुर-रहमान-अल-मारी के नेतृत्व वाली अरब सेना को हराया था।

23. सांची का महान स्तूप है—

(a) उत्तर प्रदेश में (b) मध्य प्रदेश में

(c) अरुणाचल प्रदेश में (d) आंध्र प्रदेश में

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

'सांची' मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है। इस स्तूप को सम्राट अशोक ने बनवाया था। प्रारंभ में यह ईंट निर्मित था, तत्पश्चात शुंग शासकों द्वारा इसका विस्तार पाषाण शिलाओं से किया गया। स्तूप का व्यास लगभग 40 मीटर और ऊंचाई 16.50 मीटर है। इसके एक ओर जंगले एवं तोरण द्वार आंध्र सातवाहन युग में बनाए गए।

24. कोणार्क का सूर्य मंदिर किसने बनवाया था?

(a) अनंतवर्मन चोडगंगा देव

(b) नरसिंहदेव प्रथम

x(c) कपिलेंद्र देव राउतरे

(d) पुरुषोत्तम देव

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

पुरी स्थित कोणार्क का विशाल सूर्यदेव का मंदिर **नरसिंह देववर्मन प्रथम चोडगंग** ने बनवाया था। यह मंदिर 13वीं शताब्दी का है। इस मंदिर के चारों ओर पत्थर के तराशे हुए बारह पहिए लगाए गए हैं और सूर्य के रथ का पूरा आभास देने के लिए चबूतरे के सामने जो सीढ़ियां हैं, उनसे सात अश्वों की स्वतंत्र मूर्तियां लगी हैं, मानो कि ये सातों घोड़े रथ को खींच रहे हों। कोणार्क के सूर्य मंदिर को 'काला पैगोडा' (Black Pagoda) भी कहा जाता है।

25. 'गीत गोविंद' के रचयिता कौन हैं?

(a) विद्यापति (b) जयदेव

(c) वेद व्यास (d) विष्णु शर्मा

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

'गीत गोविंद' के रचयिता जयदेव बंगाल के अंतिम सेन शासक लक्ष्मण सेन के आश्रित महाकवि थे। इसे गीतिकाव्य कहना ज्यादा उचित होगा। इसमें 12 सर्ग हैं तथा प्रत्येक सर्ग गीतों से समन्वित है।

26. .........सबसे पहले तोमर राजपूतों के काल में राजधानी बनी।

(a) दिल्ली (b) पाटलिपुत्र

(c) कलकत्ता (d) तक्षशिला

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

तोमर उत्तर पश्चिम भारत का एक राजवंश था। तोमरों का मानना था कि वे चंद्रवंशी हैं। तोमरों ने अपनी प्रथम राजधानी दिल्ली को बनाया, जिसे तोमर **दिहिलिका** के नाम से पुकारते थे।

27. दिद्दा नाम की रानी ने भारत के किस भाग पर 980-1003 ई. तक शासन किया?

(a) अवध (b) कश्मीर

(c) सिंध (d) बंगाल

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

महारानी दिद्दा (980-1003 ई.) कश्मीर की महारानी थीं। महारानी दिद्दा लोहार वंश के राजा सिंहराज की पुत्री और काबुल के हिंदू शाही भीम शाही की पौत्री थीं।

# मध्यकालीन भारत

## ❑ प्रारंभिक मध्य काल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ अलबरुनी द्वारा अरबी में लिखित किताब जिसमें उपमहाद्वीप का लेखा-जोखा मिलता है, का नाम _____ था।
**— किताब - अल हिंद**

☞ तराईन का युद्ध _____ वर्ष में लड़ा गया था? **— 1191**

☞ तराईन का युद्ध पृथ्वीराज चौहान और _____ के बीच लड़ा गया था। **— मुहम्मद गोरी**

☞ 1192 ई. में पृथ्वीराज III को पराजित करने वाला सुल्तान मुहम्मद गोरी —— का शासक था। **— अफ़गानिस्तान**

☞ अलबरुनी, फाह्यान, सुआन जांग तथा इत्सिंग में से कौन भारत में एक चीनी तीर्थयात्री नहीं था? **— अलबरुनी**

☞ 1191 ई. में सुल्तान मोहम्मद गोरी को पराजित करने वाले सबसे प्रसिद्ध चहवान या चौहान शासक कौन थे?
**— पृथ्वीराज III**

☞ उपमहाद्वीप का लेख लिखने का कार्य गजनी के सुल्तान महमूद द्वारा किस विद्वान को सौंपा गया था?
**— अलबरुनी को**

☞ चचनामा में कौन-सी विजय के इतिहास का रिकॉर्ड है?
**— अरबों द्वारा सिंध विजय**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. सिंध पर विजय प्राप्त करने वाले अरब सेना के सेनापति का नाम बताइए-**

(a) अल-हजाज (b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) मुहम्मद-बिन-कासिम

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

भारत पर पहली बार आक्रमण करने वाले अरब मुस्लिम थे। 712 ई. में मुहम्मद-बिन-कासिम द्वारा भारत पर आक्रमण किया गया था, जो अरब का निवासी था। इस समय सिंध का शासक दाहिर था, जिसे मुहम्मद-बिन-कासिम ने हराया था।

**2. सुल्तान महमूद कहां का शासक था?**

(a) पारस (b) गजनी
(c) लाहौर (d) अरब

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर—(b)**

महमूद ग़ज़नवी यामीनी वंश का तुर्क सरदार **ग़ज़नी** के शासक सुबुक्तगीन का पुत्र था। महमूद गजनवी (गजनी) ने भारत पर 17 बार आक्रमण किए।

**3. तराइन की दूसरी लड़ाई में पृथ्वीराज को किसने पराजित किया था?**

(a) महमूद गजनवी
(b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) मुहम्मद गोरी
(d) अलाउद्दीन खिलजी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

तराइन की पहली लड़ाई 1191 ई. में मुहम्मद गोरी और पृथ्वीराज चौहान के बीच हुई थी। इसी मैदान पर दूसरी लड़ाई इनके बीच 1192 ई. में हुई। प्रथम युद्ध में पृथ्वीराज विजयी रहे, जबकि द्वितीय युद्ध में मुहम्मद गोरी की विजय हुई।

**4. पृथ्वीराज चौहान को मुहम्मद गोरी ने किस युद्ध में हराया था?**

(a) तराइन, 1191 ई. में (b) तराइन, 1192 ई. में
(c) चंदावर, 1193 ई. में (d) रणथंभौर, 1195 ई. में

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. किस लड़ाई ने मुहम्मद गोरी के लिए दिल्ली क्षेत्र खोल दिया?**

(a) तराइन की पहली लड़ाई
(b) तराइन की दूसरी लड़ाई
(c) खानवा की लड़ाई
(d) पानीपत की पहली लड़ाई

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

1192 ई. में लड़े गए तराइन के द्वितीय युद्ध ने मुहम्मद गोरी के लिए दिल्ली क्षेत्र खोल दिया। इस युद्ध में मुहम्मद गोरी ने इस क्षेत्र पर शासन करने वाले पृथ्वीराज चौहान को पराजित कर इस क्षेत्र पर अधिकार कर लिया।

6. **तराइन का द्वितीय युद्ध__________ के बीच लड़ा गया था।**
   (a) सिकंदर तथा पोरस
   (b) जयचंद तथा मुहम्मद गोरी
   (c) अकबर तथा हेमू
   (d) मुहम्मद गोरी तथा पृथ्वीराज चौहान

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III - पाली)**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

7. **निम्नलिखित में से किस राजपूत राजा ने मुहम्मद गोरी को पहली बार हराया था?**
   (a) पृथ्वीराज तृतीय (b) बघेल भीम
   (c) जयचंद्र (d) कुमारपाल

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

मुहम्मद गोरी को पहली बार अन्हिलवाड़ के शासक भीम द्वितीय ने 1178 ई. में हराया था।

8. **निम्नलिखित में से किसका मिलान सही किया गया है?**

| व्यक्ति | | घटना |
|---|---|---|
| 1. सुल्तान महमूद | - | सोमनाथ को लूटना |
| 2. मुहम्मद गोरी | - | सिंध पर विजय |
| 3. अलाउद्दीन खिलजी | - | बंगाल में विद्रोह |
| 4. मुहम्मद-बिन-तुगलक | - | चंगेज खान का आक्रमण |

   (a) 1 और 3 (b) केवल 2
   (c) केवल 1 (d) 2 और 4

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

सुल्तान महमूद गजनवी द्वारा सोमनाथ की लूट की गई थी। अन्य सभी विकल्पों का सुमेलन सही नहीं है। अतः अभीष्ट विकल्प (c) सही उत्तर है।

## ❑ सल्तनत काल

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ किस विश्व विरासत स्थल में इल्तुतमिश की कब्र है। **— कुतुबमीनार परिसर में**

☞ चांदी का सिक्का 'टंका' किसने चलाया था? **— इल्तुतमिश ने**

☞ लौह स्तंभ कहां स्थित है? **— कुतुबमीनार भवन समूह में**

☞ अलाई दरवाजा किस विश्व विरासत स्थल में है? **— कुतुबमीनार में**

☞ कुतुबमीनार .......... में स्थित है। **— दिल्ली**

☞ अलाउद्दीन खिलजी का पहला सैन्य अभियान गुजरात, रणथंभौर, देवगिरि, चित्तौड़ में से किस क्षेत्र के विरुद्ध हुआ था? **- रणथंभौर के**

☞ तैमूर ने किसके शासनकाल में भारत पर आक्रमण किया था? **- नासिरुद्दीन महमूद शाह के**

☞ लैला मजनू, नूह सिपिहर, आशिका, तूतीनामा में से कौन-सी रचना अमीर खुसरो की नहीं मानी जाती है।**- तूतीनामा**

☞ मीर हसन देहलवी निम्न में से किसके दरबार में था? **- अलाउद्दीन खिलजी के**

☞ कुतुबुद्दीन ऐबक, ग्यासुद्दीन बलबन, शमसुद्दीन इल्तुतमिश तथा रज़िया को अपने शासनकाल की अवधि के अनुसार सही क्रम में व्यवस्थित करें। **— कुतुबुद्दीन ऐबक, शमसुद्दीन इल्तुतमिश, रज़िया, ग्यासुद्दीन बलबन**

☞ रज़िया सुल्तान किस शासक की पुत्री थी? **— शम्सुद्दीन इल्तुतमिश**

☞ किसने कहा था, ''हुनुज दूर अस्त'' (दिल्ली अभी दूर) है? **— निजामुद्दीन औलिया ने**

☞ किस सुल्तान ने अपनी राजधानी को दिल्ली से दौलताबाद में बदला था? **- मुहम्मद तुगलक ने**

☞ चौदहवीं सदी का यात्री इब्नबतूता किस जगह से भारत आया था? **- मोरक्को से**

☞ सल्तनत के इतिहास में पहली बार मंगोल क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए दिल्ली के किस सुल्तान ने एक अभियान की योजना बनाई थी? **- मुहम्मद तुगलक ने**

☞ इलाही दरवाजा दिल्ली स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद के प्रांगण के लिए एक ________ है। **— प्रवेश द्वार**

☞ तुगलक राजवंश, लोदी राजवंश, सैयद तथा खिलजी वंश को अपने शासन की अवधि के अनुसार सही क्रम में व्यवस्थित करें।**— खिलजी वंश, तुगलक वंश, सैयद तथा लोदी वंश**

☞ ............के नेतृत्व में मंगोलों ने 1219 ई. में उत्तर-पूर्वी ईरान में ट्रांसऑक्सियाना पर हमला किया। **— चंगेज खां**

☞ अलाउद्दीन खिलजी ने खराज, कनकूत, घरी एवं जकात में से किस कर की शुरुआत की थी? **-घरी**

☞ हौज खास किला किस भारतीय शहर में स्थित है
— **दिल्ली में**

☞ पोलो या चौगान खेलते समय किस सुल्तान की मृत्यु हुई?
— **कुतुबुद्दीन ऐबक**

☞ प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो, अलाउद्दीन खिलजी, गयासुद्दीन तुगलक, इल्तुतमिश तथा जलालुद्दीन खिलजी में से किस एक को छोड़कर बाकी सबके सम-सामयिक थे?
— **इल्तुतमिश**

☞ अमीर खुसरो कौन थे? — **कवि**

☞ खिज्र खां ने कौन-से राजवंश का प्रारंभ किया था?
— **सैय्यद**

☞ दिल्ली सल्तनत की राजकीय भाषा क्या थी? — **फारसी**

☞ कुतुबमीनार के पास स्थित महरौली पिलर प्राथमिक रूप से किस कारण प्रसिद्ध है?
— **उत्कृष्ट गुणवत्ता की इस्पात के कारण**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. दिल्ली सुल्तान का शासन कब प्रारंभ हुआ?**

(a) 1106 ईसवी (b) 1206 ईसवी
(c) 1306 ईसवी (d) 1406 ईसवी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

दिल्ली सल्तनत का शासन 1206 ई. से शुरू होता है। इस वर्ष मुहम्मद गोरी की मृत्यु के पश्चात कुतुबुद्दीन ऐबक का औपचारिक राज्यारोहण लाहौर में किया गया। यह दिल्ली का पहला तुर्क शासक था। इसे भारत में तुर्की राज्य और दिल्ली सल्तनत का संस्थापक माना जाता है।

**2. निम्नलिखित में से किसने दिल्ली की सल्तनत पर राज नहीं किया था?**

(a) गुलाम वंश (b) सैयद वंश
(c) खिलजी वंश (d) गोरी वंश

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

दिल्ली सल्तनत का काल 1206 ई. से 1526 ई. तक के काल को माना जाता है जिसमें मुख्यतः गुलाम वंश, खिलजी वंश, तुगलक वंश, सैयद वंश एवं लोदी वंश थे, जबकि गोर वंश का संस्थापक मुहम्मद गोरी की मृत्यु 1206 ई. में हो गई थी अतः स्पष्ट है कि गोर वंश ने कभी दिल्ली पर राज नहीं किया।

**3. अजमेर में ढाई दिन का झोपड़ा किसने बनवाया था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) बलबन (d) मुहम्मद-बिन-तुगलक

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

अजमेर में अढ़ाई या ढाई दिन का झोपड़ा नामक मस्जिद कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाया था। यह संस्कृत विद्यालय के स्थान पर बनाया गया था। कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा बनवाई गई अन्य इमारतें 'कुब्बत-उल-इस्लाम' व कुतुबमीनार हैं।

**4. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार रखें—**

**1. तुगलक** **2. लोदी**
**3. सैयद** **4. इल्बारी**
**5. खिलजी**

(a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 5, 4, 3, 2, 1
(c) 2, 4, 5, 3, 1 (d) 4, 5, 1, 3, 2

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

इल्बारी तुर्क (1210-1266 ई.), खिलजी वंश (1290-1320 ई.), तुगलक वंश (1320-1414 ई.), सैयद वंश (1414-1451 ई.), लोदी वंश (1451-1526 ई.)।

**5. किस शताब्दी में, दिल्ली का कुतुबमीनार बनाया गया था?**

(a) 12वीं शताब्दी (b) 13वीं शताब्दी
(c) 14वीं शताब्दी (d) 11वीं शताब्दी

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

कुतुबमीनार के निर्माण का प्रारंभ कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.) ने किया एवं यह इल्तुतमिश (1210-1236 ई.) के कार्यकाल में पूरा हुआ। प्रसिद्ध सूफी ख्वाजा कुतुबुद्दीन बख्तियार काकी के नाम पर इसका नाम 'कुतुबमीनार' रखा गया। अतः निर्माण वर्ष के अनुसार, यह 13वीं शताब्दी में बनवाया गया। फिरोजशाह तुगलक के शासनकाल में इसकी चौथी मंजिल को काफी हानि पहुंची थी, जिस पर फिरोज ने चौथी मंजिल के स्थान पर दो और मंजिलों का भी निर्माण करवाया।

**6. कुतुबमीनार किस प्रसिद्ध शासक ने पूरा किया था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) इल्तुतमिश
(c) फिरोजशाह तुगलक (d) अलाउद्दीन खिलजी

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. दिल्ली के सुल्तान का पद संभालने से पहले बलबन किस सुल्तान का प्रधानमंत्री था?**

(a) नासिरुद्दीन (b) कुतुबुद्दीन ऐबक

(c) बहराम शाह (d) अराम शाह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

दिल्ली के सुल्तान का पद संभालने से पहले बलबन, नासिरुद्दीन महमूद का प्रधानमंत्री था। नासिरुद्दीन ने बलबन को 'उलूग खां' की उपाधि प्रदान की थी। 1266 ई. में नासिरुद्दीन की मृत्यु के बाद बलबन उसका उत्तराधिकारी बना, क्योंकि नासिरुद्दीन का कोई पुत्र नहीं था।

**8. निम्नलिखित में से दिल्ली का पहला प्रभुता संपन्न सुल्तान कौन था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) बलबन

(c) अलाउद्दीन खिलजी (d) इल्तुतमिश

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

कुतुबुद्दीन ऐबक को भारत में 'तुर्की राज्य का संस्थापक' माना जाता है। सिंहासन पर बैठने पर उसने 'सुल्तान' की उपाधि नहीं ग्रहण की, बल्कि केवल 'मलिक' और 'सिपहसालार' की पदवियों से ही संतुष्ट रहा। ऐबक ने न अपने नाम का खुतबा पढ़वाया और न ही अपने नाम के सिक्के चलाए, बाद में गोरी के उत्तराधिकारी गयासुद्दीन ने उसे सुल्तान स्वीकार किया। ऐबक ने 1206 ई. से 1210 ई. तक लगातार लाहौर से शासन का संचालन किया। लाहौर ही उसकी राजधानी थी। कुतुबुद्दीन का दामाद व उत्तराधिकारी इल्तुतमिश इल्बारी तुर्क था। इल्तुतमिश ही दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक था। इस प्रकार दिल्ली का पहला प्रभुता संपन्न सुल्तान इल्तुतमिश था।

**9. दिल्ली सल्तनत का उद्धारक कौन था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) मिनास-उस-सिराज

(c) इल्तुतमिश (d) गयासुद्दीन बलबन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

दिल्ली सल्तनत का उद्धारक इल्तुतमिश को माना जाता है। हालांकि सल्तनत का प्रथम शासक कुतुबुद्दीन ऐबक (1206-1210 ई.) था, किंतु दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक इल्तुतमिश (1210-1236 ई.) था, क्योंकि दिल्ली सल्तनत की शाही संरचना के प्रमुख अंगो-इक्ता प्रणाली, सैन्य व्यवस्था और मुद्रा प्रणाली को सुव्यवस्थित करने का श्रेय इल्तुतमिश को दिया जाता है। इसके साथ ही इल्तुतमिश ने ही सर्वप्रथम लाहौर के स्थान पर दिल्ली को अपनी राजधानी बनाया। के.ए. निजामी के अनुसार, ''इल्तुतमिश ने दिल्ली सल्तनत को एक व्यक्तित्व, एक पद, एक प्रेरणाशक्ति, एक दिशा, एक शासन व्यवस्था और शासक-वर्ग प्रदान किया''।

**10. नियमित मुद्रा जारी करने वाला और दिल्ली को अपने साम्राज्य की राजधानी घोषित करने वाला दिल्ली का प्रथम सुल्तान कौन था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) आलम शाह

(c) बलबन (d) इल्तुतमिश

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. चंगेज़ खान ने जलालुद्दीन का पीछा करते हुए, किसके शासनकाल में भारत की सीमाओं पर आक्रमण किया था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) इल्तुतमिश

(c) बलबन (d) नासिरुद्दीन खुसरो

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

मंगोल आक्रमणकारी चंगेज़ खान ने ख्वारिज्म शाह के पुत्र जलालुद्दीन मंगबर्नी का पीछा करते हुए इल्तुतमिश के शासनकाल में 1220-21 ई. में सिंध पर आक्रमण किया था, परंतु इल्तुतमिश द्वारा मंगबर्नी की कोई सहायता न किए जाने और 1224 ई. में मंगबर्नी के वापस चले जाने से भारत पर मंगोल आक्रमण का भय टल गया।

**12. निम्न में से किसको शक्तिशाली नोबलों के एक समूह 'चिहालगानी' के विनाश का श्रेय दिया गया था?**

(a) इल्तुतमिश (b) रज़िया सुल्तान

(c) बलबन (d) कुतुबुद्दीन ऐबक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

बलबन (1266-1287 ई.) ने इल्तुतमिश द्वारा स्थापित चालीस तुर्की सरदारों के दल (चिहालगानी) को समाप्त किया।

**13. प्रसिद्ध फारसी त्योहार नौरोज का प्रवर्तन किसने किया?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) इल्तुतमिश

(c) फिरोज़ तुगलक (d) बलबन

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

प्रसिद्ध फारसी त्योहार नौरोज़ का प्रवर्तन बलबन द्वारा किया गया था। बलबन ने अपनी प्रतिष्ठा तथा दरबारी शिष्टाचार बढ़ाने के लिए फारसी परंपराओं को अपनाया, जिसके तहत उसने दरबार में 'सिजदा' तथा 'पायबोस' की प्रथा प्रारंभ की और अपना संबंध फिरदौसी के शाहनामा में वर्णित 'अफराशियाब' से जोड़ा।

**14. चिहालगानी या फोर्टी के रूप में विख्यात तुर्की सामंतों की शक्ति को भंग करने वाला प्रथम दिल्ली सुल्तान कौन था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) बलबन

(c) इल्तुतमिश (d) रजिया

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

चिहालगानी या फोर्टी के रूप में विख्यात तुर्की सामंतों की शक्ति को भंग करने वाला पहला सुल्तान बलबन था। इल्तुतमिश द्वारा स्थापित 40 सामंतों के समूह का इल्तुतमिश की मृत्यु के बाद राजनीति में हस्तक्षेप बढ़ गया था। बलबन भी चिहालगानी का एक सदस्य था।

**15. रज़िया सुल्तान किसकी बेटी थीं?**

(a) अल्तमश (इल्तुतमिश) की

(b) कुतुबुद्दीन ऐबक की

(c) नासिरुद्दीन की

(d) बलबन की

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

रज़िया सुल्तान **गुलाम वंश** की शासिका थीं। वह उत्तर भारत की प्रथम मुस्लिम महिला शासिका थीं। वह इल्तुतमिश की पुत्री थीं। रज़िया पर्दा प्रथा त्याग कर पुरुषों की तरह चोगा एवं कुलाह पहनकर राजदरबार में खुले मुंह से जाती थीं। इन्होंने 1236-40 ई. तक शासन किया।

**16. भारत की प्रथम महिला शासक कौन थीं?**

(a) नूरजहां (b) रज़िया सुल्तान

(c) रानी रूद्रमा देवी (d) रानी दिद्दा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

मध्यकालीन भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान (1236-40 ई.) थीं। व्यक्तिगत दृष्टि से उसने भारत में पहली बार स्त्री के संबंध में इस्लाम की परंपराओं का उल्लंघन किया और राजनीतिक दृष्टि से उसने राज्य की शक्ति को सरदारों अथवा सूबेदारों में विभाजित करने के स्थान पर सुल्तान के हाथों में केंद्रित करने पर बल दिया तथा इस प्रकार उसने इल्तुतमिश के संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न राजतंत्र के सिद्धांत का समर्थन किया, जो उस समय की परिस्थितियों में तुर्की राज्य के हित में था।

**17. वे दो वंशज कौन थे, जिन्होंने खिलजी शासकों से तत्काल पहले और बाद में शासन किया था?**

(a) गुलाम तथा लोदी (b) सैयद तथा लोदी

(c) गुलाम तथा तुगलक (d) तुगलक तथा लोदी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

खिलजी शासकों (1290-1320 ई.) से पहले गुलाम वंश (1206-1290ई.) तथा खिलजी शासकों के बाद तुगलक वंश (1320-1412 ई.) का शासन था।

**18. दिल्ली के खिलजी सुल्तान थे?**

(a) मंगोल (b) अफ़गान

(c) तुर्क (d) एक जाट कबीला

**S.S.C Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

खिलजी मूलतः तुर्क थे, परंतु अफगानिस्तान में दीर्घकाल तक रहने के कारण उन्होंने उस देश की आदतों और रीति-रिवाजों को अपना लिया था। उनमें से कुछ मुहम्मद गोरी और महमूद गजनवी के सैनिकों के रूप में भारत आए। मध्य एशिया और अफगानिस्तान में मंगोलों की उथल-पुथल के फलस्वरूप इस जाति के अनेक लोग शरणार्थी के रूप में भारत आए। जातीय दृष्टि से खिलजी तुर्क थे।

**19. स्वयं को दूसरा सिकंदर (सिकंदर-ए-सानी) कहने वाला सुल्तान था—**

(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक (d) सिकंदर लोदी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

अलाउद्दीन खिलजी स्वयं को दूसरा सिकंदर (सिकंदर-ए-सानी) कहता था। यह खिलजी वंश का सबसे योग्य शासक था। इसने 'यामिन-उल-खिलाफत-नासिरी-उल-मोमिनीन' की उपाधि ग्रहण की थी।

**20. सल्तनत वंश की विशालतम स्थायी सेना, जिसका भुगतान सीधा राज्य द्वारा किया जाता था, बनाई थी—**

(a) इल्तुतमिश ने (b) अलाउद्दीन खिलजी ने

(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक ने (d) सिकंदर लोदी ने

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

अलाउद्दीन खिलजी ने अपने शासनकाल में सेना को नकद वेतन देने तथा स्थायी सेना रखने के साथ ही घोड़ा दागने एवं सैनिकों का हुलिया लिखने की प्रथा भी शुरू की।

**21. दक्षिण विजय करने का मिशन अलाउद्दीन खिलजी ने किसे सौंपा?**

(a) शाजी मलिक (b) खिज्र खान

(c) मलिक काफूर (d) उलूग खान

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

मदुरई, पांड्य राज्य की राजधानी थी। 1311 ई. में दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति के रूप में मलिक काफूर ने यहां आक्रमण किया। यहां का शासक वीर पांड्य राजधानी छोड़कर भाग गया। मदुरई तक पहुंचने वाला मलिक काफूर दिल्ली का प्रथम सेनापति था। इसने देवगिरि, वारंगल, काकतीय तथा मदुरा आदि राज्यों को विजित किया।

**22. बाजार विनियमन प्रणाली आरंभ की गई थी—**

(a) मुहम्मद-बिन-तुगलक द्वारा (b) इल्तुतमिश द्वारा

(c) अलाउद्दीन खिलजी द्वारा (d) गयासुद्दीन द्वारा

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

बाजार विनियमन प्रणाली, अलाउद्दीन खिलजी द्वारा आरंभ की गई थी। अलाउद्दीन के बाजार नियंत्रण की पूरी व्यवस्था का संचालन 'दीवान-ए-रियासत' नामक अधिकारी करता था।

**23. वह सुल्तान कौन था, जिसने खलीफा के अधिकार को मानने से इंकार कर दिया था?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) गयासुद्दीन खिलजी

(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक (d) कुतुबुद्दीन मुबारक

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

अलाउद्दीन खिलजी ने खलीफा के अधिकारों को मानने से इंकार कर दिया था, जबकि कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी ने स्वयं को खलीफा घोषित किया था। अलाउद्दीन खिलजी के बचपन का नाम 'अली गुरशास्प' था।

**24. निम्नलिखित में से किसे 'भारत का तोता' कहा जाता है?**

(a) हुसैन शाह (b) अमीर खुसरो

(c) बारबक शाह (d) नानक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

अमीर खुसरो को तूति-ए-हिंद अथवा 'भारत का तोता' कहा जाता है।

**25. निम्नलिखित में से, बलबन से लेकर गयासुद्दीन तुगलक तक, सभी सुल्तानों के संरक्षण का किसने उपभोग किया?**

(a) बदायूंनी (b) जियाउद्दीन बरनी

(c) अमीर खुसरो (d) इब्नबतूता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

अमीर खुसरो ने दिल्ली सल्तनत के शासक बलबन से लेकर गयासुद्दीन तुगलक तक सभी सुल्तानों का संरक्षण प्राप्त किया था। 1253 ई. में उत्तर प्रदेश के पटियाली कस्बे में जन्मे, अमीर खुसरो का मूल नाम अबुल हसन अमीर खुसरु था।

**26. किस कारण से मुहम्मद-बिन-तुगलक असफल व्यक्ति था?**

(a) वह विक्षिप्त था

(b) वह व्यावहारिक राजनेता नहीं था

(c) उसने राजधानी दूसरे शहर को बनाया

(d) उसने चीन के साथ युद्ध किया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

मुहम्मद-बिन-तुगलक को असफल व्यक्ति मानने का प्रमुख कारण यह है कि वह व्यावहारिक राजनेता नहीं था। वस्तुतः वह राजधानी परिवर्तन, प्रतीक मुद्रा आदि तत्कालीन रूप से अव्यावहारिक अनेक राजनीतिक प्रयोगों के कारण ही असफल शासक सिद्ध हुआ।

**27. वर्तमान दौलताबाद जहां मुहम्मद-बिन-तुगलक ने दिल्ली से राजधानी को स्थानांतरित किया था, किसके समीप स्थित है?**

(a) मैसूर (b) औरंगाबाद

(c) निज़ामाबाद (d) भोपाल

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

दौलताबाद महाराष्ट्र का एक नगर है। इसका प्राचीन नाम 'देवगिरि' है। यह औरंगाबाद जिले में स्थित है।

**28. भारत में चमड़े की प्रतीक मुद्रा किसने प्रारंभ की?**

(a) अकबर (b) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(c) बाबर (d) हुमायूं

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

भारत में चमड़े की प्रतीक मुद्रा, मुहम्मद-बिन-तुगलक ने प्रारंभ की थी।

**29. 'मनियरों का राजकुमार' किसे कहा जाता है?**

(a) इब्राहिम लोदी (b) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(c) बाबर (d) अकबर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

मुहम्मद-बिन-तुगलक को 'मनियरों का राजकुमार' कहा जाता है।

**30. ब्राह्मणों पर भी जजिया लगाने वाला दिल्ली सुल्तान कौन था?**

(a) फिरोज़ तुगलक (b) मुहम्मद तुगलक

(c) बलबन (d) अलाउद्दीन खिलजी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

ब्राह्मणों पर भी जजिया लगाने वाला दिल्ली का सुल्तान फिरोज़ तुगलक था। उसने हिंदुओं को 'जिम्मी' (इस्लाम स्वीकार न करने वाला) कहा। उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में सर्वप्रथम जजिया कर लगाने का श्रेय मुहम्मद गोरी को है।

**31. निम्नलिखित में से किस सुल्तान ने सती प्रथा रोकने का प्रयास किया?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी

(b) मुहम्मद-बिन-तुगलक

(c) जलालुद्दीन खिलजी

(d) फिरोज तुगलक

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

सती प्रथा को रोकने का प्रयास करने वाला दिल्ली सल्तनत का सुल्तान मुहम्मद-बिन-तुगलक था। वह होली में भी हिस्सा लेता था।

**32. यात्री इब्नबतूता कहां से आया था?**

(a) मोरक्को (b) फारस

(c) तुर्की (d) मध्य एशिया

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

इब्नबतूता, मोरक्को का निवासी था। विभिन्न देशों की यात्रा के बाद वह 1333 ई. में मुहम्मद-बिन-तुगलक के शासनकाल में भारत आया। सुल्तान ने इसे दिल्ली का काज़ी नियुक्त किया। 1342 ई. में मुहम्मद-बिन-तुगलक ने इसे अपने राजदूत के रूप में चीन भेजा। स्वदेश लौटने पर इसने **'रेहला'** नामक ग्रंथ में अपने यात्रा संस्मरणों का संकलन किया।

**33. इब्नबतूता किसके शासनकाल में भारत आया था?**

(a) इल्तुतमिश (b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) मुहम्मद-बिन-तुगलक (d) बलबन

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. कुतुबमीनार को जैसे हम आज उसे देखते हैं, अंततः पुनर्निर्माण किया गया था—**

(a) बलबन द्वारा (b) अलाउद्दीन खिलजी द्वारा

(c) सिकंदर लोदी द्वारा (d) फिरोज़ तुगलक द्वारा

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

कुतुबमीनार को जैसा आज हम देखते हैं, इस रूप में अंततः उसका पुनर्निर्माण फिरोज़ शाह तुगलक द्वारा कराया गया था।

**35. निम्नलिखित दिल्ली के सुल्तानों में से किसने उत्तर भारत में कई शहरों की स्थापना की?**

(a) बलबन (b) अलाउद्दीन खिलजी

(c) फिरोजशाह तुगलक (d) इब्राहिम लोदी

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

फिरोजशाह तुगलक दिल्ली सल्तनत में तुगलक वंश का शासक था। कहा जाता है कि फिरोजशाह तुगलक ने 300 नवीन नगरों का निर्माण कराया। उसके द्वारा बसाए नगरों में फतेहाबाद, हिसार, फिरोजपुर, जौनपुर और फिरोजाबाद प्रमुख थे।

**36. किस वंश के सुल्तानों ने सबसे अधिक समय तक शासन किया था?**

(a) खिलजी वंश (b) तुगलक वंश

(c) दास वंश (d) लोदी वंश

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली सल्तनत के वंशों एवं उनके शासन की अवधि क्रमानुसार है– | | |
| दास वंश | – | 1206–1290 ई. |
| खिलजी वंश | – | 1290–1320 ई. |
| तुगलक वंश | – | 1320–1414 ई. |
| सैयद वंश | – | 1414–1451 ई. |
| लोदी वंश | – | 1451–1526 ई. |

**37. नीचे दिए गए दिल्ली के सुल्तानों के वंशों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए–**

**1. खिलजी** **2. तुगलक**

**3. सैयद** **4. गुलाम**

(a) 4, 1, 3, 2 (b) 1, 4, 2, 3

(c) 1, 2, 3, 4 (d) 4, 1, 2, 3

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**38. भारत में तुगलक वंश के बाद कौन-सा वंश शासन में आता है?**

(a) गुप्त वंश (b) खिलजी वंश

(c) मुगल वंश (d) सैयद वंश

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

दिल्ली सल्तनत पर शासन करने वाला चौथा वंश 'सैयद वंश' था। इस वंश ने 1414 ई. से 1451 ई. तक शासन किया। उन्होंने 'तुगलक वंश' के बाद राज्य की स्थापना की।

**39. लोदी वंश का संस्थापक कौन था?**

(a) इब्राहिम लोदी (b) दौलत खान लोदी

(c) बहलोल लोदी (d) सिकंदर लोदी

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(c)**

लोदी वंश का संस्थापक बहलोल लोदी (1451-1489 ई.) था। उसने सैयद वंश के अंतिम शासक अलाउद्दीन आलमशाह को अपदस्थ कर दिल्ली का सिंहासन प्राप्त किया था।

**40. दिल्ली सल्तनत का राज्यकाल कब समाप्त हुआ?**

(a) 1498 ई. (b) 1526 ई.

(c) 1565 ई. (d) 1600 ई.

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

तराइन के द्वितीय युद्ध के पश्चात, मुहम्मद गोरी ने कुतुबुद्दीन ऐबक को भारतीय साम्राज्य का गवर्नर नियुक्त किया था। गोरी के मृत्यु के बाद 1206 ई. में दिल्ली सल्तनत की नींव पड़ी थी और फरगना शासक बाबर व दिल्ली सल्तनत के सुल्तान इब्राहिम लोदी के मध्य 21 अप्रैल, 1526 को पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ। जिसमें बाबर की विजय के साथ दिल्ली सल्तनत का अंत हो गया और मुगल वंश का साम्राज्य स्थापित हो गया।

**41. दिल्ली सल्तनत का अंतिम वंश क्या था?**

(a) गुलाम वंश (b) सैयद वंश

(c) खिलजी वंश (d) लोदी वंश

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(d)**

दिल्ली सल्तनत का अंतिम वंश लोदी था। इस वंश का संस्थापक बहलोल लोदी था जबकि अंतिम शासक इब्राहिम लोदी था।

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित है?**

(a) शमसे सिराज अफिफ - तारीख-ए-फिरोजशाही

(b) जियाउद्दीन बरनी - तारीख-ए-मुहम्मदी

(c) अमीर खुसरो - तबाकत-ए-नासिरी

(d) इब्नबतूता - फतवा-ए-जहांदारी

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

सही सुमेलन है-

| | | |
|---|---|---|
| शमसे सिराज अफिफ | - | तारीख-ए-फिरोजशाही |
| जियाउद्दीन बरनी | - | फतवा-ए-जहांदारी |
| अमीर खुसरो | - | किरान-उस-सादेन, आशिक, तुगलकनामा |
| इब्नबतूता | - | रेहला |

**43. निम्नलिखित का मिलान कीजिए–**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| **(A) तुगलकाबाद किला** | **1. अलाउद्दीन खिलजी** |
| **(B) लाल किला (दिल्ली का)** | **2. शाहजहां** |
| **(C) हौज़ खास** | **3. फिरोज़ शाह तुगलक** |
| **(D) द सिटी ऑफ़ सिरी** | **4. गयासुद्दीन तुगलक** |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(b)**

प्रश्न में दिए गए स्थापत्य और उनसे संबंधित शासकों का सुमेलन निम्नानुसार है–

| **स्थापत्य** | | **शासक** |
|---|---|---|
| तुगलकाबाद किला | – | गयासुद्दीन तुगलक |
| लाल किला (दिल्ली का) | – | शाहजहां |
| हौज़ खास | – | फिरोज़ शाह तुगलक |
| द सिटी ऑफ़ सिरी | – | अलाउद्दीन खिलजी |

**44. सल्तनत काल में निम्नलिखित में से किस कला की उन्नति सर्वाधिक हुई?**

(a) चित्रकला (b) स्थापत्य कला

(c) नृत्य कला (d) संगीत कला

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 14 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

सल्तनत काल में भारतीय स्थापत्य कला के क्षेत्र में जिस शैली का विकास हुआ वह भारतीय तथा इस्लामी शैलियों का सम्मिश्रण थी। इसलिए स्थापत्य कला की इस शैली को इंडो-इस्लामी शैली कहा गया। सल्तनत काल में स्थापत्य कला की सर्वाधिक उन्नति हुई। कुछ प्रमुख इमारतें निम्न हैं- कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद, अढ़ाई दिन का झोपड़ा, कुतुबमीनार, सुल्तानगढ़ी, सुल्तान बलबन का मकबरा, अलाई दरवाजा इत्यादि।

## ❑ सूफी और भक्ति आंदोलन

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ संत कबीर किसके शिष्य थे? **- रामानन्द के**

☞ सिख धर्म को किस शताब्दी में स्थापित किया गया था? **- 15-16वीं शताब्दी में**

☞ सूर सतसई, सूर सारावली, साहित्य लहरी, सूर सागर में से कौन-सा ग्रंथ सूरदास का नहीं है। **- सूर सतसई**

☞ संत रामानंद किस शाखा से संबद्ध थे? **- राममार्गी से**

☞ बंगाल के विख्यात संत चैतन्य किस शासक के समकालीन थे? **- अलाउद्दीन हुसैन शाह के**

☞ सूरदास ने अपनी रचनाओं में किस भाषा का प्रयोग किया है? **- ब्रज भाषा का**

☞ विख्यात संत वल्लभाचार्य किस शाखा से संबद्ध थे? **- कृष्णाश्रयी**

☞ अमीर खुसरो किसके शिष्य थे? **- निजामुद्दीन औलिया के**

☞ बंगाल में भक्ति आंदोलन का प्रवर्तक किसे माना जाता है **- चैतन्य को**

☞ रामचरितमानस के लिए तुलसीदास द्वारा किस भाषा का उपयोग किया गया था? **— अवधी**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. सूफी परंपरा में 'पीर' से क्या आशय है?**

(a) सर्वोच्च ईश्वर

(b) सूफियों का गुरु

(c) सभी सूफी संतों में सर्वश्रेष्ठ

(d) सूफियों की आस्थाओं के लिए लड़ने वाला परंपरावादी शिक्षक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

सूफी परंपरा में 'पीर' से आशय गुरु तथा 'मुरीद' से आशय शिष्य होता है। गुरु अथवा पीर एवं उसके शिष्यों अथवा मुरीदों के बीच का संबंध सूफी पंथ का एक महत्वपूर्ण भाग था।

**2. सूफी आंदोलन मूलतः कहां से प्रारंभ हुआ?**

(a) दिल्ली (b) लाहौर

(c) काबुल (d) फारस (पर्शिया)

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(d)**

दसवीं शताब्दी के बाद परंपरागत रूढ़िवादी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए इस्लाम धर्म का रहस्यवादी आंदोलन सूफी आंदोलन के नाम से प्रसिद्ध है। इस आंदोलन का सूत्रपात फारस (पर्शिया) में हुआ था, जिसे वर्तमान में ईरान कहा जाता है।

**3. सूफी आदेशों को किस नाम से जाना गया?**

(a) चिश्ती (b) औलिया

(c) सिलसिला (d) सुह्रवर्दी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

सूफी आदेशों को सिलसिला नाम से जाना गया।

**4. अमीर खुसरो एक संगीतज्ञ था और–**

(a) सूफी संत

(b) फ़ारसी तथा हिंदी का लेखक और विद्वान

(c) इतिहासकार

(d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(d)**

अमीर खुसरो सूफी संत, फारसी तथा हिंदी का लेखक और विद्वान के अलावा इतिहासकार भी था। अतः उपर्युक्त सभी विकल्प सत्य हैं।

5. निम्नलिखित में से किसे 'तोता-ए-हिंद' कहा गया है?

(a) जियाउद्दीन बरनी (b) रहीम खानखाना

(c) अमीर खुसरो (d) मलिक मुहम्मद जायसी

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

'तोता-ए-हिंद' अमीर खुसरो को कहा जाता है। अमीर खुसरो, अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी कवि थे, जो सितार व तबले के आविष्कारक माने जाते हैं।

**6. संस्थापकों (सूची-I) का भक्ति संप्रदायों (सूची-II) के साथ मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (A) शंकरदेव | 1. महानुभाव पंथ |
| (B) जगजीवन | 2. अलखनामी |
| (C) लालगिन या लालबेग | 3. सतनामी |
| (D) गोविंद प्रभु | 4. एक-शरण-धर्म |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

सही सुमेलित हैं–

| सूची I | | सूची II |
|---|---|---|
| शंकरदेव | – | एक-शरण-धर्म |
| जगजीवन | – | सतनामी |
| लालगिन या लालबेग | – | अलखनामी |
| गोविंद प्रभु | – | महानुभाव पंथ |

**7. सूफी संतों का मिलान सिलसिलों के साथ करें, जिनसे वे संबंधित थे। नीचे दिए गए कोड के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें–**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (A) शेख निज़ामुद्दीन औलिया | 1. क़ादिरी |
| (B) बहाउद्दीन ज़कारिया | 2. सुहरावर्दी |
| (C) मियां मीर | 3. चिश्तिया |
| (D) अहमद सरहिंदी | 4. नक्शबंदी |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(b)**

सही सुमेलित हैं-

| सूची I | | सूची II |
|---|---|---|
| शेख निज़ामुद्दीन औलिया | – | चिश्तिया |
| बहाउद्दीन ज़कारिया | – | सुहरावर्दी |
| मियां मीर | – | क़ादिरी |
| अहमद सरहिंदी | – | नक्शबंदी |

**8. अलवार संतों का आविर्भाव निम्नलिखित में से किस आधुनिक राज्य से हुआ?**

(a) तमिलनाडु (b) केरल

(c) कर्नाटक (d) महाराष्ट्र

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(a)**

पूर्व मध्य काल में दक्षिण भारत के तमिल क्षेत्र (तमिलनाडु) में भक्ति की दो संत धाराओं 'अलवार' (वैष्णव संत) एवं 'नयनार' (शैव संत) का विकास हुआ।

**9. भक्ति-प्रचारक शंकरदेव ने निम्न प्रादेशिक भाषाओं में किसका उपयोग करके, उसे लोकप्रिय बनाया था?**

(a) असमिया (b) बंग्ला

(c) बृज भाषा (d) अवधी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(a)**

शंकरदेव, असम के महानतम् धार्मिक सुधारक थे। इनका संदेश विष्णु या उनके अवतार कृष्ण के प्रति पूर्णभक्ति पर केंद्रित था। इन्होंने असमिया भाषा का प्रयोग बहुतायत में कर, उसे लोकप्रिय बनाया।

**10. शिवाजी के सम-सामयिक मराठा संत का नाम था–**

(a) संत ज्ञानेश्वर (b) नामदेव

(c) संत एकनाथ (d) संत तुकाराम

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(d)**

शिवाजी के सम-सामयिक मराठा संत तुकाराम एवं समर्थ गुरु रामदास थे। रामदास छत्रपति शिवाजी के गुरु थे।

11. **ऐनालेक्ट्स पवित्र ग्रंथ है—**

(a) शिंतो धर्म का

(b) टाओवाद (टाओ धर्म) का

(c) कन्फ़्यूशसवाद (कन्फ़्यूशियन धर्म) का

(d) यहूदी (जूडा) धर्म का

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

ऐनालेक्ट्स, कन्फ़्यूशसवाद (कन्फ़्यूशियन धर्म) का पवित्र ग्रंथ है।

## ❑ मध्यकालीन क्षेत्रीय राज्य

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ चारमीनार का निर्माण किसने किया था? **— मोहम्मद कुली कुतुबशाह ने**

☞ गोल गुम्बज़ किस सदी में बनाया गया था? **— 17वीं**

☞ चारमीनार भारत के किस शहर में स्थित है? **— हैदराबाद में**

☞ हम्पी में स्थित स्मारकों का समूह एक महत्वपूर्ण __________ केंद्र है। **— हिंदू**

☞ जोधपुर के किले का निर्माण किसने किया था? **— राव जोधाजी ने**

☞ किस किले को गोल्डन फोर्ट के नाम से भी जाना जाता है? **— जैसलमेर के किले को**

☞ प्रसिद्ध 'हवा महल' राजस्थान के किस शहर में है? **— जयपुर में**

☞ हवा महल किसने बनवाया था?**— महाराजा प्रताप सिंह ने**

☞ रणथंभौर का किला ___________ में है। **— राजस्थान**

☞ ___________ वास्तुकला खगोलीय उपकरणों का एक संग्रह है, जिसे महाराजा जयसिंह द्वितीय द्वारा बनाया गया था। **— जंतर-मंतर, दिल्ली**

☞ जंतर-मंतर _______ में है। **— राजस्थान**

☞ चांदबीबी _______ की शासिका थीं। **— अहमदनगर**

☞ चंद्रगिरी का किला 11वीं शताब्दी में बनाया गया एक ऐतिहासिक किला है। जो _______ में स्थित है। **— आंध्र प्रदेश**

☞ चित्तौड़गढ़ किला कहां है? **- राजस्थान में**

☞ इब्राहिम कुतुबशाह, इब्राहिम आदिलशाह-I, अकबर, मलिक अंबर में से किस मध्यकालीन शासक को 'जगत गुरु' कहा जाता था? **- इब्राहिम आदिलशाह-I को**

☞ बहमनी शासक ताजुद्दीन फिरोज ने विजयनगर के किस शासक की पुत्री से विवाह किया था? **- देवराय-I**

☞ बंगाल के किस शासक ने चीन के साथ संबंध स्थापित किया था? **- गयासुद्दीन आजमशाह ने**

☞ विजयनगर के किस शासक ने अपने साम्राज्य में पुर्तगालियों को चर्च बनाने की इजाजत दी थी? **- वेंकट द्वितीय ने**

☞ विजयनगर साम्राज्य का कौन-सा शासक पुर्तगाली गवर्नर अल्बुकर्क का मित्र था? **- कृष्णदेव राय**

☞ तालीकोटा के युद्ध के समय विजयनगर साम्राज्य में कौन-से राजवंश का राज था? **— तुलुव**

☞ कौन-से युद्ध से विजयनगर साम्राज्य का पतन हुआ? **— तालीकोटा युद्ध**

☞ गोल गुम्बज क्या है? **— मुहम्मद आदिलशाह का मकबरा**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

1. **'विजयनगर राज्य' की स्थापना किसने की थी?**

(a) तुलुव वंश ने (b) संगम वंश ने

(c) सालुव वंश ने (d) देवराय वंश ने

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

विजयनगर राज्य की स्थापना संगम वंशीय शासक हरिहर एवं बुक्का द्वारा 1336 ई. में की गई थी।

2. **विजयनगर के शासकों ने प्रोत्साहित किया—**

(a) हिंदी, मराठी और संस्कृत को

(b) मलयालम, तमिल और संस्कृत को

(c) तमिल, तेलुगू और संस्कृत को

(d) तेलुगू , उर्दू और संस्कृत को

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

विजयनगर के शासकों ने कन्नड़, तमिल, तेलुगू और संस्कृत को प्रोत्साहित किया था।

3. **गोवा के महत्वपूर्ण किले को बहमनियों से छीनने वाला प्रथम विजयनगर शासक कौन था?**

(a) हरिहर II (b) बुक्का I

(c) हरिहर I (d) देवराय II

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

गोवा को बहमनियों से सर्वप्रथम छीनने वाला प्रथम विजयनगर शासक हरिहर II था। 1377 ई. में उसने बहमनी सुल्तान मुजाहिद की मृत्यु के कारण हुई अव्यवस्था का लाभ उठाकर गोवा को जीत लिया।

**4. 1420 ई. में विजयनगर साम्राज्य में आने वाले इटली के यात्री का नाम था?**

(a) एडोआर्डो बारबोसा (b) निकोलो डि कोन्टी
(c) अब्दुर रज़्ज़ाक (d) डोमिन्गोज़ पेस

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

1420 ई. में विजयनगर साम्राज्य में आने वाला इटली का यात्री निकोलो डि कोन्टी था, जो देवराय प्रथम के शासनकाल में आया था।

**5. कृष्णदेव राय किस राजवंश के शासक थे?**

(a) चोल (b) बहमनी
(c) पल्लव (d) विजयनगर

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

कृष्णदेव राय का राज्यारोहण 1509 ई. में हुआ था तथा उसने 1529 ई. तक शासन किया। वह विजयनगर साम्राज्य का महानतम राजा एवं भारत के महान शासकों में से एक था।

**6. कृष्णदेव राय ने कौन-सी पुस्तक लिखी थी?**

(a) मिताक्षरा (b) राजतरंगिणी
(c) कर्पूर मंजरी (d) अमुक्त माल्यद

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

कृष्णदेव राय के शासनकाल को 'तेलुगू साहित्य का क्लासिक युग' कहा गया है। इसके राज-दरबार में तेलुगू साहित्य के आठ सर्वश्रेष्ठ कवि रहते थे, जिन्हें 'अष्टदिग्गज' कहा जाता था। कृष्णदेव राय ने तेलुगू में 'अमुक्त माल्यद' एवं संस्कृत में 'जाम्बवती कल्याणम्' की रचना की। इन्हें **आंध्र भोज, अभिनव भोज, आंध्र पितामह** आदि उपाधियां प्राप्त थीं। यह बाबर के समकालीन थे।

**7. तेलुगू कृति अमुक्त माल्यद का लेखक कौन था?**

(a) बुक्का (b) हरिहर
(c) देवराय (d) कृष्णदेव राय

**S.S.C.कांस्टेबल (G.D.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. निम्न में से कौन-सी साहित्यिक कृति कृष्णदेव राय ने लिखी थी?**

(a) कथा सरिसथागा (b) कविराज मार्गा
(c) ऊषापरिनायम (d) अमुक्त माल्यद

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. 'अमुक्त माल्यद' किसका कार्य है?**

(a) अल्लासानी पेद्दन्ना (b) कृष्णदेव राय
(c) वाच्वाराज (d) खरवेला

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. विजयनगर के मध्यकालीन नगर को आजकल कहते हैं—**

(a) चंद्रगिरि (b) हलेबिदु
(c) हम्पी (d) कोंडाविडु

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

मध्यकाल के विजयनगर को आजकल 'हम्पी' के नाम से जाना जाता है। हम्पी नगर कर्नाटक में है। यहीं पर विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी। हम्पी यूनेस्को की विश्व विरासत स्थलों की सूची में भी सम्मिलित है।

**11. हम्पी के स्मारकों के समूह का निर्माण किसने किया?**

(a) हरिहर और बुक्का (b) उडायन और शिशुनाग
(c) देववर्मन और वैन्य (d) मारावर्मन और सिरमारा

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

हम्पी के खंडहर (वर्तमान उत्तरी कर्नाटक में अवस्थित) विजयनगर साम्राज्य की प्राचीन राजधानी का प्रतिनिधित्व करते हैं। विजयनगर काल में बने इस शहर में स्मारकों के समूह के निर्माण का श्रेय हरिहर और बुक्का नामक दो भाइयों को दिया जाता है।

**12. तालिकोटा की प्रसिद्ध लड़ाई कब हुई थी?**

(a) 1565 ई. (b) 1575 ई.
(c) 1585 ई. (d) 1570 ई.

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

तालिकोटा का प्रसिद्ध युद्ध 1565 ई. में विजयनगर साम्राज्य एवं दक्षिण के राज्यों (बीजापुर, बीदर, अहमदनगर एवं गोलकुंडा) के मध्य लड़ा गया था।

**13. मर्मर-वीथि से गोल गुम्बज का निर्माण किस शासक द्वारा किया गया था?**

(a) कुतुबुद्दीन ऐबक (b) मुहम्मद आदिलशाह II
(c) फिरोज़ शाह I (d) महमूद गवां

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

कर्नाटक राज्य के बीजापुर में स्थित गोल गुम्बज के निर्माण का कार्य बहमन शासक मुहम्मद आदिलशाह II के शासनकाल के दौरान ही प्रारंभ किया गया था, किंतु इसका निर्माण अली आदिलशाह द्वितीय के शासनकाल के दौरान पूर्ण हुआ था। मुहम्मद आदिलशाह को मृत्यु के बाद इसी में दफनाया गया था, इस कारण इसे 'मुहम्मद आदिलशाह' के मकबरे के नाम से भी जाना जाता है।

**14. निम्नलिखित बहमन शासकों में से बीजापुर में प्रसिद्ध गोल गुम्बज का निर्माण किसने किया था?**

(a) मुहम्मद आदिलशाह (b) महमूद गवां
(c) यूसुफ़ आदिलशाह (d) इस्माइल आदिलशाह

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. गोल गुम्बज कहां है?**

(a) कोणार्क (b) हैदराबाद
(c) पुरी (d) बीजापुर

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. बीजापुर अपनी किस चीज के लिए जाना जाता है?**

(a) घोर सूखे की दशा (b) गोल गुम्बज
(c) भारी वर्षा (d) गोमतेश्वर की प्रतिमा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

बीजापुर 'गोल गुम्बज' की स्थापत्य कला के लिए जाना जाता है।

**17. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने बीजापुर में स्वतंत्र शासन की स्थापना की?**

(a) निजामशाही (b) कुतुबशाही
(c) आदिलशाही (d) इमादशाही

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

यूसुफ आदिलशाही ने 1489 ई. में बीजापुर में आदिलशाही राजवंश की स्थापना की थी।

**18. निम्नलिखित में से उस शासक का नाम क्या है, जिसने विजय स्तंभ का निर्माण कराया था?**

(a) राणा कुम्भा (b) राणा सांगा
(c) राणा रतन सिंह (d) राणा हमीर

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

राणा कुम्भा ने अपने पिता मोकल के हत्यारे **महपा पनवार** को, जिसने भागकर मालवा में शरण ली थी, को वहां के शासक महमूद खिलजी से समर्पित करने की मांग की। महमूद खिलजी द्वारा हत्यारे को समर्पित करने से इंकार करने पर राणा कुम्भा ने युद्ध की घोषणा कर दी और महमूद खिलजी को पराजित करके युद्ध बंदी के रूप में चित्तौड़ ले आया। इस विजय की स्मृति में कुम्भा ने चित्तौड़ में कीर्ति स्तंभ या विजय स्तंभ का निर्माण करवाया था। इसे 'हिंदू देवशास्त्र का चित्रित कोश' भी कहते हैं। इस स्तंभ की गणना भारत में सबसे आश्चर्यजनक मीनारों में की जाती है। इसका कुछ अंश लाल पत्थर और कुछ संगमरमर का बना है। अनेक हिंदू देवी-देवताओं के चित्र इसकी शोभा बढ़ाते हैं और इन चित्रों के नीचे लेख उत्कीर्ण हैं।

**19. चित्तौड़ का 'कीर्ति स्तंभ' किसने बनवाया था?**

(a) राणा प्रताप (b) राणा कुम्भा
(c) राणा सांगा (d) बप्पा रावल

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. चित्तौड़गढ़ में विजय स्तंभ (टॉवर ऑफ विक्टरी) किसने बनवाया था?**

(a) महाराणा प्रताप (b) राणा कुम्भा
(c) राणा सांगा (d) कुंवर दुर्जन सिंह

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. निम्नलिखित में से किसने बीदर में मदरसे का निर्माण कराया था?**

(a) इस्माइल शाह (b) महमूद गवां

(c) अहमद शाह (d) हसन गंगू

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

बीदर में मदरसे का निर्माण महमूद गवां ने करवाया था। महमूद गवां, मुहम्मद-III के शासनकाल में 'ख्वाजा जहां' की उपाधि धारण कर प्रधानमंत्री बना था। महमूद गवां ने बीदर में एक महाविद्यालय की स्थापना की। महमूद गवां स्वयं भी विद्वान था और उसने 'रौजत-उल-इंशा' तथा 'दीवान-ए-अश्र' नामक दो ग्रंथों की रचना की थी।

**22. सुविख्यात कोहिनूर हीरा किस खान से निकाला गया था?**

(a) उड़ीसा (b) छोटा नागपुर

(c) बीजापुर (d) गोलकुंडा

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

सुविख्यात कोहिनूर हीरा गोलकुंडा की खान से निकाला गया था।

## ❑ मुगल काल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ राजकुमार सलीम आगे चलकर सम्राट —— कहलाया। **— जहांगीर**

☞ —— ने जब 1494 ई. में फरगना राज्य का उत्तराधिकार प्राप्त किया तब उसकी उम्र केवल 12 वर्ष की थी। **— बाबर**

☞ बीकानेर स्कूल, जयपुर स्कूल, मारवाड़ स्कूल, मेवाड़ स्कूल सभी किससे संबंधित हैं? **— राजपूत चित्रकला से**

☞ दारा शिकोह अपने भाई —— के साथ संघर्ष में मारा गया। **— औरंगजेब**

☞ बाबर (1526-1530 ईस्वी) किस वंश का शासक था? **— मुगल वंश का**

☞ 1526 ई. में पानीपत की पहली लड़ाई लोदी साम्राज्य और किसके बीच लड़ी गई थी? **— बाबर के**

☞ 1526 ई. में पानीपत का युद्ध बाबर और ________ के बीच लड़ा गया था। **— इब्राहिम लोदी**

☞ कन्नौज की लड़ाई वर्ष________में लड़ी गई थी? **— 1540 ई.**

☞ बाबर का पुत्र कौन था? **— हुमायूं**

☞ जामा मस्जिद इन विश्व धरोहर स्थलों में से किसमें स्थित है? **— फतेहपुर सीकरी में**

☞ अकबर (1556 - 1605 ई.) किस वंश का शासक था? **— मुगल वंश का**

☞ हल्दीघाटी का युद्ध कब लड़ा गया था? **— 1576 ई. में**

☞ किस विश्व विरासत स्मारक को 'मुगल वंश के कब्रिस्तान' के रूप में लोकप्रियता प्राप्त हुई है? **— हुमायूं का मकबरा को**

☞ दिल्ली के लिए लड़ाई को वर्ष________ में लड़ा गया था। **— 1556 ई.**

☞ अकबर के शासनकाल के दौरान मुगल साम्राज्य का वित्त मंत्री कौन था? **— राजा टोडरमल**

☞ भारतीय महाद्वीप में पहला उद्यान-मकबरा कौन-सा था? **— हुमायूं का मकबरा**

☞ अकबर ने अपने दरबारी संगीतज्ञ के रूप में किसे नियुक्त किया था? **— मियां तानसेन को**

☞ बीरबल किसकी अदालत में एक सलाहकार था? **— अकबर की**

☞ मुगल सम्राट अकबर का विश्वसनीय सेनापति कौन था? **— मान सिंह प्रथम**

☞ खास महल और शीश महल का निर्माण किस विश्व धरोहर स्मारक में किया गया है? **— आगरे का किला में**

☞ आगरे के किले को ________ द्वारा बनवाया गया था। **— अकबर**

☞ जरदोजी कढ़ाई ________ के तहत लोकप्रिय हुई थी। **— अकबर**

☞ अकबर के शासनकाल में ________सेनापति थे। **— मीर बख्शी**

☞ इबादत खाना, जो एक बैठक थी, को किस मुगल सम्राट द्वारा निर्मित किया गया था? **— अकबर**

☞ बुलंद दरवाजा किस स्थान के महल का मुख्य प्रवेश द्वार है? **— फतेहपुर सीकरी**

☞ जहांगीर किसका पुत्र था? **— अकबर का**

☞ जहांगीर का जन्म________में हुआ था। **— 1569 ई.**

☞ जहांगीर (1605 - 1627 ई.) किस वंश का शासक था? **— मुगल वंश का**

☞ भारत में 1617 ई. में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार करने की ________द्वारा अनुमति दी गई थी। **— जहांगीर**

☞ सलीम चिश्ती की दरगाह कहां स्थित है?

**— फतेहपुर सीकरी में**

☞ नूरजहां किस मुगल सम्राट की पत्नी थीं? **— जहांगीर की**

☞ शाहजहां (1627-1657 ई.) किस वंश का शासक था?

**— मुगल वंश का**

☞ मयूर सिंहासन एक प्रसिद्ध रत्नों जड़ित सिंहासन था जिस पर भारत के किन सम्राटों की हुकूमत थी?

**— मुगल सम्राटों की**

☞ पंच महल कहां स्थित है? **— फतेहपुर सीकरी में**

☞ शाहजहां ने ताजमहल का निर्माण ________ की याद में करवाया था। **— मुमताज महल**

☞ ताजमहल के अंदर के उद्यान को ________ के रूप में जाना जाता है। **— मुगल गार्डन**

**नोट :** *राष्ट्रपति भवन के अंदर के उद्यान को भी* ***मुगल गार्डन*** *के नाम से जाना जाता है।*

☞ हुमायूं का मकबरा________में स्थित है। **— दिल्ली**

☞ औरंगजेब ने अपने पिता________को आगरे के किले में कैद करके रखा था। **— शाहजहां**

☞ किस मुगल सम्राट ने अपने पिता को कैद और अपने भाई को मार डाला था? **— औरंगजेब ने**

☞ औरंगजेब________का पुत्र था। **— शाहजहां**

☞ बीबी का मकबरा________द्वारा बनाया गया था।

**— आजम शाह**

☞ बीबी का मकबरा________में स्थित एक कब्र है। इसका औरंगजेब के बेटे, आजम शाह ने 1678 ई. में निर्माण करवाया था। **— औरंगाबाद**

☞ औरंगजेब, जो एक मुगल सम्राट था, का निधन किस सन् में हुआ? **— 1707 ई. में**

☞ औरंगजेब (1658-1707 ई.) किस वंश का शासक था?

**— मुगल वंश का**

☞ 1739 ई. में करनाल की लड़ाई में मुगल सेना को किसने पराजित किया था? **— नादिरशाह ने**

☞ दीवान-ए-खास किसमें स्थित है?

**— लाल किला परिसर में**

☞ अंतिम मुगल बादशाह कौन था? **— बहादुर शाह**

☞ हुमायूं की जीवनी को ________द्वारा लिखा गया था।

**— गुलबदन बेगम**

☞ मोती मस्जिद किसमें स्थित है? **— लाल किला परिसर में**

**नोट :** *आगरा के किले में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण शाहजहां ने, जबकि दिल्ली के लाल किले में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण औरंगजेब ने करवाया था।*

☞ बहादुर शाह (प्रथम) का जन्म वर्ष________में हुआ था।

**— 1643 ई.**

☞ बहादुर शाह (1707 - 1712 ई.) किस वंश का शासक था?

**— मुगल वंश का**

☞ कौन मुगल वंश का नहीं था? **— शेरशाह सूरी**

☞ रज़्मनामा________का एक फारसी अनुवाद है।

**— महाभारत**

☞ कहा जाता है कि, फारस की राजधानी इस्फ़हान ने एक स्मारक के निर्माण के लिए प्रेरणा प्रदान की है, वह स्मारक कौन-सा है? **— लाल किला परिसर**

☞ ताजमहल का निर्माण________ हुआ था**- 17वीं शताब्दी में**

☞ किसके शासनकाल में वकील पद को समाप्त कर दिया गया? **- शाहजहां के**

☞ किस भू-राजस्व व्यवस्था को 'टोडरमल प्रणाली' कहा जाता है? **- जब्ती प्रणाली**

☞ मुगलों ने नवरोज का त्योहार किससे लिया? **- पारसी**

☞ उस्ताद मंसूर किस मुगल शासक के शासनकाल के प्रसिद्ध चित्रकार थे? **- जहांगीर के**

☞ चित्रकला की मुगल शैली किस शासक के समय से शुरू हुई? **- हुमायूं के**

☞ किस मुगल शासक के समय 'झरोखा दर्शन' आरंभ किया गया? **- अकबर के**

☞ किस मुगल शासक के शासनकाल में 'जजिया' पुनः लगाया गया था? **- औरंगजेब के**

☞ मुगल बादशाहों में आखिरी शक्तिशाली बादशाह कौन था?

**— औरंगजेब**

☞ सही सुमेलन है-

| **शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| सूबा | प्रांत |
| दीवान | वित्तीय अधिकारी |
| बक्शी | सैनिक वेतनाधिकारी |

☞ किस मुगल बादशाह ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बिना शुल्क चुकाए व्यापार करने का फरमान जारी किया था?

**— औरंगजेब ने**

☞ अपने शासन के अंतिम वर्षों में अकबर की सत्ता राजकुमार सलीम के विद्रोहों के कारण लड़खड़ाई जो भविष्य में सम्राट ________ कहलाए। **- जहांगीर**

☞ अपनी पिता की ओर से मुगल किसके वंशज थे?- **तैमूर के**

☞ 'न्याय का घंटा' किसने स्थापित किया था? - **जहांगीर ने**

☞ ताजमहल का मुख्य वास्तुकार किसे माना जाता है? **- अहमद लाहौरी को**

☞ प्रसिद्ध स्मारक 'ताजमहल' किस नदी के किनारे स्थित है? **- यमुना**

☞ 1527 ई. के खानवा के युद्ध में बाबर ने किसे हराया था? **- राणा सांगा को**

☞ किसके शासनकाल में मुगल पेंटिंग अपने शिखर तक पहुंची? **- जहांगीर**

☞ मुगलों की सेवा में सम्मिलित होने वाले तथा कोई हैसियत अथवा पद प्राप्त करने वाले ________ कहलाते थे— **मनसबदार**

☞ चंगेज़ खान किस जनजाति का शासक था? **— मंगोल**

☞ जहांगीर की आत्मकथा (तुजुक-ए-जहांगीरी) किस भाषा में है? **— फारसी**

☞ 'आईन-ए-अकबरी' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? **— अबुल फजल**

☞ अकबर द्वारा सिसौदियों की राजधानी चित्तौड़ पर किस वर्ष कब्जा कर लिया गया था? **— 1568 ई. में**

☞ अबुल फजल द्वारा अकबर के शासन के इतिहास की कितनी जिल्दें लिखी गई थी? **— 3**

☞ दिल्ली के जामा मस्जिद का निर्माण किसने करवाया था? **— शाहजहां ने**

☞ अबुल फजल द्वारा अकबर के शासन के इतिहास की लिखी गई तीन जिल्दों का शीर्षक क्या था? **— अकबरनामा**

☞ जहांगीर किसके साथ विवाहित थे? **— मेहरुन्निसा**

☞ सही सुमेलित है-

| **शब्द** | **परिभाषा** |
|---|---|
| सदर | धार्मिक तथा धर्मार्थ किए जाने वाले कार्यों का मंत्री |
| फौजदार | सैनिक वेतनाधिकारी |
| कोतवाल | नगर का पुलिस अधिकारी |

☞ सही सुमेलित है-

| शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|
| दीवानी | - | भू-राजस्व एकत्र करने का अधिकार |
| फौजदारी अदालत | - | आपराधिक न्यायालय |

☞ ________ईरान, इराक और वर्तमान तुर्की के शासक तैमूर के परवर्ती थे। **— मुगल**

☞ हुमायूं का मकबरा कहां स्थित है? **— नई दिल्ली में**

☞ किस मुगल सम्राट के शासन के दौरान भारतीय मुगल चित्रों का उद्‌गम हुआ था? **— हुमायूं**

☞ 16वीं शताब्दी में दिल्ली का लाल किला किस राजवंश के शासकों का निवास था? **— मुगल**

☞ दिल्ली के जामा मस्जिद का निर्माण किसने करवाया था? **— शाहजहां ने**

☞ शाहजहां, औरंगजेब, अकबर, जहांगीर में से कौन-सा मुगल शासक अशिक्षित था? **— अकबर**

☞ लालकिला के निर्माण का श्रेय किसे दिया जाता है? **- शाहजहां को**

☞ फैजी_______के दरबार में रहते थे। **- अकबर**

☞ काबुल, अवध, लाहौर एवं बीजापुर में से कौन-सा राज्य अकबर के साम्राज्य में शामिल नहीं था? **- बीजापुर**

☞ संगीत सम्राट तानसेन के गुरु कौन थे? **- हरिदास**

☞ दिल्ली के लाल किले में मोती मस्जिद का निर्माण किसने किया था? **- औरंगजेब ने**

☞ अकबर के समय मुगल साम्राज्य की पश्चिमोत्तर सीमा क्या थी? **- हिंदुकुश**

☞ आगरा में किस मस्जिद पर बंगाल शैली का प्रभाव माना जाता है? **- नगीना मस्जिद**

☞ मोती उत्पादन, सिल्क वस्त्र एवं सूती वस्त्र में से कौन मुगलकाल में एक प्रमुख उद्योग था **- सूती वस्त्र**

☞ अपनी माता की ओर से मुगल किसके वंशज थे? **— चंगेज खान**

☞ अकबर के शासन में राजस्व व्यवस्था को क्या कहा जाता था? **— ज़ब्त**

☞ मध्यकालीन भारत में किसने पहली बार युद्ध में तोपों का इस्तेमाल किया? **— बाबर**

☞ पानीपत की लड़ाई में, बाबर ने किसकी सेना का सामना किया था? **— इब्राहिम लोदी**

☞ भारत में मनसबदारी प्रथा किसने शुरू की? **— अकबर**

☞ अबुल फजल किस सूफी संत के पुत्र थे?**— शेख मुबारक**

☞ किस लेखक ने अकबर के दीन-ए-इलाही को 'उनकी मूर्खता का, न कि बुद्धिमत्ता का स्मारक' कहा है? **— विसेंट स्मिथ**

☞ जहांगीर के काल में मुगल दरबार में आने वाला पहला अंग्रेज कौन था? **— कैप्टन विलियम हॉकिंस**

☞ शाहजहां के शासनकाल में कौन-सा विदेशी यात्री भारत आया था? **— मनूची**

☞ ताजमहल को 'संगमरमर में स्वप्न' (a dream in marble) कहा जाता है। किस स्मारक को 'पत्थर में स्वप्न' कहा जाता है? **— पंचमहल**

☞ 1665 ई. में पुरंदर की संधि का प्रत्यक्ष उद्देश्य क्या था?
**— शिवाजी और बीजापुर के सुल्तान के बीच विवाद के बीज बोना**

☞ निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?

(a) शिवाजी–अफजल खां (b) नूरजहां–महाबत खां
(c) अकबर–राणा प्रताप (d) बाबर–बैरम खां

**— बाबर-बैरम खां**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)
## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. बाबर ने भारत पर किस वर्ष (ई. में) आक्रमण किया था?**

(a) 1530 (b) 1520
(c) 1526 (d) 1550

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

बाबर ने पहले पंजाब पर आक्रमण करके भारतीय स्थिति को समझने का प्रयास किया। इसने भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों में चार-आक्रमण किया और पांचवें आक्रमण में दिल्ली को जीतने का प्रयत्न किया, फलस्वरूप पानीपत का प्रथम युद्ध हुआ। बाबर अपने प्रथम आक्रमण (1519 ई.) में सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों बाजौर और भेरा को जीतकर वापस चला गया। दूसरा आक्रमण सितंबर, 1519 ई. में हुआ। इस बार वह पेशावर से वापस चला गया। तीसरा आक्रमण 1520 ई. में किया। इस बार बाजौर और भेरा के अतिरिक्त पंजाब में प्रवेश करके सियालकोट और सैयदपुर पर अधिकार कर लिया। बाबर का चौथा आक्रमण 1524 ई. में हुआ था। इस बार वह लाहौर और दिपालपुर को जीतकर वापस चला गया। इसने पांचवां आक्रमण दिल्ली को जीतने के उद्देश्य से किया जो पानीपत का प्रथम युद्ध (21 अप्रैल, 1526) के नाम से प्रसिद्ध है। इस युद्ध में बाबर की विजय हुई तथा इब्राहीम लोदी मारा गया। कर्मचारी चयन आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) माना है।

**2. भारत में प्रथम मुगल शासक कौन था?**

(a) बाबर (b) बलबन
(c) उमर शेख (d) हुमायूं

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

बाबर भारत में मुगल साम्राज्य का संस्थापक एवं प्रथम शासक था। उसका पूरा नाम जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर था। 1526 ई. में बाबर ने भारत में जिस राजवंश की स्थापना की वह तुर्की नस्ल का चगताई वंश था, परंतु आमतौर पर उसे 'मुगल' पुकारा गया।

**3. भारत का प्रथम मुगल बादशाह कौन था?**

(a) शाहजहां (b) हुमायूं
(c) बाबर (d) अकबर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

भारत का प्रथम मुगल बादशाह बाबर था। इसने पानीपत के प्रथम युद्ध (21 अप्रैल, 1526) में इब्राहिम लोदी को पराजित कर मुगल साम्राज्य की नींव डाली।

**4. पानीपत की पहली लड़ाई किस वर्ष लड़ी गई थी?**

(a) 1516 (b) 1761
(c) 1526 (d) 1556

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. पानीपत की प्रथम लड़ाई किन दो सेनाओं के बीच लड़ी गई थी?**

(a) बाबर तथा लोदी साम्राज्य
(b) ब्रिटिश तथा बाबर
(c) अकबर तथा हेमू
(d) अकबर तथा मेवाड़ के राणा

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. बाबर ने तुजुक-ए-बाबरी नामक अपने संस्मरण किस भाषा में लिखे थे?**

(a) मंगोल (b) फारसी
(c) तुर्की (d) अरबी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

बाबर ने तुजुक-ए-बाबरी (बाबरनामा) नामक अपना संस्मरण मूलतः तुर्की भाषा में लिखा था। यद्यपि तुर्की मुगल दरबार की राजभाषा नहीं थी अपितु यह सम्मान फारसी को प्राप्त था। इसमें भारत में मुगल साम्राज्य के संस्थापक जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर के जीवन की घटनाओं का उल्लेख किया गया है। इस पुस्तक में बाबर ने भारत की आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक व भौगोलिक स्थिति का वर्णन किया है।

**7. दिल्ली में मुगल साम्राज्य की नींव निम्नलिखित में से किस लड़ाई के परिणामस्वरूप पड़ी?**

(a) पानीपत की तीसरी लड़ाई
(b) पानीपत की दूसरी लड़ाई
(c) हल्दीघाटी की लड़ाई
(d) पानीपत की पहली लड़ाई

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

पानीपत की प्रथम लड़ाई के बाद भारत में मुगल शासन की नींव पड़ी। यह युद्ध 21 अप्रैल, 1526 को बाबर तथा इब्राहिम लोदी के बीच हुआ था, जिसमें इब्राहिम लोदी की पराजय हुई और बाबर ने दिल्ली पर अधिकार कर मुगल साम्राज्य की स्थापना की। इस युद्ध में बाबर ने पहली बार प्रसिद्ध 'तुलगमा युद्ध नीति' का प्रयोग किया था।

**8. निम्न में से किसका अपने समकालीन मुगल बादशाह के साथ मिलान गलत हुआ है?**

(a) राणा सांगा - बाबर
(b) पृथ्वीराज चौहान - अकबर
(c) जुझार सिंह - शाहजहां
(d) जसवंत सिंह - औरंगजेब

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

पृथ्वीराज चौहान 12वीं शताब्दी का शासक था, जिसने मुहम्मद गोरी से तराइन के दो युद्ध लड़े थे। अतः विकल्प (b) सुमेलित नहीं है, जबकि अन्य विकल्प सुमेलित हैं।

**9. भारत में सबसे पहले तोपखाने का प्रयोग किसने किया था?**

(a) अलाउद्दीन खिलजी (b) तैमूर
(c) शेरशाह सूरी (d) बाबर

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

भारत में सबसे पहले तोपखाने का प्रयोग बाबर ने किया था। बाबर ने मुगल वंश की स्थापना की थी। बाबर को 'मुबइयां' नामक पद्य शैली का जन्मदाता माना जाता है। इसे 'कलंदर' की उपाधि दी गई थी।

**10. खानवा के युद्ध में बाबर द्वारा पराजित किया जाने वाला राजपूत राजा था—**

(a) राणा सांगा (b) रुद्र देव
(c) उदय सिंह (d) राणा प्रताप सिंह

**S.S.C.स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

खानवा का युद्ध 1527 में मुगल शासक बाबर एवं मेवाड़ के राजा राणा सांगा के मध्य हुआ था। इसी युद्ध में बाबर ने 'जिहाद' का नारा दिया था।

**11. बाबर की मृत्यु कहां हुई थी?**

(a) आगरा (b) काबुल
(c) लाहौर (d) दिल्ली

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

बाबर की मृत्यु 26 दिसंबर, 1530 को आगरा में हुई थी। प्रारंभ में उसे 'नूर अफगान' (आधुनिक आरामबाग) बाग में दफ़नाया गया था, परंतु बाद में उसे काबुल में उसी के द्वारा चुने गए स्थान पर दफ़नाया गया।

**12. 'पुराना किला' किसने बनवाया?**

(a) बाबर (b) शेरशाह
(c) औरंगजेब (d) अकबर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

दिल्ली में पुराना किला का निर्माण हुमायूं द्वारा 1533 से 1538 ई. के मध्य करवाया गया था। शेरशाह द्वारा दिल्ली पर अधिकार करने के बाद इस किले में कई स्मारकों का निर्माण करवाया गया तथा इस किले का नाम 'शेरगढ़' कर दिया गया।

**13. 1540 ई. में किस युद्ध के पश्चात हुमायूं को हिंदुस्तान से बाहर कर दिया गया था?**

(a) दौरा (b) सूरजगढ़
(c) कन्नौज (d) चौसा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

चौसा का युद्ध (1539 ई.) में हुमायूं को पराजित करने के बाद शेर खां ने 'शेरशाह' की उपाधि धारण की, जबकि इसने 1540 ई. में हुमायूं को कन्नौज (बिलग्राम) के युद्ध में परास्त कर दिल्ली का सिंहासन प्राप्त किया। इसके पश्चात हुमायूं को विवश होकर निर्वासित की भांति इधर-उधर भटकना पड़ा। 22 जून, 1555 ई. को सरहिंद युद्ध की विजय ने हुमायूं को एक बार पुनः उसका खोया राज्य वापस दिला दिया।

**14. हुमायूं को किस लड़ाई में पराजय के बाद भारत से भागना पड़ा था?**

(a) खानवा (b) कन्नौज
(c) पानीपत (d) गोगरा

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. कन्नौज का युद्ध किस वर्ष में लड़ा गया था?**

(a) 1540 (b) 1545
(c) 1526 (d) 1539

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**16. दिल्ली में हुमायूं का मकबरा किसने बनवाया था?**

(a) बाबर (b) अकबर
(c) हाजी बेगम (d) हुमायूं

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

दिल्ली में हुमायूं का मकबरा हुमायूं की प्रिय पत्नी हाजी बेगम ने बनवाया था। इसका वास्तुकार मीरन मिर्जा गियास था। मकबरे के चारों ओर बगीचे का निर्माण इस मकबरे की विशेषता है।

**17. हुमायूं का मकबरा के वास्तुकार कौन थे?**

(a) लाहौरी के उस्ताद अहमद
(b) जार्ज विटेट
(c) मिरक मिर्जा घियाथ
(d) दाबुल के याकूत

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. मेधावी राजस्व अधिकारी टोडरमल ने किसके अधीन सेवा की थी?**

(a) भगवान दास (b) हुमायूं
(c) बाज बहादुर (d) शेरशाह

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

मेधावी राजस्व अधिकारी टोडरमल अकबर की सेवा से पहले शेरशाह के अधीन नौकरी करते थे।

**19. अकबर ________वर्ष की आयु में सम्राट बना।**

(a) 16 (b) 19
(c) 13 (d) 10

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातकस्तरीय (T-I) 19 अगस्त, 2017 (III -पाली)**

**उत्तर–(c)**

हुमायूं की मृत्यु के समय अकबर पंजाब में सिकंदर सूर को समाप्त करने में संलिप्त था। उस अवसर पर बैरम खां उसके संरक्षक के रूप में कार्य कर रहा था। हुमायूं की मृत्यु की सूचना मिलने पर पंजाब में गुरुदासपुर जिले के निकट कलानौर नामक स्थान पर 14 फरवरी, 1556 को अकबर को मुगल बादशाह घोषित किया गया। उस समय अकबर की आयु लगभग 13 वर्ष 4 माह थी।

**20. कलानौर में राज्याभिषेक के समय अकबर की आयु कितनी थी?**

(a) तेरह वर्ष (b) पंद्रह वर्ष
(c) अठारह वर्ष (d) बीस वर्ष

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

हुमायूं की मृत्यु के समय अकबर पंजाब में 'कलानौर' नामक स्थान पर अफगान विद्रोहियों के खिलाफ युद्धरत मुगलिया फौज की कमान संभाले हुए था। 'कलानौर' में ही मात्र तेरह वर्ष, चार महीने की उम्र में उसके सिर पर मुगल वंश का ताज रख दिया गया।

**21. पानीपत की द्वितीय लड़ाई किन दो सेनाओं के बीच लड़ी गई थी?**

(a) बाबर तथा लोदी साम्राज्य
(b) बाबर तथा राणा सांगा
(c) अकबर तथा हेमू
(d) अकबर तथा मेवाड़ के राणा

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

पानीपत का द्वितीय युद्ध 5 नवंबर, 1556 को अकबर (बैरम खां) एवं हेमू के मध्य लड़ा गया था। हेमू पराजित हुआ और पकड़ा गया। बैरम खां ने उसका सिर काट दिया और उसकी मृत्यु हो गई।

**22. 'महाभारत' का फारसी में अनुवाद किसने किया था?**

(a) बदायूंनी (b) अबुल फ़ज़ल

(c) इब्नबतूता (d) बाबर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

अकबर के आदेश से महाभारत के विभिन्न भागों का फारसी में 'रज्मनामा' नाम से अनुवाद अब्दुल कादिर बदायूंनी, नकीब खां फैजी आदि विभिन्न विद्वानों के सम्मिलित प्रयासों से किया गया।

**23. रामायण का अनुवाद फारसी में किसने किया था?**

(a) अबुल फ़ज़ल (b) बदायूंनी

(c) अब्दुल लतीफ (d) ईश्वर दास

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

रामायण का फारसी में अनुवाद 1589 ई. में अब्दुल कादिर बदायूंनी ने किया था। बदायूंनी अकबर के महत्वपूर्ण दरबारी इतिहासकारों में से एक था। वह बदायूं का रहने वाला था। उसने 'मुन्तखब-उल-तवारीख' नामक ग्रंथ की रचना की। वह एक कट्टर मुसलमान था। अतः उसने प्रत्येक चीज को शरा के तराजू पर तौला।

**24. निम्नोक्त में से किसने अकबर की जीवन कथा लिखी थी?**

(a) अबुल फज़ल (b) फैजी

(c) अब्दुल नबी खां (d) बीरबल

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

अबुल फज़ल, मुगल सम्राट अकबर के प्रधानमंत्री एवं उनके दरबार के नौ-रत्नों में से एक थे। इन्होंने 'अकबरनामा' नामक पुस्तक की रचना की। यह पुस्तक तीन खंडों में विभक्त है तथा इसका अंतिम व तीसरा खंड 'आइने अकबरी' है। अबुल फज़ल ने 'पंचतंत्र' का फारसी अनुवाद 'अनवार-ए-सुहैली' के नाम से किया था।

**25. 'आइने-अकबरी' पुस्तक का लेखक कौन है?**

(a) अकबर (b) अबुल फज़ल

(c) फिरदौसी (d) जहांगीर

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**26. 'अकबरनामा' किसने लिखा था?**

(a) अकबर (b) बीरबल

(c) अबुल फज़ल (d) भगवान दास

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**27. वह प्रसिद्ध जैन विद्वान कौन था, जिसका अकबर बहुत सम्मान करता था?**

(a) हेमचंद्र (b) हरिविजय

(c) वस्तुपाल (d) भद्रबाहु

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

हरिविजय सूरि नामक प्रसिद्ध जैन विद्वान का अकबर बहुत सम्मान करता था। हरिविजय सूरि को अकबर द्वारा 'जगत गुरु' की उपाधि दी गई थी। मुगल दरबार में एक अन्य विद्वान जिन चंद्र सूरी भी रहते थे जिन्हें 'युग प्रधान' की उपाधि प्रदान की गई थी।

**28. 'दीन-ए-इलाही' बनाने का मूल उद्देश्य था—**

(a) विश्वबंधुत्व (b) वैश्विक निष्ठा

(c) वैश्विक मैत्री (d) वैश्विक भरोसा

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

'दीन-ए-इलाही' बनाने का मूल उद्देश्य 'विश्वबंधुत्व' था।

**29. हल्दीघाटी की लड़ाई किनके बीच लड़ी गई थी?**

(a) अकबर और राणा संग्राम सिंह

(b) अकबर और मेदिनी राय

(c) अकबर और राणा प्रताप सिंह

(d) अकबर और उदय सिंह

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

हल्दीघाटी की प्रसिद्ध लड़ाई 1576 ई. में मेवाड़ के शासक राणा प्रताप और अकबर की सेनाओं के मध्य हुई थी। इस युद्ध में मुगल सेना का नेतृत्व मान सिंह और आसफ खां ने किया था। इसका परिणाम मुगल सेना के पक्ष में रहा तथा राणा प्रताप को स्वयं को सुरक्षित रखने हेतु समीप की पहाड़ियों में शरण लेनी पड़ी थी।

**30. 'मनसबदारी प्रणाली' किसने आरंभ की थी?**

(a) अकबर (b) शाहजहां
(c) जहांगीर (d) बाबर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

मुगल प्रशासन व्यवस्था पूर्णतः मनसबदारी प्रथा पर आधारित थी। इसे अकबर ने अपने शासनकाल के 11 वें वर्ष में प्रारंभ किया था। इस प्रथा के अंतर्गत उन व्यक्तियों को सम्राट द्वारा एक पद प्रदान किया जाता था, जो शाही सेना में होते थे। दिए जाने वाले पद को 'मनसब' एवं ग्रहण करने वाले व्यक्ति को 'मनसबदार' कहा जाता था। अकबर की मनसबदारी व्यवस्था मंगोल नेता चंगेज खां की दशमलव प्रणाली पर आधारित थी।

**31. निम्न में से किसने मनसबदारी व्यवस्था का सूत्रपात किया था?**

(a) शाहजहां (b) शेरशाह
(c) अकबर (d) जहांगीर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**32. फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने किया?**

(a) अकबर (b) शेरशाह
(c) शाहजहां (d) बाबर

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा 2014**

**उत्तर—(a)**

उत्तर प्रदेश के आगरा क्षेत्र में स्थित फतेहपुर सीकरी का निर्माण मुगल शासक अकबर ने करवाया था। यह हिंदू और मुस्लिम वास्तु शिल्प के मिश्रण का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

**33. निम्नलिखित में से किसने फतेहपुर सीकरी के पंचमहल का निर्माण करवाया था?**

(a) अकबर (b) जहांगीर
(c) शाहजहां (d) औरंगजेब

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

अकबर ने आगरा से 36 किमी. दूर फतेहपुर सीकरी में 1572 ई. में एक राजमहल-सह-किले का निर्माण आरंभ किया। यह आठ वर्षों में बनकर तैयार हुआ। इसमें जोधाबाई महल, **पंचमहल**, स्वर्ण महल अथवा सुनहला मकान, दीवाने आम, दीवाने खास,मरियम की कोठी, बीरबल कोठी आदि प्रमुख हैं।

**34. निम्नलिखित में से कौन-सा एक फतेहपुर सीकरी में स्थित नहीं है?**

(a) पंचमहल (b) मोती मस्जिद
(c) सलीम चिश्ती का मकबरा (d) मरियम पैलेस

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

पंचमहल, सलीम चिश्ती का मकबरा और मरियम-उज-जमानी महल, फतेहपुर सीकरी में अवस्थित हैं, जबकि मोती मस्जिद दिल्ली तथा आगरा के किले में अवस्थित है।

**35. बुलंद दरवाजा कहां स्थित है?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) गुजरात
(c) उत्तर प्रदेश (d) तमिलनाडु

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

बुलंद दरवाजा एक दर्शनीय स्मारक है, जो उत्तर प्रदेश के आगरा शहर के निकट फतेहपुर सीकरी नामक स्थान पर है। अकबर द्वारा निर्मित यह स्मारक विश्व का सबसे बड़ा प्रवेश द्वार है।

**36. अकबर अपना धार्मिक विचार-विमर्श कहां करता था?**

(a) जोधाबाई महल (b) पंचमहल
(c) इबादत खाना (d) बुलंद दरवाजा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

अकबर की धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के परिणामस्वरूप फतेहपुर सीकरी में इबादत खाना की स्थापना (1575 ई.) की गई। इबादत खाने में उसकी धार्मिक परिचर्चाएं गुरुवार को सायंकाल होती थीं। 1578 ई. में उसने इबादत खाने को धर्म-संसद में परिवर्तित कर दिया। प्रारंभ में ये केवल मुसलमानों तक सीमित था, बाद में उसने इसे हिंदुओं, जैनियों, पारसियों तथा ईसाइयों के लिए भी खोल दिया।

**37. प्रयाग नगर को अलाहाबाद-अल्लाह का नगर नाम किसने दिया था?**

(a) औरंगजेब (b) अकबर
(c) शाहजहां (d) बहादुरशाह जफर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

प्रयाग नगर को अलाहाबाद-अल्लाह का नगर नाम मुगल शासक अकबर ने दिया। यहां अकबर ने गंगा-यमुना के तट पर एक किले का निर्माण कराया, जिसे 'इलाहाबाद का किला' कहते हैं।

**38. अकबर के आरंभिक दिनों में उसका 'रीजेंट' कौन था?**

(a) अबुल फ़ज़ल (b) बैरम खां

(c) तानसेन (d) टोडरमल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

अकबर के आरंभिक दिनों में उसका संरक्षक या रीजेंट बैरम खां था। पानीपत के द्वितीय युद्ध (1556 ई.) में बैरम खां के नेतृत्व में ही मुगल सेना ने हेमू के नेतृत्व वाली अफगान सेना को हराया था। वस्तुतः वह 1556 से 1560 ई. तक मुगल साम्राज्य का वास्तविक कर्ता-धर्ता बना रहा।

**39. अकबर का अभिरक्षक कौन था?**

(a) बैरम खां (b) तानसेन

(c) अबुल फ़ज़ल (d) अमीर खुसरो

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**40. निम्नलिखित में से किस शासक ने जजिया समाप्त किया था?**

(a) औरंगजेब (b) जहांगीर

(c) अकबर (d) बलबन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(c)**

मुगल सम्राट अकबर ने 1564 ई. में जजिया कर समाप्त कर दिया। अकबर ने 1562 ई. में दास प्रथा तथा 1563 ई. में तीर्थ यात्रा कर लेना भी बंद कर दिया। 1679 ई. में मुगल सम्राट औरंगजेब ने जजिया लेना पुनः प्रारंभ कर दिया।

**41. ज़ब्ती प्रणाली के अंतर्गत वास्तविक उत्पादन का कितना अंश राज्य की मांग के रूप में निर्धारित किया गया था?**

(a) एक-चौथाई (b) एक-तिहाई

(c) आधा (d) पांचवां भाग

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(b)**

ज़ब्ती प्रणाली के अंतर्गत वास्तविक उत्पादन का एक-तिहाई अंश राज्य की मांग के रूप में निर्धारित किया गया था। अकबर ने अपने शासन के 24वें वर्ष (1580 ई.) में 'आइने दहशाला' (टोडरमल बंदोबस्त) नामक नई कर प्रणाली का प्रारंभ कर, मुगलकालीन राजस्व व्यवस्था को स्थायी स्वरूप प्रदान किया।

**42. अकबर का प्रसिद्ध राजस्व मंत्री कौन था?**

(a) तानसेन (b) हुमायूं

(c) राणा प्रताप सिंह (d) टोडरमल

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(d)**

अकबर का प्रसिद्ध राजस्व मंत्री टोडरमल था।

**43. टोडरमल, किस मुगल शासक के प्रसिद्ध राजस्व मंत्री थे?**

(a) शाहजहां (b) बहादुर शाह जफर

(c) अकबर (d) औरंगजेब

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

अकबर द्वारा भू-राजस्व व्यवस्था के पुनः निर्धारण हेतु 1570-71 ई. में मुजफ्फर खां तुरबती और राजा टोडरमल को अर्थमंत्री (राजस्व मंत्री) के पद पर नियुक्त किया गया था। राजा टोडरमल ने अलग-अलग फसलों पर नकद के रूप में वसूल की जाने वाली लगान राशि का पिछले 10 वर्ष का औसत निकालकर उस औसत का एक-तिहाई भू-राजस्व के रूप में निश्चित किया था जिसे 'दहसाला' मालगुजारी व्यवस्था कहा गया। 'आइने दहसाला' व्यवस्था को टोडरमल बंदोबस्त भी कहा जाता था।

**44. अकबर के दरबार में सबसे प्रसिद्ध संगीतकार 'तानसेन' का मूल नाम था?**

(a) लाल कुलवंत (b) बंदा बहादुर

(c) रामतनु पांडे (d) मार्कंडेय पांडे

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(c)**

अकबर के दरबार में सबसे प्रसिद्ध संगीतकार तानसेन का संबंध हिंदू, गौड़, ब्राह्मण परिवार से था। तानसेन के पिता का नाम मुकुंद पांडे था। इनका गांव मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में था। तानसेन के बचपन का नाम रामतनु पांडे था।

**45. 'दीन-ए-इलाही' एक नया धर्म निम्नलिखित में से किसके द्वारा शुरू किया गया था?**

(a) हुमायूं (b) जहांगीर

(c) अकबर (d) शाहजहां

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(c)**

'दीन-ए-इलाही' नामक एक नया धर्म अकबर द्वारा शुरू किया गया था। इसके प्रथम अनुयायी बीरबल थे। सभी धर्मों के सार-संग्रह के रूप में अकबर द्वारा 1582 ई. में दीन-ए-इलाही (दैवीय एकेश्वरवाद) का प्रवर्तन किया गया। अबुल फजल इसका प्रधान पुरोहित था।

**46. निम्नलिखित में से कौन 'दीन-ए-इलाही' का सदस्य बना?**

(a) राजा बीरबल (b) राजा मानसिंह

(c) टोडरमल (d) तानसेन

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**47. अकबर के एकमात्र किस दरबारी ने दीन-ए-इलाही को स्वीकार किया था?**

(a) टोडरमल (b) बीरबल

(c) तानसेन (d) मानसिंह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति निरक्षर था?**

(a) जहांगीर (b) शाहजहां

(c) अकबर (d) औरंगज़ेब

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त मुगल शासकों में से केवल अकबर ही निरक्षर था, जबकि जहांगीर, शाहजहां और औरंगज़ेब शिक्षित शासक थे।

**49. निम्नलिखित में से सही जोड़ा कौन-सा है?**

(a) आसफ खां – अकबर (b) आदम खां – अकबर

(c) बैरम खां – अकबर (d) शाइस्ता खां – अकबर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

दिए गए विकल्पों में सही जोड़ा बैरम खां - अकबर है। बैरम खां अकबर का संरक्षक था तथा 1556 ई. में पानीपत के द्वितीय युद्ध में उसी के सेनापतित्व में मुगल सेना ने हेमू के नेतृत्व वाली अफगान सेना को हराकर दिल्ली पर अधिकार किया था।

**50. निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट को हिंदी गीतों की रचना का श्रेय प्राप्त है?**

(a) बाबर (b) अकबर

(c) जहांगीर (d) शाहजहां

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

मुगल सम्राट अकबर को हिंदी गीतों की रचना का श्रेय दिया जाता है।

**51. जब ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन हुआ था, उस समय भारत का मुगल बादशाह कौन था?**

(a) अकबर (b) जहांगीर

(c) हुमायूं (d) औरंगज़ेब

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

जब ईस्ट इंडिया कंपनी का गठन (31 दिसंबर, 1600 ई. को, रानी एलिजाबेथ प्रथम के समय) हुआ था, उस समय भारत का मुगल बादशाह अकबर था।

**52. निम्न में से कौन-सा अकबर द्वारा अपनाया गया सुधार उपाय नहीं है?**

(a) दाग (b) मनसबदारी प्रणाली

(c) इक्ता प्रणाली (d) ज़ब्ती

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

दाग प्रथा, मनसबदारी प्रणाली तथा ज़ब्ती प्रणाली सुधार को अकबर द्वारा अपनाया या आरंभ किया गया। इक्ता प्रणाली की शुरुआत सल्तनत काल में इल्तुतमिश ने की थी।

**53. किसके शासनकाल में तुलसीदास ने रामचरितमानस लिखी?**

(a) बाबर (b) अकबर

(c) औरंगज़ेब (d) जहांगीर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

रामभक्ति शाखा के कवि तुलसीदास ने अकबर के शासनकाल में 1574 ई. (संवत् 1631) में 'रामचरितमानस' की रचना आरंभ की थी। मुगल शासक अकबर का शासनकाल 1556 ई. से 1605 ई. तक था।

**54. तुलसीदास ने रामचरितमानस किसके शासनकाल में लिखी?**

(a) कृष्णदेव राय (b) अकबर

(c) रामा राय (d) जहांगीर

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**55. जहांगीर का अर्थ क्या है?**

(a) राष्ट्र का अधिपति (b) महाअधिपति

(c) विश्व विजेता (d) शत युद्धों का नायक

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

जहांगीर का शाब्दिक अर्थ 'विश्व विजेता' होता है। अकबर के पुत्र सलीम ने 1605 ई. में बादशाह बनने पर 'नूरुद्दीन मुहम्मद जहांगीर बादशाह गाजी' की उपाधि धारण की थी।

**56. नूरजहां किस मुगल शासक की पत्नी थी?**

(a) बाबर (b) अकबर

(c) शाहजहां (d) जहांगीर

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 22 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(d)**

नूरजहां मुगल बादशाह जहांगीर की पत्नी थी। उसका मूल नाम 'मेहरून्निसा था। 'नूरजहां' ने 'नूरजहां गुट' का निर्माण किया।

**57. निम्न में से किन मुगल सम्राटों ने स्वयं अपनी आत्मकथा लिखी थी?**

(a) शाह आलम और फरूखसियर

(b) बाबर और जहांगीर

(c) जहांगीर और शाहजहां

(d) अकबर और औरंगज़ेब

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(b)**

बाबर और जहांगीर ने स्वयं अपनी आत्मकथा लिखी थी। बाबर ने तुर्की भाषा में अपनी आत्मकथा 'बाबरनामा' की रचना की तथा जहांगीर ने फारसी भाषा में 'तुजुक-ए-जहांगीरी' लिखी। जहांगीर के शासन के 16 वर्षों के बाद का इतिहास मौतमिद खां ने लिखा था।

**58. चित्रकारी किसके शासनकाल के दौरान अपने उच्चतम स्तर पर पहुंची?**

(a) अकबर (b) औरंगज़ेब

(c) जहांगीर (d) शाहजहां

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(c)**

मुगल सम्राटों में जहांगीर के समय में चित्रकारी अपने उच्चतम स्तर पर पहुंची थी। जहांगीर ने हेरात के चित्रकार अका रिज़ा के नेतृत्व में आगरा में एक चित्रणशाला की स्थापना की थी। जहांगीर के समय के प्रमुख चित्रकार थे- दौलत, मनोहर, फारूख बेग, बिसनदास, अबुल हसन एवं मंसूर।

**59. इंग्लैंड के तत्कालीन राजा जेम्स I द्वारा जहांगीर के शाही दरबार में राजदूत के रूप में निम्नलिखित में से किसको भेजा गया था?**

(a) जॉन हॉकिंस (b) विलियम टॉड

(c) सर थॉमस रो (d) सर वाल्टर रेले

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(a)**

विलियम हॉकिंस, जहांगीर के दरबार में ब्रिटिश राजा जेम्स प्रथम का राजदूत था। यह शाही दरबार में 1608 से 1611 ई. (3 वर्ष) तक रहा। सम्राट जहांगीर ने उसे 400 का मनसब प्रदान किया था।

**60. किस मुगल शहंशाह ने तंबाकू के प्रयोग का निषेध किया?**

(a) मुहम्मद शाह (b) बाबर

(c) जहांगीर (d) औरंगज़ेब

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

लोक कल्याण के कार्यों से संबंधित 12 आदेशों की घोषणा जहांगीर ने करवाई। इसमें शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री एवं निर्माण पर प्रतिबंध लगाया।

**61. राजकुमार खुर्रम आगे चलकर सम्राट______कहलाया।**

(a) शाहजहां (b) जहांगीर

(c) बाबर (d) अकबर

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 21 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

शाहजहां का जन्म जोधपुर के शासक राजा उदयसिंह की पुत्री 'जगत गोसाई' (जोधाबाई) के गर्भ से 5 जनवरी, 1592 को लाहौर में हुआ था। उसके बचपन का नाम खुर्रम था।

**62. किस मुगल शहंशाह ने मुगल राजधानी आगरा से दिल्ली स्थानांतरित की?**

(a) जहांगीर (b) औरंगज़ेब

(c) शाहजहां (d) बहादुर शाह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

मुगल बादशाह शाहजहां ने मुगल साम्राज्य की राजधानी आगरा से दिल्ली स्थानांतरित की थी। इसने अपने नाम पर एक नवीन राजधानी शाहजहांनाबाद की दिल्ली में नींव डाली। नवनिर्मित नगर का प्रमुख आकर्षक लाल किला के नाम से प्रसिद्ध महल-दुर्ग था।

**63. शाहजहां का प्रसिद्ध तख्त-ए-ताऊस 1739 ई. में कौन ले गया था?**

(a) अफ़गान आक्रामक अहमद शाह अब्दाली

(b) फ़ारसी आक्रामक नादिर शाह

(c) मंगोल आक्रामक चंगेज़ खान

(d) ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(b)**

फ़ारसी आक्रामक नादिर शाह ने उत्तरकालीन मुगल शासक मुहम्मद शाह 'रंगीला' के शासनकाल में 1739 ई. में दिल्ली पर आक्रमण किया था। वह अपने साथ शाहजहां का प्रसिद्ध 'तख्त-ए-ताऊस' भी ले गया था।

**64. विश्व प्रसिद्ध 'तख्त-ए-ताऊस' निम्नलिखित में से किस मुगल भवन में रखा गया था?**

(a) फ़तेहपुर सीकरी के दीवाने खास में

(b) आगरा के नए किले में

(c) दिल्ली के लाल किले के रंग महल में

(d) दिल्ली के लाल किले के दीवाने आम में

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

दिल्ली के लाल किले में निर्मित 'दीवाने आम' में इसके पीछे की दीवार में बने एक कोष्ठ में विश्व प्रसिद्ध 'तख्त-ए-ताऊस' रखा जाता था।

**65. 'मोती मस्जिद' निम्न में से किस नगर में स्थित है?**

(a) आगरा (b) जयपुर

(c) लाहौर (d) अहमदाबाद

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

मोती मस्जिद, आगरा के किले में स्थित है। इसका निर्माण शाहजहां द्वारा करवाया गया था। दिल्ली के लाल किले में स्थित मोती मस्जिद का निर्माण औरंगज़ेब ने करवाया था।

**66. ...........को उसकी शेष जिंदगी के लिए औरंगजेब ने कैद कर दिया।**

(a) अकबर (b) शाहजहां

(c) जहांगीर (d) बाबर

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

शाहजहां के गिरते स्वास्थ्य के कारण 1657 ई. में उसके चारों बेटों के बीच युद्ध प्रारंभ हो गया। जिसमें औरंगजेब विजयी रहा। औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में कैद कर दिया जहां 1666 ई. में उसकी मृत्यु हो गई।

**67. निम्नलिखित में से किस मुगल शासक ने संगीत और नृत्य पर प्रतिबंध लगाया था?**

(a) बाबर (b) हुमायूं

(c) औरंगज़ेब (d) जहांगीर

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

मुगल शासक औरंगज़ेब को धार्मिक रूप से असहिष्णु माना जाता है। उसने संगीत और नृत्य पर प्रतिबंध लगा दिया क्योंकि शरीयत में संगीत को बुरा माना जाता है।

**68. निम्नलिखित में से कौन 'जिंदा पीर' के नाम से भी जाना जाता था?**

(a) अकबर (b) जहांगीर

(c) शाहजहां (d) औरंगजेब

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

औरंगजेब जो कुछ दूसरों पर लागू करना चाहता था, उसका वह स्वयं अभ्यास करता था। उसके व्यक्तिगत जीवन का नैतिक स्तर ऊंचा था तथा वह अपने युग के प्रचलित पापों से दृढ़तापूर्वक अलग रहता था। इस प्रकार उसके समकालीन उसे 'शाही दरवेश' समझते थे तथा मुसलमान उसे 'जिंदा पीर' के रूप में मानते थे।

**69. निम्नलिखित में से औरंगज़ेब का उत्तराधिकारी कौन था?**

(a) आज़म (b) कामबख्श

(c) अकबर II (d) मुअज्जम

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

औरंगज़ेब की मृत्यु के बाद हुए उत्तराधिकार के युद्ध में 63 वर्षीय मुहम्मद मुअज्जम विजयी रहा और बहादुरशाह (प्रथम) के नाम से भारत का सम्राट बना। उसने 1707-1712 ई. की अवधि में शासन किया। उसे 'शाह-ए-बेखबर' भी कहा जाता है।

**70. मुगल शासकों की दरबारी (अदालती) भाषा थी—**

(a) अरबी (b) उर्दू

(c) फारसी (d) हिंदुस्तानी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

मुगल शासकों की दरबारी अथवा राजभाषा 'फारसी' थी। अकबर द्वारा स्थापित अनुवाद विभाग में संस्कृत, अरबी, तुर्की एवं ग्रीक भाषाओं की अनेक कृतियों का अनुवाद फारसी भाषा में किया गया।

**71. लाल किले का निर्माण किसने करवाया था?**

(a) हुमायूं (b) अकबर

(c) शाहजहां (d) औरंगजेब

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

अकबर के फतेहपुर सीकरी की भांति शाहजहां ने दिल्ली में अपने नाम पर 'शाहजहांनाबाद' नामक एक नगर की स्थापना 1648 ई. में की तथा वहां अनेक सुंदर एवं वैभवपूर्ण भवनों का निर्माण कर उसे सुसज्जित करने का प्रयास किया। शाहजहांनाबाद के भवनों में लाल किला प्रमुख है।

**72. भारत में बीबी का मकबरा कहां स्थित है?**

(a) फतेहपुर सीकरी (b) औरंगाबाद

(c) हैदराबाद (d) जौनपुर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

भारत में 'बीबी का मकबरा' महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में अवस्थित है। इस मकबरे का निर्माण मुगल बादशाह औरंगज़ेब द्वारा अपनी पहली पत्नी दिलरास बानो बेगम (रबिया-उद्-दौरानी) की याद में 17वीं शताब्दी में करवाया गया था। इसे ताजमहल की फूहड़ नकल भी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस मकबरे का निर्माण औरंगजेब के शासनकाल में उसके पुत्र आजम शाह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

**73. निम्नलिखित मुगल भवनों में से किसमें यह अनन्य विशेषता बताई जाती है, कि वह लंबाई और चौड़ाई में बिल्कुल बराबर है?**

(a) आगरा का किला (b) लाल किला

(c) ताजमहल (d) बुलंद दरवाज़ा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

'ताजमहल' लंबाई और चौड़ाई में बिल्कुल बराबर है। यह आकार में वर्गाकार है तथा इसका निर्माण पूर्णतः संगमरमर से किया गया है।

**74. ताजमहल किसके द्वारा बनवाया गया था?**

(a) जहांगीर (b) शाहजहां

(c) शेरशाह (d) नादिरशाह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

समुद्र तल से 171 मीटर ऊंचाई पर अवस्थित ताजमहल का निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में आगरा में करवाया था। 1653 ई. में बनकर तैयार हुए इस मकबरे का रूपांकन वास्तुकार उस्ताद अहमद लाहौरी ने किया था। यह मुगल वास्तु शैली में निर्मित है।

**75. ताजमहल के वास्तुकार कौन थे?**

(a) उस्ताद अहमद लाहौरी (b) नोर्मन फोस्टर

(c) हेनरी इरविन (d) उस्ताद घनी उत्बुद्दीन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर—(a)**

ताजमहल भारत के आगरा शहर में स्थित एक विश्व धरोहर मकबरा है। इसका निर्माण मुगल सम्राट शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया था। ताजमहल के वास्तुकार उस्ताद अहमद लाहौरी थे।

**76. ताजमहल के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) यह एक भव्य मकबरा है।

(b) इसका निर्माण शाहजहां ने किया था।

(c) यह आगरा फोर्ट के बाहर स्थित है।

(d) इस पर उन कारीगरों के नाम उत्कीर्ण हैं, जिन्होंने इसका निर्माण किया था।

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

ताजमहल पर कुरान की आयतें उत्कीर्णित हैं। इस पर उत्कीर्णन का कार्य अमानत खां शिराजी ने किया था। इनका नाम ताजमहल के एक द्वार पर अंत में उत्कीर्णित है, किंतु कारीगरों के नाम इस पर उत्कीर्णित नहीं हैं।

**77. निम्नलिखित का मिलान कीजिए-**

| स्मारक | शासक |
|---|---|
| 1. आगरा का किला | A. शेरशाह |
| 2. ताजमहल | B. अकबर |
| 3. पुराना किला | C. शाहजहां |

| | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|
| (a) | A | B | C |
| (b) | B | C | A |
| (c) | C | B | A |
| (d) | C | A | B |

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

सही सुमेलन है-

| स्मारक | | शासक |
|---|---|---|
| आगरा का किला | - | अकबर |
| ताजमहल | - | शाहजहां |
| पुराना किला | - | शेरशाह |

**78. दिल्ली की जामा मस्जिद किस सदी में बनाई गई थी?**

(a) 15वीं (b) 16वीं

(c) 17वीं (d) 18वीं

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

दिल्ली की जामा मस्जिद का निर्माण 17वीं सदी (1656 ई.) में शाहजहां ने करवाया था। मुगल सम्राटों में शाहजहां सबसे महान भवन निर्माणकर्ता था। जामा मस्जिद दिल्ली के लाल किले के बाहर ऊंचे चबूतरे पर स्थित है। इसके तीन प्रवेश द्वार हैं, जिनमें पूर्वी प्रवेश द्वार से बादशाह नमाज पढ़ने आया करता था तथा अन्य दो प्रवेश द्वारों (उत्तरी तथा दक्षिणी) से सामान्य प्रजा आया करती थी।

## ❑ शेरशाह

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ शेर खान ने ____ को चौसा (1539) और कन्नौज (1540) में हराकर उसे ईरान की ओर भागने के लिए बाध्य किया। **— हुमायूं**

☞ शेरशाह का मकबरा कहां स्थित है? **— सासाराम में**

☞ किसने मुगल सम्राट हुमायूं को परास्त किया तथा दिल्ली पर अधिकार करके स्वयं अपना राजवंश स्थापित किया? **— शेर शाह सूरी ने**

☞ शेरशाह के बचपन का नाम क्या था? **— फरीद खां**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. शेर खान ने हुमायूं को 1539 तथा 1540 में क्रमशः किन दो स्थानों पर पराजित किया था?**

(a) आगरा तथा दिल्ली (b) मालवा तथा गोंदवाना
(c) चौसा तथा कन्नौज (d) बेरार तथा चित्तौड़

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

शेर खां ने हुमायूं को 1539 ई. में चौसा तथा 1540 ई. में कन्नौज के युद्ध में पराजित किया था।

**2. निम्नलिखित में से किसके शासनकाल के दौरान भारत में 1 रुपये का सिक्का टकसालित (मिंट) किया गया था?**

(a) बाबर (b) शेरशाह सूरी
(c) अकबर (d) औरंगज़ेब

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

शेरशाह सूरी के शासनकाल में भारत में 1 रुपये का सिक्का ढाला गया था। शेरशाह की मुद्रा व्यवस्था अत्यंत विकसित थी। उसने पुराने घिसे-पिटे सिक्कों के स्थान पर शुरू में चांदी का रुपया (180 ग्रेन) और तांबे का दाम (380 ग्रेन) चलाया। शेरशाह के समय में 23 टकसालें थीं। शेरशाह के सिक्कों पर शेरशाह का नाम और पद, अरबी या नागरी लिपि में अंकित होता था।

**3. शेरशाह द्वारा निर्मित ग्रैंड ट्रंक रोड, पंजाब को किसके साथ जोड़ती थी?**

(a) लाहौर (b) मुल्तान
(c) आगरा (d) पूर्व बंगाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

शेरशाह द्वारा निर्मित ग्रैंड ट्रंक रोड, पंजाब को पूर्वी बंगाल के साथ जोड़ती थी।

**4. शेरशाह की मृत्यु कहां लड़ते हुए हुई थी?**

(a) चौसा में
(b) कलिंग में
(c) कालिंजर में
(d) इनमें से कहीं भी नहीं

**S.S.C.F.C.I परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

ऐसा माना जाता है कि कालिंजर अभियान के दौरान किले की दीवार से टकराकर लौटे एक गोले के विस्फोट से शेरशाह की 1545 ई. में मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय वह 'उक्का' नामक आग्नेयास्त्र चला रहा था।

## ❑ मराठा

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ छत्रपति शिवाजी महाराज (1674 - 1680 ई.) किस वंश के शासक थे? **— मराठा वंश के**

☞ किस वर्ष शिवाजी को छत्रपति का ताज पहनाया गया था? **— 1674 ई.में**

☞ छत्रपति संभाजी (1680 - 1688 ई.) किस वंश का शासक था? **— मराठा वंश के**

☞ किसने गुरिल्ला युद्ध के तरीकों की शुरुआत की थी? **— शिवाजी ने**

☞ भारत में मुगल शासन को खत्म करने का एक बड़ी सीमा तक श्रेय किसे दिया जाता है? **— मराठा को**

☞ पुणे कभी ________ की राजधानी के रूप में जाना जाता था। **— पेशवा**

☞ ________एक हिंदू संत थे, जो भक्ति आंदोलन और महाराष्ट्र के वारकरी संप्रदाय से जुड़े थे। **— गोरा कुंभार**

☞ ज्ञानेश्वर तेरहवीं शताब्दी के एक मराठी संत थे जिन्होंने ज्ञानेश्वरी लिखी थी, जो ________ पर एक कमेंट्री है। **— भगवद्गीता**

☞ 1761 की पानीपत की तीसरी लड़ाई में कौन पराजित हुए थे? - **मराठा**

☞ महाद्‌जी सिंधिया तथा नाना फड़नीस किस राजवंश के प्रसिद्ध योद्धा थे? — **मराठा के**

☞ मराठा काल में ग्राम प्रशासन की देखभाल करने वाला अधिकारी कौन था? - **पाटिल**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. नाना फड़नवीस का मूल नाम था—**

(a) महादजी सिंधिया
(b) तुकोजी होलकर
(c) नारायण राव
(d) बालाजी जनार्दन भानु

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

नाना फड़नवीस का मूल नाम 'बालाजी जनार्दन भानु' था।

**2. शिवाजी का गुरु कौन था?**

(a) नामदेव (b) रामदास
(c) एकनाथ (d) तुकाराम

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

शिवाजी का जन्म 1627 ई. में पूना के निकट शिवनेर के दुर्ग में हुआ था। उनके पिता का नाम शाहजी भोंसले और माता का नाम जीजाबाई था। शिवाजी के व्यक्तित्व पर सर्वाधिक प्रभाव उनकी माता जीजाबाई तथा संरक्षक एवं शिक्षक दादा कोंणदेव का पड़ा। इनके गुरु का नाम समर्थ रामदास था।

**3. उस मराठा राजा का नाम बताइए, जो औरंगज़ेब से बहादुरी से लड़ा—**

(a) शाहजी भोंसले (b) बाजीराव II
(c) शिवाजी (d) साहू

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

शिवाजी, औरंगज़ेब से बहादुरी के साथ लड़े थे। 1665 ई. में औरंगज़ेब ने कछवाहा राजा जयसिंह को शिवाजी के विरुद्ध भेजा था, जिसने शिवाजी को पराजित कर पुरंदर की संधि (1665 ई.) करने के लिए बाध्य किया।

**4. छत्रपति शिवाजी को हराने के लिए औरंगज़ेब ने निम्न में से किसको भेजा था?**

(a) राजा जसवंत सिंह (b) राजा मानसिंह
(c) राजा भगवान दास (d) राजा जयसिंह

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. शिवाजी को पकड़ने के लिए औरंगज़ेब द्वारा किस जनरल को भेजा गया था?**

(a) अबुल फज़ल (b) अफजल खान
(c) मलिक काफूर (d) शाइस्ता खान

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

1660 ई. में औरंगज़ेब ने अपने मामा शाइस्ता खान को दक्षिण का सूबेदार नियुक्त किया और शिवाजी को खत्म करने का आदेश दिया। उसने शिवाजी के विरुद्ध पूना, चाकन और कल्याण सहित कुछ स्थानों और किलों को जीतने में सफलता पाई, परंतु 1663 ई. में शिवाजी ने रात्रि के समय पूना में शाइस्ता खान के निवास-स्थान पर आक्रमण कर दिया। इस संघर्ष में शाइस्ता खान का अंगूठा कट गया और उसका पुत्र फतेह खान मार डाला गया।

**6. शिवाजी ने कितनी बार सूरत को लूटा?**

(a) चार बार (b) एक बार
(c) तीन बार (d) दो बार

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

छत्रपति शिवाजी (1627-1680 ई.) ने सूरत को दो बार लूटा। प्रथम बार फरवरी, 1664 में व दूसरी बार अक्टूबर, 1670 में।

**7. 1700 ई. में राजाराम की मृत्यु के बाद मराठों ने मुगलों के विरुद्ध युद्ध उसकी वीर पत्नी___________के नेतृत्व में जारी रखा।**

(a) ताराबाई (b) लक्ष्मीबाई
(c) रमाबाई (d) जीजाबाई

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

राजाराम की मृत्यु के बाद उसकी विधवा पत्नी ताराबाई ने अपने चार वर्षीय पुत्र को शिवाजी द्वितीय के नाम से गद्दी पर बैठाया और मुगलों से स्वतंत्रता हेतु संघर्ष जारी रखा।

**8. शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ था—**

(a) 1627 ई. में (b) 1674 ई. में
(c) 1680 ई. में (d) 1670 ई. में

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

शिवाजी का राज्याभिषेक काशी के प्रसिद्ध विद्वान गंगा भट्ट अथवा विश्वेश्वर भट्ट द्वारा 14 जून, 1674 को राजधानी रायगढ़ में हुआ था। 18 जून, 1674 को इनकी माता जीजाबाई का निधन हो गया। अतः तांत्रिक विधि से दूसरा राज्याभिषेक निश्चलपुरी गोसाईं द्वारा 24 सितंबर, 1674 को संपन्न कराया गया।

**9. शिवाजी के राज्य की राजधानी कहां थी?**

(a) पुणे (b) करवार
(c) पुरंदर (d) रायगढ़

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. यूरोपियन शक्ति पहचानिए, जिससे शिवाजी ने तोपें और गोला-बारूद प्राप्त किए थे।**

(a) फ्रांसीसी (b) पुर्तगाली
(c) डच (d) अंग्रेज

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

शिवाजी के पास एक छोटा तोपखाना था, जिसमें लगभग 200 तोपें थीं। ये तोपें फ्रांसीसियों, पुर्तगालियों तथा अंग्रेजों से खरीदी गईं थीं।

**11. निम्नलिखित में से किसे 'लड़ाकू पेशवा' कहा जाता था?**

(a) बाजीराव प्रथम (b) बाजीराव द्वितीय
(c) बालाजी बाजीराव (d) बालाजी विश्वनाथ

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

बाजीराव प्रथम मराठा साम्राज्य के महान सेनानायक थे। बालाजी विश्वनाथ की मृत्यु हो जाने के बाद बाजीराव प्रथम को दूसरा पेशवा नियुक्त किया गया। शिवाजी के बाद बाजीराव प्रथम ही दूसरा ऐसा मराठा सेनापति था, जिसने गुरिल्ला युद्ध प्रणाली को अपनाया। वह 'लड़ाकू पेशवा' के नाम से भी जाना जाता था।

**12. 'नाना साहब' के नाम से कौन प्रसिद्ध था?**

(a) बाजीराव प्रथम (b) बालाजी बाजीराव
(c) बालाजी विश्वनाथ (d) माधव राव

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

बालाजी बाजीराव 'नाना साहब' के नाम से भी प्रसिद्ध थे। यह बाजीराव प्रथम के पुत्र थे। इनका शासन 1740-61 ई. तक था।

**13. पेशवाओं का संस्थापक निम्नलिखित में से कौन था?**

(a) परशुराम त्र्यंबक (b) रामचंद्र पंत
(c) बालाजी बाजीराव (d) बालाजी विश्वनाथ

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

मराठा राज्य में पेशवा व्यवस्था बालाजी विश्वनाथ के साथ ही शुरू हुई थी। इस प्रकार बालाजी विश्वनाथ को ही पेशवा व्यवस्था का संस्थापक माना जाता है।

**14. जिस समय 1761 में पानीपत की तीसरी लड़ाई में अहमद शाह अब्दाली ने मराठों को हराया उस समय दिल्ली का शासक कौन था?**

(a) शाह आलम II (b) आलमगीर II
(c) मुहम्मद शाह (d) जहांदार शाह

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

1761 ई. में पानीपत की तीसरी लड़ाई अफगान शासक अहमदशाह अब्दाली व मराठों के बीच लड़ी गई थी। इस समय दिल्ली का शासक मुगल बादशाह शाहआलम II (अलीगौहर) था। इस युद्ध में मराठों की हार हुई।

**15. प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध कौन-सी संधि द्वारा समाप्त हुआ था?**

(a) सूरत (b) बसीन
(c) सालबाई (d) पुरंदर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध (1775–82 ई.) का कारण मराठों के आपसी झगड़े तथा अंग्रेजों की महत्वाकांक्षाएं थीं। 1782 ई. में सालबाई की संधि (अंग्रेज तथा महादजी सिंधिया के बीच) द्वारा प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध समाप्त हो गया तथा एक-दूसरे के विजित क्षेत्र वापस कर दिए गए तथा अगले 20 वर्षों तक शांति बनी रही।

**16. पेशवा प्रथा, ब्रिटिश द्वारा किस पेशवा के काल में समाप्त की गई थी?**

(a) रघुनाथ राव (b) नारायण राव
(c) माधव राव II (d) बाजीराव II

**S.S.C.संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

एल्फिंस्टन ने पेशवा बाजीराव द्वितीय से उसकी इच्छा न रहने पर भी 13 जून, 1817 ई. को पूना की संधि पर हस्ताक्षर करवाए। इस संधि से पेशवा को मराठा संघ की प्रधानता छोड़ देनी पड़ी।

# आधुनिक इतिहास

## ❑ यूरोपियन कंपनियां

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016)

☞ सही सुमेलित है-

| युद्ध | वर्ष |
|---|---|
| बक्सर का युद्ध | 1764 |
| प्लासी का युद्ध | 1757 |
| हल्दीघाटी का युद्ध | 1576 |

☞ किसने सर्वप्रथम भारत के साथ व्यापार संबंध स्थापित किए थे? **— पुर्तगलियों ने**

☞ 1498 ई. में, किस पुर्तगाली अन्वेषक ने यूरोप से भारत के लिए एक नए समुद्री मार्ग की खोज की थी? **— वास्कोडिगामा ने**

☞ भारत की तरफ आने वाले समुद्री मार्ग की खोज किसने की थी? **— वास्कोडिगामा ने**

☞ वांडीवॉश के युद्ध में इंग्लिश सेना ने ______ को हराया था। **— फ्रांसीसी**

☞ फ्रेंच ईस्ट इंडिया कंपनी ने पांडिचेरी किससे प्राप्त किया? **- बीजापुर के सुल्तान से**

☞ नील, मसाला, मलमल, सूती वस्त्र में से सर्वप्रथम किस वस्तु ने यूरोपियों को भारतीय कारोबार के लिए प्रोत्साहित किया? **- मसाला ने**

☞ किस निर्णायक युद्ध ने अंग्रेजों के भारत में प्रभुत्व को संस्थापित कर दिया था? **- बक्सर का युद्ध**

☞ किसने बक्सर की लड़ाई में अंग्रेजी सेना का नेतृत्व किया? **- हेक्टर मुनरो ने**

☞ किस वर्ष अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी, भारत में पहली बार उपस्थित हुई थी? **— 1608 ई. में**

☞ अपने शासन के दौरान अंग्रेज किसानों को पंजाब में______उगाने के लिए मजबूर करते रहे। **— गेहूं**

☞ फ्रांसीसियों ने सूरत में अपना पहला कारखाना और____में दूसरा कारखाना स्थापित किया था। **- मसूलीपटनम**

☞ श्रीलंका में डच और पुर्तगाली उपनिवेशवादियों के वंशजों को क्या कहा जाता है? **— बूर्घेर**

☞ कौन-से पुर्तगाली नेता ने 'ब्लू वाटर पालिसी' शुरू की थी? **— फ्रांसिस्को-डी-अल्मीडा**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. अंग्रेजों द्वारा कलकत्ता में निर्मित दुर्ग का नाम क्या है?**

(a) फोर्ट सेंट डेविड (b) फोर्ट सेंट एंड्रयू
(c) फोर्ट विलियम (d) फोर्ट विक्टोरिया

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

बर्दवान जिले के एक जमींदार शोभा सिंह के विद्रोह के कारण अंग्रेजों को 1696 ई. में अपनी नई कोठी की किलेबंदी की अनुमति मिल गई। बंगाल के सूबेदार अजीम-उस-शान ने 1698 ई. में अंग्रेजों को सूतानती, कलिकाता और गोविंदपुर नामक तीन गांवों की जमींदारी प्रदान की, जिसके बदले में उन्हें इन गांवों के मालिकों को 1200 रु. देने पड़े। इंग्लैंड के सम्राट के सम्मान में उक्त किलेबंद व्यावसायिक प्रतिष्ठान का नाम फोर्ट विलियम रखा गया। सर चार्ल्स आयर इसका पहला प्रेसीडेंट बना था।

**2. निम्न में से कौन-सा भारत आने वाला पहला अंग्रेजी जहाज है?**

(a) एलिजाबेथ (b) बंगाल
(c) रेड ड्रैगन (d) मेफ्लावर

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

**नोट—** कैप्टन हॉकिस के नेतृत्व में हेक्टर नामक पहला अंग्रेजी जहाज 1608 ई. में सूरत के बंदरगाह पर आकर रुका था तथा हॉकिस ही वह प्रथम अंग्रेज व्यक्ति था जिसने समुद्री मार्ग से भारत की भूमि पर कदम रखा था। दिए गए विकल्पों में हेक्टर नहीं है तथापि रेड ड्रैगन उसी जहाजी बेड़े में शामिल था जिसमें हेक्टर जहाज था। अतः प्रश्नानुसार अभीष्ट उत्तर विकल्प (c) होगा।

**3. भारत में डच का सबसे प्रारंभिक उपनिवेश कहां था?**

(a) मसूलीपट्टनम (b) पुलीकट
(c) सूरत (d) अहमदाबाद

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

भारत में डचों का सबसे प्रारंभिक उपनिवेश मसूलीपट्टनम (1605 ई.) था। भारत में डचों की अन्य कोठियां थी-पुलीकट (1610 ई.), सूरत (1616 ई.), विमलीपट्टनम, चिनसुरा, कासिम बाजार, पटना, बालासोर आदि।

**4. 1651 में मुगलों द्वारा बंगाल में किस स्थान पर ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार करने और फैक्टरी बनाने की अनुमति दी गई थी?**

(a) कलकत्ता (b) कासिम बाजार
(c) सिंगूर (d) बर्दवान

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

1651 ई. में मुगलों द्वारा बंगाल में कासिम बाजार और हुगली नामक स्थान पर ईस्ट इंडिया कंपनी को व्यापार करने और फैक्टरी बनाने की अनुमति दी गई थी।

**5. अंग्रेजों ने निम्नलिखित स्थानों पर जिस क्रम में अपने व्यापार केंद्र स्थापित किए, उनका सही कालानुक्रम है—**

(a) कलकत्ता, बंबई, मद्रास, सूरत
(b) बंबई, मद्रास, सूरत, कलकत्ता
(c) सूरत, मद्रास, बंबई, कलकत्ता
(d) सूरत, मद्रास, कलकत्ता, बंबई

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

अंग्रेजों ने अपने व्यापारिक केंद्र निम्नक्रम के अनुसार स्थापित किए थे—

| | | |
|---|---|---|
| सूरत | – | 1613 ई. |
| मद्रास | – | 1639 ई. |
| बंबई | – | 1687 ई. |
| कलकत्ता | – | 1698 ई. |

**6. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान भारत में पुर्तगालियों का मुख्यालय था?**

(a) कोचीन (b) गोवा
(c) कालीकट (d) कन्नौर

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

प्रारंभ में अल्फांसो द अल्बुकर्क द्वारा कोचीन को मुख्यालय बनाया गया था। 1530 ई. में नीनो द कुन्हा द्वारा सरकारी कार्यालय कोचीन से गोवा स्थानांतरित कर दिया। इस प्रकार गोवा काफी लंबी अवधि तक पुर्तगालियों का मुख्यालय बना रहा।

**7. अंग्रेज शासक चार्ल्स II को किसकी राजकुमारी से विवाह करने के लिए बंबई दहेज में दिया गया था?**

(a) हॉलैंड (b) डेनमार्क
(c) फ्रांस (d) पुर्तगाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

1661 ई. में इंग्लैंड के सम्राट चार्ल्स II का विवाह पुर्तगाल की राजकुमारी कैथरीन से होने के कारण अंग्रेजों को बंबई दहेज के रूप में प्राप्त हुआ था। बाद में चार्ल्स II ने बंबई को 10 पौंड के वार्षिक किराए पर ईस्ट इंडिया कंपनी को दे दिया।

**8. भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज का श्रेय जाता है—**

(a) फ्रांसीसियों को (b) डच को
(c) पुर्तगालियों को (d) अंग्रेजों को

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज का श्रेय वास्को डि गामा को दिया जाता है जो एक पुर्तगाली था। यह कालीकट के तट पर 1498 ई. में पहुंचा था। यहां के स्थानीय शासक जमोरिन ने उसका स्वागत किया जबकि स्थानीय व्यापारियों ने उसका विरोध किया।

**9. पुर्तगाली यात्री वास्को डि गामा का कालीकट आने पर भव्य स्वागत करने वाले भारतीय राजा का नाम बताइए।**

(a) असफ जाह इस्माइल मुल्क (b) देवराय
(c) जमोरिन (d) कृष्णदेवराय

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. 'केप ऑफ गुड होप' के रास्ते भारत तक के समुद्री रास्ते की खोज किसने की थी?**

(a) वास्को डि गामा (b) अमुंदसेन
(c) क्रिस्टोफर कोलंबस (d) जॉन काबोट

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

'केप ऑफ गुड होप' के रास्ते भारत तक के समुद्री रास्ते की खोज वास्को डि गामा ने की थी। वह सर्वप्रथम 1498 ई. में भारत के कालीकट के तट पर इसी मार्ग से आया था।

**11. भारत में सबसे पहले आने वाले और सबसे बाद में जाने वाले थे—**

(a) पुर्तगाली (b) फ्रांसीसी
(c) अंग्रेज (d) डच

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

1498 ई. में वास्को डि गामा के भारत आगमन के साथ भारत में सर्वप्रथम विदेशी यूरोपियों के रूप में पुर्तगालियों का आगमन हुआ था। भारत के क्षेत्रों से वे सबसे बाद में गोवा से (1961 ई. में) गए।

**12. भारत में पुर्तगाली सत्ता की वास्तविक नींव रखने वाले महानतम पुर्तगाली गवर्नर थे—**

(a) अल्मेडा (b) अल्बुकर्क

(c) फ्रांसिस ड्रेक (d) वास्को डि गामा

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

भारत में पुर्तगाली शक्ति का वास्तविक संस्थापक अल्बुकर्क (1509-15 ई.) था। इसने भारत में एक प्रादेशिक शक्ति के रूप में पुर्तगाली राज्य की स्थापना की। इसने 1510 ई. में गोवा जीता 1511 ई. में मलक्का पर नियंत्रण किया तथा फारस की खाड़ी में हरमुज पर अधिकार किया।

**13. पुर्तगालियों द्वारा कालीकट से ले जाए जाने वाले कालीकट के सूती कपड़े यूरोप में आमतौर पर क्या कहलाते थे?**

(a) कैलको

(b) कैलिको

(c) कौटेक्स

(d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 16 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

पुर्तगालियों द्वारा कालीकट से ले जाए जाने वाले कालीकट के सूती कपड़े यूरोप में आमतौर पर कैलिको (Calico) कहलाते थे।

**14. गुजरात का शासक बहादुर शाह किसके साथ हुई संघर्ष में मारा गया?**

(a) डच (b) अंगेज

(c) पुर्तगाली (d) फ्रेंच

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

गुजरात का शासक बहादुर शाह 1537 ई. में गुजरात बंदरगाह के समीप जहाज का निरीक्षण करते समय पुर्तगालियों द्वारा मारा गया।

**15. अपने शासन के दौरान अंग्रेज किसानों को आसाम में.........उगाने के लिए मजबूर करते रहे।**

(a) जूट (b) चाय

(c) गन्ना (d) गेहूं

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 19 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

अंग्रेजों द्वारा अपनी साम्राज्यवादी नीतियों की पूर्ति, राजस्व एवं कच्चे माल की आवश्यकता की पूर्ति के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में कृषिगत उपायों का सहारा लिया गया। जिसमें बंगाल में जूट, **आसाम में चाय**, गन्ना संयुक्त प्रांत में तथा मद्रास में चावल उगाने के लिए मजबूर करते थे।

**16. अपने शासन के दौरान अंग्रेज किसानों को मद्रास में.......उगाने के लिए मजबूर करते रहे।**

(a) जूट (b) चाय

(c) गन्ना (d) चावल

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 17 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

अपनी साम्राज्यवादी नीतियों को विस्तार देने हेतु अंग्रेजों ने अपने शासन के दौरान विभिन्न प्रयोग किए जिनमें अपनी आर्थिक संरचना को मजबूत करने एवं ब्रिटेन को निर्यात हेतु कृषकों का अधिक से अधिक शोषण शामिल रहा, जिससे उन्हें आय के साथ-साथ फसलों के उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी हुई। देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी आवश्यकतानुसार वो कृषकों को फसल उगाने के लिए मजबूर करते थे जैसे-पंजाब में गेहूं, महाराष्ट्र एवं पंजाब में कपास तथा मद्रास में चावल की खेती प्रमुख रही।

## ❑ क्षेत्रीय राज्य

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ प्लासी की जंग के बाद सिराजुद्दौला को मार दिया गया और —— को नवाब बनाया गया। **— मीर ज़ाफर**

☞ किस सिख गुरु ने 'खालसा' की शुरुआत की? **— गुरु गोविंद सिंह ने**

☞ लॉर्ड क्लाइव ने सिराजुद्दौला को किस युद्ध में हराया था? **— प्लासी के युद्ध में**

☞ टीपू सुल्तान को ........... का शेर भी कहा जाता था। **— मैसूर**

☞ प्लासी का युद्ध वर्ष ......... में लड़ा गया था। **— 1757 ई.**

☞ महाराजा रणजीत सिंह के राज्य की राजधानी क्या थी? **— लाहौर**

☞ सिख खालसा सेना किसके शासन के तहत बनाई गई थी?

**- रणजीत सिंह**

☞ सिक्खों के 10वें गुरु गोविंद सिंह किसके पुत्र थे?

**- गुरु तेग बहादुर के**

☞ गुरु अर्जुन देव सिक्खों के कौन से गुरु थे? **- पांचवें**

☞ सिक्खों के दसवें और अंतिम गुरु गुरुगोबिंद सिंह की जन्मस्थली है :________ । **- पटना साहिब**

☞ गुरु गोविंद सिंह की समाधि कहां स्थित है? **- नादेड़**

☞ गुजरात राज्य में पहली बार जजिया कर लागू करने वाला शासक कौन था? **- अहमदशाह प्रथम**

☞ लॉर्ड मिंटो ने अमृतसर की संधि (1809) से ठीक पहले शांति स्थापित करने के लिए रंजीत सिंह के पास किसे भेजा था?

**- चार्ल्स मेटकॉफ को**

☞ टीपू सुल्तान को ब्रिटिश सेना ने ______ आंग्ल-मैसूर युद्ध में पराजित किया था। **- तीसरे**

☞ हम्पी किस राज्य में स्थित है? **- कर्नाटक में**

☞ टीपू सुल्तान का पिता कौन था? **- हैदर अली**

☞ ईस्ट इंडिया कंपनी ने मैसूर के विरुद्ध कितने युद्ध लड़े थे?

**— चार**

☞ मैसूर के विरुद्ध किस युद्ध में ईस्ट इंडिया कंपनी ने आखिरकार विजय प्राप्त की थी? **— चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध**

☞ सिख गुरु हर किशन के उत्तराधिकारी थे

**— गुरु तेग बहादुर**

☞ बंगाल के किस शासक ने उड़ीसा का एक भाग मराठों को दे दिया? **- अलीवर्दी खां ने**

☞ वर्ष 1905 से पहले, ब्रिटिश भारत का सबसे बड़ा प्रांत कौन-सा था? **— बंगाल**

☞ ब्रिटिश को राजनीति शक्ति किसके बाद प्राप्त हुई?

**— प्लासी का युद्ध**

☞ किस सिख गुरु ने अमृतसर की आधारशिला रखी थी?

**— गुरु रामदास ने**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना किस वर्ष में की गई थी?**

(a) 1599 (b) 1699
(c) 1707 (d) 1657

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

गुरु गोविंद सिंह द्वारा 'खालसा पंथ' की स्थापना 1699 ई. में की गई थी। उनके द्वारा आरंभ 'पाहुल प्रणाली' में दीक्षित होने वाले व्यक्ति को खालसा कहा गया। अब गुरुपद समाप्त कर दिया गया और 'गुरु ग्रंथ साहिब' को ही प्रमुख रूप से गुरु का स्थान प्रदान किया गया।

**2. अकाल तख्त का निर्माण किया था -**

(a) गुरु रामदास ने (b) गुरु तेग बहादुर ने
(c) गुरु हरगोविंद ने (d) गुरु नानक ने

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

सिखों के छठवें गुरु, गुरु हरगोविंद ने अकाल तख्त की स्थापना की थी तथा उन्होंने सिखों को एक लड़ाकू जाति में परिवर्तित किया। उन्होंने अमृतसर की रक्षा हेतु लौहगढ़ किले का निर्माण भी कराया था।

**3. गुरु नानक का जन्म स्थान कौन-सा था?**

(a) गुरदासपुर (b) अमृतसर
(c) लाहौर (d) तलवंडी

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

गुरु नानक का जन्म वर्तमान पाकिस्तान के तलवंडी (ननकाना साहिब) में 1469 ई. में हुआ था। इनके पिता का नाम कालू मेहता तथा माता का नाम तृप्ता देवी था।

**4. गुरु नानक देव (सिख धर्म के प्रवर्तक) का जन्म कहां हुआ था?**

(a) अमृतसर (b) आनंदपुर साहिब
(c) तलवंडी (d) पटना साहिब

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 8 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. गुरु नानक का उत्तराधिकारी कौन है?**

(a) गुरु अंगद (b) गुरु रामदास

(c) गुरु अर्जुन (d) गुरु हरगोविंद

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(a)**

गुरु नानक के उत्तराधिकारी गुरु अंगद (1539 -1552 ई.) थे। इन्होंने खादुर में गुरु गद्दी बनाई।

**6. किस सिख गुरु ने स्वयं को 'सच्चा बादशाह' कहा था?**

(a) गुरु गोविंद सिंह (b) गुरु हरगोविंद

(c) गुरु तेग बहादुर (d) गुरु अर्जुन देव

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

गुरु अर्जुन देव ने स्वयं को 'सच्चा बादशाह' कहा था। इन्होंने 1604 ई. में आदिग्रंथ की रचना की। खुसरो को समर्थन देने के कारण जहांगीर ने 1606 ई. में इन्हें मृत्युदंड दे दिया।

**7. सिक्खों का अंतिम गुरु निम्न में से कौन था?**

(a) गुरु अर्जुन देव (b) गुरु तेग बहादुर

(c) गुरु गोविंद सिंह (d) गुरु अंगद देव

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(c)**

सिक्खों के दसवें एवं अंतिम गुरु 'गुरु गोविंद सिंह' थे। इनको गुरुपद 1675 ई. में प्राप्त हुआ था जिस पर ये अपनी मृत्यु (1708 ई.) तक बने रहे।

**8. रणजीत सिंह की राजनीतिक राजधानी लाहौर थी। किस नगर को उसकी धार्मिक राजधानी कहा जाता था?**

(a) अमृतसर (b) आनंदपुर साहिब

(c) गुजरांवाला (d) पेशावर

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

रणजीत सिंह की राजनीतिक राजधानी लाहौर जबकि धार्मिक राजधानी अमृतसर थी। इनका शासनकाल 1797 ई. से 1839 ई. तक था।

**9. रणजीत सिंह को राजा की उपाधि किसने दी थी?**

(a) दीवान शाह (b) लॉर्ड लेक

(c) जमानशाह (d) कश्मीर के राजा

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर–(c)**

1798 ई. में जमानशाह ने पंजाब पर आक्रमण किया। वापस जाते समय उसकी तोपें चिनाब नदी में गिर गईं। रणजीत सिंह ने उन्हें निकलवा कर वापस भेंजवा दिया। बदले में जमान शाह ने उसे लाहौर पर अधिकार करने की अनुमति दी। 1799 ई. में रणजीत सिंह ने तत्काल लाहौर पर अधिकार कर लिया और अपनी प्रतिष्ठा में वृद्धि की। राजा की उपाधि उसे जमानशाह ने प्रदान किया था।

**10. किस गवर्नर-जनरल ने रोपड़ में रणजीत सिंह का बड़े सम्मान के साथ स्वागत किया था?**

(a) मिंटो प्रथम (b) विलियम बेंटिंक

(c) हेस्टिंग्स (d) ऑकलैंड

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(b)**

गवर्नर-जनरल विलियम बेंटिंक ने 1831 ई. में रोपण में रणजीत सिंह का बड़े सम्मान के साथ स्वागत किया था।

**11. नादिरशाह के आक्रमण के समय दिल्ली का शासक निम्नलिखित में से कौन था?**

(a) मुहम्मद शाह (b) बहादुर शाह

(c) आलमगीर द्वितीय (d) शाह आलम द्वितीय

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

नादिर शाह ने 1739 ई. में आक्रमण किया था। इस दौरान दिल्ली का शासक मुहम्मद शाह था। नादिर शाह ने 1739 ई. में करनाल के युद्ध में मुहम्मद शाह को पराजित करके दिल्ली के शाही खजाने, मोती, हीरे, जवाहरात एवं विश्व प्रसिद्ध मयूर सिंहासन (तख्ते ताऊस) पर अधिकार कर लिया। नादिर शाह के नाम का खुत्बा पढ़ा गया तथा सिक्के जारी किए गए। नादिर शाह दिल्ली में लगभग दो मास ठहरा। वापस जाते समय नादिर शाह ने मुहम्मद शाह को पुनः मुगल साम्राज्य का सम्राट घोषित कर दिया, खुत्बा पढ़ने और सिक्के चलाने का अधिकार भी लौटा दिया।

**12. निम्न में से किस लड़ाई में नादिर शाह ने मुगल सम्राट मुहम्मद शाह को पराजित किया था?**

(a) दिल्ली (b) करनाल

(c) पानीपत (d) कानपुर

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. अवध के स्वायत्त राज्य का संस्थापक कौन था?**

(a) सफदरजंग (b) सआदत खां

(c) शुजाउद्दौला (d) आसफुद्दौला

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

अवध राज्य अंग्रेजी और मराठा राज्यों के बीच में था। यह पश्चिम में कन्नौज से लेकर पूर्व में कर्मनाशा नदी तक फैला हुआ था। इसे बफर राज्य के रूप में जाना जाता है। अवध राज्य ने अंग्रेजी साम्राज्य के पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अवध के स्वतंत्र राज्य का संस्थापक सआदत खां (बुरहानुलमुल्क) था।

**14. दूसरे एंग्लो-मैसूर युद्ध में गवर्नर-जनरल कौन था?**

(a) लॉर्ड वेल्सले (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस

(c) सर जॉन शोर (d) वॉरेन हेस्टिंग्स

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

द्वितीय एंग्लो-मैसूर युद्ध (1780-84 ई.) के समय बंगाल का गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स (1774-85 ई.) था। इस युद्ध के दौरान घायल होने के कारण 7 दिसंबर, 1782 को हैदरअली की मृत्यु हो गई।

**15. टीपू सुल्तान कहां का शासक था?**

(a) मगध (b) हैदराबाद

(c) मैसूर (d) विजयनगर

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

टीपू सुल्तान मैसूर का शासक था। 20 नवंबर, 1750 में जन्में टीपू सुल्तान का पूरा नाम सुल्तान फतेह अली खान साहब था जो अपने पिता (हैदर अली) की मृत्यु के बाद 1782 ई. में मैसूर का शासक बना।

**16. मुर्शिद कुली खान, अली वर्दी खान और सिराजुद्दौला कहां के नवाब थे?**

(a) लखनऊ (b) वाराणसी

(c) हैदराबाद (d) बंगाल

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(d)**

मुर्शिद कुली खान, अली वर्दी खान और सिराजुद्दौला बंगाल के नवाब थे।

**17. तथाकथित 'काल कोठरी' दुर्घटना किस बात का उल्लेख करती है?**

(a) अंग्रेज कैदियों के सिर को काले नकाब से ढकना।

(b) 123 अंग्रेजों की एक छोटे से कमरे में तथाकथित कैद जिसके परिणामस्वरूप उनमें से अधिकांश की मृत्यु हो गई।

(c) अंग्रेज कैदियों को एक पैलेस में बंद करके रखना।

(d) अंग्रेज महिलाओं और बच्चों को बिना खिड़की वाले कमरे में कैद करना।

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा 2014**

**उत्तर—(b)**

'काल कोठरी' (ब्लैक होल त्रासदी) की घटना बंगाल में 20 जून, 1756 को घटित हुई थी, जिसमें 123 अंग्रेजों को एक छोटे से कमरे में तथाकथित कैद किया गया जिसके परिणामस्वरूप उनमें से अधिकांश की मृत्यु हो गई।

**18. ब्लैक-होल त्रासदी कहां घटी थी?**

(a) कलकत्ता (b) मुर्शिदाबाद

(c) ढाका (d) मुंगेर

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

ब्लैक-होल त्रासदी 20 जून, 1756 को कलकत्ता में घटित हुई थी।

**19. 1757 में प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ किसने विश्वासघात किया था?**

(a) हैदरअली (b) मीर कासिम

(c) मीर जाफर (d) अवध के नवाब

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

23 जून, 1757 को हुए प्लासी के युद्ध में सिराजुद्दौला के साथ मीर जाफर ने विश्वासघात किया था। इस युद्ध में मीर जाफर नवाब का सेनानायक था। इस युद्ध के बाद कंपनी को 24 परगने की जमींदारी प्राप्त हुई।

**20. प्लासी के युद्ध के समय बंगाल का नवाब कौन था?**

(a) सिराजुद्दौला (b) मीर जाफर

(c) मीर कासिम (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. प्लासी की लड़ाई किसके बीच लड़ी गई थी?**

(a) मीर जाफर और रॉबर्ट क्लाइव

(b) मीर कासिम और रॉबर्ट क्लाइव

(c) सिराजुद्दौला और रॉबर्ट क्लाइव

(d) दिए गए विकल्पों में से कोई नहीं

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

प्लासी की लड़ाई (23 जून, 1757) बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला व बंगाल के गवर्नर रॉबर्ट क्लाइव के बीच लड़ी गई थी। मीर जाफर के विश्वासघात के कारण नवाब की हार हुई। बंगाल का अगला नवाब मीर जाफर को बनाया गया।

**22. ब्रिटिश ने पंजाब को निम्नलिखित में से किस सन् में अपने राज्य में मिलाया था?**

(a) 1828 ई. (b) 1831 ई.

(c) 1849 ई. (d) 1856 ई.

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

लॉर्ड डलहौजी ने गुजरात युद्ध के बाद 1849 ई. में पंजाब का विलय ब्रिटिश साम्राज्य में किया था। 1849 ई. में पंजाब की प्रशासनिक व्यवस्था तीन सदस्यों की एक कमेटी को सौंपी गई। हेनरी लॉरेंस को प्रशासनिक व्यवस्था, जॉन लॉरेंस को भू-राजस्व प्रबंध तथा चार्ल्स मैस्सन को न्याय विभाग का अध्यक्ष बनाया गया। इस प्रकार पंजाब राज्य ब्रिटिश साम्राज्य का अंग बन गया।

**23. पुर्तगाली संस्कृति के अवशेष भारत में कहां पाए जाते हैं?**

(a) गोवा (b) कालीकट

(c) कन्नौर (d) कोचीन

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

पुर्तगाली संस्कृति के व्यापक अवशेष भारत के गोवा राज्य में पाए जाते हैं। इसके कुछ अवशेष कोचीन से भी प्राप्त हुए हैं, परंतु व्यापकता को देखते हुए विकल्प (a) सही है।

**24. निम्नलिखित में से किस युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को पूरी तरह परास्त कर दिया था?**

(a) वांडीवॉश की लड़ाई

(b) बक्सर की लड़ाई

(c) प्लासी की लड़ाई

(d) अडयार की लड़ाई

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

वांडीवॉश का युद्ध (1760 ई.) अंग्रेजों एवं फ्रांसीसियों के बीच निर्णायक युद्ध हुआ जिसमें फ्रांसीसी पराजित हुए। इस प्रकार कर्नाटक का तीसरा युद्ध अंग्रेजों एवं फ्रांसीसियों के भारत में रहने एवं शासन करने के लिए निर्णायक रहा, जिसमें फ्रांसीसियों के भाग्य का पत्ता भारत से कट गया तथा अंग्रेजी शासन का सूर्योदय हो गया।

**25. निम्न में से किस युद्ध से भारत में फ्रांसीसियों के भाग्य का निर्णय हुआ था?**

(a) वांडीवॉश की लड़ाई

(b) प्रथम कर्नाटक युद्ध

(c) बक्सर की लड़ाई

(d) प्लासी की लड़ाई

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

## ❑ सांस्कृतिक और सामाजिक सुधार आंदोलन

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ 1828 ई. में स्थापित ब्रह्म समाज के संस्थापक कौन थे? **— राजा राममोहन राय**

☞ ई.पी. रामास्वामी नायकर का संबंध किस आंदोलन से है? **- आत्म सम्मान आंदोलन से**

☞ विवेकानंद ने किस वर्ष विश्व धर्म संसद में भाग लिया था? **- 1893 ई. में**

☞ सिद्धांतों को लेकर आर्य समाज का विभाजन कब हुआ? **- 1893 ई. में**

☞ स्वामी विवेकानंद ने बेलूर में रामकृष्ण मिशन की स्थापना किस वर्ष की थी ? **- 1897 ई. में**

☞ किस वर्ष में ज्योतिबा फुले ने सत्य शोधक समाज का गठन किया था? **- 1873 ई. में**

☞ 'एक जाति एक धर्म, मानवमात्र के लिए एक ईश्वर' की ———— शिक्षा है। **— श्री नारायण गुरु**

☞ स्वामी विवेकानंद का वास्तविक नाम क्या था? **- नरेंद्रनाथ दत्त**

☞ पश्चिमी शिक्षा का श्रीगणेश किस स्वतंत्रता सेनानी द्वारा किया गया? **— राजा राममोहन राय**

☞ सामान्यत: किसे भारतीय पुनर्जागरण का जनक माना जाता है? **— राजा राममोहन राय**

☞ आर्य समाज के संस्थापक कौन थे? **— दयानंद सरस्वती**

☞ भारत की थियोसोफिकल सोसाइटी के संस्थापक कौन थे/थी? **— मैडम ब्लावेट्स्की**

**नोट —**'थियोसोफिकल सोसाइटी' की स्थापना एक रूसी महिला मैडम एच.पी. ब्लावेट्स्की, अमेरिकी सैनिक अधिकारी कर्नल अल्कॉट, विलियम क्वॉन जज एवं अन्य द्वारा 1875 ई. में न्यूयॉर्क में की गई थी। 1879 ई. में कर्नल अल्कॉट एवं मैडम ब्लावेट्स्की भारत आए तथा मद्रास में अड्यार के निकट थियोसोफिकल सोसाइटी के मुख्यालय की स्थापना की।

☞ कलकत्ता में एशियाटिक सोसाइटी की स्थापना किसके द्वारा की गई? **— सर विलियम जोंस**

☞ 1870 ई. में 'भारतीय सुधार संघ' के संस्थापक कौन थे? **— केशव चंद्र सेन**

☞ राजा राममोहन राय, पं. ईश्वर चंद्र विद्यासागर, ज्योतिबा फुले एवं भारतेंदु हरिश्चंद्र में से कौन भारत में सामाजिक और धार्मिक सुधार में सक्रियता से नहीं जुड़े थे? **— भारतेंदु हरिश्चंद्र**

☞ शारदा अधिनियम का संबंध किससे है? **— बाल विवाह**

☞ 'वहाबी आंदोलन' का मुख्य उद्देश्य क्या था? **— इस्लाम को परिशुद्ध करना**

☞ अलीगढ़ में स्थित जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति कौन थे? **— हकीम अजमल खान**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. स्वामी दयानंद सरस्वती ने प्रथम आर्य समाज 1875 ई.में कहां स्थापित किया था?**

(a) बंबई (b) लाहौर
(c) नागपुर (d) अहमद नगर

**S.S.C Section off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा 1875 ई. में बंबई में आर्य समाज की स्थापना की गई तथा 1877 ई. में इसका मुख्यालय लाहौर बनाया। इन्होंने हिंदू धर्म को प्रतिष्ठित करने के लिए 10 सिद्धांतों की स्थापना की। इनके विचार इनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'सत्यार्थ प्रकाश' में वर्णित हैं। स्वामी दयानंद को उनके धार्मिक सुधार प्रयासों के कारण 'भारत का मार्टिन लूथर' कहा जाता है।

**2. 'आर्य समाज' के संस्थापक कौन थे—**

(a) एनी बेसेंट (b) राजा राममोहन राय
(c) दयानंद सरस्वती (d) विवेकानंद

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**3. औपनिवेशिक भारत में 'आर्य समाज' स्थापित करने वाले निम्नलिखित में से कौन थे?**

(a) स्वामी दयानंद
(b) आर.जी. भंडारकर
(c) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(d) महादेव गोविंद रानाडे

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**4. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?**

(a) गुरु नानक देव जी
(b) दयानंद सरस्वती
(c) स्वामी विवेकानंद
(d) राजा राममोहन राय

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 8 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

दयानंद सरस्वती (मूलशंकर) ने अप्रैल, 1875 ई. में बंबई में आर्य समाज की स्थापना की, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राचीन वैदिक धर्म की शुद्ध रूप से पुनः स्थापना करना था। आर्य समाज आंदोलन का प्रसार प्रायः पाश्चात्य प्रभावों की प्रतिक्रिया के रूप में हुआ। 1877 ई. में आर्य समाज का मुख्यालय लाहौर में स्थापित किया गया। जिसके उपरांत आर्य समाज का अधिक प्रचार हुआ। शुद्ध वैदिक परंपरा में विश्वास के चलते स्वामी जी ने **'पुनः वेदों की ओर चलो'** का नारा दिया।

**5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?**

(a) दयानंद सरस्वती (b) केशव चंद्र
(c) राममोहन राय (d) विवेकानंद

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

रामकृष्ण मिशन की स्थापना (1897 ई.) स्वामी विवेकानंद ने की थी। सर्वप्रथम मठ की स्थापना कलकत्ता के समीप वराह नगर में की गई, तत्पश्चात वेलूर (कलकत्ता) में मिशन की स्थापना की गई।

6. **रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की?**

(a) विवेकानंद

(b) रामकृष्ण

(c) एम.जी.रानाडे

(d) केशव चंद्र सेन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

7. **अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम कब बनाया था?**

(a) 1813 (b) 1833

(c) 1835 (d) 1844

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

अंग्रेजों ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम 1835 ई. में बनाया था। भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनवाने में लॉर्ड मैकाले का महत्वपूर्ण योगदान था।

8. **बुनियादी शिक्षा का विचार पहले किसने प्रस्तुत किया था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) राजा राममोहन राय

(c) महात्मा गांधी

(d) दयानंद सरस्वती

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

बुनियादी शिक्षा का विचार महात्मा गांधी ने अपनी वर्धा योजना (1937) में प्रस्तुत किया था। इससे डॉ. जाकिर हुसैन भी जुड़े थे। गांधीजी ने अपने हरिजन-पत्र में इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की थी। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को मातृभाषा में 7 वर्ष तक विद्या अध्ययन करवाया जाता था। इस योजना का मूलभूत सिद्धांत 'हस्त उत्पादक कार्य' था।

9. **अलीगढ़ आंदोलन का संस्थापक कौन था?**

(a) सर आगा खां

(b) मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली

(c) मौलाना शिबली

(d) सर सैयद अहमद खां

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

अलीगढ़ आंदोलन के संस्थापक सर सैयद अहमद खां थे। सैयद अहमद खां ने 1875 ई. में अलीगढ़ में एक 'एंग्लो-मुस्लिम स्कूल' या मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की। वर्ष 1920 तक यही केंद्र अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो गया।

10. **अलीगढ़ में मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना किसने की थी?**

(a) मोहम्मद अली जिन्ना (b) मुहम्मद अली

(c) शौकत अली (d) सर सैयद अहमद खां

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

11. **'नए भारत का पैगंबर' किसे कहा जाता है?**

(a) दयानंद सरस्वती (b) श्री रामकृष्ण

(c) राजा राममोहन राय (d) स्वामी विवेकानंद

**उत्तर—(c)**

राजा राममोहन राय को 'भारतीय पुनर्जागरण का पिता' तथा भारतीय राष्ट्रवाद एवं 'नए भारत का पैगंबर' कहा जाता है। इन्हें नवप्रभात का तारा तथा नवजागरण का अग्रदूत भी कहा जाता है।

12. **निम्नलिखित में से किसे 'भारतीय पुनर्जागरण का जनक' माना जाता है?**

(a) राजा राममोहन राय (b) रवींद्र नाथ टैगोर

(c) स्वामी दयानंद सरस्वती (d) स्वामी विवेकानंद

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

13. **'ब्रह्म समाज' के संस्थापक थे—**

(a) स्वामी दयानंद सरस्वती (b) ईश्वर चंद्र विद्यासागर

(c) राजा राममोहन राय (d) स्वामी विवेकानंद

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

राजा राममोहन राय भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन के अग्रगामी थे। इन्होंने ही सती प्रथा, पर्दा प्रथा, बाल विवाह का विरोध किया। इन्होंने 'ब्रह्म समाज' की स्थापना 1828 ई. में की और बहुदेववाद का विरोध किया।

**14. इसके संस्थापक राजा राममोहन राय थे—**

(a) ब्रह्म समाज (b) रामकृष्ण मिशन

(c) प्रार्थना समाज (d) आर्य समाज

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. 'प्रार्थना समाज' का संस्थापक कौन था?**

(a) रामकृष्ण परमहंस (b) स्वामी विवेकानंद

(c) आत्माराम पांडुरंग (d) दयानंद सरस्वती

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

1867 ई. में केशव चंद्र सेन की प्रेरणा से बंबई में प्रार्थना समाज की स्थापना हुई। इसके प्रमुख संस्थापक डॉ. आत्माराम पांडुरंग एवं महादेव गोविंद रानाडे थे। प्रार्थना समाज का प्रमुख उद्देश्य जाति-पाति का विरोध, पुरुषों तथा स्त्रियों की विवाह की आयु में वृद्धि, विधवा विवाह, स्त्री शिक्षा आदि था।

**16. राजा राममोहन राय ने किसके विरुद्ध एक ऐतिहासिक आंदोलन का आयोजन किया था?**

(a) जाति प्रथा

(b) सती प्रथा

(c) समाज में महिलाओं की अपमानजनक स्थिति

(d) व्यर्थ के धार्मिक अनुष्ठानों का पालन

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

राजा राममोहन राय ने सती प्रथा के विरुद्ध ऐतिहासिक आंदोलन का आयोजन किया था।

**17. निम्नलिखित का मिलान कीजिए।**

| धर्म सुधार आंदोलन | संस्थापक |
|---|---|
| (1) आर्य समाज | (A) राजा राममोहन राय |
| (2) ब्रह्म समाज | (B) दयानंद सरस्वती |
| (3) वेद समाज | (C) आत्माराम पांडुरंग |
| (4) प्रार्थना समाज | (D) केशवचंद्र सेन तथा के. श्रीधरलु नायडू |

(a) 1-B, 2-A, 3-C, 4-D (b) 1-B, 2-A, 3-D, 4-C

(c) 1-A, 2-B, 3-D, 4-C (d) 1-B, 2-D, 3-A, 4-C

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 12 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

| धर्म सुधार आंदोलन | संस्थापक |
|---|---|
| आर्य समाज | दयानंद सरस्वती |
| ब्रह्म समाज | राजा राममोहन राय |
| वेद समाज | केशवचंद्र सेन तथा के. श्रीधरलु नायडू |
| प्रार्थना समाज | आत्माराम पांडुरंग |

**18. उपनिवेशी भारत में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी' की स्थापना किसने की थी?**

(a) विलियम जोंस (b) ए.ओ. ह्यूम

(c) राजा रवि वर्मा (d) केशव चंद्र सेन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

विलियम जोंस द्वारा 1784 ई. (हेस्टिंग्स के समय) में 'द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना की गई।

**19. निम्नलिखित में से वह आयोग कौन-सा है जिसने सबसे पहले भारत में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा पर ध्यान दिया?**

(a) मैकाले आयोग (b) चार्ल्स आयोग

(c) हंटर आयोग (d) बेंटिक आयोग

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

सर्वप्रथम चार्ल्स वुड आयोग में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा पर ध्यान दिया गया। इस आयोग ने सुझाव दिया था कि ग्राम स्तर पर देशी भाषा के माध्यम से अध्ययन के लिए प्राथमिक पाठशालाएं स्थापित की जाएं और उनसे ऊपर जिला स्तर पर एंग्लो वर्नाक्यूलर हाईस्कूल एवं संबंधित कॉलेज खोले जाएं।

**20. सर्वोदय का आशय है—**

(a) संपूर्ण क्रांति (b) असहयोग

(c) सबका उत्थान (d) अहिंसा

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

सर्वोदय का अर्थ है-सबका उत्थान। सर्वोदय की अवधारणा महात्मा गांधी ने जॉन रस्किन की पुस्तक 'अनटू दिस लास्ट' से ग्रहण की थी।

**21. 19वीं शताब्दी में सबसे पहले शुरू किया जाने वाला सुधार आंदोलन निम्नलिखित में से कौन-सा था?**

(a) प्रार्थना समाज (b) ब्रह्म समाज

(c) आर्य समाज (d) रामकृष्ण मिशन

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

19वीं शताब्दी में सबसे पहले राजा राममोहन राय द्वारा 1828 ई. में ब्रह्म समाज आंदोलन की शुरुआत की गई थी।

**22. सत्य शोधक सभा के संस्थापक महाराष्ट्र में कौन थे?**

(a) डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर
(b) डॉ. आत्माराम पांडुरंग
(c) गोपाल बाबा वाला
(d) ज्योतिबा फुले

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

सत्य शोधक समाज की स्थापना 1873 ई. में ज्योतिबा फुले ने की थी। जिसमें मानव अधिकारों एवं जाति प्रथा के उन्मूलन पर बल दिया गया। इन्होंने अपनी पुस्तक 'गुलामगीरी (1872) एवं अपने संगठन 'सत्यशोधक समाज' के द्वारा पाखंडियों एवं उनके अवसरवादी धर्म ग्रंथों से निम्न जातियों की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

**23. 'सत्यशोधक समाज' की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**

(a) महात्मा गांधी (b) ज्योतिराब फुले
(c) डॉ. बी.आर. अंबेडकर (d) स्वामी विवेकानंद

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**24. औपनिवेशिक भारत में भारतीय विधवाओं के लिए 'शारदा सदन' स्कूल की स्थापना किसने की?**

(a) सरोजिनी नायडू
(b) पंडिता रमाबाई
(c) दयानंद सरस्वती
(d) महादेव गोविंद रानाडे

**S.S.C.कांस्टेबल (G.D.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

औपनिवेशिक भारत में भारतीय विधवाओं के लिए 'शारदा सदन' स्कूल की स्थापना 1889 ई. में पंडिता रमाबाई ने मुंबई में की।

## ❑ उपनाम, कथन और पुस्तकें

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ वह रानी जिसका उपनाम 'ब्लडी मैरी' था — **मैरी प्रथम**

☞ भारत का प्रथम हिंदी समाचार-पत्र कौन-सा है? — **उदंत मार्तंड**

☞ लीडर, कामरेड, हिंदुस्तान, अभ्युदय में से कौन-सा समाचार-पत्र मदन मोहन मालवीय से संबंधित नहीं है? - **कामरेड**

☞ 1852 ई. में सत्यप्रकाश नामक समाचार-पत्र गुजराती में किसने प्रकाशित किया? - **कर्सनदास मुलजी ने**

☞ भारत में प्रकाशित होने वाला पहला साप्ताहिक समाचार पत्र______ था **बंगाल गजट**

☞ 'एन इनट्रोडक्सन ऑफ द ड्रीमलैंड' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? - **भगत सिंह**

☞ मराठी अखबार, 'केसरी' के संपादक कौन थे? — **बाल गंगाधर तिलक**

☞ 'अनहैप्पी इंडिया' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? — **लाला लाजपत राय**

☞ 'एस्सेज ऑन गीता' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं? — **अरबिंदो घोष**

☞ सरोजिनी नायडू को 'नाइटिंगल ऑफ इंडिया' का खिताब किसने दिया था? — **महात्मा गांधी**

☞ **सही सुमेलित हैं—**

| पत्रिका | संपादक |
|---|---|
| वन्दे मातरम् | अरविंद घोष |
| न्यू इंडिया | बिपिन चंद्र पाल |
| युगांतर | भूपेंद्र नाथ दत्त |
| संध्या | ब्रह्म बांधव उपाध्याय |

☞ ''धरती सभी के लालच के लिए नहीं बल्कि सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त साधन उपलब्ध कराती है" यह कथन किसने कहा था? — **महात्मा गांधी**

☞ 'इंकलाब जिंदाबाद' का नारा किसने दिया? — **भगत सिंह**

☞ 'वन्दे मातरम्' गीत किस पुस्तक से लिया गया है? — **आनंद मठ**

☞ प्रसिद्ध कृति 'आनंद मठ' के रचयिता कौन हैं? — **श्री बंकिम चंद्र चटर्जी**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. ''वर्षों पहले हमने नियति के साथ एक वादा किया था और अब वह वादा पूरा करने का समय आ गया है....'' ये शब्द 14 अगस्त, 1947 की रात को किसने कहे थे?**

(a) डॉ. बी. आर. अंबेडकर
(b) सी. राजगोपालाचारी
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रसिद्ध कथन 14 अगस्त, 1947 की आधी रात को जवाहरलाल नेहरू के ''ट्रिस्ट विद डेस्टिनी'' (Tryst with destiny) भाषण का एक अंश है।

2. 'द इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?
(a) कृष्ण वर्मा (b) मैडम कामा
(c) बी.जी. तिलक (d) वी.डी. सावरकर
**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

'द इंडियन वार ऑफ इंडिपेंडेंस' नामक पुस्तक के लेखक वी.डी. सावरकर थे।

3. **किसने कहा था ''स्वाद का वास्तविक स्थान जिह्वा नहीं, बल्कि मन है''?**
(a) अरविंद घोष (b) महात्मा गांधी
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) स्वामी विवेकानंद
**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

यह कथन महात्मा गांधी से संबंधित है।

4. **यह विचार किसने विकसित किया था कि ''साधन ही उद्देश्यों का औचित्य बनाते हैं''?**
(a) कौटिल्य (b) राजा राममोहन राय
(c) स्वामी दयानंद सरस्वती (d) महात्मा गांधी
**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

यह प्रसिद्ध कथन महात्मा गांधी का है।

5. **किसने कहा था, ''सत्य परम तत्व है और वह ईश्वर है''?**
(a) स्वामी विवेकानंद (b) रवींद्र नाथ टैगोर
(c) मो.क. गांधी (d) राधाकृष्णन
**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

'सत्य और अहिंसा' गांधीजी का मूल मंत्र था। गांधीजी अहिंसा को साधन तथा सत्य को साध्य मानते थे। गांधीजी का मानना था कि सत्य अमर है और कभी मर नहीं सकता। गांधीजी ने लिखा है- ''सत्य के अतिरिक्त मेरा अन्य कोई ईश्वर नहीं है। जिसकी मैं सेवा करूं। सिवाय सत्य के, मैं अन्य किसी की भक्ति नहीं करता और न ही किसी अन्य का अनुशासन मानता''।

6. **किसे 'भारतीय बिस्मार्क' के रूप में जाना जाता है?**
(a) वल्लभभाई पटेल (b) सुभाषचंद्र बोस
(c) भगत सिंह (d) बाल गंगाधर तिलक
**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

जिस प्रकार बिस्मार्क द्वारा जर्मनी का एकीकरण किया गया था उसी प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा भारतीय रियासतों का भारत में सम्मिलन किए जाने के कारण उन्हें 'भारतीय बिस्मार्क' के रूप में जाना जाता है।

7. **निम्नलिखित कांग्रेसी नेताओं में से किसको 'महान वृद्ध पुरुष' कहा जाता था?**
(a) महात्मा गांधी (b) दादाभाई नौरोजी
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) मदन मोहन मालवीय
**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

दादाभाई नौरोजी को 'महान वृद्ध पुरुष' (ग्रैंड ओल्डमैन ऑफ इंडिया) कहा जाता है। यह प्रथम भारतीय थे जिन्हें 1892 ई. में उदारवादी दल की ओर से ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स का सदस्य चुना गया। इन्होंने ही सर्वप्रथम भारत में राष्ट्रीय आय के आंकड़ों की गणना करने का प्रयास किया। इन्होंने रहनुमाई मजदयासन सभा तथा 'ईस्ट इंडिया एसोसिएशन' की स्थापना की तथा 1867-68 ई. में अपनी रचना 'पावर्टी एंड अन-ब्रिटिश रूल इन इंडिया' में 'धन का अपवाहन' (Drain of Wealth) सिद्धांत प्रस्तुत किया, जिसमें यह दर्शाया कि किस प्रकार भारतीय धन ब्रिटेन द्वारा लूटा जा रहा था।

8. **भारत का दादा (ग्रैंड ओल्ड मैन) किसे कहा जाता है?**
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) महात्मा गांधी
(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) दादाभाई नौरोजी
**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

9. **भारत के सम्मानीय बुजुर्ग (दादाजी) के नाम से कौन विख्यात है?**
(a) दादाभाई नौरोजी
(b) मदन मोहन मालवीय
(c) महादेव गोविंद रानाडे
(d) सुरेंद्रनाथ बनर्जी
**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**
**S.S.C.कांस्टेबल (G.D.) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. भारत में राष्ट्रीय आय का आकलन सबसे पहले किसने किया था?**

(a) महालनोबीस (b) दादाभाई नौरोजी

(c) वी.के.आर.वी. राव (d) सरदार पटेल

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. ब्रिटिश संसद का सदस्य बनने वाला पहला भारतीय कौन था?**

(a) बंकिम चंद्र चटर्जी

(b) डब्ल्यू.सी. बनर्जी

(c) दादाभाई नौरोजी

(d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**12. 'ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स' में चुना जाने वाला पहला भारतीय कौन था?**

(a) लॉर्ड सिन्हा (b) एस.एन. टैगोर

(c) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (d) दादाभाई नौरोजी

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**13. भारत से ब्रिटेन की ओर 'संपत्ति के अपवहन' (Drain of Wealth) का सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया था?**

(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) दादाभाई नौरोजी

(c) सुरेंद्रनाथ बनर्जी (d) लाला लाजपत राय

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**14. ब्रिटिश साम्राज्यवाद के दौरान 'भारत का आर्थिक अपवाह' का सिद्धांत किसने प्रस्तुत किया था?**

(a) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (b) दादाभाई नौरोजी

(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) गांधीजी

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. निम्नलिखित का मिलान कीजिए—**

| सूची-I (उपनाम) | सूची-II (नाम) |
|---|---|
| (A) सीमांत गांधी | 1. मदन मोहन मालवीय |
| (B) भारत का सबसे वृद्ध व्यक्ति | 2. वल्लभभाई पटेल |
| (C) महामना | 3. दादाभाई नौरोजी |
| (D) भारत का लौह पुरुष | 4. बाल गंगाधर तिलक |
| | 5. अब्दुल गफ्फार खान |

(a) A – 4, B – 2, C – 3, D – 5

(b) A – 5, B – 3, C – 1, D – 2

(c) A – 4, B – 2, C – 5, D – 1

(d) A – 5, B – 3, C – 2, D – 4

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

सूची-I का सूची-II से सही सुमेलन है—

| सूची-I (उपनाम) | सूची-II (नाम) |
|---|---|
| सीमांत गांधी | अब्दुल गफ्फार खान |
| भारत का सबसे वृद्ध व्यक्ति | दादाभाई नौरोजी |
| महामना | मदन मोहन मालवीय |
| भारत का लौह पुरुष | वल्लभभाई पटेल |

**16. गांधी को माना जाता है-**

(a) दार्शनिक अराजकतावादी (b) मूल अराजकतावादी

(c) मार्क्सवादी (d) फ़ेबियनवादी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

गांधीजी को एक दार्शनिक अराजकतावादी माना जाता है क्योंकि वे राज्य विहीन लोकतंत्र को अपना आदर्श मानते थे। उनका कहना था कि इस प्रकार के राज्य में प्रत्येक व्यक्ति स्वयं अपना शासक है। उनके आदर्श राज्य में राजनीतिक शक्ति नहीं होगी क्योंकि राज्य ही नहीं होगा। वे चाहते थे कि जो सुधार हो सब भीतर से हो। वे नहीं चाहते थे कि किसी बाहरी शक्ति द्वारा सुधार लाए जाएं।

**17. जब महात्मा गांधी की हत्या हुई तब किसने कहा था, ''कोई विश्वास नहीं करेगा कि ऐसे शरीर और आत्मा वाला कोई आदमी कभी इस धरती पर चला था''?**

(a) बर्ट्रेंड रसेल (b) लिओ टॉल्सटॉय

(c) अल्बर्ट आइंस्टीन (d) खान अब्दुल गफ्फार खान

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रसिद्ध कथन अल्बर्ट आइंस्टीन का है।

**18. महात्मा गांधी 'अर्द्धनग्न फकीर' हैं, यह उक्ति किसने कही थी?**

(a) विंस्टन चर्चिल (b) लॉर्ड माउंटबेटन

(c) लॉर्ड वेवेल (d) लॉर्ड लिनलिथगो

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

महात्मा गांधी 'अर्द्धनग्न फकीर' हैं, यह उक्ति विंस्टन चर्चिल की थी।

**19. 'करेंगे या मरेंगे'— गांधीजी ने राष्ट्र को यह मंत्र किस जन-आंदोलन के अवसर पर दिया था?**

(a) रौलेट सत्याग्रह (b) नमक सत्याग्रह

(c) भारत छोड़ो आंदोलन (d) असहयोग आंदोलन

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

'करेंगे या मरेंगे' (करो या मरो) का प्रसिद्ध नारा गांधीजी ने भारत छोड़ो आंदोलन के अवसर पर दिया था। यह अगस्त, 1942 में प्रारंभ किया गया था।

**20. 'करो या मरो' का नारा किसने दिया था?**

(a) भगत सिंह (b) सुभाष चंद्र बोस

(c) जवाहरलाल नेहरू (d) महात्मा गांधी

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 19 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. ''इंकलाब ज़िंदाबाद'' का नारा किसने दिया था?**

(a) चंद्रशेखर आजाद (b) सुभाषचंद्र बोस

(c) भगत सिंह (d) इक़बाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

'इंकलाब ज़िंदाबाद' का नारा भगत सिंह ने दिया था।

**22. 'वापस वेदों की ओर' का आह्वान किया गया था—**

(a) स्वामी विवेकानंद द्वारा

(b) स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा

(c) अरविंद घोष द्वारा

(d) राजा राममोहन राय द्वारा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

'वापस वेदों की ओर' (Back to the Vedas) का आह्वान आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा किया गया था। दयानंद सरस्वती (मूलशंकर) ने 7 अप्रैल, 1875 को बंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी। उन्होंने वेदों को ईश्वरीय ज्ञान मानते हुए वैदिक धर्म को पुनः शुद्ध रूप में स्थापित करने का प्रयास किया।

**23. राष्ट्रीय संघर्ष के दौरान प्रसिद्ध समाचार-पत्र 'केसरी' का संस्थापक-संपादक कौन था?**

(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) लोकमान्य तिलक (d) मुहम्मद इकबाल

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

1881 ई. में बंबई से 'केसरी' और 'मराठा' नामक दो महत्वपूर्ण समाचार-पत्र प्रारंभ किए गए थे। मराठी भाषा में प्रकाशित 'केसरी' को तिलक ने होमरूल आंदोलन का मुख्य पत्र बनाया था। 'मराठा' अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित होता था। प्रारंभ में 'केसरी' के संपादक केलकर और 'मराठा' के संपादक आगरकर थे। बाद में इन दोनों पत्रों का संपादन तिलक द्वारा किया गया।

**24. भगवद्‌गीता का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाला पहला यूरोपियन कौन था?**

(a) सर अलेक्जेंडर कनिंघम (b) विलियम जोंस

(c) चार्ल्स विल्किंस (d) जेम्स प्रिंसेप

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

भगवद्‌गीता का अंग्रेजी में अनुवाद करने वाला पहला यूरोपियन चार्ल्स विल्किंस था। भगवद्‌गीता का अंग्रेजी अनुवाद 1785 ई. में विल्किंस ने किया। यह प्रथम पुस्तक थी जिसका अनुवाद 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' के तहत हुआ।

**25. गांधीजी ने किस धार्मिक ग्रंथ को अपनी माता कहा था?**

(a) रामायण (b) द न्यू टेस्टामेंट

(c) भगवद्‌गीता (d) कुरान शरीफ

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

महात्मा गांधी ने भगवद्‌गीता को अपनी माता कहा था।

**26. प्रसिद्ध क्रांतिकारी गीत 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है...' की रचना किसने की थी?**

(a) भगत सिंह (b) खुदीराम बोस

(c) चंद्रशेखर आजाद (d) रामप्रसाद बिस्मिल

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

प्रसिद्ध क्रांतिकारी गीत 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है.....' की रचना रामप्रसाद बिस्मिल ने की थी।

**27. मिलान कीजिए—**

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| (A) केशव सेन | 1. प्रार्थना समाज |
| (B) दयानंद सरस्वती | 2. ब्रह्म समाज |
| (C) आत्माराम पांडुरंग | 3. अलीगढ़ आंदोलन |
| (D) सैयद अहमद खान | 4. आर्य समाज |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

स्तंभ-I का स्तंभ-II के साथ सही सुमेलन है—

| स्तंभ-I | स्तंभ-II |
|---|---|
| केशव सेन | ब्रह्म समाज |
| दयानंद सरस्वती | आर्य समाज |
| आत्माराम पांडुरंग | प्रार्थना समाज |
| सैयद अहमद खान | अलीगढ़ आंदोलन |

**28. निम्न में से किस समाचार-पत्र का संपादन गांधीजी ने किया था?**

(a) नवजीवन (b) गुजरात टाइम्स
(c) मराठा (d) जनसत्ता

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

गांधीजी ने नवजीवन पत्र का संपादन किया था। इसका प्रकाशन वर्ष 1919 से 1931 तक अहमदाबाद से हिंदी और गुजराती में होता था। इंडियन ओपिनियन, हरिजन, यंग इंडिया महात्मा गांधी द्वारा प्रारंभ किए गए अन्य समाचार-पत्र थे।

**29. मौलाना अबुल कलाम आजाद ने 1912 में एक उर्दू साप्ताहिक अल-हिलाल शुरू किया, किंतु सरकार द्वारा उस पर प्रतिबंध लगा दिए जाने के बाद अल-बलाग की स्थापना की—**

(a) 1913 में (b) 1914 में
(c) 1915 में (d) 1916 में

**S.S.C Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

मौलाना अबुल कलाम आजाद ने वर्ष 1912 में उर्दू साप्ताहिक अल-हिलाल शुरू किया था किंतु ब्रिटिश सरकार ने सेंसरशिप अधिनियम, 1914 द्वारा इस पर प्रतिबंध लगा दिया जिसके कारण वर्ष 1914 में अल-हिलाल का प्रकाशन बंद हो गया, तदुपरांत आजाद ने नवंबर, 1915 में अल-बलाग नामक साप्ताहिक पत्रिका की शुरुआत की।

**30. बाल गंगाधर तिलक को 'लोकमान्य' की उपाधि दी गई थी—**

(a) 1908 में उनके कारावास के दौरान
(b) होमरूल आंदोलन के दौरान
(c) क्रांतिकारी आंदोलन के दौरान
(d) स्वदेशी आंदोलन के दौरान

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(*)**

बाल गंगाधर तिलक ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्हें 1882 ई. में पत्रकारिता के कारण सजा हुई थी। 1896-97 ई. में इन्होंने संपूर्ण महाराष्ट्र में कर न देने का आंदोलन चलाया। इसी दौरान जनता ने इन्हें 'लोकमान्य' की उपाधि दी। इनका प्रसिद्ध कथन है ''स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा''।

**31. स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे पाकर ही रहूंगा। यह किसका नारा था?**

(a) लोकमान्य तिलक (b) महात्मा गांधी
(c) सरदार पटेल (d) लाला लाजपत राय

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**32. ''स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा'' नारा किसने दिया था?**

(a) महात्मा गांधी (b) सुभाष चंद्र बोस
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) लाला लाजपत राय

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 8 अगस्त, 2017 (I -पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. ''स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है''— यह कथन किसका है?**

(a) गांधीजी (b) भगत सिंह
(c) लोकमान्य तिलक (d) जवाहरलाल नेहरू

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर ) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**34. 'भारतीय अशांति का जनक' किसे समझा जाता है?**

(a) लाला लाजपत राय (b) अरविंद घोष

(c) बिपिन चंद्रपाल (d) बाल गंगाधर तिलक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

वेलेंटाइन शिरोल ने अपनी पुस्तक 'इंडियन अनरेस्ट' में बाल गंगाधर तिलक को 'भारतीय अशांति का जनक' कहा था।

**35. 'फ्रंटियर गांधी' पद के साथ कौन संबंधित हैं?**

(a) मो. क. गांधी (b) अब्दुल वली खां

(c) खान अब्दुल गफ्फार खां (d) लाला लाजपत राय

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान उत्तर-पश्चिमी सीमांत प्रांत में सक्रिय भूमिका निभाने वाले खान अब्दुल गफ्फार खां को 'फ्रंटियर गांधी' अथवा 'सीमांत गांधी' कहा जाता है। इन्हें वर्ष 1987 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

**36. सीमांत गांधी किसका उपनाम था?**

(a) खान अब्दुल गफ्फार खान

(b) विनोबा भावे

(c) महात्मा गांधी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. ''लेडी विथ द लैंप'' के नाम से कौन विख्यात है?**

(a) सरोजिनी नायडू (b) फ्लोरेंस नाइटिंगेल

(c) इंदिरा गांधी (d) मायावती

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

'लेडी विथ द लैंप' के नाम से फ्लोरेंस नाइटिंगेल विख्यात हैं। वह क्रीमिया के युद्ध में घायल सैनिकों की सेवा हेतु संगठित प्रयास करने वाली प्रसिद्ध अंग्रेज परिचारिका थीं।

**38. गांधीजी को सबसे पहले 'राष्ट्रपिता' किसने कहा था?**

(a) रवींद्रनाथ टैगोर (b) सुभाषचंद्र बोस

(c) पं. जवाहरलाल नेहरू (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

गांधीजी को सबसे पहले राष्ट्रपिता सुभाषचंद्र बोस ने कहा था।

**39. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना महात्मा गांधी के साथ संबंधित नहीं है?**

(a) माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ (b) हरिजन

(c) द हॉली फ़ैमिली (d) हिंद स्वराज

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

महात्मा गांधी ने माई एक्सपेरिमेंट्स विद ट्रुथ, हरिजन एवं हिंद स्वराज की रचना की। द हॉली फ़ैमिली की रचना कार्ल मार्क्स और एंजल ने की थी।

**40. पश्चिमी भारत के किस धार्मिक सुधारक को 'लोकहितवादी' कहा जाता है?**

(a) गोपाल हरि देशमुख (b) आर. जी. भंडारकर

(c) महादेव गोविंद रानाडे (d) बी.जी. तिलक

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

पश्चिमी भारत के गोपाल हरि देशमुख को 'लोकहितवादी' कहा जाता है।

**41. 'लाइफ डिवाइन' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) अबुल कलाम आजाद (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) अरविंद घोष (d) मुल्कराज आनंद

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(c)**

'लाइफ डिवाइन' पुस्तक के लेखक अरविंद घोष हैं।

**42. निम्नलिखित में से मराठी पाक्षिक समाचार-पत्र 'बहिष्कृत भारत' किसने शुरू किया था?**

(a) डॉ. बी.आर. अंबेडकर (b) वीर सावरकर

(c) विनोबा भावे (d) लोकमान्य तिलक

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(a)**

जुलाई, 1924 में भीमराव अंबेडकर ने बंबई में एक संस्था 'बहिष्कृत हितकारिणी सभा' बनाई जिसका उद्देश्य अस्पृश्य लोगों की नैतिक तथा भौतिक उन्नति करना था। उन्होंने ही मराठी पाक्षिक 'बहिष्कृत भारत' आरंभ किया।

**43. 'द लॉयल मुहम्मडन्स ऑफ इंडिया' निम्नलिखित में से किसका एक समाचार-पत्र था?**

(a) मोहम्मद अली जिन्नाह (b) अशफाकुल्लाह खां

(c) शौकत अली (d) सैयद अहमद खान

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

सर सैयद अहमद खान हिंदुस्तानी शिक्षक एवं नेता थे। उन्होंने मुहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना की, जो बाद में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय बना। 'द लॉयल मुहम्मडन्स ऑफ इंडिया' सर सैयद अहमद खान द्वारा लिखित एक समाचार-पत्र था।

**44. गांधीजी द्वारा सन् 1933 तक संपादित समाचार-पत्र का नाम क्या था?**

(a) सर्वोदय (b) आर्य

(c) टाइम्स ऑफ इंडिया (d) यंग इंडिया

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

गांधीजी द्वारा सन् 1933 तक संपादित समाचार-पत्र का नाम यंग इंडिया था।

**45. कौन 'यंग इंडिया' और 'हरिजन' का संपादक था?**

(a) नेहरू (b) अंबेडकर

(c) महात्मा गांधी (d) सुभाषचंद्र बोस

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

'यंग इंडिया' और 'हरिजन' के संपादक महात्मा गांधी थे।

**46. उपन्यास 'नीलदर्पण' का अंग्रेजी में अनुवाद किसने किया था?**

(a) रवींद्रनाथ टैगोर (b) मधुसूदन दत्त

(c) दीनबंधु मित्र (d) बंकिम चंद्र चटर्जी

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

'नीलदर्पण' दीनबंधु मित्र द्वारा लिखी गई थी जिसका अंग्रेजी में अनुवाद मधुसूदन दत्त ने किया था।

**47. ब्रिटिश इंडिगो बागान मालिकों के अत्याचारों का वर्णन करने वाला प्रसिद्ध नाटक ''नीलदर्पण'' किसने लिखा?**

(a) प्रेमचंद (b) बंकिम चंद्र चटर्जी

(c) दीनबंधु मित्र (d) सुब्रह्मण्यम भारती

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

नील की खेती करने वालों के विरुद्ध विद्रोह को प्रदर्शित करने वाले नाटक नीलदर्पण के लेखक दीनबंधु मित्र थे। यह विद्रोह 1859-60 ई. में हुआ था।

**48. अमर राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के रचयिता हैं—**

(a) रवींद्रनाथ टैगोर (b) शरत चंद चट्टोपाध्याय

(c) बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय (d) सुरेंद्रनाथ बंदोपाध्याय

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह इनकी पुस्तक 'आनंद मठ' से लिया गया है। इसे सर्वप्रथम कांग्रेस के 1896 ई. के कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) अधिवेशन में गाया गया था जिसकी अध्यक्षता रहमतउल्ला एम. सयानी ने की थी।

**49. रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित गीत 'जन-गण-मन' सर्वप्रथम जनवरी, 1912 में किस नाम से प्रकाशित हुआ था?**

(a) राष्ट्र जागृति (b) तत्वबोधिनी

(c) भारत भाग्य विधाता (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित गीत 'जन-गण-मन' सर्वप्रथम जनवरी, 1912 में 'भारत भाग्य विधाता' के नाम से प्रकाशित हुआ था।

**50. रवींद्रनाथ टैगोर की 'गीतांजलि' ......... का संग्रह है।**

(a) उपन्यास (b) नाटकों

(c) कविताओं (d) छोटी कहानियां

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

'गीतांजलि' रबींद्रनाथ टैगोर की कविताओं का संग्रह है। जिसे वर्ष 1913 में नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। 'गीतांजलि' शब्द 'गीत' और 'अंजलि' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है- गीतों का उपहार। गीतांजलि मूलतः बांग्ला भाषा में लिखी गई है।

## ❑ क्रांतिकारी गतिविधियां

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ किस नेता ने 'इंडिया होमरूल सोसाइटी' का गठन किया था? **- श्यामजी कृष्ण वर्मा ने**

☞ राजा भारमल को हटाने के कारण कच्छ विद्रोह, सूरत विद्रोह, खासी विद्रोह, भील विद्रोह में से कौन-सा विद्रोह हुआ? **- कच्छ विद्रोह**

☞ कूका आंदोलन, रम्पा आंदोलन, पाबना आंदोलन, बारदोली सत्याग्रह में से किस आंदोलन का नेतृत्व सीताराम राजू के हाथों में था? **- रम्पा आंदोलन का**

☞ संन्यासी विद्रोह, चुआर विद्रोह, पागलपंथी विद्रोह, बघेरा विद्रोह में से कौन-सा विद्रोह/आंदोलन बंगाल के क्षेत्र में नहीं हुआ? **- बघेरा विद्रोह**

☞ स्वदेशी आंदोलन को आंध्र के डेल्टा इलाकों में किस नाम से जाना जाता था? **- वंदे मातरम् आंदोलन से**

☞ कामागाटामारू क्या था?

**- कनाडा की यात्रा पर निकला एक जहाज**

☞ गदर पार्टी के संस्थापक कौन थे? **— सोहन सिंह भाकना**

☞ सही सुमेलन है-

| | |
|---|---|
| मुंडा विद्रोह | 1899 ई. |
| वेल्लोर विद्रोह | 1806 ई. |
| संथाल विद्रोह | 1855ई. |

☞ लाला हरदयाल, बाबा गुरदीत सिंह, मोहम्मद बर्कतुल्ला एवं सोहन सिंह भाकना में से किसका संबंध गदर पार्टी से नहीं था? **— बाबा गुरदीत सिंह**

☞ काकोरी षड्यंत्र मामला किस वर्ष में हुआ? **— 1925**

☞ वर्ष 1904 में क्रांतिकारियों की गुप्त संस्था के रूप में 'अभिनव भारत' की स्थापना किसने की थी? **— वी.डी. सावरकर**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. अंग्रेजों द्वारा निम्न में से किस क्रांतिकारी को फांसी की सजा दी गई थी?**

(a) जतिन दास (b) चंद्रशेखर आज़ाद
(c) राजगुरु (d) कल्पना दत्त

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

अंग्रेजों द्वारा भगत सिंह, सुखदेव के साथ राजगुरु को भी फांसी की सजा दी गई थी। जतिन दास की मृत्यु लंबी भूख हड़ताल के बाद हुई थी जबकि चंद्रशेखर आज़ाद और कल्पना दत्त अंग्रेजों से मुठभेड़ करते समय स्वयं की गोली से मरे थे।

**2. निम्न में से कौन-सा उपन्यास, भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना था?**

(a) परीक्षा गुरु (b) आनंद मठ
(c) रंगभूमि (d) पद्मराग

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'आनंद मठ' उपन्यास भारत के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना था। इसे 'बंगाली देशभक्ति की बाइबिल' भी कहा जाता है।

**3. अपने उपन्यास 'आनंद मठ' में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा बंगाल में किस विद्रोह का विशेष उल्लेख किया गया?**

(a) चौर विद्रोह (b) संन्यासी विद्रोह
(c) कोल विद्रोह (d) संथाल विद्रोह

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

बंकिम चंद्र चटर्जी का उपन्यास 'आनंद मठ' बंगाली देशभक्ति की बाइबिल कहा जाता है। इसका कथानक 1763 से 1800 ई. तक हुए संन्यासी विद्रोह पर आधारित है। हमारा राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम्' इसी ग्रंथ में संकलित है।

**4. स्वतंत्रता की पूर्व-संध्या पर निम्नलिखित में से किस आंदोलन ने सबसे बड़ा कृषक छापामार युद्ध देखा?**

(a) पुन्नाप्रा वायलर आंदोलन (b) तेलंगाना आंदोलन
(c) नोआखली आंदोलन (d) तेभागा आंदोलन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

स्वतंत्रता के पूर्व हुए किसान आंदोलनों में सबसे बड़ा कृषक छापामार युद्ध तेलंगाना आंदोलन ने देखा था। तेलंगाना के विद्रोह का तात्कालिक कारण पुलिस द्वारा कमरैय्या की हत्या थी।

**5. अरविंद को किस मामले में गिरफ्तार किया गया था?**

(a) अलीपुर बम मामला (b) कोल्हापुर बम मामला
(c) लाहौर षड्यंत्र मामला (d) काकोरी मामला

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

अरविंद घोष को वर्ष 1908 में अनुशीलन समिति के सदस्यों के साथ अलीपुर बम मामले में गिरफ्तार किया गया था।

**6. निम्न ब्रिटिश व्यक्तियों में से किसने स्वीकार किया था कि 1857 का विद्रोह एक राष्ट्रीय विद्रोह था?**

(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड एलनबरो (d) डिज़रैली

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

1857 ई. के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की व्यापकता को देखते हुए डिज़रैली ने इसे राष्ट्रीय विद्रोह कहा था।

**7. 'अभिनव भारत' नामक संस्था की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?**

(a) लाला लाजपत राय

(b) बाल गंगाधर तिलक

(c) विनायक दामोदर सावरकर

(d) बिपिन चंद्र पाल

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

वी.डी. सावरकर (विनायक दामोदर सावरकर) द्वारा 1899 ई. में स्थापित 'मित्र मेला' ही वर्ष 1904 में एक गुप्त सभा 'अभिनव भारत' में परिवर्तित हो गई। अभिनव भारत की शाखाएं महाराष्ट्र के अलावा कर्नाटक और मध्य प्रदेश में भी स्थापित की गई।

**8. 1908 में अंग्रेजों द्वारा कैद कर लिए जाने पर बाल गंगाधर तिलक को भेजा गया था—**

(a) अंडमान और निकोबार (b) रंगून

(c) सिंगापुर (d) मांडले

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

केसरी में प्रकाशित लेखों के लिए जून, 1908 में गिरफ्तार कर राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया, जिसके अंतर्गत तिलक को 6 वर्ष की सजा दी गई। इस दौरान इन्हें मांडले जेल में रखा गया था।

**9. लाहौर षड्यंत्र मामला किसके विरुद्ध रजिस्टर किया गया?**

(a) वी.डी. सावरकर (b) भगत सिंह

(c) चंद्रशेखर आजाद (d) अरविंद घोष

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को 23 मार्च, 1931 को वर्ष 1928 में लाहौर षड्यंत्र मामले में सॉण्डर्स की हत्या के कृत्य के लिए फांसी दी गई थी।

**10. भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर कब चढ़ाया गया था?**

(a) मार्च 23, 1934 (b) मार्च 23, 1931

(c) मार्च 23, 1932 (d) मार्च 23, 1933

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. नौजवान भारत सभा किसने स्थापित की थी?**

(a) बी.सी. पाल (b) जी. सुब्रमण्यम अय्यर

(c) सरदार भगत सिंह (d) रुक्मणि लक्ष्मीपथ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

नौजवान भारत सभा की स्थापना सरदार भगत सिंह ने मार्च, 1926 में किया था। इनके सहयोगियों में छबीलदास और यशपाल शामिल थे।

**12. निम्न में से किसने गदर पार्टी की स्थापना की थी?**

(a) वी.डी. सावरकर (b) भगत सिंह

(c) लाला हरदयाल (d) चंद्रशेखर आजाद

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

19वीं शताब्दी के अंत में बहुत से भारतीय अमेरिका तथा कनाडा में जाकर बस गए। 1 नवंबर, 1913 को अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को नगर में गदर पार्टी का गठन किया गया था। इसके संस्थापक लाला हरदयाल थे। इसी पार्टी ने गदर आंदोलन चलाया था।

**13. यू.एस.ए. में सैनफ्रांसिस्को में 'गदर पार्टी' का संस्थापन किसने किया था?**

(a) लाला हरदयाल (b) लाला लाजपत राय

(c) अजीत सिंह (d) बिपिन चंद्र पाल

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**14. हरदयाल, एक महान बुद्धिजीवी, का संबंध था—**

(a) होमरूल आंदोलन से (b) ग़दर आंदोलन से

(c) स्वदेशी आंदोलन से (d) असहयोग आंदोलन से

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. 'गदर पार्टी' का संस्थापक कौन था?**

(a) सचिंद्रनाथ सान्याल (b) चंद्रशेखर आजाद

(c) लाला हरदयाल (d) बटुकेश्वर दत्त

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

16. **गदर पार्टी का मुख्यालय था–**

(a) कराची में (b) मॉस्को में
(c) बर्लिन में (d) सैनफ्रांसिस्को में

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

17. **निम्नलिखित में से किसने गदर आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?**

(a) श्यामजी कृष्ण वर्मा (b) लाला हरदयाल
(c) बिपिन चंद्र पाल (d) विष्णु गणेश पिंगले

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

वर्ष 1913 में सोहन सिंह भाकना ने 'हिंदुस्तान एसोसिएशन ऑफ दि पैसिफिक कोस्ट' नामक संस्था की स्थापना की। इस संस्था ने गदर नामक एक अखबार निकाला जिससे इस संस्था का नाम भी गदर पार्टी पड़ गया। लाल हरदयाल इस संस्था के मनीषी पथ प्रदर्शक थे। गदर पार्टी के सदस्यों में रामचंद्र, बरकतुल्ला, रासबिहारी बोस, राजा महेंद्र प्रताप, अब्दुल रहमान, भीकाजी कामा, भाई परमानंद करतार सिंह सराभा तथा पंडित काशीराम प्रमुख थे।

18. **निम्न में से कौन-सी जनजाति 'ताना भगत' आंदोलन के साथ जुड़ी हुई है?**

(a) ओरांव (b) मुंडा
(c) संथाल (d) कोंडा डोरा

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(a)**

ताना भगत आंदोलन की शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध (1914) के बाद छोटानागपुर (तत्कालीन बिहार) में हुई थी। इस आंदोलन को ओरांव जनजाति के जतरा भगत, बलराम भगत, देवमेनिया भगत (महिला) ने अपना नेतृत्व प्रदान किया। जतरा भगत ने लगान की दरों में ऊंची वृद्धि, चौकीदारी, कर के विरुद्ध आंदोलन के साथ गांधीवादी कार्यकर्ताओं के साथ रचनात्मक कार्यक्रमों में भी भाग लिया।

## ❑ 1857 की क्रांति

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ 1854 ई., 1856 ई., 1857 ई. तथा 1858 ई. में से किस वर्ष भारतीय सैनिकों के लिए समुद्र यात्रा अनिवार्य कर दी गई थी? **- 1856 ई.**

☞ 1824 ई. में सिपाहियों ने ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए लड़ने के लिए समुद्र मार्ग से कहां जाने से इनकार कर दिया? **- बर्मा**

☞ रानी लक्ष्मीबाई की शिकस्त कब हुई तथा उन्हें कब मारा गया? **— जून 1858 में**

☞ नवंबर में बहादुर शाह जफर की मृत्यु कहां हुई थी? **— रंगून में**

☞ मंगल पांडे को कहां फांसी दी गई थी? **— बैरकपुर**

☞ 1857 के विद्रोह को भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की संज्ञा किसने प्रदान की? **— वी.डी. सावरकर**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

1. **मंगल पांडे ने 1857 के विद्रोह की पहली गोली चलाई थी –**

(a) बैरकपुर में (b) मेरठ में
(c) कानपुर में (d) झांसी में

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(a)**

29 मार्च, 1857 ई. को 34वीं रेजीमेंट बैरकपुर के मंगल पांडे ने अपने साथियों का विद्रोह के लिए आह्वान किया। मंगल पांडे ने एडजुटेंट लेफ्टिनेंट बॉग की हत्या कर दी और मेजर सार्जेंट ह्यूरसन को गोली मारी। मंगल पांडे को 8 अप्रैल, 1857 को फांसी पर लटका दिया गया और 34वीं रेजीमेंट को भंग कर दिया गया।

2. **'1857 का विद्रोह' किसने शुरू किया था?**

(a) सिपाहियों ने (b) ज़मींदारों ने
(c) किसानों ने (d) बागान कामगारों ने

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

3. **1857 के विद्रोह का प्रशासनिक परिणाम शक्ति का अंतरण था–**

(a) ईस्ट इंडिया कंपनी से ब्रिटिश सम्राट को
(b) ब्रिटिश सम्राट से ईस्ट इंडिया कंपनी को
(c) ईस्ट इंडिया कंपनी से गवर्नर जनरल को
(d) ब्रिटिश सम्राट से निदेशक मंडल को

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(a)**

1858 ई. में ब्रिटिश संसद द्वारा पारित कानून द्वारा शासन का अधिकार ईस्ट इंडिया कंपनी से लेकर ब्रिटिश सम्राट को दे दिया गया। इसके पूर्व भारत पर सत्ता कंपनी के डायरेक्टरों और बोर्ड ऑफ कंट्रोल की थी, पर अब शासन का भार एक ब्रिटिश सरकार के मंत्री जिसे भारत मंत्री अथवा सेक्रेटरी ऑफ स्टेट कहा जाता था, को दे दिया और उसकी सहायता के लिए एक कौंसिल नियुक्त कर दी गई।

**4. बहादुर शाह था—**

(a) अंतिम लोदी शासक

(b) शेरशाह सूरी का उत्तराधिकारी

(c) अंतिम मुगल शासक

(d) मराठा शासक शिवाजी का उत्तराधिकारी

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

बहादुर शाह द्वितीय अंतिम मुगल शासक था। 1857 की क्रांति के दौरान इसे पकड़कर रंगून जेल में बंद कर दिया गया था।

**5. 1857 के विद्रोह के दौरान भारत का गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) लॉर्ड डलहौजी (b) लॉर्ड कैनिंग

(c) लॉर्ड मेयो (d) लॉर्ड रिपन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

1857 के विद्रोह के दौरान लॉर्ड कैनिंग (1856-1862) भारत के गवर्नर जनरल थे।

**6. 1857 का विद्रोह निम्न स्थानों पर हुआ था। उनका सही क्रम बताइए—**

(1) झांसी (2) मेरठ

(3) दिल्ली (4) बैरकपुर

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 1, 2, 4, 3

(c) 2, 3, 4, 1 (d) 4, 2, 3, 1

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

1857 का विद्रोह सर्वप्रथम 29 मार्च, 1857 को बैरकपुर में (मंगल पांडे द्वारा) हुआ था। 10 मई, 1857 को मेरठ में विद्रोह हुआ और 12 मई, 1857 को मेरठ के विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पर अधिकार कर लिया। जून, 1857 में झांसी में विद्रोह हुआ।

**7. कानपुर के गदर का नेतृत्व किसने किया था?**

(a) तात्या टोपे

(b) रानी लक्ष्मीबाई

(c) बेगम हज़रत महल

(d) नाना साहिब

**S.S.C.स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

5 जून, 1857 को विद्रोहियों ने कानपुर को अंग्रेजों से छीन लिया। यहां नाना साहिब ने गदर का नेतृत्व किया था।

**8. नाना साहिब का दूसरा नाम क्या था?**

(a) रामचंद्र पांडुरंगा (b) धोंदू पंत

(c) तात्या टोपे (d) कुंवर सिंह

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

पेशवा बाजीराव द्वितीय के दत्तक पुत्र नाना साहिब का दूसरा नाम धोंदू पंत था। इन्होंने कानपुर में 5 जून, 1857 में हुए विद्रोह का नेतृत्व किया था जिसमें उनकी सहायता तात्या टोपे ने की थी।

**9. भारत में सिविल सर्विस का सूत्रपात निम्नलिखित में से किसने किया?**

(a) गवर्नर जनरल वॉरेन हेस्टिंग्स

(b) लॉर्ड कार्नवालिस

(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक

(d) कोई भी विकल्प सही नहीं है

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(b)**

भारत में सिविल सेवा या लोक सेवा का सृजन कार्नवालिस द्वारा किया गया। बंगाल का गवर्नर जनरल बनने के बाद कार्नवालिस ने प्रशासन को पुनर्गठित किया तथा राजस्व बोर्डों को भंग कर इसके संबंध में भी नए नियम बनाए तथा कंपनी के अधिकारियों के व्यक्तिगत व्यापार के संबंध में भी नियम बनाए।

**10. ब्रिटिश क्राउन ने ईस्ट इंडिया कंपनी से भारत पर प्रभुसत्ता किस वर्ष में प्राप्त की?**

(a) 1857 (b) 1858

(c) 1859 (d) 1860

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

1 नवंबर, 1858 को रानी की उद्घोषणा जारी करने के लिए शाही दरबार इलाहाबाद में लॉर्ड कैनिंग द्वारा आयोजित किया गया था। इस उद्घोषणा के द्वारा भारत का शासन सीधे ब्रिटिश ताज के अंतर्गत आ गया।

**11. सरकार का 'कंपनी' से 'सम्राट' को अंतरण लॉर्ड कैनिंग द्वारा 1 नवंबर, 1858 को घोषित किया गया था–**

(a) कलकत्ता में (b) दिल्ली में

(c) पटना में (d) इलाहाबाद में

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(d)**

सरकार का 'कंपनी' से 'सम्राट' को हस्तांतरण लॉर्ड कैनिंग द्वारा 1 नवंबर, 1858 को इलाहाबाद के मिंटो-पार्क में पढ़े गए महारानी विक्टोरिया के घोषणा-पत्र द्वारा किया गया था।

**12. निम्न में से किसने, अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 के संघर्ष में भाग नहीं लिया था?**

(a) तात्या टोपे (b) टीपू सुल्तान

(c) रानी लक्ष्मीबाई (d) नाना साहिब

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(b)**

अंग्रेजों के विरुद्ध 1857 के संघर्ष में टीपू सुल्तान ने भाग नहीं लिया था। वह मैसूर का शासक था तथा चतुर्थ आंग्ल-मैसूर युद्ध (1799 ई.) में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ था।

**13. निम्नलिखित में से कौन 1857 के गदर से संबंधित नहीं है?**

(a) नाना साहिब (b) मंगल पांडे

(c) चंद्रशेखर आज़ाद (d) रानी लक्ष्मीबाई

**S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(c)**

चंद्रशेखर आज़ाद 1857 ई. के विद्रोह से संबंधित नहीं थे। जबकि नाना साहिब ने बिठूर क्षेत्र में तथा रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी क्षेत्र में विद्रोह का नेतृत्व किया था।

**14. निम्न में से किस घटना ने, इंग्लैंड के सम्राट को भारतीय प्रशासन को अपने अधीन कर लेने के लिए प्रेरित किया था?**

(a) प्लासी का युद्ध (b) बक्सर का युद्ध

(c) हिंसक युद्ध (d) सिपाहियों का विद्रोह

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर–(d)**

1857 में हुए सैनिक विद्रोह के उपरांत इंग्लैंड के सम्राट ने भारतीय प्रशासन को कंपनी से अपने अधीन ले लिया।

## ❑ गवर्नर जनरल

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ स्वतंत्रता पूर्व काल के प्रथम वायसरॉय और गवर्नर-जनरल कौन थे? **— लॉर्ड कैनिंग**

☞ पहली बार डाक टिकट किसके शासनकाल में जारी किया गया? **- लॉर्ड डलहौजी के**

☞ लॉर्ड क्लाइव, वॉरेन हेस्टिंग्स, लॉर्ड कार्नवालिस, लॉर्ड वेलेजली में से कौन-सा गवर्नर जनरल अपने को बंगाल टाइगर कहता था? **- लॉर्ड वेलेजली**

☞ भारत का कौन गवर्नर जनरल ''ओवन मेरेडिथ'' के नाम से कविताएं लिखता था? **- लॉर्ड लिटन**

☞ कौन वायसराय बर्मा युद्ध से संबद्ध है? **- डलहौजी और डफरिन दोनों**

☞ किस विधेयक में प्रावधान दिया गया है कि भारतीय न्यायाधीश भी यूरोपियन व्यक्तियों पर मुकदमें चला सकते हैं, ताकि भारत में काम करने वाले अंग्रेज और भारतीय न्यायाधीशों के बीच समानता स्थापित की जा सके? **— इल्बर्ट बिल**

☞ अंग्रेजों द्वारा कौन-सा एक्ट पारित किया गया था, जिससे सरकार की आलोचना करने वाले को चुप कराया जाता था? **— वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट**

☞ किस वायसराय ने बंगाल का विभाजन किया था? **- लॉर्ड कर्जन ने**

☞ वह एकमात्र वायसराय जिसकी हत्या भारत में हुई थी। **- लॉर्ड मेयो**

☞ स्थानीय स्वशासन के पिता के रूप में कौन जाना जाता है? **- लॉर्ड रिपन**

☞ लॉर्ड कार्नवालिस को__________के लिए जाना जाता है। **— बंगाल की स्थायी राजस्व व्यवस्था**

☞ अफगान युद्ध, बर्मा युद्ध, आर्म्स एक्ट एवं प्रेस एक्ट में से कौन-सी घटना वायसराय लॉर्ड लिटन के समयकाल की नहीं मानी जाती है? **- बर्मा युद्ध**

☞ बंगाल का प्रसिद्ध कोसिजुरा केस किसके शासनकाल में घटित हुआ था? **- वॉरेन हेस्टिंग्स के**

☞ बंगाल विभाजन, भारत लोक सेवा मंडल का गठन, अकाल आयोग का गठन एवं हंटर आयोग का गठन में से कौन-सा कार्य लॉर्ड कर्जन के समयकाल में नहीं हुआ? **— हंटर आयोग का गठन**

☞ भारत में बजट व्यवस्था का आरंभ किस वायसराय के काल में हुआ? — **कैनिंग**

☞ लॉर्ड वेलेजली, लॉर्ड हार्डिंग, लॉर्ड डलहौजी एवं लॉर्ड विलियम बेंटिक में से कौन-से गवर्नर जनरल ने भारत में अंग्रेजी को शिक्षा का माध्यम बनाने का निर्णय लिया? — **लॉर्ड विलियम बेंटिक**

☞ भारत में अंग्रेजी शिक्षा किसने आरंभ की? — **मैकाले**

☞ किस वायसराय के कार्यकाल के दौरान भारत की राजधानी कलकत्ता से स्थानांतरित होकर दिल्ली बनी?— **लॉर्ड हार्डिंग**

☞ स्वतंत्र भारत के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे? — **सी. राजगोपालाचारी**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 1877 के इम्पीरियल दरबार में हाथ से काती हुई खादी के कपड़े पहनकर कौन गया था?**

(a) एम.के. गांधी (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) बिपिन चंद्र पाल (d) जी. वी. जोशी

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

पूना सार्वजनिक सभा के गणेश वासुदेवन जोशी विक्टोरिया हॉल कलकत्ता में संपन्न 1877 ई. के इम्पीरियल दरबार में हाथ से काती हुई खादी के कपड़े पहनकर गए थे।

**2. भारत में राजस्व एकत्र करने के 'स्थायी बंदोबस्त' की प्रणाली शुरू की गई थी—**

(a) लॉर्ड कर्ज़न द्वारा

(b) लॉर्ड डलहौज़ी द्वारा

(c) लॉर्ड हेस्टिंग्स द्वारा

(d) लॉर्ड कॉर्नवालिस द्वारा

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

कॉर्नवालिस ने वार्षिक लगान के स्थान पर 1790 ई. में 10 वर्षीय लगान व्यवस्था लागू की और घोषणा की गई कि कोर्ट ऑफ डायरेक्टर्स से स्वीकृति प्राप्त हो जाने पर इसी व्यवस्था को स्थायित्व प्रदान किया जाएगा। डायरेक्टरों की स्वीकृति मिलने के बाद 1793 ई. में 10 वर्षीय प्रबंध स्थायी कर दिया गया। भू-राजस्व की यही व्यवस्था इस्तमरारी बंदोबस्त या स्थायी बंदोबस्त के नाम से जानी जाती है।

**3. ब्रिटिश शासन के दौरान, तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी में 'रैयतवाड़ी प्रणाली' की शुरुआत करने वाला कौन था?**

(a) मैकार्टनी (b) एल्फिंसटोन

(c) थॉमस मुनरो (d) जॉन लॉरेंस

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

थॉमस मुनरो जो मद्रास के 1820 से 1827 ई. तक गवर्नर रहे, उन्होंने कुल उपज का तीसरा भाग भूमि कर का आधार मानकर 'रैयतवाड़ी पद्धति' को मद्रास प्रेसीडेंसी में लागू कर दिया। मुनरो की भूमि कर व्यवस्था लगभग 30 वर्ष तक चलती रही।

**4. निम्नलिखित में से किसने मद्रास में रैयतवाड़ी व्यवस्था लागू की थी?**

(a) लॉर्ड कैनमारा (b) सर थॉमस मुनरो

(c) लॉर्ड हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड वेल्सले

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. बंगाल के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?**

(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) विलियम बेंटिक

(c) वॉरेन हेस्टिंग्स (d) चार्ल्स कॉर्नवॉलिस

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (II -पाली)**

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 2 जुलाई, 2017 (I -पाली)**

**उत्तर—(c)**

रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 के तहत ब्रिटिश संसद के द्वारा बंगाल में पहली बार कॉलेजिस्ट सरकार की व्यवस्था की गई। इस सरकार में एक अध्यक्ष तथा चार सदस्यों का प्रावधान किया गया। अध्यक्ष को गवर्नर जनरल का पदनाम दिया गया। वॉरेन हेस्टिंग्स को 1774 ई. में बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल नियुक्त किया गया।

**6. बंगाल का पहला गवर्नर-जनरल था—**

(a) लॉर्ड क्लाइव (b) वॉरेन हेस्टिंग्स

(c) लॉर्ड जॉन शोर (d) लॉर्ड कॉर्नवालिस

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**7. बंगाल का पहला गवर्नर-जनरल कौन था?**

(a) रॉबर्ट क्लाइव (b) वॉरेन हेस्टिंग्स

(c) विलियम बेंटिक (d) कॉर्नवालिस

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. अंग्रेजों ने भारत में रेलवे किस उद्देश्य से शुरू की थी?**

(a) भारत में भारी उद्योग को आगे बढ़ाने के लिए

(b) ब्रिटिश वाणिज्य और प्रशासनिक नियंत्रण की सुविधा के लिए

(c) दुर्भिक्ष की स्थिति में खाद्यान्न पहुंचाने के लिए

(d) ताकि भारतीय देश में मुक्त रूप से घूम सकें

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

अंग्रेजों ने भारत में रेलवे को ब्रिटिश वाणिज्य और प्रशासनिक नियंत्रण की सुविधा के लिए शुरू की थी।

**9. किस गवर्नर जनरल ने भारत में सती प्रथा का अंत किया था?**

(a) लॉर्ड कैनिंग (b) लॉर्ड रिपन

(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक (d) लॉर्ड डलहौजी

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(c)**

विलियम बेंटिक ने कानून बनाकर सती प्रथा को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया। 1829 ई. में नियम 17 (XVII) द्वारा विधवाओं को जलाना अवैध घोषित कर दिया गया। आरंभ में यह कानून केवल बंगाल प्रेसीडेंसी में लागू किया गया और 1830 ई. में यह नियम बंबई और मद्रास प्रेसीडेंसी में भी लागू कर दिया गया।

**10. एक खुली प्रतियोगात्मक परीक्षा के माध्यम से इंडियन सिविल सर्विस में भारतीयों के लिए प्रवेश को निम्नलिखित में से किसने संभव बनाया?**

(a) विलियम बेंटिक (b) डलहौज़ी

(c) मेयो (d) रिपन

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

एक खुली प्रतियोगात्मक परीक्षा के माध्यम से इंडियन सिविल सर्विस में भारतीयों के लिए प्रवेश को डलहौज़ी द्वारा संभव बनाया गया था।

**11. भारतीय सिविल सेवा में अर्हता प्राप्त प्रथम भारतीय कौन थे?**

(a) सुरेंद्र नाथ बनर्जी (b) सत्येंद्र नाथ टैगोर

(c) सुभाष चंद्र बोस (d) रवींद्रनाथ टैगोर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

भारतीय सिविल सेवा में चुने गए पहले भारतीय सत्येंद्र नाथ टैगोर (1863 ई.) थे तथा दूसरे सुरेंद्र नाथ बनर्जी थे जिनका चयन 1869 ई. में हुआ था।

**12. इंग्लैंड के हाउस ऑफ कॉमन्स द्वारा भारत के किस गवर्नर जनरल पर महाभियोग चलाया गया था?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) कॉर्नवालिस

(c) वेलेजली (d) विलियम बेंटिक

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

इंग्लैंड के हाउस ऑफ कॉमन्स द्वारा वॉरेन हेस्टिंग्स पर महाभियोग चलाया गया था। बर्क ने हेस्टिंग्स को 'चूहा और नेवला', 'एक झूठा बैलों का ठेकेदार' और 'अन्याय का मुखिया' (Captain-General of Inequity) इत्यादि संज्ञाओं से संबोधित किया है।

**13. निम्नलिखित में से कौन बंगाल का अंतिम गवर्नर जनरल था?**

(a) विलियम बेंटिक (b) वॉरेन हेस्टिंग्स

(c) लॉर्ड कैनिंग (d) लॉर्ड वेलेस्ली

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 11 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

1833 के चार्टर एक्ट के द्वारा भारतीय प्रशासन को पूर्णतः केंद्रीकृत करने का प्रयास किया गया। इस एक्ट के द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल (तत्कालीन गवर्नर जनरल विलियम बेंटिक) को भारत का गवर्नर जनरल बना दिया गया। 1833 ई. में लॉर्ड विलियम बेंटिक को भारत का प्रथम गवर्नर जनरल बनाया गया।

**14. भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?**

(a) लॉर्ड विलियम बेंटिक (b) लॉर्ड डलहौजी

(c) लॉर्ड कॉर्नवालिस (d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 12 अगस्त, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(a)**

1833 के चार्टर एक्ट के द्वारा भारतीय प्रशासन को पूर्णतः केंद्रीकृत करने का प्रयास किया गया। इस एक्ट के द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नर जनरल बना दिया गया। 1833 ई. में लॉर्ड विलियम बेंटिक को भारत का प्रथम गवर्नर जनरल बनाया गया।

**15. निम्नलिखित में से कौन-सा गवर्नर जनरल ठगी प्रथा के उन्मूलन से संबंधित था?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस (b) लॉर्ड विलियम बेंटिक

(c) लॉर्ड चार्ल्स मेटकॉफ (d) सर हेनरी हार्डिंग

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 13 सितंबर, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर–(b)**

लॉर्ड विलियम बेंटिक ने कैप्टन स्लीमैन को ठगों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए नियुक्त किया। उसने लगभग 1500 ठगों को बंदी बना लिया। अनेक ठगों को फांसी दी गई। शेष को आजीवन निर्वासित कर दिया गया। 1837 ई. के पश्चात संगठित रूप से ठगों का अंत हो गया।

**16. निम्न में से कौन, भारत का पहला वायसराय था?**

(a) लॉर्ड कॉर्नवालिस (b) पिट्ट
(c) लॉर्ड कैनिंग (d) रॉबर्ट क्लाइव

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**
**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

भारतीय परिषद अधिनियम, 1858 के तहत ब्रिटिश सम्राट के अधीन नियुक्त भारत का पहला वायसराय लॉर्ड कैनिंग था। यह भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा नियुक्त अंतिम गवर्नर जनरल भी था। इसी के समय में 1857 का ऐतिहासिक विद्रोह हुआ था। जिसके बाद शासन कंपनी के हाथों से सीधे ब्रिटिश सम्राट के नियंत्रण में ले लिया गया। इन्होंने व्यपगत सिद्धांत या राज्य-विलय नीति को समाप्त कर दिया। इसके काल में 1856 ई. में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित हुआ।

**17. ईस्ट इंडिया कंपनी का अंतिम गवर्नर जनरल और क्राउन के अधीन पहला वायसराय था—**

(a) लॉर्ड एल्गिन (b) लॉर्ड कैनिंग
(c) लॉर्ड वॉरेन हेस्टिंग्स (d) लॉर्ड डलहौजी

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**18. 'डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स' किसने आरंभ किया?**

(a) लॉर्ड वेलेजली (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड लिटन

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

'डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स' या व्यपगत सिद्धांत का आरंभ लॉर्ड डलहौजी ने किया था। इस सिद्धांत के आधार पर 1848 ई. में सतारा, 1849 ई. में जैतपुर एवं संभलपुर, 1850 ई. में बघाट, 1852 ई. में उदयपुर, 1853 ई. में झांसी, 1854 ई. में नागपुर तथा 1855 ई. में करौली को अंग्रेजी राज्य में मिला लिया गया। इनके अतिरिक्त कुशासन के आरोप में डलहौजी द्वारा 1856 ई. में अवध का भी विलय कर लिया गया।

**19. किस गवर्नर-जनरल का नाम राज्य हड़प नीति (डॉक्ट्रिन ऑफ लैप्स) के साथ जुड़ा हुआ है?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड डलहौजी
(c) लॉर्ड बेंटिक (d) लॉर्ड कर्जन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**20. ब्रिटिश प्रशासन के दौरान निम्नलिखित में से किस गवर्नर जनरल ने 'हड़प नीति' अपनाया था?**

(a) लॉर्ड कार्नवालिस (b) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(c) लॉर्ड विलियम बेंटिक (d) लॉर्ड डलहौजी

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**21. किस भारतीय राज्य पर कब्जा करने के लिए ''राज्य अपहरण नीति'' को नहीं अपनाया गया था?**

(a) सतारा (b) नागपुर
(c) झांसी (d) पंजाब

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

दूसरे आंग्ल-सिख युद्ध (1848-49) के पश्चात पंजाब का कंपनी के साम्राज्य में विलय कर लिया गया। ''राज्य अपहरण नीति'' के अंतर्गत पंजाब पर कब्जा नहीं किया गया था। जबकि सतारा (1848 ई.), झांसी (1853 ई.) एवं नागपुर (1854 ई.) डलहौजी के व्यपगत के सिद्धांत के अंतर्गत अपहृत किए गए थे।

**22. टेलीग्राफ लाइन सर्वप्रथम कहां से कहां तक बिछाई गई?**

(a) कलकत्ता से आगरा (b) आगरा से जयपुर
(c) दिल्ली से शिमला (d) कलकत्ता से रानीगंज

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 8 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

टेलीग्राफ लाइन सर्वप्रथम 1853 ई. में कलकत्ता से आगरा के मध्य शुरू की गई थी।

**23. भारत का अंतिम वायसराय कौन था?**

(a) लॉर्ड लिनलिथगो (b) लॉर्ड माउंटबेटन
(c) लॉर्ड वेवेल (d) क्लीमेंट एटली

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

भारत का अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन था। लॉर्ड माउंटबेटन के शासनकाल में 4 जुलाई, 1947 को ब्रिटिश संसद में एटली द्वारा भारतीय स्वतंत्रता विधेयक प्रस्तुत किया गया। यह 18 जुलाई को पारित हुआ।

**24. निम्नलिखित में से किस कार्य का श्रेय लॉर्ड डलहौजी को नहीं दिया जाता है?**

(a) पंजाब का विलय (b) बंगाल का विलय
(c) मैसूर का विलय (d) सतारा का विलय

**S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I ) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)**

**उत्तर—(*)**

लॉर्ड डलहौजी (1848-56) के समय दूसरे आंग्ल सिख युद्ध (1848-49) के पश्चात पंजाब का कंपनी के साम्राज्य में विलय कर लिया गया। व्यपगत सिद्धांत के अनुसार सतारा (1848 ई.) का विलय किया गया। लॉर्ड वेलेस्ली के समय मैसूर के साथ सहायक संधि (1799 ई.) किया गया, जबकि बंगाल से ब्रिटिश शासन का शुभारंभ हुआ था।

**25. भारत किसके वायसराय काल में स्वतंत्र हुआ?**

(a) विलियम बेंटिक (b) वेलेजली
(c) वेवेल (d) माउंटबेटन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

भारत की स्वतंत्रता (1947 ई.) के समय भारत का वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन था।

**26. भारत का अंतिम गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) सर क्रिप्स (b) लॉर्ड माउंटबेटन
(c) सी. राजगोपालाचारी (d) सर एटली

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

भारत के प्रथम भारतीय तथा अंतिम गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी (21 जून, 1948 से 26 जनवरी, 1950 तक) थे।

**27. भारत का पहला भारतीय गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) बी. आर. अंबेडकर (b) सी. राजगोपालाचारी
(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद (d) डॉ. एस. राधाकृष्णन

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल लॉर्ड माउंटबेटन थे जबकि स्वतंत्र भारत के दूसरे और प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी थे।

**28. स्वतंत्र भारत का पहला गवर्नर जनरल कौन था?**

(a) सी. राजगोपालाचारी (b) एस. राधाकृष्णन
(c) लॉर्ड माउंटबेटन (d) लॉर्ड वेवेल

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**29. निम्नलिखित में से किसको लॉर्ड कर्जन का सबसे उपयोगी और महत्वपूर्ण सुधार माना जा सकता है, विशेषतः अविभाजित पंजाब प्रांत में रहने वाले लोगों के संबंध में?**

(a) शैक्षिक सुधार (b) पुलिस सुधार
(c) औद्योगिक सुधार (d) कृषि सुधार

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

लॉर्ड कर्जन द्वारा वर्ष 1901 में सर कॉलिन स्कॉट मॉनक्रीफ की अध्यक्षता में सिंचाई आयोग की नियुक्त की गई। इसी के द्वारा झेलम नहर का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया गया तथा अपर चिनाब, अपर झेलम और लोअर बारी दोआब नहरों का कार्य हाथ में लिया गया। इसी के शासनकाल में पंजाब में भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1900 में पारित किया गया जिससे कृषकों की भूमि का गैर-कृषकों के पास हस्तांतरित होना समाप्त हो गया। कर्जन के शासनकाल में शैक्षिक क्षेत्र में भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1904 बना। पुलिस सुधारों के तहत वर्ष 1902 में फ्रेजर कमीशन गठित हुआ।

**30. लॉर्ड कर्जन के वायसराय होने के दौरान, निम्न में से कौन-सी घटना नहीं घटी थी?**

(a) बंगाल का विभाजन
(b) पुरातत्व विभाग की स्थापना
(c) द्वितीय दिल्ली दरबार
(d) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन 1885 ई. में लॉर्ड डफरिन के समय में हुआ था। बंगाल का विभाजन (1905 में), पुरातत्व विभाग की स्थापना (प्राचीन स्मारक परीक्षण अधिनियम, 1904 के तहत) एवं द्वितीय दिल्ली दरबार (1903 में) लॉर्ड कर्जन के समय में हुआ था।

**31. भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम किसने पारित किया था?**

(a) लॉर्ड लिटन (b) लॉर्ड कर्जन
(c) लॉर्ड मिंटो (d) लॉर्ड रिपन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम लॉर्ड कर्जन (1899-1905 ई.) के कार्यकाल में पारित किया गया। वर्ष 1902 में सर टामस रैले की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय आयोग गठित किया गया और वर्ष 1904 में उसके आधार पर भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम पारित किया गया।

**32. निम्नलिखित में से भारतीय महाविद्यालय अधिनियम, 1904 के पारित होने के दौरान भारत के वायसराय कौन थे?**

(a) लॉर्ड डफरिन (b) लॉर्ड लैंसडाउन
(c) लॉर्ड मिंटो (d) लॉर्ड कर्जन

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 3 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**33. निम्नोक्त में से भारत में स्थानीय स्वशासन का अग्रगामी कौन था?**

(a) रिपन (b) मेयो
(c) लिटन (d) कर्जन

**S.S.C. Section Off. परीक्षा, 2006**
**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(a)**

लॉर्ड रिपन के कार्यकाल में प्रस्तुत स्थानीय स्वशासन प्रस्ताव 1882 ई. से भारत में आधुनिक स्थानीय स्वशासन का प्रारंभ माना जाता है। लॉर्ड रिपन को भारत में स्थानीय स्वशासन का पिता कहा जाता है। लॉर्ड रिपन ने प्रांतीय सरकारों को यह आज्ञा दी कि वे प्रांतीय तथा स्थानीय नागरिक वित्तीय साधनों का एक सर्वेक्षण करें, जिससे यह निश्चय किया जा सके कि किन-किन मदों का आय-व्यय स्थानीय प्रशासन के सुपुर्द किया जा सकता है।

**34. भारत में ''स्थानीय स्वशासन का जनक'' किसे कहा गया?**

(a) लॉर्ड रिपन (b) लॉर्ड हार्डिंग
(c) लॉर्ड डलहौजी (d) लॉर्ड लिटन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**35. भारत में पहली बार सन् 1853 में किस स्थान से रेल यात्रा प्रारंभ की गई?**

(a) कलकत्ता (b) बंबई (मुंबई)
(c) मद्रास (d) गोवा

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

भारत में पहली बार 16 अप्रैल, 1853 को बोरीबंदर (बंबई) से थाणे तक रेल यात्रा प्रारंभ की गई थी।

## ❑ संवैधानिक विकास

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ 1892 ई. का भारतीय परिषद अधिनियम किस योजना पर आधारित था? **- डफरिन योजना**

☞ किस वर्ष में मुस्लिमों के लिए अलग निर्वाचिका की मांग को मान लिया गया था? **— वर्ष 1909 में**

### ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

### ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. 'पिट्स इंडिया एक्ट' के अंतर्गत, निम्न में किसे स्थापित किया गया?**

(a) निदेशकों की अदालत (b) नियंत्रण बोर्ड
(c) राजस्व बोर्ड (d) स्थायी परिषद

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 द्वारा इंग्लैंड में सरकार के अधीन एक नियंत्रण बोर्ड की स्थापना की गई जिसका कार्य डायरेक्टर्स की नीतियों को नियंत्रित करना था। इस नियंत्रक बोर्ड में 6 सदस्य होते थे जिसमें दो सदस्य ब्रिटिश मंत्रिमंडल के एवं शेष प्रिवी काउंसिल के थे।

**2. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 क्या था?**

(a) अध्यादेश (b) संकल्प
(c) श्वेत-पत्र (d) नियामक अधिनियम

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(*)**

पिट्स इंडिया एक्ट जिसे ईस्ट इंडिया कंपनी अधिनियम, 1784 के नाम से भी जाना जाता है। एक अधिनियम था; जो ग्रेट ब्रिटेन की संसद द्वारा नियामक अधिनियम,1773 की कमियों में सुधार हेतु एवं कंपनी की गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने हेतु पारित किया गया था।

**3. कलकत्ता में उच्चतम न्यायालय की स्थापना किसके द्वारा की गई थी?**

(a) 1773 का विनियामक अधिनियम

(b) 1784 का पिट्स इंडिया अधिनियम

(c) 1793 का चार्टर अधिनियम

(d) 1813 का चार्टर अधिनियम

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

कलकत्ता में उच्चतम न्यायालय की स्थापना 1773 के विनियामक अधिनियम (रेग्युलेटिंग एक्ट) के द्वारा की गई थी। इस न्यायालय में प्रधान न्यायाधीश के अलावा तीन अन्य न्यायाधीश थे। सर एलिजा इम्पे को मुख्य न्यायाधीश तथा चैम्बर्स, लिमैस्टर एवं हाइड को न्यायाधीश बनाया गया।

**4. किस चार्टर एक्ट से चीन के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापार एकाधिकार समाप्त हुआ?**

(a) चार्टर एक्ट, 1793 (b) चार्टर एक्ट, 1813

(c) चार्टर एक्ट, 1833 (d) चार्टर एक्ट, 1853

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

1833 ई. के चार्टर एक्ट से चीन के साथ ईस्ट इंडिया कंपनी का व्यापारिक एकाधिकार समाप्त हुआ। 1833 ई. के चार्टर एक्ट की धारा 87 के द्वारा योग्यता को ही सेवा का आधार स्वीकार कर लिया गया। इस एक्ट के द्वारा बंगाल के गवर्नर जनरल को भारत का गवर्नर जनरल बना दिया गया।

**5. सांप्रदायिक निर्वाचन—क्षेत्रों की पद्धति की शुरुआत भारत में किसके द्वारा हुई?**

(a) 1892 का भारतीय काउंसिल अधिनियम

(b) 1909 के मिंटो-मॉर्ले सुधार

(c) 1919 के मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार

(d) 1935 का भारत सरकार अधिनियम

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

सांप्रदायिक निर्वाचन-क्षेत्रों की पद्धति की शुरुआत अक्टूबर, 1909 में मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल आगा खां की मांग पर मिंटो-मॉर्ले सुधार द्वारा हुई। उस समय भारत के सचिव लॉर्ड मॉर्ले और वायसराय लॉर्ड मिंटो थे।

**6. भारत में 'प्रांतीय स्वायत्तता' शुरू की गई थी—**

(a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 द्वारा

(b) भारत सरकार अधिनियम, 1919 द्वारा

(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा

(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 द्वारा

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

भारत सरकार अधिनियम, 1935 की सर्वप्रमुख विशेषता प्रांतीय स्वायत्तता की स्थापना थी। इसके द्वारा प्रांतों में द्वैध शासन का अंत और पूर्ण उत्तरदायी शासन की स्थापना की गई। इसके द्वारा केंद्र में द्वैध शासन की शुरुआत की गई।

**7. किस अधिनियम की महत्वपूर्ण विशेषता प्रांतीय स्वायत्तता थी?**

(a) 1935 (b) 1919

(c) 1909 (d) 1858

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**8. परिसंघ बनाने का विचार सर्वप्रथम किसने प्रस्तावित किया था?**

(a) भारतीय परिषद अधिनियम, 1892

(b) मिंटो-मॉर्ले सुधार

(c) मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार

(d) नेहरू रिपोर्ट, 1928

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(*)**

परिसंघ (Federation) बनाने का विचार सर्वप्रथम भारतीय शासन अधिनियम, 1935 में आया था। अखिल भारतीय संघ 11 ब्रिटिश प्रांतों, 6 चीफ कमिश्नर के क्षेत्रों एवं देशी रियासतों से मिलकर बनना था। ब्रिटिश प्रांतों के लिए संघ में शामिल होना अनिवार्य था परंतु देशी रियासतों को उनकी इच्छा पर निर्भर था। देशी रियासतों ने संघ में शामिल होना स्वीकार नहीं किया। अतः अधिनियम द्वारा प्रस्तावित भारतीय संघ योजना क्रियान्वित नहीं हो सकी।

**9. 1919 अधिनियम में 'द्विशासन धारणा' को जिस व्यक्ति ने परिचित कराया, वे थे—**

(a) मांटेग्यू (b) तेज बहादुर सप्रू
(c) लाइनेल कर्टिस (d) चेम्सफोर्ड

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

1919 के अधिनियम में 'द्विशासन धारणा' तत्कालीन भारत सचिव लॉर्ड मांटेग्यू की देन थी। तत्कालीन वायसराय लॉर्ड चेम्सफोर्ड के कारण 1919 के अधिनियम को मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार भी कहा जाता है। इसी अधिनियम के द्वारा राज्यों में द्वैध शासन की स्थापना की गई। राज्यों में यह द्वैध शासन की व्यवस्था अप्रैल, 1921 से अप्रैल, 1937 तक लागू रही।

**10. 'द्वैध शासन' किस गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट द्वारा लागू किया गया था?**

(a) 1909 के (b) 1919 के
(c) 1935 के (d) उपर्युक्त में से किसी से भी नहीं

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**11. 1921 नरेंद्र मंडल या चेंबर ऑफ प्रिंसिज किसके द्वारा आरंभ किया गया?**

(a) लॉर्ड कर्जन (b) लॉर्ड वेलेजली
(c) ड्यूक ऑफ कैन्नॉट (d) ड्यूक ऑफ वेलिंग्टन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

1921 नरेंद्र मंडल या चेंबर ऑफ प्रिंसिज ड्यूक ऑफ कैन्नॉट द्वारा आरंभ किया गया था। मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों में इसका निश्चित सुझाव 'नरेंद्र मंडल' (Chember of Princes) के रूप में किया गया और फरवरी, 1921 में इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इस नरेंद्र मंडल में प्रतिनिधित्व के लिए रियासतों को तीन श्रेणियों में बांटा गया था।

**12. रौलेट एक्ट 1919 किसके काल में लागू किया गया था?**

(a) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (b) लॉर्ड विलियम
(c) लॉर्ड मिंटो (d) लॉर्ड बेंटिक

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

रौलेट एक्ट 1919 ई. में लॉर्ड चेम्सफोर्ड के काल में लागू किया गया था। भारत में क्रांतिकारियों के प्रभाव को समाप्त करने तथा राष्ट्रीय भावना को कुचलने के लिए ब्रिटिश सरकार ने न्यायाधीश सर सिडनी रौलेट की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सुझावों को मार्च, 1919 में लागू कर दिया। इस विधेयक के अनुसार, मजिस्ट्रेटों के पास यह अधिकार था कि वह किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति को गिरफ्तार करके उस पर मुकदमा चला सकता था तथा उसे अनिश्चित काल तक के लिए जेल में रख सकता था। इस एक्ट को 'बिना अपील, बिना वकील तथा बिना दलील' का कानून भी कहा गया। इसे '**काला अधिनियम**' (Black Act) एवं '**आतंकवाद अपराध अधिनियम**' के नाम से भी जाना जाता है।

**13. गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 किस पर आधारित था?**

(a) साइमन कमीशन (b) लॉर्ड कर्ज़न कमीशन
(c) डिमिट्रोव थीसिस (d) लॉर्ड क्लाइव की रिपोर्ट

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1935 प्रश्नगत विकल्पों में से साइमन कमीशन की रिपोर्ट पर आधारित था।

**14. भारत के लिए संविधान बनाने वाली संविधान सभा किस वर्ष स्थापित की गई थी?**

(a) 1947 (b) 1948
(c) 1946 (d) 1949

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा के गठन के लिए भारत में जुलाई, 1946 में चुनाव हुए थे तथा 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की पहली बैठक दिल्ली में हुई थी।

## ❑ आर्थिक अवस्था

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ स्थायी बंदोबस्त _______ की एक विशेषता थी। **- जमींदारी प्रणाली**

☞ किसने भारत में पहला नियमित व्यापार संघ संचालित किया था? **- वी.पी. वाडिया ने**

☞ रैयतवाड़ी व्यवस्था किसने विकसित की थी? **- थॉमस मुनरो**

☞ महालवाड़ी व्यवस्था किसने तैयार किया था? **— होल्ट मैकेंजी ने**

☞ ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा स्थायी बंदोबस्त कब लागू किया गया था? **— 1793 ई. में**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. पंजाब में कृषि आंदोलन आयोजित करने के लिए लाला लाजपत राय को किस वर्ष निर्वासित करके मांडले भेजा गया था?**

(a) 1905 (b) 1907
(c) 1909 (d) 1911

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

उत्तर—(b)

पंजाब में कृषि आंदोलन आयोजित करने के लिए लाला लाजपत राय को वर्ष 1907 में निर्वासित कर मांडले भेजा गया था।

**2. दादाभाई नौरोजी के अनुसार, 'स्वराज' का अर्थ था—**

(a) पूर्ण स्वतंत्रता (b) स्वशासन
(c) आर्थिक स्वतंत्रता (d) राजनीतिक स्वतंत्रता

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

उत्तर—(b)

वर्ष 1906 के कलकत्ता अधिवेशन में दादाभाई नौरोजी ने घोषणा की कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लक्ष्य स्वराज्य प्राप्त करना है। दादाभाई नौरोजी के अनुसार, 'स्वराज' का अर्थ 'स्वशासन' था।

## ❑ राष्ट्रीय आंदोलन

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ ऐतिहासिक लखनऊ समझौते के निर्माता तथा विख्यातमन होने के लिए, 'हिंदू-मुस्लिम एकता के राजदूत' की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया था? **— मुहम्मद अली जिन्ना को**

☞ 17 दिसंबर, 1927 को जॉन सॉन्डर्स की किसने हत्या कर दी थी? **— भगत सिंह ने**

☞ सरदार वल्लभभाई पटेल — का अग्रणी थे। **— बारदोली सत्याग्रह**

☞ नमक सत्याग्रह में महात्मा गांधीजी की टोली कितने दिनों तक पैदल चली थी? **— 24**

☞ उस ब्रिटिश जनरल का नाम बताएं जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के लिए जिम्मेदार था। **— डायर**

☞ बारदोली सत्याग्रह आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था? **— सरदार वल्लभभाई पटेल ने**

☞ 'भारतीय अशांति का जनक या उपद्रव का पिता' किन्हें कहा जाता है? **— बाल गंगाधर तिलक को**

☞ वर्ष 1905 में बंगाल के विभाजन को लागू करने का निर्णय किसके द्वारा लिया गया था? **— लॉर्ड कर्जन द्वारा**

☞ महात्मा गांधी का जन्म किस वर्ष हुआ था? **— 1869 ई. में**

☞ महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था? **— गुजरात में**

☞ किस स्वतंत्रता सेनानी ने महात्मा गांधी को पहली बार 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित किया था? **— सुभाष चंद्र बोस ने**

☞ अहमदाबाद में साबरमती आश्रम किसने स्थापित किया था? **— मोहनदास करमचंद गांधी ने**

☞ महात्मा गांधी की हत्या किसने की थी? **— नाथूराम गोडसे ने**

☞ 'जलियांवाला बाग' त्रासदी कब हुई थी? **— 13 अप्रैल, 1919 को**

☞ गणेश महोत्सव का प्रारंभ किसने किया था? **— लोकमान्य तिलक ने**

☞ कौन वर्ष 1925 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की दूसरी महिला अध्यक्ष बनीं और जो इस अध्यक्ष पद पर आने वाली प्रथम भारतीय महिला थीं? **— सरोजिनी नायडू**

☞ गांधी-इर्विन समझौता किस वर्ष हुआ था? **— 1931 में**

☞ आजाद हिंद एक भारतीय अस्थायी सरकार थी जिसे काबिज किए गए .................. में वर्ष 1943 में स्थापित किया गया था। **— सिंगापुर**

☞ सुभाष चंद्र बोस का जन्म वर्ष _______ में हुआ था। **— 1897 ई.**

☞ स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय _______ का पुनरोत्थान किया था। **— थल सेना**

☞ जवाहरलाल नेहरू का जन्म वर्ष _______ में हुआ था। **— 1889 ई.**

☞ महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन का प्रारंभ वर्ष _______ में किया गया था। **— 1942**

☞ नमक यात्रा, जिसे दांडी यात्रा के रूप में भी जाना जाता है, उसे_______ के द्वारा शुरू किया गया था। **- महात्मा गांधी**

☞ आचार्य नरेंद्र देव, राम मनोहर लोहिया, जयप्रकाश एवं सुभाषचंद्र बोस में से कौन कांग्रेसी समाजवादी दल से संबंधित नहीं थे? **- सुभाषचंद्र बोस**

☞ 1888 के किस अधिवेशन में कांग्रेस के लिए संविधान का निर्माण किया गया? **- इलाहाबाद**

☞ किस वर्ष 'कास्ट डिसऐबिलिटिज एक्ट' पारित किया गया था? **- 1850 ई. में**

☞ कांग्रेस के किस अधिवेशन में सर्वप्रथम किसी विदेशी ने अध्यक्षता की थी? **- इलाहाबाद**

☞ भारत में पहली बार संपूर्ण देश में किस वर्ष किसान दिवस मनाया गया? **- वर्ष 1936 में**

☞ वर्ष 1928 में कलकत्ता में अखिल भारतीय मजदूर एवं किसान पार्टी के अध्यक्ष कौन चुने गए? **- साहेल सिंह जोश**

☞ किसे महात्मा गांधी का राजनीतिक गुरु माना जाता है? **- गोपाल कृष्ण गोखले को**

☞ किस वर्ष में मुस्लिम लीग ने देश के पश्चिमोत्तर तथा पूर्वी क्षेत्रों में मुसलमानों के लिए 'स्वतंत्र राज्यों' की मांग करते हुए एक प्रस्ताव जारी किया था? **— 1940 में**

☞ चौरी-चौरा की घटना किस वर्ष हुई थी? **— 1922 में**

☞ किस वर्ष महात्मा गांधी ने रौलेट अधिनियम के खिलाफ सत्याग्रह का आह्वान किया था? **— 1919 में**

☞ किस वर्ष बंगाल का विभाजन कर दिया गया था? **— 1905 में**

☞ असहयोग आंदोलन को किस दौर में गति मिली? **— वर्ष 1921-1922 में**

☞ खान अब्दुल गफ्फार को किस अन्य नाम से भी जाना जाता था? **- बादशाह खान**

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन किस शहर में आयोजित किया गया था? **- बंबई में**

☞ किसकी अध्यक्षता में पूर्ण स्वराज की लड़ाई का प्रस्ताव पारित किया गया? **- जवाहरलाल नेहरू की**

☞ किस वर्ष महात्मा गांधी भारत वापस लौटे थे? **- वर्ष 1915 में**

☞ किस वर्ष में साइमन कमीशन भारत आया था? **- वर्ष 1928 में**

☞ चंपारण आंदोलन किस भारतीय राज्य में शुरू हुआ था? **- बिहार में**

☞ 'पाकिस्तान प्रस्ताव' की रूपरेखा किसने तैयार की थी? **- फजलुल हक ने**

☞ स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत किस वर्ष में हुई थी? **— वर्ष 1905 में**

☞ सूरत विभाजन के बाद किस वर्ष में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पुनः एक हो गई थी? **— वर्ष 1916 में**

☞ किस वर्ष में महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था? **— वर्ष 1922 में**

☞ किस नेता ने इंडियन नेशनल आर्मी (आई.एन.ए.) का गठन किया था? **— सुभाष चंद्र बोस**

☞ जलियांवाला बाग जनसंहार किस वर्ष में हुआ था? **— वर्ष 1919 में**

☞ वर्ष 1918 में किस शहर में महात्मा गांधी ने सफलतापूर्वक मिल मजदूरों की हड़ताल का नेतृत्व किया था? **— अहमदाबाद में**

☞ 'आजाद हिंद फौज' की स्थापना कहां की गई थी? **— सिंगापुर में**

☞ अहमदाबाद टेक्सटाइल लेबर यूनियन को छोड़कर सभी ट्रेड यूनियनों का एकीकरण कब हो गया? **- वर्ष 1930 में**

☞ व्यक्तिगत सत्याग्रह आंदोलन के नेता आचार्य विनोबा भावे ने कहां से इस आंदोलन का प्रारंभ किया था? **-पवनार**

☞ अनुग्रह नारायण सिंह, जे.बी. कृपलानी, ब्रज किशोर प्रसाद एवं सरदार पटेल में से किस नेता का नाम चंपारण सत्याग्रह से नहीं जुड़ा है? **- सरदार पटेल का**

☞ इंडियन एसोसिएशन, ईस्ट इंडिया एसोसिएशन, बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी एवं इंडिया लीग में से किस संस्था की स्थापना भारत से बाहर हुई थी? **- ईस्ट इंडिया एसोसिएशन**

☞ तेभागा आंदोलन, खेड़ा सत्याग्रह, चंपारण सत्याग्रह एवं बारदोली सत्याग्रह में से किस आंदोलन का संबंध तीनकठिया व्यवस्था से है? **- चंपारण सत्याग्रह का**

☞ कांग्रेस के किस अधिवेशन में साइमन कमीशन के बायकाट का नारा दिया गया था? **- मद्रास अधिवेशन (1927)**

☞ स्वतंत्रता से पूर्व कौन-सा भारतीय क्षेत्र 'काला पानी' के नाम से जाना जाता था? **- अंडमान - निकोबार द्वीपसमूह**

☞ ऑल इंडिया मुस्लिम लीग का गठन कहां हुआ था?

**— ढाका में**

☞ स्वदेशी आंदोलन का संबंध किससे है?

**— 1905 में बंगाल के विभाजन से**

☞ गांधीजी के 'सत्याग्रह' का किन्हीं दो से जुड़ाव है?

**— सच्चाई और अहिंसा**

☞ गांधीजी जब दक्षिण अफ्रीका में थे, तो उनके द्वारा यंग इंडिया, इंडियन ओपीनियन एवं नव जीवन में से क्या प्रकाशित किया गया था? **— इंडियन ओपीनियन**

☞ महात्मा गांधी ने मद्य निषेध, भारी उद्योग, ग्राम पंचायत एवं श्रम की गरिमा में से किसका समर्थन नहीं किया था?

**— भारी उद्योग**

☞ साबरमती आश्रम, सेवाग्राम आश्रम, विश्व भारती तथा फीनिक्स आश्रम में से किस संस्था की स्थापना महात्मा गांधी ने नहीं की थी? **— विश्व भारती**

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का चुना गया प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष कौन था? **— बदरुद्दीन तैय्यबजी**

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम विभाजन उसके कहां के सत्र में हुआ? **— सूरत**

☞ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थीं?

**— एनी बेसेंट**

☞ भारतीय स्वतंत्रता के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे? **— जे.बी. कृपलानी**

☞ सुभाषचंद्र बोस ने किस पार्टी की स्थापना की थी?

**— फारवर्ड ब्लॉक**

☞ 'सीमांत गांधी' किसे कहा जाता है?

**— खान अब्दुल गफ्फार खां**

☞ राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यकारी समिति ने 'भारत छोड़ो' नामक आंदोलन का अनुमोदन कहां किया था? **— वर्धा**

☞ 1946 के 'कैबिनेट मिशन' का नेतृत्व किसके द्वारा किया गया? **— सर पैथिक लॉरेंस**

☞ स्वतंत्रता के बाद रियासतों का भारत संघ में एकीकरण करने के लिए कौन जिम्मेदार थे?

**— सरदार वल्लभभाई पटेल**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. गांधीजी के विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन का लक्ष्य था—**

(a) पूर्ण स्वतंत्रता
(b) ब्रिटिश-विरोधी भावना पैदा करना
(c) कल्याण-राज्य को प्रोत्साहन
(d) कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(d)**

स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आंदोलन चलाया गया था।

**2. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) सरोजिनी नायडू | 1. मुस्लिम लीग |
| (B) एम. ए. जिन्ना | 2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| (C) तेज बहादुर सप्रू | 3. हिंदू महासभा |
| (D) वी. डी. सावरकर | 4. लिबरल पार्टी |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

सूची-I का सुमेलन सूची-II के साथ निम्नानुसार है—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| सरोजिनी नायडू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| एम. ए. जिन्ना | मुस्लिम लीग |
| तेज बहादुर सप्रू | लिबरल पार्टी |
| वी. डी. सावरकर | हिंदू महासभा |

**3. भारत को अधिकार क्षेत्र का दर्जा (डोमिनियन स्टेट्स) किस तारीख को मिला?**

(a) 15 जनवरी, 1947 (b) 15 अगस्त, 1947
(c) 15 अगस्त, 1950 (d) 15 अक्टूबर, 1947

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

माउंटबेटन योजना के आधार पर ही 4 जुलाई, 1947 को ब्रिटिश संसद में भारतीय स्वतंत्रता विधेयक पेश किया गया तथा 18 जुलाई, 1947 को इसे स्वीकृति मिल गई। इसके अनुसार, देश को 15 अगस्त, 1947 को दो डोमिनियनों भारत और पाकिस्तान में बांट दिया जाएगा। इस प्रकार भारत को इसी तिथि को डोमिनियन स्टेट्स का दर्जा प्राप्त हो गया।

**4. गांधीजी की सबसे महत्वपूर्ण शिक्षाएं निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?**

**1. सत्य** **2. अहिंसा**

**3. धर्म** **4. सत्याग्रह**

(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 4

(c) केवल 1 और 2 (d) केवल 1, 2 और 3

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

गांधीजी की सबसे महत्वपूर्ण शिक्षाएं सत्य और अहिंसा थीं, जबकि सत्याग्रह उनके जनांदोलन का प्रमुख अस्त्र था।

**5. गांधीजी सच्चे समर्थक थे—**

(a) बड़े उद्योगों के

(b) कुटीर उद्योगों के

(c) बड़े और छोटे दोनों उद्योगों के

(d) इनमें से किसी के भी नहीं

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

गांधीजी कुटीर उद्योगों के सच्चे समर्थक थे। गांधीजी कुटीर उद्योगों के माध्यम से ही अधिक से अधिक लोगों को स्वावलंबी बनाना चाहते थे।

**6. निम्नलिखित में से कौन स्वराज पार्टी के सदस्य थे?**

1. **मोतीलाल नेहरू** 2. **सरदार पटेल**

3. **गोपाल कृष्ण गोखले**

(a) 1 और 2 (b) केवल 1

(c) 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त नेताओं में से मोतीलाल नेहरू ही स्वराज पार्टी से संबंधित थे।

**7. किसकी विफलता के बाद 'स्वराज पार्टी' बनाई गई थी?**

(a) असहयोग आंदोलन

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(c) भारत छोड़ो आंदोलन

(d) चंपारण सत्याग्रह

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

असहयोग आंदोलन की विफलता के बाद वर्ष 1923 में स्वराज पार्टी बनाई गई थी। इसके संस्थापक अध्यक्ष सी.आर. दास और महासचिव मोतीलाल नेहरू थे। इस पार्टी का मुख्य उद्देश्य चुनावों के माध्यम से काउंसिलों में प्रवेश कर तथा उन्हें काम न करने देकर 1919 के भारत शासन अधिनियम का उच्छेदन करना था।

**8. सी. आर. दास और मोतीलाल नेहरू ने 'स्वराज पार्टी' बनाई थी—**

(a) स्वदेशी आंदोलन के बाद

(b) असहयोग आंदोलन के बाद

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद

(d) भारत छोड़ो आंदोलन के बाद

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2)स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**9. मोतीलाल नेहरू और चितरंजन दास संस्थापक सदस्य थे—**

(a) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के

(b) फ़ारवर्ड ब्लॉक के

(c) समाजवादी स्वराजवादी पार्टी के

(d) स्वराज पार्टी के

**S.S.C Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**10. पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्म किस राशि में हुआ था?**

(a) सिंह (b) मकर

(c) वृष (d) वृश्चिक

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(d)**

पं. जवाहरलाल नेहरू का जन्म वृश्चिक राशि में हुआ था।

**11. लंदन में गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किसकी चर्चा के लिए किया गया था?**

(a) प्रांतीय स्वायत्तता की व्यवस्था

(b) भारत का भावी संविधान

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन वापस लेने के लिए गांधीजी की मांगें

(d) भारतीयों के एकमात्र प्रतिनिधि होने का कांग्रेस का दावा

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

लंदन में गोलमेज सम्मेलन का आयोजन साइमन आयोग द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए किया गया था। इस चर्चा के द्वारा ब्रिटिश भारत के लिए भावी संविधान तैयार किया जाना था।

**12. 1927 में ब्रुसेल्स में दलित राष्ट्रवादियों की कांग्रेस में राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से किसने भाग लिया था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू

(b) महात्मा गांधी

(c) डॉ. अंसारी

(d) मोतीलाल नेहरू

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 1927 में ब्रुसेल्स में दलित राष्ट्रवादियों की कांग्रेस में राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से जवाहरलाल नेहरू ने भाग लिया था।

**13. कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष कौन थीं?**

(a) श्रीमती एनी बेसेंट

(b) श्रीमती सरोजिनी नायडू

(c) श्रीमती नेली सेनगुप्ता

(d) अरुणा आसफ़ अली

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष एनी बेसेंट थीं। उन्हें वर्ष 1917 में कलकत्ता में इस पद के लिए चुना गया था।

**14. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष कौन थीं?**

(a) कमला देवी चट्टोपाध्याय (b) सरोजिनी नायडू

(c) एनी बेसेंट (d) राजकुमारी अमृत कौर

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**15. जब स्वतंत्रता की माउंटबेटन योजना स्वीकार की गई, उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष कौन था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सरदार पटेल

(c) मौलाना आजाद (d) आचार्य जे.बी. कृपलानी

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

14 जून, 1947 को माउंटबेटन योजना स्वीकार की गई थी, उस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष आचार्य जे.बी. कृपलानी थे। नवंबर, 1947 में जे.बी. कृपलानी ने कांग्रेस की अध्यक्षता से त्यागपत्र दे दिया।

**16. बाल, पाल तथा लाल अत्यंत प्रमुख नेता थे—**

(a) स्वराज पार्टी के (b) मिलिटेंट नेशनल पार्टी के

(c) गदर पार्टी के (d) कांग्रेस पार्टी के

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

बाल (बाल गंगाधर तिलक), पाल (बिपिन चंद्र पाल) तथा लाल (लाला लाजपत राय) कांग्रेस पार्टी के गरम दल के प्रमुख नेता थे।

**17. सुभाष चंद्र बोस ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से निकलने के बाद किस पार्टी की स्थापना की थी?**

(a) इंडियन नेशनल आर्मी (b) रिपब्लिकन पार्टी

(c) फारवर्ड ब्लॉक (d) सोशलिस्ट पार्टी

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

सुभाष चंद्र बोस ने कांग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन (1939) में गांधीजी से मतभेद होने के बाद फारवर्ड ब्लॉक पार्टी की स्थापना की थी।

**18. फारवर्ड ब्लॉक की स्थापना किसने की थी?**

(a) सुभाष चंद्र बोस

(b) जयप्रकाश नारायण

(c) आचार्य नरेंद्र देव

(d) राम मनोहर लोहिया

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**19. निम्नलिखित में से कौन 'आजाद हिंद फौज' का संस्थापक है?**

(a) सुभाष चंद्र बोस (b) वीर सावरकर

(c) चंद्रशेखर आज़ाद (d) लाला हरदयाल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

व्यावहारिक रूप से सैन्य इकाई के रूप में इंडियन नेशनल आर्मी का गठन मार्च/अप्रैल, 1942 में कैप्टन मोहन सिंह द्वारा प्रारंभ कर दिया गया था, किंतु इसके गठन की औपचारिक घोषणा सितंबर, 1942 में की गई थी। उल्लेखनीय है कि मलय क्षेत्र में भारतीयों द्वारा अपना राजनीतिक संगठन 'ऑल मलय इंडियन इंडिपेंडेंस लीग' का गठन किया गया था। जून, 1942 में संपन्न बैंकॉक सम्मेलन में एक 'कौंसिल ऑफ एक्शन' एवं 'प्रतिनिधित्व समिति' के गठन का प्रस्ताव किया गया था जिसे इंडियन इंडिपेंडेंस लीग तथा नेशनल आर्मी के मध्य समन्वय तथा अधीक्षण का दायित्व सौंपा गया था। रास बिहारी बोस कौंसिल ऑफ एक्शन के अध्यक्ष बनाए गए थे जबकि के.पी. के. मेनन, नेद्याम राधवन नागरिक सदस्य तथा मोहन सिंह एवं गिलानी सैनिक सदस्य थे। जापानियों से वैचारिक मतभेद के कारण दिसंबर, 1942 में मोहन सिंह ने आई. एन.ए. के विघटन की घोषणा कर दी किंतु रास बिहारी बोस ने मोहन सिंह को उनके पद से बर्खास्त कर दिया बाद में मोहन सिंह जापानी सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए। आई.एन.ए. का नेतृत्व रास बिहारी बोस ने महानायक सुभाष चंद्र बोस को सौंप दिया। सिंगापुर पहुंचने के 2 दिन बाद 4 जुलाई, 1943 को सुभाष चंद्र बोस ने इंडियन नेशनल आर्मी का नेतृत्व ग्रहण कर लिया। सुविधा के लिए इसे द्वितीय इंडियन नेशनल आर्मी की संज्ञा भी दी जाती है। इसे ही हिंदी में हम 'आजाद हिंद फौज' के नाम से जानते हैं।

**20. निम्नलिखित में से किसने आजाद हिंद फौज की स्थापना की थी?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सुभाष चंद्र बोस
(c) महात्मा गांधी (d) लाला लाजपत राय

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 17 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

आजाद हिंद फौज का गठन 4 जुलाई, 1943 को सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में किया गया था। फौज का गठन सिंगापुर द्वीप पर किया गया था।

**21. 12 अप्रैल, 1944 को सुभाष चंद्र बोस ने एक नगर में 'भारतीय राष्ट्रीय सेना' का झंडा फहराया था। वह नगर इस समय किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में है?**

(a) अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह
(b) त्रिपुरा
(c) मणिपुर
(d) मिजोरम

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

भारत की मुख्य भूमि पर सर्वप्रथम भारतीय राष्ट्रीय सेना (INA) द्वारा मोइरांग (Moirang) नगर में कर्नल शौकतउल्ला मलिक द्वारा 14 अप्रैल, 1944 में अपना झंडा फहराया गया था। यह नगर वर्तमान में मणिपुर राज्य में स्थित है।

**22. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुसलमान अध्यक्ष कौन थे?**

(a) मुहम्मद अली जिन्ना (b) बदरुद्दीन तैयबजी
(c) सर सैयद अहमद खां (d) अबुल कलाम आजाद

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

1887 ई. में मद्रास में हुए कांग्रेस के तीसरे अधिवेशन की अध्यक्षता बदरुद्दीन तैयबजी ने की थी। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम मुसलमान अध्यक्ष थे।

**23. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन में कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया था?**

(a) 75 (b) 76
(c) 71 (d) 72

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन 28 दिसंबर, 1885 को बंबई के ग्वालिया टैंक स्थित गोकुलदास तेजपाल संस्कृत कॉलेज में हुआ था जिसकी अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी ने की थी। इसमें कुल 72 प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें बंबई प्रेसीडेंसी से 38, मद्रास से 21, बंगाल से 3, उ. प्र. और अवध से 7 तथा पंजाब से 3 प्रतिनिधि शामिल थे।

**24. वर्ष 1885 में हुई भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम मीटिंग की अध्यक्षता किसके द्वारा की गई थी?**

(a) श्री पी.एम.मेहता (b) श्री व्योमेश चंद्र बनर्जी
(c) डी.ई.वाचा (d) एस.एन.बनर्जी

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**25. इंडियन नेशनल कांग्रेस का संस्थापक कौन था?**

(a) महात्मा गांधी (b) चितरंजन दास
(c) ए. ओ. ह्यूम (d) लोकमान्य तिलक

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

इंडियन नेशनल कांग्रेस के संस्थापक ए.ओ. ह्यूम थे। इसकी स्थापना 1885 ई. में हुई थी।

**26. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गठन संबंधी आंदोलन की किसने शुरुआत की?**

(a) डब्ल्यू.सी बनर्जी (b) एनी बेसेंट

(c) गांधीजी (d) ए.ओ. ह्यूम

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

1884 ई. में ए.ओ.ह्यूम ने भारतीय राष्ट्रीय संघ की स्थापना की जो कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अग्रदूत था। कलकत्ता, बंबई तथा मद्रास का दौरा करने के उपरांत इन्होंने यह घोषणा की कि दिसंबर, 1885 में भारतीय राष्ट्रीय संघ का एक सम्मेलन पुणे में आयोजित किया जाएगा लेकिन पुणे में हैजा फैल जाने के कारण सम्मेलन का स्थल बदलकर तेजपाल संस्कृत विद्यालय, बंबई कर दिया गया। इसका पहला अधिवेशन 28 दिसंबर, 1885 को हुआ, इसी सम्मेलन में दादाभाई नौरोजी के सुझाव पर संगठन का नाम बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' कर दिया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता व्योमेश चंद्र बनर्जी ने की तथा इसके प्रथम महासचिव स्वयं ए.ओ. ह्यूम थे।

**27. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला महासचिव था—**

(a) दादाभाई नौरोजी (b) ए. ओ. ह्यूम

(c) फिरोजशाह मेहता (d) बदरुद्दीन तैयबजी

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**28. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक कौन थे?**

(a) महात्मा गांधी (b) डॉ.बी.आर. अंबेडकर

(c) ए.ओ.ह्यूम (d) डब्ल्यू. सी. बनर्जी

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 5 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**29. ए.ओ. ह्यूम के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) उसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की।

(b) उसने कांग्रेस के वार्षिक सत्रों की दो बार अध्यक्षता की।

(c) वह ऑर्निथोलॉजिस्ट था।

(d) वह भारतीय सिविल सेवा का सदस्य था।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

ए.ओ. ह्यूम भारतीय सिविल सेवा के सदस्य थे। वे एक ऑर्निथोलॉजिस्ट (पक्षी विज्ञानी) थे तथा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना की। उन्होंने कांग्रेस के वार्षिक सत्रों की कभी अध्यक्षता नहीं की बल्कि केवल संस्थापक थे।

**30. निम्नलिखित में से किस आंदोलन का नेतृत्व महात्मा गांधी ने नहीं किया था?**

(a) भारत छोड़ो आंदोलन

(b) स्वदेशी आंदोलन

(c) असहयोग आंदोलन

(d) सविनय अवज्ञा आंदोलन

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

स्वदेशी आंदोलन (1905) का नेतृत्व महात्मा गांधी ने नहीं किया था। लॉर्ड कर्जन ने 19 जुलाई, 1905 को बंगाल विभाजन के निर्णय की घोषणा की जिसके परिणामस्वरूप 7 अगस्त, 1905 को कलकत्ता में 'टाउन हॉल' में स्वदेशी आंदोलन की घोषणा की गई। 16 अक्टूबर, 1905 का दिन (जिस दिन विभाजन प्रभावी हुआ) पूरे बंगाल में 'शोक दिवस' के रूप में मनाया गया। रबींद्रनाथ टैगोर के सुझाव पर विभाजन दिवस को राखी बंधन दिवस के रूप में भी मनाया गया। असहयोग आंदोलन (वर्ष 1920-22), सविनय अवज्ञा आंदोलन (वर्ष 1930) और भारत छोड़ो आंदोलन (वर्ष 1942) का नेतृत्व महात्मा गांधी ने किया था।

**31. खिलाफत आंदोलन किसको अपमानित करने के खिलाफ विरोध करने के लिए प्रारंभ किया गया था?**

(a) टर्किश खलीफा

(b) आगा खान

(c) मुहम्मद अली जिन्ना

(d) अबुल कलाम आजाद

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

तुर्की के सुल्तान को इस्लाम का 'खलीफा' मानते थे। प्रथम विश्व युद्ध के समाप्ति के बाद ब्रिटिश सरकार ने टर्की साम्राज्य का विघटन करने का निश्चय किया। अतः भारतीय मुसलमान रुष्ट हो गए, परिणामस्वरूप 17 अक्टूबर, 1919 को अखिल भारतीय स्तर पर खिलाफत दिवस मनाया गया।

**32. 'पाकिस्तान' नाम किसने गढ़ा था?**

(a) मोहम्मद अली जिन्ना (b) फज़लूल हक

(c) लियाकत अली खान (d) चौधरी रहमत अली

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक छात्र चौधरी रहमत अली ने वर्ष 1933 में पाकिस्तान शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 'नाउ ऑर नेवर आर वी टू लिव ऑर पेरिश फॉरवेर? नाम से वितरित अपने पैम्फलेट में किया था। ब्रिटिश भारत की पांच उत्तरी राजनीतिक इकाइयों के नामों के अंग्रेजी के प्रथमाक्षरों को मिलाकर यह नाम बनाया गया था। ये इकाइयां थीं-पंजाब, नॉर्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रॉविन्स, कश्मीर, सिंध और ब्लूचिस्तान। जबकि 22-24 मार्च, 1940 के मध्य लाहौर में हुए मुस्लिम लीग के अधिवेशन में एक स्वतंत्र और संप्रभु राज्य के रूप में औपचारिक रूप से पाकिस्तान की मांग की गई थी।

**33. 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग एक-दूसरे के निकट आ गए थे—**

(a) लाहौर में (b) अमृतसर में

(c) लखनऊ में (d) हरिपुरा में

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 1916 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और मुस्लिम लीग लखनऊ में हुए समझौते के बाद एक-दूसरे के निकट आ गए थे।

**34. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में कांग्रेस और मुस्लिम लीग का ऐतिहासिक मिलन हुआ था?**

(a) सूरत (b) बंबई

(c) कलकत्ता (d) लखनऊ

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**35. नरम दल और गरम दल के बीच फूट कहां और किस वर्ष में पड़ी थी?**

(a) 1907 में कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में

(b) 1885 में कांग्रेस के बंबई अधिवेशन में

(c) 1886 में कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में

(d) 1920 में कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

नरम दल और गरम दल के बीच फूट वर्ष 1907 में कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में पड़ी थी। इस अधिवेशन की अध्यक्षता डॉ. रास बिहारी घोष ने की थी। वर्ष 1916 के लखनऊ अधिवेशन में तिलक और एनी बेसेंट के प्रयासों से ये दोनों धड़े पुनः एक हुए। कांग्रेस के इस अधिवेशन की अध्यक्षता अंबिकाचरण मजूमदार ने की थी।

**36. इंडियन नेशनल कांग्रेस का बंटवारा, मध्यमार्गी और चरमपंथी वर्गों में, किस वर्ष में हुआ था?**

(a) 1907 (b) 1908

(c) 1909 (d) 1910

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**37. निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थत करें।**

I. चंपारण सत्याग्रह

II. बंगाल विभाजन

III. जलियांवाला बाग हत्याकांड

(a) I, II, III (b) II, III, I

(c) II, I, III (d) I, III, II

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

सही कालक्रम है- बंगाल विभाजन (1905), चंपारण सत्याग्रह (1917) एवं जलियांवाला बाग हत्याकांड (1919)।

**38. जलियांवाला बाग हादसे से कौन-सा ब्रिगेडियर संबद्ध था?**

(a) जनरल हैरिस (b) जनरल डायर

(c) कर्नल वेल्सले (d) ऑर्थर वेल्सले

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

जलियांवाला बाग हादसे से ब्रिगेडियर जनरल डायर संबद्ध था। 13 अप्रैल, 1919 को बैशाखी के दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में एकत्रित निहत्थी भीड़ पर ब्रिगेडियर जनरल रेगिनैल्ड एडवर्ड हैरी डायर के आदेश पर गोलियां चलाई गई थीं।

**39. लाला लाजपत राय किसके विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे थे जब वे पुलिस की नृशंसता का शिकार हुए?**

(a) रौलेट एक्ट (b) मिंटो-मॉर्ले सुधार

(c) साइमन कमीशन (d) पिट्स इंडिया एक्ट

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2)स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

लाला लाजपत राय वर्ष 1928 में साइमन कमीशन के विरुद्ध प्रदर्शन करते समय पुलिस की नृशंसता का शिकार हुए थे।

**40. पूना समझौता (1932) किसके बीच हुआ था?**

(a) नेहरू और अंबेडकर

(b) गांधी और अंबेडकर

(c) मालवीय और अंबेडकर

(d) गांधी और नेहरू

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

ऐतिहासिक पूना समझौता (1932) महात्मा गांधी एवं भीमराव अंबेडकर के मध्य हुआ था। यद्यपि कि इस पर गांधीजी ने स्वयं हस्ताक्षर नहीं किए थे बल्कि इस पर अंबेडकर और गांधीजी के अनुयायियों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। 24 सितंबर, 1932 को हस्ताक्षरित इस समझौते में दलित वर्गों के लिए पृथक निर्वाचन मंडल के स्थान पर सामान्य वर्ग के तहत ही सीटें आरक्षित करने की व्यवस्था थी।

**41. पूना समझौता महात्मा गांधी और .......... के बीच हुआ था।**

(a) मुहम्मद अली जिन्नाह (b) लॉर्ड इरविन

(c) सुभाषचंद्र बोस (d) बी.आर. अंबेडकर

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 16 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**42. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अंग्रेज अध्यक्ष कौन था?**

(a) जॉर्ज यूले (b) विलियम वेडरबर्न

(c) ए.ओ. ह्यूम (d) हेनरी कॉटन

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

कांग्रेस का चौथा अधिवेशन (1888 ई.) उत्तर-पश्चिमी प्रांत की राजधानी इलाहाबाद में हुआ था। इसकी अध्यक्षता जॉर्ज यूले द्वारा की गई थी जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अंग्रेज अध्यक्ष थे।

**43. होमरूल लीग की स्थापना की गई थी—**

(a) बंगाल के विभाजन के दौरान

(b) प्रथम विश्व युद्ध के दौरान

(c) जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद हुए संघर्ष के दौरान

(d) 1906 ईस्वी के कांग्रेस अधिवेशन के दौरान

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(b)**

भारत में होमरूल लीग की स्थापना स्वशासन की प्राप्ति के उद्देश्य से वर्ष 1916 में बाल गंगाधर तिलक एवं एनी बेसेंट द्वारा अलग-अलग की गई थी। यह प्रथम विश्व युद्ध (1914-18) के दौरान हुआ था।

**44. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग की स्थापना किसने की थी?**

(a) मौलाना अहमद अली (b) मुहम्मद अली जिन्ना

(c) आगा खान (d) हकीम अजमल खान

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(c)**

वर्ष 1906 में ढाका में 'अखिल भारतीय मुस्लिम लीग' की स्थापना नवाब सलीमुल्ला खान एवं आगा खान के नेतृत्व में की गई थी।

**45. मुस्लिम लीग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1900 (b) 1905

(c) 1906 (d) 1902

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**46. विभाजन परिषद का अध्यक्ष कौन था?**

(a) एम. ए. जिन्ना (b) लॉर्ड माउंटबेटन

(c) जवाहरलाल नेहरू (d) वी.पी. मेनन

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

विभाजन परिषद का अध्यक्ष लॉर्ड माउंटबेटन था।

**47. भारत के राष्ट्रवादी नेताओं ने साइमन कमीशन का बहिष्कार किया था क्योंकि—**

(a) वे समझते थे कि यह मात्र दिखावा है

(b) कमीशन के सभी सदस्य अंग्रेज थे

(c) कमीशन के सदस्य भारत के विरुद्ध धारणाओं वाले थे

(d) वह भारतीयों की मांगों को पूरा नहीं करता था

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

वर्ष 1919 के भारत सरकार अधिनियम की समीक्षा के लिए वर्ष 1927 में ब्रिटिश सरकार द्वारा साइमन कमीशन का गठन किया गया था। इस आयोग के सभी सदस्य अंग्रेज थे। इसी कारण इसे 'श्वेत कमीशन' भी कहा जाता है। इस आयोग में किसी भी भारतीय को न शामिल किए जाने के कारण भारत में इसका तीव्र विरोध हुआ था और भारत के राष्ट्रवादी नेताओं द्वारा इसका बहिष्कार किया गया था। साइमन कमीशन 3 फरवरी, 1928 को बंबई पहुंचा।

**48. 1928 में भारत में आए उस कमीशन का नाम बताएं जिसका उद्देश्य भारत की संवैधानिक व्यवस्था में सुधार करना था।**

(a) रौलेट एक्ट (b) पिट्स इंडिया एक्ट

(c) बंगाल विभाजन (d) साइमन कमीशन

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 20 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**49. फरवरी, 1928 में भारत आने वाले साइमन कमीशन का बहिष्कार किया गया, क्योंकि–**

(a) उसके सभी सदस्य अंग्रेज थे

(b) उस समय अनेक राष्ट्रवादी नेता बंदी थे

(c) उसका अध्यक्ष सर जॉन साइमन बहुत अलोकप्रिय था

(d) मांटेग्यू-चेम्सफ़ोर्ड सुधार असफल हो गए थे

**S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**50. 'भारत सेवक समाज' की स्थापना किसने की थी?**

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) गोपाल कृष्ण गोखले

(c) सुरेंद्रनाथ बनर्जी (d) दादाभाई नौरोजी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(b)**

'भारत सेवक समाज' (सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी) की स्थापना गोपाल कृष्ण गोखले ने पुणे, महाराष्ट्र में 12 जून, 1905 में की थी।

**51. 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी' के संस्थापक कौन थे?**

(a) जी. के. गोखले (b) एम. जी. रानाडे

(c) बी.जी. तिलक (d) बिपिन चंद्र पाल

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**52. गुजरात में 'साबरमती आश्रम' की स्थापना गांधीजी ने किस वर्ष की थी?**

(a) 1916 में (b) 1917 में

(c) 1918 में (d) 1929 में

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

गुजरात में साबरमती आश्रम की स्थापना गांधीजी ने 17 जून, 1917 में कोचरब नामक स्थान पर की थी। गांधीजी ने अपना प्रसिद्ध 'दांडी मार्च' यहीं से प्रारंभ किया था।

**53. कलकत्ता, मद्रास तथा बंबई में उच्च न्यायालय निम्नलिखित में से किस वायसराय के कार्यकाल में अस्तित्व में आए थे?**

(a) वॉरेन हेस्टिंग्स (b) लॉर्ड कैनिंग

(c) जॉन लॉरेंस (d) लॉर्ड डलहौजी

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(b)**

उच्च न्यायालय अधिनियम, 1861 के तहत लॉर्ड कैनिंग के कार्यकाल में 1 जुलाई, 1862 को कलकत्ता, 14 अगस्त, 1862 को बंबई तथा 15 अगस्त, 1862 को मद्रास उच्च न्यायालय की स्थापना हुई।

**54. कलकत्ता, बंबई और मद्रास में उच्च न्यायालयों की स्थापना की गई थी–**

(a) 1935 में (b) 1919 में

(c) 1892 में (d) 1861 में

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**55. बाल गंगाधर तिलक किसे अपना राजनीतिक गुरु कहते थे?**

(a) स्वामी विवेकानंद (b) राममोहन राय

(c) शिशिर कुमार घोष (d) दादाभाई नौरोजी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त में से दादाभाई नौरोजी को बाल गंगाधर तिलक अपना राजनीतिक गुरु कहते थे।

**56. चिटगांव शस्त्रागार पर धावा किसके नेतृत्व में बोला गया?**

(a) भगत सिंह (b) राजगुरु

(c) सुखदेव (d) सूर्य सेन

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(d)**

18 अप्रैल, 1930 में सूर्य सेन के नेतृत्व में चिटगांव (तत्कालीन बंगाल) शस्त्रागार पर धावा बोला गया। सूर्य सेन को प्यार से लोग 'मास्टर दा' कहते थे।

**57. गांधी-इर्विन समझौते पर हस्ताक्षर कब हुए थे?**

(a) 10 मार्च, 1930 (b) 20 मार्च, 1931

(c) 12 मार्च, 1930 (d) 5 मार्च, 1931

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(d)**

गांधी-इर्विन समझौता (5 मार्च, 1931) सविनय अवज्ञा आंदोलन से संबद्ध है। इस समझौते की प्रमुख शर्तें इस प्रकार थीं–
(i) सरकार द्वारा सभी अध्यादेशों एवं अपूर्ण अभियोगों के मामले को वापस लिया जाए।
(ii) हिंसात्मक कार्यों में लिप्तअभियुक्तों के अतिरिक्त सभी राजनीतिक कैदियों को मुक्त किया जाए।
(iii) कांग्रेस व उनके कार्यकर्ताओं की जब्त संपत्ति वापस की जाए।
(iv) समुद्र के किनारे बसने वाले लोगों को नमक बनाने व उसे एकत्रित करने की छूट दी जाए।

**58. कौन-से गोलमेज सम्मेलन में महात्मा गांधीजी ने भाग लिया था?**
(a) प्रथम गोलमेज सम्मेलन, 1930
(b) द्वितीय गोलमेज सम्मेलन, 1931
(c) तृतीय गोलमेज सम्मेलन, 1932
(d) उपर्युक्त सभी में

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

द्वितीय गोलमेज सम्मेलन लंदन में 7 सितंबर, 1931 से 1 दिसंबर, 1931 तक चला। जिसमें महात्मा गांधी कांग्रेस के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए थे। यह सम्मेलन सांप्रदायिक समस्या पर विवाद के कारण पूरी तरह असफल रहा। दलित नेता भीमराव अंबेडकर ने दलितों के लिए पृथक निर्वाचन मंडल की मांग की जिसे गांधीजी ने अस्वीकार कर दिया। अंततः सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व पर गतिरोध के कारण यह सम्मेलन 1 दिसंबर, 1931 को समाप्त घोषित कर दिया गया।

**59. उस राज्य पुनर्गठन आयोग का अध्यक्ष कौन था, जिसने भाषायी आधार पर राज्यों का पुनः सीमांकन करने की सिफारिश की थी?**
(a) फज़ल अली (b) सरदार के. एम. पनीकर
(c) एच. एन. कुंजरू (d) एम. सी. महाजन

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

नेहरू द्वारा अगस्त, 1953 में एक राज्य पुनर्गठन आयोग नियुक्त किया गया, जिसके अध्यक्ष फज़ल अली थे। राज्य पुनर्गठन आयोग ने अपनी रिपोर्ट अक्टूबर, 1955 में दिया। इसमें कहा गया कि राज्यों के गठन में प्रशासनिक और आर्थिक पहलुओं को समुचित महत्व देते हुए भी भाषायी आधार पर ज्यादा जोर देना चाहिए।

**60. स्वतंत्र भारत में पहली गैर-कांग्रेस सरकार किस राज्य में बनी थी?**
(a) पंजाब (b) बिहार
(c) महाराष्ट्र (d) केरल

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

स्वतंत्र भारत की पहली गैर-कांग्रेस सरकार केरल राज्य में बनी थी। इसका कार्यकाल अप्रैल, 1957 से जुलाई, 1959 तक था। प्रथम गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री ई. एम. एस. नंबूदरी पाद (कम्युनिस्ट पार्टी) थे।

**61. 1937 में कांग्रेस ने मंत्रिमंडल बनाए -**
(a) 7 राज्यों में (b) 9 राज्यों में
(c) 5 राज्यों में (d) 4 राज्यों में

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(*)**

वर्ष 1937 के चुनावों में कांग्रेस ने संयुक्त प्रांत, उड़ीसा, मध्य प्रांत, बिहार और मद्रास में पूर्ण बहुमत और बंबई में लगभग पूर्ण बहुमत (86/175) प्राप्त किया। इन 6 राज्यों में कांग्रेसी मंत्रिमंडलों ने पदभार संभाला। बाद में असम और पश्चिमोत्तर प्रांत में भी कांग्रेस मंत्रिमंडल अन्य दलों के सहयोग से गठित हुए।

**62. महात्मा गांधी किसकी कृतियों से अत्यधिक प्रभावित थे?**
(a) बर्नार्ड शॉ (b) कार्ल मार्क्स
(c) लेनिन (d) लियो टॉलस्टॉय

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(d)**

गांधीजी लियो टॉलस्टॉय की रचनाओं से काफी प्रभावित थे। उन्होंने द. अफ्रीका में जर्मन शिल्पकार कालेनबाख की मदद से 'टॉलस्टॉय फार्म' की स्थापना की थी।

**63. गांधीजी किसकी रचनाओं से प्रभावित थे?**
(a) कार्ल मार्क्स (b) थॉमस हॉब्स
(c) चार्ल्स डार्विन (d) लियो टॉलस्टॉय

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**64. गांधीजी ने सत्याग्रह की कला को अभ्यास रूप में कहां सीखा?**
(a) आयरलैंड (b) इंग्लैंड
(c) स्कॉटलैंड (d) दक्षिण अफ्रीका

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

गांधीजी ने अपने दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान ही सत्याग्रह की कला को अभ्यास के तौर पर सीखा था।

**65. 'सत्याग्रह' शब्द का निर्माण किसने किया था?**

(a) गांधी (b) श्री अरविंद घोष

(c) रवींद्रनाथ टैगोर (d) राममोहन राय

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

'सत्याग्रह' शब्द का निर्माण महात्मा गांधी ने किया था। इन्होंने 'सत्याग्रह' का सर्वप्रथम प्रयोग दक्षिण अफ्रीका में किया था।

**66. दक्षिण अफ्रीका के किस शहर में गांधी को श्वेत लोगों द्वारा पीटा और पटरी से नीचे फेंक दिया गया था?**

(a) केपटाउन (b) डरबन

(c) जोहॉन्सबर्ग (d) प्रेटोरिया

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(*)**

महात्मा गांधी एक भारतीय मुसलमान व्यापारी दादा अब्दुल्ला के मुकदमें की पैरवी करने 1893 ई. में दक्षिण अफ्रीका गए। वहां गांधीजी जब डरबन से प्रिटोरिया तक रेलवे द्वारा प्रथम श्रेणी के डिब्बे में यात्रा कर रहे थे, रास्ते में मेरित्सबर्ग नामक स्थान पर गांधी को श्वेत लोगों द्वारा पीटा और पटरी से नीचे फेंक दिया गया था।

**67. गांधीजी से दक्षिण अफ्रीका में मिलने के लिए निम्नलिखित में से कौन गया था?**

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) वल्लभभाई पटेल

(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) जवाहरलाल नेहरू

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(c)**

गांधीजी से दक्षिण अफ्रीका में मिलने हेतु गोपाल कृष्ण गोखले गए थे।

**68. महात्मा गांधी का 'राजनीतिक गुरु' कौन था?**

(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) बाल गंगाधर तिलक

(c) अरविंद घोष (d) लाला लाजपत राय

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2011, 2013**

**S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(a)**

महात्मा गांधी के 'राजनीतिक गुरु' गोपाल कृष्ण गोखले थे। 9 जनवरी, 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने पर गांधीजी गोखले के संपर्क में आए और इनके प्रभाव में आकर ही गांधीजी ने स्वयं को भारत की सक्रिय राजनीति से जोड़ा।

**69. 1918 में महात्मा गांधी सूती कपड़ा कारखानों के मजदूरों के बीच सत्याग्रह आंदोलन चलाने........जा पहुंचे।**

(a) मद्रास (b) बॉम्बे

(c) सूरत (d) अहमदाबाद

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-1) 21 अगस्त, 2017 (III-पाली)**

**उत्तर—(d)**

गांधीजी ने सत्याग्रह का प्रथम प्रयोग वर्ष 1917 में चंपारन में किया था तथा उसके बाद इसका दूसरा प्रयोग उन्होंने फरवरी-मार्च, 1918 में अहमदाबाद की काटन मिल के औद्योगिक मजदूरों की कम मजदूरी के विरुद्ध संघर्ष हेतु किया। अहमदाबाद में मिल-मालिकों और मजदूरों में प्लेग-बोनस को लेकर विवाद था। गांधीजी के तीन दिन के अनशन (जो कि भारत में उनकी प्रथम भूख हड़ताल थी) के बाद मिल-मालिक इस मामले में मध्यस्थता के लिए तैयार हो गए और अंततः उन्हें बोनस देना पड़ा।

**70. गांधीजी ने सत्याग्रह आंदोलन किस वर्ष में आरंभ किया?**

(a) 1919 (b) 1927

(c) 1934 (d) 1942

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

गांधीजी ने भारत में सत्याग्रह का पहला प्रयोग यद्यपि वर्ष 1917 में चंपारण में किया था तथापि राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने सत्याग्रह आंदोलन वर्ष 1919 में रौलेट एक्ट के विरुद्ध प्रारंभ किया।

**71. महात्मा गांधी ने किस आंदोलन से भारतीय राजनीति में प्रवेश किया?**

(a) सूरत सत्र (b) चंपारन आंदोलन

(c) दांडी मार्च (d) सिविल असहयोग

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 14 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

महात्मा गांधी ने भारत में सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत बिहार के चंपारन आंदोलन (वर्ष 1917) से की थी। इस आंदोलन से ही गांधीजी ने भारतीय राजनीति में प्रवेश किया।

**72. गांधीजी ने भारत में अपनी राजनैतिक गतिविधियों का प्रारंभ यहां से किया था—**

(a) दांडी (b) खेड़ा

(c) साबरमती (d) चंपारण

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**73. गांधीजी की अध्यक्षता में एकमात्र ए.आई.सी.सी. अधिवेशन कहां आयोजित किया गया था?**

(a) मद्रास (b) लाहौर

(c) बेलगाम (d) कोलकाता

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

गांधीजी की अध्यक्षता में एकमात्र ए.आई.सी.सी. (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) अधिवेशन, 1924 में बेलगाम में आयोजित किया गया था।

**74. महात्मा गांधी ने सन् 1930 में सिविल अवज्ञा आंदोलन कहां से आरंभ किया था?**

(a) साबरमती आश्रम (b) अहमदाबाद

(c) पोरबंदर (d) दांडी

**S.S.C. स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(d)**

महात्मा गांधी 12 मार्च, 1930 को साबरमती आश्रम से 78 सहयोगियों के साथ पैदल चलकर 24 दिनों में लगभग 390 किमी. की यात्रा कर दांडी (गुजरात के नौसारी जिले में स्थित) पहुंचे जहां 6 अप्रैल, 1930 को उन्होंने नमक कानून भंग कर सविनय अवज्ञा आंदोलन का आरंभ किया।

**75. नमक सत्याग्रह कहां पर समाप्त हुआ था?**

(a) दांडी (b) सूरत

(c) अहमदाबाद (d) साबरमती

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 18 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**76. गांधीजी खादी को किसका प्रतीक मानते थे?**

(a) औद्योगीकरण का (b) आर्थिक स्वतंत्रता का

(c) आर्थिक वृद्धि का (d) नैतिक पवित्रता का

**S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

गांधीजी खादी को आर्थिक स्वतंत्रता का प्रतीक मानते थे।

**77. दी गई घटनाओं के निम्नलिखित कालानुक्रमों में से कौन-सा सही है?**

(a) द क्रिप्स मिशन– सविनय अवज्ञा आंदोलन– द कैबिनेट मिशन प्लान

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन– द क्रिप्स मिशन– द कैबिनेट मिशन प्लान

(c) द क्रिप्स मिशन– द कैबिनेट मिशन प्लान– सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) सविनय अवज्ञा आंदोलन– द कैबिनेट मिशन प्लान– द क्रिप्स मिशन

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम इस प्रकार है–

| | |
|---|---|
| सविनय अवज्ञा आंदोलन | – 1930 |
| द क्रिप्स मिशन | – 1942 |
| द कैबिनेट मिशन प्लान | – 1946 |

**78. निम्न को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**

**I. दांडी यात्रा** **II. साइमन कमीशन**

**III. पूना समझौता** **IV. गांधी-इर्विन समझौता**

(a) II, I, III, IV (b) II, I, IV, III

(c) IV, III, I, II (d) IV, III, II, I

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

सही सुमेलित काल क्रमानुसार-

| | |
|---|---|
| साइमन कमीशन | - 1927 |
| दांडी यात्रा | - 6 अप्रैल, 1930 |
| गांधी-इर्विन समझौता | - 5 मार्च, 1931 |
| पूना समझौता | - 24 सितंबर, 1932 |

**79. निम्नलिखित में से किसके बीच सही मेल है?**

(a) असहयोग आंदोलन - सुरेंद्र नाथ बनर्जी

(b) स्वदेशी आंदोलन - रबींद्रनाथ टैगोर

(c) भारतीय राष्ट्रीय सेना - सुभाष चंद्र बोस

(d) स्वराज पार्टी - महात्मा गांधी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

भारतीय राष्ट्रीय सेना का नेतृत्व सुभाष चंद्र बोस द्वारा किया गया था जबकि स्वदेशी आंदोलन का रबींद्रनाथ टैगोर द्वारा समर्थन जरूर किया गया था परंतु वे सक्रिय भूमिका में नहीं थे। स्वराज पार्टी के गठन में मोतीलाल नेहरू एवं चितरंजन दास की प्रमुख भूमिका थी तथा असहयोग आंदोलन गांधीजी के नेतृत्व में चलाया गया था।

**80. 1937 में किन दो राज्यों में गैर-कांग्रेस मंत्रिमंडल थे?**

(a) बंगाल और पंजाब

(b) पंजाब और उत्तर पश्चिम सीमांत प्रांत

(c) मद्रास और मध्य प्रांत

(d) बिहार और उत्तर प्रदेश

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(a)**

वर्ष 1937 के चुनावों में कांग्रेस को बंगाल, पंजाब और सिंध में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था। पंजाब में यूनियनिस्ट पार्टी और मुस्लिम लीग तथा बंगाल में कृषक प्रजा पार्टी एवं मुस्लिम लीग की सरकार गठित हुई थी। सिंध में भी गैर-कांग्रेसी मंत्रिमंडल का गठन हुआ था।

**81. 1939 में सुभाष चंद्र बोस किसे हराकर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष चुने गए थे?**

(a) मौलाना अबुल कलाम आजाद

(b) पट्टाभि सीतारमैय्या

(c) जवाहरलाल नेहरू

(d) वी.बी. पटेल

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

त्रिपुरी में जनवरी, 1939 में सुभाष चंद्र बोस ने गांधीजी समर्थित पट्टाभि सीतारमैय्या को हराकर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का चुनाव जीता। लेकिन गांधीजी के असहयोग के कारण अप्रैल, 1939 में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। इसके बाद राजेंद्र प्रसाद को कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया।

**82. कैबिनेट मिशन भारत आया था—**

(a) 1943 में (b) 1944 में

(c) 1945 में (d) 1946 में

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(d)**

लॉर्ड पैथिक लॉरेंस के नेतृत्व में मार्च, 1946 में कैबिनेट मिशन भारत आया था। इसके अन्य दो सदस्य थे—स्टैफोर्ड क्रिप्स एवं ए. वी. अलेक्जेंडर।

**83. भारत में कैबिनेट मिशन किसलिए भेजा गया था?**

(a) एक राष्ट्रीय सरकार स्थापित करने के लिए

(b) शक्ति के अंतरण के लिए एक संवैधानिक व्यवस्था निश्चित करने के लिए

(c) पाकिस्तान के लिए जिन्ना की मांग को स्वीकार करने के लिए

(d) भारत को आज़ादी देने से इंकार करने के लिए

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(b)**

कैबिनेट मिशन 24 मार्च, 1946 को दिल्ली आया। इस मिशन का उद्देश्य स्वतंत्र भारत का संविधान तैयार करने के लिए शीघ्र ही एक कार्यप्रणाली तैयार करना तथा अंतरिम सरकार के लिए आवश्यक प्रबंध करना था।

**84. महात्मा गांधी के अनुसार, संसार में सबसे शक्तिशाली बल निम्नलिखित में से कौन-सा है?**

(a) वीर की अहिंसा (b) दुर्बल की अहिंसा

(c) डरपोक की अहिंसा (d) पददलित की अहिंसा

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

महात्मा गांधी के अनुसार, संसार में सबसे शक्तिशाली बल वीर की अहिंसा है।

**85. महात्मा गांधी के बारे में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है?**

(a) गांधीजी साधनों की पवित्रता में विश्वास करते थे।

(b) गांधीजी ने धर्म और राजनीति के बीच निकट संबंध का समर्थन किया।

(c) गांधीजी ने राजनीति को धर्म से पूरी तरह अलग रखने की वकालत की।

(d) गांधीजी अहिंसा में विश्वास करते थे।

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

गांधीजी साधनों की पवित्रता में विश्वास करते थे। उन्होंने राजनीति को धर्म के दायरे में रखना चाहते थे। उनकी दृष्टि में, जो लोग यह कहते है कि धर्म का राजनीति से कोई संबंध नहीं है, वे वास्तव में यह नहीं जानते हैं कि धर्म क्या है? वे ऐसा करके राजनीति को तत्कालीन सभी बुराइयों से मुक्त करके उसे मानव-हित का साधन बनाना चाहते थे। वे अहिंसा में विश्वास करते थे। अतः विकल्प (c) गलत है।

**86. गांधीजी ने किस आंदोलन का समर्थन किया था?**

(a) अस्पृश्यता

(b) वर्णव्यवस्था

(c) हिंदू और मुसलमानों के बीच एकता की कमी

(d) गृह युद्ध

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

महात्मा गांधी ने हरिजनों के उद्धार के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया। वे अस्पृश्यता को मानवता के लिए अपराध मानते थे। वर्ष 1932 में उन्होंने अछूतों को 'हरिजन' नाम दिया तथा 'हरिजन सेवक संघ' की स्थापना की।

87. **1942 में भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ करने के लिए कौन-सा मुख्य कारण था?**

(a) क्रिप्स मिशन की विफलता

(b) अंग्रेजों का विश्व युद्ध II में उलझ जाना

(c) लोगों में घोर बेचैनी

(d) साइमन कमीशन की रिपोर्ट

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(a)**

क्रिप्स मिशन (1942) की विफलता ने अंततः 'भारत छोड़ो आंदोलन' को जन्म दिया। 7 अगस्त, 1942 को बंबई के ऐतिहासिक ग्वालिया टैंक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की वार्षिक बैठक, जिसकी अध्यक्षता अबुल कलाम आजाद ने की, जिसमें वर्धा प्रस्ताव (भारत छोड़ो) की पुष्टि हुई। 8 अगस्त, 1942 को प्रस्ताव स्वीकार कर लिया गया और 9 अगस्त, 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन आरंभ हुआ।

88. **अंग्रेजों के लिए गांधीजी का प्रसिद्ध भारत छोड़ो आंदोलन का आरंभ कब हुआ?**

(a) 1942 (b) 1941

(c) 1943 (d) 1940

**S.S.C संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

89. **भारत छोड़ो आंदोलन 1942 में किस महीने में शुरू किया गया था?**

(a) जनवरी (b) मार्च

(c) अगस्त (d) दिसंबर

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

90. **क्रिप्स मिशन भारत में कब आया?**

(a) 1946 (b) 1945

(c) 1942 (d) 1940

**S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

स्टैफोर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारतीय नेताओं से वार्ता हेतु मार्च, 1942 में भारत आया।

91. **'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान 'समानांतर सरकार' का गठन कहां किया गया था?**

(a) वाराणसी (b) इलाहाबाद

(c) लखनऊ (d) बलिया

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

वर्ष 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश के कई क्षेत्रों में समानांतर सरकारें स्थापित की गई थीं। बलिया (उ.प्र.) उन क्षेत्रों में से एक था जहां समानांतर सरकार का गठन किया गया था। यहां की सरकार का नेतृत्व चितू पांडे ने किया था। बलिया के अतिरिक्त बंगाल के तामलुक, महाराष्ट्र के सतारा एवं उड़ीसा के तलचर में भी भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान समानांतर सरकारें गठित की गई थीं।

92. **स्वतंत्र भारत में निम्नलिखित में से कौन-सी महिला किसी राज्य की पहली राज्यपाल थी?**

(a) श्रीमती सरोजिनी नायडू

(b) श्रीमती सुचेता कृपलानी

(c) श्रीमती इंदिरा गांधी

(d) श्रीमती विजयलक्ष्मी पंडित

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(a)**

स्वतंत्र भारत में उत्तर प्रदेश (तत्कालीन संयुक्त प्रांत) की प्रथम राज्यपाल (15 अगस्त, 1947 से 2 मार्च, 1949 तक) श्रीमती सरोजिनी नायडू थीं। यह किसी भी राज्य की पहली महिला राज्यपाल थीं।

93. **चौरी-चौरा कांड के बाद गांधीजी ने स्थगित कर दिया—**

(a) सविनय अवज्ञा आंदोलन (b) खिलाफत आंदोलन

(c) असहयोग आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009**

**उत्तर—(c)**

चौरी-चौरा कांड (5 फरवरी, 1922) के बाद गांधीजी ने असहयोग आंदोलन को स्थगित कर दिया।

94. **असहयोग आंदोलन को किसके कारण स्थगित किया गया था?**

(a) पूना समझौता (b) जालियांवाला बाग त्रासदी

(c) चौरी-चौरा घटना (d) गांधी-इर्विन समझौता

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**95. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 'असहयोग' का अपना प्रसिद्ध प्रस्ताव 1920 में कहां आयोजित अपने अधिवेशन में पारित किया था?**

(a) लखनऊ में (b) दिल्ली में

(c) बंबई में (d) कलकत्ता में

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(d)**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने असहयोग का अपना प्रसिद्ध प्रस्ताव वर्ष 1920 में कलकत्ता में स्वीकार किया था। यह एक विशेष अधिवेशन था जिसकी अध्यक्षता लाला लाजपत राय ने की थी।

**96. किस आंदोलन को हिंदुओं और मुसलमानों दोनों का समर्थन मिला था?**

(a) चंपारण सत्याग्रह (b) विभाजन-विरोधी आंदोलन

(c) असहयोग आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

खिलाफत आंदोलन (1920) और असहयोग आंदोलन (1920-22) में हिंदुओं और मुसलमानों दोनों का समर्थन मिला था। इस संदर्भ में एंचिसन की टिप्पणी उल्लेखनीय है—इस मिसाल में हम मुसलमानों को हिंदुओं से भिड़ा नहीं पाए। इसी संदर्भ में गांधीजी ने कहा था 'हिंदुओं और मुसलमानों की एकता के एक ऐसे अवसर' के रूप में देखा जो सौ वर्षों में भी पुनः प्रस्तुत नहीं होगा।

**97. सत्याग्रह के तीन प्रमुख स्वरूप कौन-से हैं?**

(a) क्रांति, जनमत तथा बहिष्कार

(b) असहयोग, सविनय अवज्ञा तथा बहिष्कार

(c) बहिष्कार, सविनय अवज्ञा तथा विद्रोह

(d) असहयोग, क्रांति तथा अस्वीकार (जनमत-संग्रह)

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

सत्याग्रह के तीन प्रमुख स्वरूप-असहयोग, सविनय अवज्ञा तथा बहिष्कार हैं।

**98. 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन किस मुद्दे पर शुरू किया गया था?**

(a) भारतीयों के लिए रोजगार के समान अवसर

(b) भगत सिंह को फांसी देने का प्रस्ताव

(c) ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनाया गया नमक एकाधिकार

(d) पूर्व स्वतंत्रता

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2008**

**उत्तर—(c)**

सविनय अवज्ञा आंदोलन 12 मार्च, 1930 को गांधीजी के प्रसिद्ध दांडी मार्च के साथ अहमदाबाद से आरंभ हुआ। गांधीजी 6 अप्रैल, 1930 को दांडी पहुंचे, समुद्र तल से मुट्ठी भर नमक उठाया, इस प्रकार ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनाए गए नमक एकाधिकार को तोड़ दिया। यह इस बात का प्रतीक था कि भारतीय जनता अब ब्रिटिश कानूनों और ब्रिटिश शासन के अंतर्गत जीने के लिए तैयार नहीं है। इस प्रकार आंदोलन तो तत्कालिक मुद्दे नमक एकाधिकार को लेकर शुरू किया गया था। परंतु इसका दीर्घकालिक लक्ष्य पूर्ण स्वराज्य था। इस प्रकार अभीष्ट विकल्प (c) सही है।

**99. गांधीजी की दांडी यात्रा निम्न में से किसका उदाहरण है?**

(a) सीधी कार्रवाई (b) बहिष्कार

(c) सविनय अवज्ञा (d) असहयोग

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**100. महात्मा गांधी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन किस वर्ष में शुरू किया गया था?**

(a) 1928 (b) 1930

(c) 1931 (d) 1922

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**101. 'नमक सत्याग्रह' किस सन् में प्रारंभ हुआ था?**

(a) 1930 में (b) 1932 में

(c) 1928 में (d) 1931 में

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**102. गांधी का 'दांडी (डांडी) मार्च' किसका हिस्सा था?**

(a) असहयोग आंदोलन

(b) स्वशासन लीग (संघ)

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(d) भारत छोड़ो आंदोलन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**103. नमक कानून के उल्लंघन में गांधीजी ने एक आंदोलन शुरू किया था, जिसका नाम था–**

(a) असहयोग आंदोलन (b) स्वदेशी आंदोलन

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**104. 'पूर्ण स्वराज्य' की शपथ कांग्रेस के किस अधिवेशन में ली गई थी?**

(a) कलकत्ता (b) लाहौर

(c) इलाहाबाद (d) मद्रास

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2009**

**उत्तर–(b)**

कांग्रेस का चौवालीसवां अधिवेशन 29-31 दिसंबर, 1929 को जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में लाहौर में हुआ था। इसी अधिवेशन में पूर्ण स्वराज्य का प्रस्ताव पारित किया गया। 31 दिसंबर, 1929 को अर्धरात्रि के समय जवाहरलाल नेहरू ने रावी नदी के तट पर स्वतंत्रता का द्योतक 'तिरंगा' फहराया। 26 जनवरी, 1930 को स्वतंत्रता दिवस मनाने का निश्चय किया गया था।

**105. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस सत्र में 'पूर्ण स्वराज' की घोषणा की गई थी?**

(a) कराची (b) लाहौर

(c) कोलकाता (d) नागपुर

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**106. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस सत्र में 'पूर्ण स्वराज' प्रस्ताव स्वीकार किया गया?**

(a) 1916 में लखनऊ सत्र

(b) 1924 में बेलगांव सत्र

(c) 1929 में लाहौर सत्र

(d) 1931 में कराची सत्र

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**107. स्वतंत्र भारत के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?**

(a) श्रीमती सरोजिनी नायडू (b) फ्रैंक एंथोनी

(c) के.एम. मुंशी (d) जी.वी. मावलंकर

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(d)**

स्वतंत्र भारत के प्रथम लोक सभा अध्यक्ष (Speaker) गणेश वासुदेव मावलंकर (जी.वी. मावलंकर) थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें लोक सभा के पिता की उपाधि से सम्मानित किया।

**108. सर्वोदय और भूदान आंदोलन से कौन संबद्ध है?**

(a) आचार्य नरेंद्र देव (b) जी.के. गोखले

(c) एम.जी.रानाडे (d) आचार्य विनोबा भावे

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर–(d)**

सर्वोदय और भूदान आंदोलन से आचार्य विनोबा भावे संबंधित थे। इन्होंने भूदान आंदोलन 18 अप्रैल, 1951 को आंध्र प्रदेश के पोचमपल्ली से प्रारंभ किया था।

**109. 'सर्वोदय' की अवधारणा के संस्थापक कौन थे?**

(a) महात्मा गांधी

(b) जयप्रकाश नारायण

(c) विनोबा भावे

(d) के.जी. मुशरूवाला

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर–(a)**

आधुनिक समय में 'सर्वोदय' शब्द का पहली बार प्रयोग महात्मा गांधी ने किया था। व्युत्पत्ति की दृष्टि से 'सर्वोदय' का अर्थ है 'सभी के उदय या कल्याण'। इस अवधारणा को गांधीजी ने जॉन रस्किन की पुस्तक 'अन टू दिस लास्ट' से लिया है।

## ❑ विविध

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ लालबहादुर शास्त्री का जन्म वर्ष ________ में हुआ था? **– 1904**

☞ किसमें सेंट फ्रांसिस जेवियर के अवशेषों को प्रतिष्ठापित किया गया है? **– बोम जीसस के बेसिलिका में**

☞ वर्ष 1911 तक ब्रिटिश भारत की राजधानी कौन-सा शहर था? **– कलकत्ता**

☞ राजा रवि वर्मा कहां के महान चित्रकार थे? **– केरल**

☞ 'लैंड ऑफ द गोल्डन पगोडा' किसे कहते हैं? **– म्यांमार**

☞ कलमकारी चित्रकला का संबंध किससे है? **– दक्षिण भारत में हस्त-चित्रित सूती वस्त्र**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. क्रिस्टोफर कोलम्बस कहां का था?**

(a) वेनिस (b) जिनोआ

(c) स्पेन (d) पुर्तगाल

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

1492 ई. में सर्वप्रथम अमेरिका महाद्वीप की खोज करने वाला क्रिस्टोफर कोलम्बस जिनोआ का प्रसिद्ध नाविक था। इसका जन्म 31 अक्टूबर, 1451 ई. को जिनोआ (इटली) में हुआ था जबकि इसकी मृत्यु 20 मई, 1506 को वैलादोलिद (वर्तमान स्पेन) में हुई थी।

**2. निम्नलिखित में से किसका मिलान गलत किया गया है?**

(a) सर सैयद मुर्तजा खान - अलीगढ़ मुस्लिम विश्व-विद्यालय

(b) डॉ.बी.आर. अंबेडकर - अंबेडकर विश्वविद्यालय

(c) पं. जवाहरलाल नेहरू - जवाहरलाल नेहरू विश्व-विद्यालय

(d) मदन मोहन मालवीय - बनारस हिंदू विश्वविद्यालय

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(*)**

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना सर सैयद अहमद खान ने वर्ष 1920 में की थी। इससे पूर्व यह 'मोहम्मद एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज (MAO College) के नाम से 1875 ई. में स्थापित किया गया था। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 1969 में संसद के एक अधिनियम के द्वारा हुई। इसकी स्थापना तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की थी। अंबेडकर विश्वविद्यालय कई स्थानों पर यथा-दिल्ली, लखनऊ, आगरा इत्यादि पर स्थित है। चूंकि प्रश्न में स्थान का जिक्र नहीं किया गया है। अतः प्रश्न के उत्तर को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना पं. मदन मोहन मालवीय ने की थी।

**3. 'अहस्तक्षेप नीति' का अर्थ क्या है?**

(a) निष्पक्ष विधि

(b) व्यापार पर नियंत्रण

(c) 'कुछ प्रतिबंधों' का हट जाना

(d) इनमें से कोई नहीं

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 1 जुलाई, 2017 (II-पाली)**

**उत्तर—(c)**

'अहस्तक्षेप नीति' का अर्थ 'कुछ प्रतिबंधों' का हट जाना है। एडम स्मिथ ने प्रकृतिवादियों द्वारा प्रदत्त 'रोको मत, जाने दो' (Laissez-Faire, laisser-passer) के नारे (Slogn) में लिपटी हुई अहस्तक्षेप की नीति को बिना शर्त समर्थन देते हुए स्वतंत्र व्यापार की जबरदस्त हिमायत की।

**4. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक निम्नलिखित में से कौन थे?**

(a) राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन

(b) डॉ. एस. राधाकृष्णन

(c) मदन मोहन मालवीय

(d) स्वामी विवेकानंद

**S.S.C. ऑनलाइन स्टेनोग्राफर, 5 अगस्त, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

भारतीय विश्वविद्यालयों में धार्मिक शिक्षा के लिए मदन मोहन मालवीय ने प्रबल रूप से वकालत की थी। इन्होंने वर्ष 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की और वर्ष 1919 से वर्ष 1939 तक इसके कुलपति बने रहे।

**5. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की थी?**

(a) सुकुमार दत्त

(b) मदन मोहन मालवीय

(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद

(d) मोतीलाल नेहरू

**S.S.C. ऑनलाइन स्नातक स्तरीय (T-I) 9 अगस्त, 2017 (III - पाली)**

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. दी गई घटनाओं को उनके कालानुक्रम अनुसार लगाएं।**

1. सिपाही विद्रोह
2. वास्कोडीगामा भारत पहुंचा
3. बाबर द्वारा मुगल साम्राज्य की शुरुआत

(a) 1, 3, 2 (b) 3, 1, 2

(c) 2, 3, 1 (d) 3, 2, 1

**S.S.C. ऑनलाइन C.P.O.S.I. (T-I) 7 जुलाई, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(c)**

सही कालक्रम है- वास्कोडीगामा की भारत यात्रा (1498 ई.), बाबर द्वारा मुगल साम्राज्य की शुरुआत (1526 ई.), सिपाही विद्रोह (1857 ई.)।

# विश्व इतिहास

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2016-18)

☞ रिनेसां (पुनर्जागरण), यूरोप में _____ तक की एक अवधि है। **– 14 से 17वीं शताब्दी**

☞ 'चीन-भारत सीमा विवाद' भारत और चीन के बीच में एक युद्ध था, जो वर्ष _____ में हुआ था। **– 1962**

☞ पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध किस वर्ष शुरू हुआ? **– वर्ष 1999 में**

☞ एडोल्फ हिटलर_____से था। **– जर्मनी**

☞ एडोल्फ हिटलर, एक _____ राजनेता लाखों यहूदियों लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार था। **– जर्मन**

☞ प्रथम विश्व युद्ध किस वर्ष शुरू हुआ? **– वर्ष 1914 से**

☞ द्वितीय विश्व युद्ध किस वर्ष शुरू हुआ? **– वर्ष 1939 से**

☞ भारत और चीन ने वर्ष_____में 'पंचशील संधि' पर हस्ताक्षर किए। **– 1954**

☞ किस राजवंश के शासनकाल में चीन की ग्रेट वॉल का निर्माण हुआ था? **– किन (Qin)**

☞ चीन में 'बॉक्सर विद्रोह' का हुआ था? **– वर्ष 1900 में**

☞ स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के विचार, जिनसे भारत का राष्ट्रीय आंदोलन प्रभावित हुआ था, कहां से लिए गए थे? **– फ्रांस की क्रांति**

☞ जापानी लोक परंपरा और अनुष्ठान, जिसका कोई संस्थापक या कोई एक पवित्र धर्म ग्रंथ नहीं है, किस नाम से प्रचलित है? **– शिंटोवाद**

☞ इकोनॉमिक्स ऑफ वेलफेयर, दास कैपिटल, वैल्यू एंड कैपिटल तथा एशियन ड्रामा में से किस पुस्तक को 'समाजवाद की बाईबिल' कहते हैं? **– दास कैपिटल**

## ऑफलाइन परीक्षा-प्रश्न (2006-2015)

## ऑनलाइन परीक्षा-प्रश्न (2017-18)

**1. ''जहां कानून नहीं, वहां स्वतंत्रता नहीं'' यह किसने कहा था?**

(a) प्लेटो (b) मैकियाविली

(c) जॉन लॉक (d) कार्ल मार्क्स

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

प्रख्यात राजनीतिक विचारक जॉन लॉक ने अपनी पुस्तक 'द सेकेंड ट्रिटाइज ऑफ गवर्नमेंट' में यह कहा है कि ''जहां कानून नहीं, वहां स्वतंत्रता नहीं''।

**2. सुधारान्दोलन क्या है?**

(a) विवेचनात्मक ज्ञान का पुनःप्रवर्तन

(b) पोप के प्रभुत्व के खिलाफ विद्रोह

(c) परम राजसी का उदय

(d) मनुष्य के आचार व्यवहार में परिवर्तन

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

सुधार आंदोलन पोप के प्रभुत्व के खिलाफ एक विद्रोह था। इस आंदोलन को प्रोटेस्टेंट सुधार आंदोलन भी कहा जाता है। 16वीं शताब्दी में प्रारंभ हुए इस आंदोलन का प्रमुख लक्ष्य धार्मिक क्षेत्र में रोम के पोप व चर्च के एकाधिकार को चुनौती देना था।

**3. लोकतांत्रिक समाजवाद की विधियां हैं -**

(a) क्रांति (b) आम हड़ताल

(c) तोड़-फोड़ (d) समझाना और प्रचार करना

**S.S.C. F.C.I. परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(d)**

'समझाना और प्रचार करना' लोकतांत्रिक समाजवाद की विधियां हैं।

**4. 1850 के दौरान, ब्रिटेन ....... कहलाने लगा।**

(a) छोटा महाद्वीप

(b) दुनिया का कारखाना

(c) मजदूरों का राजा

(d) फैक्ट्री का मालिक

**S.S.C. ऑनलाइन मैट्रिक स्तरीय (T-I) 20 सितंबर, 2017 (I-पाली)**

**उत्तर—(b)**

19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश विर्निमत वस्तुओं का विश्व व्यापार में प्रभुत्व था। अन्य देशों की तुलना में ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर निर्मित वस्तुओं को उत्पादित किया गया। तकनीकी तथा संगठनात्मक सुधार के कारण ब्रिटेन के उत्पादन में नाटकीय वृद्धि हुई। ब्रिटेन की इस वृद्धि की विश्व के अन्य देश प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते थे। इसी कारण ब्रिटेन को 1850 ई. के बाद 'विश्व का कारखाना' कहा जाने लगा।

**5. रूस के पापुलिस्ट आंदोलन 'अराजकतावाद' के सहस्थापक सदस्य कौन था?**

(a) मिखाइल बैक्यूनिन (b) गोर्की
(c) लियो टॉलस्टॉय (d) तुर्गनेव

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

बैक्यूनिन लोकलुभावनवाद के शुरुआती दिनों में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति था। यह एक रूसी क्रांतिकारी अराजकतावादी और समूहवादी अराजकतावाद का संस्थापक था।

**6. समाजवाद मूलतः किसका आंदोलन है?**

(a) बुद्धिजीवी (b) गरीब लोग
(c) मध्य वर्ग (d) कामगार

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(d)**

इमाइल ने समाजवाद के संबंध में कहा है-''समाजवाद का अभिप्राय श्रमिकों के ऐसे संगठन से है जिसका उद्देश्य-पूंजीवादी संपत्ति को सामाजिक संपत्ति में परिवर्तित करने के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करना है।'' अतः स्पष्ट है कि समाजवाद मूलतः कामगारों का आंदोलन है।

**7. चीन की ग्रेट वॉल (महान दीवार) का निर्माण किसने कराया था?**

(a) ली-ताई-पु (b) शिह हुआंग-ती
(c) लाओ-त्ज़े (d) कंफ्यूशियस

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(b)**

चीन की महान दीवार (ग्रेट वॉल) का निर्माण चीन के प्रथम सम्राट शिह हुआंग-ती (Shi Huangti) ने 220-206 ई.पू. में करवाया था।

**8. मार्कोपोलो किसलिए विख्यात हैं?**

(a) ग्रीनलैंड की खोज करने के लिए
(b) चीन, भारत और एशिया की यात्रा करने के लिए
(c) गुड होप केप का चक्कर लगाने के लिए
(d) कनाडा की खोज करने के लिए

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

मार्कोपोलो (1254 ई.-1324 ई.) चीन, भारत और एशिया की यात्रा करने के लिए विख्यात है।

**9. कार्ल मार्क्स की पुस्तक 'दास कैपिटल' प्रकाशित हुई थी—**

(a) 1857 में (b) 1862 में
(c) 1867 में (d) 1872 में

**S.S.C.C.P.O. परीक्षा, 2010**

**उत्तर—(c)**

कार्ल मार्क्स की पुस्तक 'दास कैपिटल' सर्वप्रथम 1867 ई. में प्रकाशित हुई थी।

**10. 19वीं शताब्दी के अंत में कौन-सा देश सबसे बड़ी औपनिवेशिक शक्ति के रूप में उभरा?**

(a) फ्रांस (b) स्पेन
(c) ब्रिटेन (d) जर्मनी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

19वीं शताब्दी के अंत में ब्रिटेन सबसे बड़ी औपनिवेशिक शक्ति के रूप में उभरा था।

**11. निम्नलिखित में से किस लड़ाई में नेपोलियन,फ्रांस की अंतिम हार हुई?**

(a) ट्राफलगर की लड़ाइ
(b) वागराम की लड़ाई
(c) पिरामिड की लड़ाई
(d) ऑस्टरलिट्ज की लड़ाई

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(a)**

विकल्प में दी गई लड़ाइयों में से नेपोलियन की हार मात्र ट्राफलगर की लड़ाई (21 अक्टूबर, 1805) में हुई थी। यह नेपोलियन की अंतिम हार नहीं थी, इसकी अंतिम हार वाटरलू की प्रसिद्ध लड़ाई (18 जून, 1815) में हुई थी जो कि इस प्रश्न के विकल्पों में नहीं है।

**12. सूची-I का मिलान सूची-II के साथ कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए—**

| सूची I (नाम) | सूची II (घटना) |
|---|---|
| (A) हॉब्स | 1. फ्रांसीसी क्रांति |
| (B) रूसो | 2. गौरवमय क्रांति |
| (C) लॉक | 3. चार्ल्स प्रथम को फांसी |
| (D) हिट्लर | 4. द्वितीय विश्व युद्ध |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006**

**उत्तर—(b)**

सूची-I का सुमेलन सूची-II के साथ निम्नानुसार है—

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| हॉब्स | चार्ल्स प्रथम को फांसी |
| रूसो | फ्रांसीसी क्रांति |
| लॉक | गौरवमय क्रांति |
| हिटलर | द्वितीय विश्व युद्ध |

**13. निम्न में से कौन-सा व्यक्ति इटली के एकीकरण से संबंधित नहीं था?**

(a) केवूर (b) गेरीबाल्डी

(c) मुसोलिनी (d) मैजिनी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

इटली के एकीकरण का श्रेय मैजिनी, काउंट केवूर और गेरीबाल्डी को दिया जाता है। इटली के एकीकरण का जनक जोसेफ मैजिनी को माना जाता है। मुसोलिनी इटली के एकीकरण से संबंधित नहीं था।

**14. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के किन शहरों में परमाणु बम गिराए गए?**

(a) टोक्यो एवं हिरोशिमा

(b) नागासाकी एवं मियाजाकी

(c) सेंदई एवं हिरोशिमा

(d) हिरोशिमा एवं नागासाकी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा शहर पर 6 अगस्त, 1945 को एवं नागासाकी शहर पर 9 अगस्त, 1945 को यू.एस.ए. द्वारा परमाणु बम गिराए गए थे।

**15. निम्नलिखित में से किसके पतन से 'फ्रेंच क्रांति' का आरंभ हुआ?**

(a) बास्तील (b) कॉम्यून्ज

(c) जैकोबिन क्लब (d) पिलनिट्ज़

**S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2007**

**उत्तर—(a)**

बास्तील दुर्ग के पतन के साथ फ्रेंच क्रांति (1789 ई.) का आरंभ हुआ था।

**16. शीत युद्ध का अभिप्राय क्या है?**

(a) पूर्व और पश्चिम के बीच तनाव

(b) पूंजीवादी और साम्यवादी दुनिया के बीच वैचारिक दुश्मनी

(c) महाशक्तियों के बीच तनाव

(d) उपर्युक्त सभी

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

शीत युद्ध से अभिप्राय पूर्व और पश्चिम के बीच तनाव, पूंजीवादी (अमेरिका एवं उसके सहयोगी) और साम्यवादी (सोवियत संघ रूस एवं उसके सहयोगी) के बीच वैचारिक दुश्मनी तथा महाशक्तियों के बीच तनाव से है।

**17. निम्न ऐतिहासिक घटनाओं को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।**

**I. फ्रांसीसी क्रांति**

**II. ग्लोरियस क्रांति**

**III. स्वतंत्रता की अमेरिकी लड़ाई**

**IV. रूसी क्रांति**

(a) I II III IV

(b) II III I IV

(c) II I IV III

(d) III II I IV

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(b)**

दी गई ऐतिहासिक घटनाओं का समय निम्न है-
ग्लोरियस क्रांति - 1688-89 ई.
स्वतंत्रता की अमेरिकी लड़ाई - 1765-1783 ई.
फ्रांसीसी क्रांति - 1789 ई.
रूसी क्रांति - 1917 ई.

**18. रूसी क्रांति किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1905 ई. (b) 1911 ई.

(c) 1917 ई. (d) 1929 ई.

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(c)**

रूसी क्रांति 1917 ई. में हुई थी।

**19. बोस्टन चाय पार्टी की घटना का संबंध किससे है?**

(a) द्वितीय विश्व युद्ध में अमेरिका का शामिल होना

(b) फ्रांसीसी क्रांति

(c) अमेरिकी सिविल वार

(d) अमेरिकी स्वतंत्रता युद्ध

**S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

बोस्टन चाय पार्टी की घटना अमेरिकी स्वतंत्रता युद्ध के दौरान 16 दिसंबर, 1773 को हुई थी।

**20. क्रीमियन युद्ध का समापन किस प्रकार हुआ था?**

(a) ट्रियनॉन समझौता

(b) वर्साय समझौता

(c) पेरिस समझौता

(d) सेंट जर्मेन समझौता

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

क्रीमियन युद्ध (अक्टूबर, 1853-फरवरी, 1856) का समापन पेरिस समझौता (30 मार्च, 1856) के तहत हुआ था।

21. **1854-1856 में क्रीमियन युद्ध किनके बीच लड़ा गया था?**

(a) रूस और तुर्की

(b) यू.एस.ए.और इंग्लैंड

(c) रूस और जापान

(d) इंग्लैंड और फ्रांस

**S.S.C संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

क्रीमियन का युद्ध 1854 ई. में शुरू हुआ और 1856 ई. में समाप्त हुआ था। इस युद्ध में ब्रिटेन, फ्रांस एवं तुर्की की संयुक्त सेना ने रूस को पराजित किया था।

22. **प्रथम विश्व युद्ध में जापान किसकी ओर से लड़ा?**

(a) किसी की ओर से नहीं, वह तटस्थ था।

(b) यूनाइटेड किंगडम के खिलाफ जर्मनी के साथ

(c) अपनी ओर से रूस के खिलाफ

(d) जर्मनी के खिलाफ यूनाइटेड किंगडम के साथ

**S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(d)**

प्रथम विश्व युद्ध में जापान धुरी शक्तियों (जर्मनी, ऑस्ट्रिया, हंगरी आदि) के खिलाफ मित्र राष्ट्रों (यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका, फ्रांस, इटली आदि) के साथ था जबकि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यह जर्मनी के साथ (अमेरिका, ब्रिटेन आदि के विरुद्ध) था।

23. **किस संधि से प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ?**

(a) ताशकंद संधि

(b) वर्सेल्स संधि

(c) तिलसिट संधि

(d) बर्लिन संधि

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(b)**

वर्सेल्स की संधि से प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हो गया। 11 नवंबर, 1918 को जर्मनी ने आत्मसमर्पण कर दिया। 28 जून, 1919 को जर्मनी व मित्र राष्ट्रों (ब्रिटेन, फ्रांस, इटली व रूस) ने फ्रांस में पेरिस के निकट स्थित वर्साय (वर्सेल्स) में एक संधि पर हस्ताक्षर किए। जिसे प्रथम विश्व युद्ध का औपचारिक समापन माना गया।

24. **'यूनाइटेड नेशंस' शब्द किसने गढ़ा था?**

(a) लेनिन (b) चर्चिल

(c) स्टालिन (d) रुजवेल्ट

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015**

**उत्तर—(d)**

'यूनाइटेड नेशन्स' शब्द पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी. रुजवेल्ट ने गढ़ा था। इस शब्द का पहली बार प्रयोग 1 जनवरी, 1942 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई घोषणा में किया गया।

25. **दूसरे विश्व युद्ध के दौरान निम्न में से कौन-सा देश उन तीन धुरी शक्तियों में से एक नहीं था, जिन्होंने मित्र राष्ट्र शक्तियों के विरुद्ध युद्ध किया था?**

(a) जर्मनी (b) इटली

(c) चीन (d) जापान

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013**

**उत्तर—(c)**

दूसरे विश्व युद्ध के दौरान चीन उन तीन धुरी शक्तियों में से नहीं था, जिन्होंने मित्र राष्ट्र शक्तियों के विरुद्ध युद्ध किया था। जर्मनी, जापान एवं इटली द्वारा संयुक्त रूप से एक त्रिपक्षीय संधि पर 27 सितंबर, 1940 को हस्ताक्षर किया तथा जिसके तहत द्वितीय विश्व युद्ध में ध्रुवीय शक्ति की स्थापना हुई।

26. **'मेन काम्फ' का लेखक कौन है?**

(a) हिटलर (b) मुसोलिनी

(c) बिस्मार्क (d) मैजिनी

**S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014**

**उत्तर—(a)**

मेन काम्फ (Mein Kampf) हिटलर की आत्मकथा है। हिटलर को नाजीवादी विचारधारा का प्रवर्तक माना जाता है। इसने 'एक राष्ट्र एक नेता' का नारा देकर जर्मनी में वर्ष 1920 में नाजीदल की स्थापना की और वर्ष 1933 में जर्मनी का चांसलर बना था। इसने 30 अप्रैल, 1945 को आत्महत्या कर ली थी।

27. **राज सिंहासन पर बैठने वाला सबसे अधिक आयु का ब्रिटिश राजा/रानी कौन है?**

(a) क्वीन विक्टोरिया (b) क्वीन एलिजाबेथ II

(c) क्वीन मेरी टयूडर (d) क्वीन ऐनी

**S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012**

**उत्तर—(c)**

विकल्प में दी गई इंग्लैंड की रानियों का जन्म एवं उनके सिंहासनारोहण की तिथि निम्नानुसार है-

| **रानी** | **जन्म** | **सिंहासनारोहण** |
|---|---|---|
| क्वीन एनी | 6 फरवरी, 1665 | 8 मार्च, 1702 (37 वर्ष, 1 माह) |
| क्वीन विक्टोरिया | 24 मई, 1819 | 20 जून, 1837 |
| क्वीन एलिजाबेथ | 21 अप्रैल, 1926 | 6 फरवरी, 1952 |
| क्वीन मेरी ट्यूडर | 18 फरवरी, 1516 | 19 जुलाई, 1553 (37 वर्ष, 5 माह) |